पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार, 17 नवम्बर 2023 ■ वर्ष – 65 ■ अंक –212 ■ पृष्ठ –12 ■ मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन– 6072/59 डाक पंजीयन–सीजी/रायपुर संभाग/19/2021–23

जिन्होंने चुनाव में वादे किए और जीतने के बाद चुनावी जुमला बता दिया

उन्हें वोट क्यों देना ?

छत्तीसगढ़ के किसान, युवा, आदिवासी और महिलाएं गवाह हैं
भाजपा ने अपने वादे कभी पूरे नहीं किए

वोट कांग्रेस को दीजिए

जिसने वादे निभाए और दिया वादे से ज्यादा
किसान, आदिवासी, युवा, महिलाएं, उद्योगपति और कारोबारी सबके लिए पांच साल भरपूर काम किया कांग्रेस की सरकार ने

कांग्रेस का वादा है, फिर निभाएंगे

महिलाओं को मिलेंगे प्रतिवर्ष 15000 रु
पहले की तरह इस बार भी किसानों का कर्ज माफ
अब 20 क्विंटल धान खरीदी 3200 रु की दर से
200 यूनिट बिजली फ्री
गैस सिलेंडर पर 500 रु मिलेगी सब्सिडी
सभी सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में KG से PG तक शिक्षा मुफ्त
17.5 लाख गरीब परिवार को आवास
अब सभी सरकारी स्कूल बनेंगे स्वामी आत्मानंद स्कूल
स्व-सहायता समूह का भी होगा कर्जा माफ
भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष 10000 रु
युवाओं को उद्योग व्यवसाय ऋण में 50% सब्सिडी
तिवरा भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा
700 नए RIPA का होगा निर्माण
सड़क तथा अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं में नि:शुल्क इलाज
परिवहन व्यावसायियों के होंगे कर व कर्ज माफ
जातिगत जनगणना करवाएंगे
तेंदूपत्ते का प्रति बोरा 6000 रु और 4000 रु सालाना बोनस भी
10 लाख रु तक का मिलेगा मुफ्त इलाज
लघु वनोपजों की MSP पर मिलेंगे अतिरिक्त 10 रु प्रति किलो
अंत्येष्टि के लिए लकड़ी का प्रबंध

भरोसा बरकरार फिर से कांग्रेस सरकार

आज पंजा का बटन दबाकर कांग्रेस को जिताएं

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

# देश

**उवाच** "महतारी वंदन योजना वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित किसी योजना का नाम नहीं है और न ही इसे कोई विभाग संचालित करता है। भाजपा ने केवल महिलाओं को भ्रमित करने के लिए अपनी चुनावी घोषणा का फार्म भरवाना शुरू किया है।

–मोहम्मद अकबर, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 24.0 | 17.0 |
| मुंबई | 31.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 24.0 | 20.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 27.0 |

# राजस्थान में भाजपा का संकल्प पत्र सिर्फ झूठ का पुलिंदा : कांग्रेस

**जयपुर,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी और प्रदेश कांग्रेस सेंट्रल वॉर रूम के को-चेयरमैन लोकेश शर्मा ने भाजपा के संकल्प पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। लोकेश शर्मा ने कहा कि

**■ चुनी हुई सरकारों को गिराने की साजिश करने का लगाया आरोप**

भाजपा का संकल्प पत्र देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पार्टी ने विधानसभा चुनाव में अपनी हार को देखते हुए महज रस्म अदायगी से ज्यादा कुछ नहीं किया। भाजपा देश में अपना अस्तित्व खोती जा रही है। इनका एक भी संकल्प भरोसे के काबिल नहीं है। भाजपा ने संकल्प पत्र में महंगाई, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, ओपीएस और चिरंजीवी योजना जैसे मुद्दों को लेकर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। लोकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि पार्टी राजस्थान में ओपीएस, चिरंजीवी जैसी जनहितकारी योजनाओं को बंद करने की मंशा रखती है। राजस्थान सरकार ने 500 रुपए में गैस सिलेंडर देना शुरू किया, तब भाजपा ने इसे रेवड़ी बताया। अब कांग्रेस की ओर से दिए जा रहे राहतों के अंबार के चलते भाजपा के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई है। ऐसे में उन्हें माताओं, बहनों और सिलेंडर सब्सिडी देने की याद आ गई। लोकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र राजस्थान की जनता की नजरों



**देश में अपना अस्तित्व खोती जा रही भाजपा का एक भी संकल्प भरोसे के काबिल नहीं : लोकेश शर्मा**

में झूठ के पुलिंदे और रस्म अदायगी से ज्यादा कुछ नहीं है। भाजपा के आज तक के संकल्पों का हाल जनता पहले ही देख चुकी है। चुनी हुई सरकारों को गिराने की साजिश, सत्ता हथियाने की साम-दाम-दंड-भेद की राजनीति, विपक्ष के खिलाफ दबाव की रणनीति भाजपा का एकमात्र ध्येय है। जनता से झूठे वादे करना ही भाजपा का असली संकल्प है। लोकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मुख्यमंत्री फ्री स्कूटी योजना, हर थाने में महिला डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वॉड, केजी से पीजी तक बालिका शिक्षा फ्री, पेपर लीक पर एसआईटी का गठन जैसी बातें कहीं, जबकि राजस्थान में पहले से ही मेधावी छात्राओं को फ्री स्कूटी दी जा रही है। वहीं थानों में पहले से महिला डेस्क स्थापित की जा चुकी हैं। राजस्थान में कांग्रेस सरकार पहले ही महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए निर्भया स्क्वॉड संचालित कर रही है। इसी तरह केजी से पीजी तक फ्री शिक्षा भी राजस्थान में पहले ही कांग्रेस सरकार में फ्री दी जा रही है। राजस्थान की मौजूदा कांग्रेस सरकार ओबीसी, अल्पसंख्यक, दिव्यांग सहित अन्य वर्गों के कल्याण के लिए ढेरों कदम पहले ही उठा चुकी है।

## भाजपा ने केवल जनता को ठगने का काम किया : कांग्रेस

लोकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा ने महज कांग्रेस सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अलग नाम देकर जनता के सामने रखने का काम किया है, जबकि राजस्थान की जनता पिछले पांच सालों से इनका लाभ उठा रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिन सात गारंटियों को लागू करने की बात कही है, वे इस तरह की कोई भी योजना आम जनता के हित में नहीं बता पाए। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में ऐसा कोई वादा नहीं किया जो विशेष रूप से राजस्थान की जनता को लेकर किया गया हो। भाजपा ने इस संकल्प पत्र के नाम पर केवल केंद्र सरकार की योजनाओं को वापस नाम परिवर्तित कर आम जनता के सामने रखने का काम किया है। भाजपा ने ऐसा करके केवल जनता को ठगने का काम किया है।

# तेलंगाना विस चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी करेंगे अमित शाह

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र (चुनाव घोषणा पत्र) जारी कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को तेलंगाना के चुनावी दौरे पर रहेंगे। अपने इस चुनावी दौरे के दौरान अमित शाह शनिवार को तेलंगाना में 3 अलग-अलग इलाकों में तीन चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे और साथ ही राज्य में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) भी जारी करेंगे। आपको बता दें कि तेलंगाना में पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ रही भाजपा ने पहले ही राज्य में 51 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी रखने वाले ओबीसी मतदाताओं को लुभाने के लिए बड़ा राजनीतिक दांव खेल रखा है।



अमित शाह पहले ही तेलंगाना में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए यह वायदा कर चुके हैं कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर ओबीसी नेता को ही मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। माना जा रहा है कि भाजपा जहां एक तरफ राज्य के ओबीसी और दलित मतदाताओं को लुभाने के लिए बड़े वादे कर सकती है। वहीं, पार्टी सत्ता में आने पर तेलंगाना की केसीआर सरकार पर लग रहे भ्रष्टाचार के आरोपों की उच्चस्तरीय अथवा एसआईटी जांच करवाने का भी वादा कर सकती है। राज्य के चुनावी माहौल एवं बीआरएस और कांग्रेस द्वारा वोटरों से किए जा रहे वादों को देखते हुए भाजपा भी अपने घोषणा पत्र में लुभावने वायदों की झड़ी लगा सकती है।

# छत्तीसगढ़ के रायपुर दक्षिण में गुरु-शिष्य के बीच कांटे की टक्कर

**रायपुर,**16 नवम्बर (देशबन्धु)। रायपुर जिले की रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट इस बार भी हाई प्रोफाइल है। कांग्रेस ने रायपुर जिले की हाई प्रोफाइल वीआईपी सीट रायपुर दक्षिण से पिछली बार चुनाव लड़ चुके कन्हैया अग्रवाल का टिकट काट कर सीएम के करीबी और प्राचीन दूधाधारी मठ के महंत रामसुंदर दास को टिकट दिया है। ऐसे में यहां पर चुनावी लड़ाई काफी रोचक हो गई है। अब इस सीट पर पूरे प्रदेश की नजर टिकी हुई है। क्योंकि भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल महंत को अपना गुरु मानते हैं। ऐसे में गुरु और शिष्य के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। बृजमोहन अग्रवाल और महंत राम सुंदर दास के बेहतर संबंध हैं। अग्रवाल मठ के कार्यक्रमों में लगातार शिरकत करते रहे हैं। बृजमोहन अपने पिता के साथ स्कूली जीवन से ही मठ जाते रहे हैं। महंत रामसुंदर दास के गुरु से मिलते रहे हैं। उनका आशीर्वाद लेते रहे हैं। क्योंकि ये मठ रायपुर दक्षिण विधानसभा में पड़ता है। बृजमोहन अग्रवाल के सामने लगातार 8वीं बार जीत के क्रम को दोहराने की चुनौती है तो कांग्रेस को इस सीट पर कब्जा करने के लिए बेचैनी है। हर बार कांग्रेस इस सीट पर नया चेहरा लाती है पर अब तक वो वो रायपुर दक्षिण किले पर फतह हासिल नहीं कर सकी है। महंत रामसुंदर दास का कहना है कि वो इससे पहले भी दो बार कांग्रेस से विधायक रह चुके हैं। जाजंगीर चांपा से विधायक रह चुका हूं और इस बार के लिए भी मैं जांजगीर चांपा से चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया था। कांग्रेस हाईकमान और वरिष्ठों ने मुझे रायपुर दक्षिण से प्रत्याशी बनाया है।



**दांव पर लगी महंत की प्रतिष्ठा**

## सात बार से विधायक हैं बृजमोहन अग्रवाल

बृजमोहन अग्रवाल सात बार यानी 35 साल से इस सीट से विधायक हैं। वर्ष 2018 में इस सीट से कांग्रेस ने कन्हैया अग्रवाल को टिकट दिया था। बृजमोहन ने 52.70 फीसदी वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी, जबकि कन्हैया अग्रवाल को महज 40.82 वोट मिले थे और उनकी हार हुई थी। बृजमोहन अग्रवाल 1990 में पहली बार अविभाजित मध्य प्रदेश में विधायक बने। फिर साल 1993 और 1998 में अविभाजित मध्य प्रदेश में तीन बार विधायक रहे। इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद वो लगातार यहां से 4 बार वर्ष 2003, 2008, 2013, 2018 में चुनाव जीतते आ रहे हैं। साल 2018 के चुनाव में प्रदेशभर में कांग्रेस की लहर थी, लेकिन उस समय भी दक्षिण से भाजपा ने जीत हासिल की थी।

**सार संक्षेप**

### भूपेश व बैज ने की मतदाताओं से मतदान की अपील

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने दूसरे एवं आखिरी चरण के चुनाव में प्रदेश के मतदाताओं से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि आपका वोट बहुमूल्य है। बघेल ने मतदाताओं से कहा कि मतदान के दिन सारे कामों को पीछे छोड़कर मतदान को प्राथमिकता दें यह आपका पहला नागरिक कर्तव्य है। निर्भीक होकर सोच समझकर मतदान करें। आपका मत नवा छत्तीसगढ़ के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि मतदान करने जाएं, अपने मुद्दों पर मतदान करें जिससे आपका जीवन सुधरेगा उन मुद्दों पर मतदान करे जब मत डाले तो यह जरूर देखें कौन आप के सुख-दुख में खड़ा रहेगा और आपके जीवन स्तर को सुधारने को काम करेगा।

### मप्र में सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा मतदान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आज सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा, जिसकी सभी तैयारियां निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी कर ली गईं हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदान की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। राजन ने कहा कि 17 नवम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी। प्रदेश के बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक ही मतदान होगा।

### जनसंपर्क के दौरान विधायक बैरवा की तबीयत बिगड़ी

**धौलपुर।** धौलपुर में बसेड़ी विधायक एवं निर्दलीय प्रत्याशी खिलाड़ी लाल बैरवा की बुधवार को जनसंपर्क के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। शुगर लेवल एवं बीपी हाई लेवल पर पहुंचने से कार्यकर्ताओं की चिंता बढ़ गई। कार्यकर्ताओं ने आनन-फानन में जिला अस्पताल के कार्डिक आईसीयू में भर्ती कराया है। खिलाड़ी लाल बैरवा ने बताया, बुधवार को बसेड़ी विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे थे। जनसंपर्क के दौरान अचानक घबराहट और बेचैनी बढ़ गई। चक्कर आने पर विधायक बेहोश भी हो गए।

### गड़करी ने दिया कुमारी के समर्थन में मांगे वोट

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने गुरुवार को जयपुर के विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी दिया कुमारी के समर्थन में रोड शो में भाग लिया। गडकरी ने विद्याधरनगर के परशुराम सर्किल पर भगवान परशुराम की प्रतिमा को माल्यार्पण करने के बाद दिया कुमारी एवं उनके हजारों समर्थको के साथ मुरलीपुरा के विभिन्न इलाकों से होते हुए नाड़ी का फाटक पहुंचे।

# मप्र में मतदाताओं को वोटर आईडी के अलावा 12 विकल्प

**भोपाल,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को मतदान के लिए बेहतर सुविधा मुहैया कराने की दिशा में कई अहम कदम उठाए हैं। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में हैं और उन तक मतदाता पर्ची नहीं पहुंची है, वो वोटर आईडी के अलावा 12 विकल्पों के जरिए भी मतदान प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, विधानसभा निर्वाचन 2023 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केंद्र का क्रमांक, पता, निर्वाचक नामावली में क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिए फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकार या पीएसयू या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों या विधायकों या एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड, में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर 17 नवम्बर को मतदान कर सकता है।




आदिलाबाद में आयोजित चुनावी सभा में बोले केसीआर

# तेलंगाना को धोखा देने वाली भाजपा को न दें वोट

**आदिलाबाद,**16 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने गुरुवार को आदिलाबाद में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक केसीआर जीवित हैं, तेलंगाना धर्मनिरपेक्ष रहेगा। कांग्रेस पार्टी ने अल्पसंख्यकों को वोट बैंक के रूप में देखा। यदि पिछले कांग्रेस शासन के दौरान अल्पसंख्यकों पर 2000 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे, तो हमने दस साल की बीआरएस सरकार के दौरान 12,000 करोड़ रुपए खर्च किए। हमने अल्पसंख्यक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए आवासीय विद्यालय और आवासीय महाविद्यालय स्थापित किए हैं। तेलंगाना को धोखा देने वाली बीजेपी को एक भी वोट नहीं दें। प्रदेश में हमारी बीआरएस सरकार दोबारा जरूर आएगी। मेरा आपसे अनुरोध है कि जोगु रमन्ना को दिल से आशीर्वाद दें और कार चुनाव चिन्ह को वोट देकर बीआरएस को जिताएं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि आदिलाबाद के इतिहास में केवल एक जोगु रमन्ना है जिसने चणका-कोराटा बैराज का काम पूरा कराया। इस नहर से लगभग 50 हजार एकड़ भूमि की सिंचाई होती है। जोगु रमन्ना उत्कृष्ट व्यक्ति हैं। उन्होंने आदिलाबाद में इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज लाया है। जो काम कांग्रेस ने नहीं संभाला वो सभी योजनाएं बीआरएस पार्टी पूरा करेगी। कांग्रेस के जमाने में बिजली नहीं थी। अब चौबीस घंटे बिजली है। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि मैने प्रधानमंत्री मोदी को सौ पत्र लिखा लेकिन तेलंगाना के लिए एक मेडिकल कॉलेज या एक नवोदय स्कूल नहीं दिया गया है। इसलिए भाजपा को वोट न दें।



**कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को केवल वोट बैंक के रूप में देखा : के.चंद्रशेखर राव**

**लोकतंत्र में सावधानी से हो वोट के हथियार का इस्तेमाल**

विकसित देशों में लोकतंत्र परिपक्व हो गया है। यह अभी तक हमारे देश में नहीं आया है। लोकतंत्र में जनता के वोट के हथियार का इस्तेमाल सावधानी से करना चाहिए। कल्याणलक्ष्मी, शादी मुबारक जैसे कई कल्याणकारी कार्यक्रम आपकी आंखों के सामने चल रहे हैं। हमने किसानों के कल्याण के लिए बेहतरीन नीति अपनाई है जो देश के किसी भी राज्य में नहीं है। बीआरएस ने किसानों को पानी की आपूर्ति का पुराना बकाया माफ कर दिया है। हम कृषि स्थिरीकरण के हिस्से के रूप में पानी की आपूर्ति के साथ किसानों को 24 घंटे मुफ्त बिजली प्रदान कर रहे हैं।

## बीआरएस उम्मीदवार के समर्थन में मांगे वोट

केसीआर ने बीआरएस उम्मीदवार जोगु रमन्ना को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि चुनाव में उम्मीदवारों के गुण ही नहीं, उनके पीछे की पार्टियों के पिछले इतिहास को भी ध्यान में रखकर वोट दिया जाना चाहिए। बीआरएस पार्टी का जन्म तेलंगाना के लोगों के लिए और तेलंगाना राज्य की उपलब्धि के लिए हुआ है। बीआरएस सरकार आपके आशीर्वाद से चल रही है। जब नया राज्य बना, तो तेलंगाना में बिजली, ताजा पानी और सिंचाई का पानी नहीं था। किसानों की भुखमरी और श्रमिकों की आत्महत्या जैसी कई समस्याएँ थीं। एक-एक करके हम प्रत्येक दिशा में विकास कर रहे हैं। हमने सैकड़ों रुपए की पेंशन को हजारों रुपए तक पहुंचाया।

# तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में 2,290 उम्मीदवार

**हैदराबाद,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। 119 सदस्यीय तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवम्बर को होने वाले चुनाव में कुल 2,290 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 608 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। 15 नवम्बर नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख थी। इससे पहले 606 नामांकन खारिज होने के बाद 2,898 उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए थे। हैदराबाद में एलबी नगर निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवारों की संख्या सबसे अधिक 48 है, उसके बाद गजवेल में संख्या 44 है। गजवेल में जहां मुख्यमंत्री और बीआरएस अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव फिर से चुनाव लड़ रहे हैं, वहां से 114 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। हालांकि, उनमें से 70 ने अपना नामांकन वापस ले लिया। यह सभी निर्वाचन क्षेत्रों में वापसी की सबसे अधिक संख्या थी। इस बार केसीआर कामारेड्डी निर्वाचन क्षेत्र से भी चुनाव लड़ रहे हैं, जहां 39 उम्मीदवार मैदान में हैं।



## बसपा नेता की गिरफ्तारी पर लगी रोक

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कागजनगर पुलिस को हत्या और डकैती के प्रयास के मामले में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार को तब तक गिरफ्तार नहीं करने का निर्देश दिया, जब तक अदालत उनकी प्राथमिकी रद्द करने की याचिका पर अपना आदेश नहीं सुना देती। कुमारम भीम आसिफाबाद जिले के कागजनगर कस्बे में बसपा और सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के बाद सोमवार को प्रवीण कुमार और उनके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। प्रवीण कुमार ने याचिका दायर कर कागजनगर थाने में दर्ज प्राथमिकी रद् करने का आदेश देने की मांग की है। उच्च न्यायालय ने पुलिस को निर्देश दिया कि प्रवीण कुमार को तब तक गिरफ्तार न किया जाए जब तक अदालत उनकी प्राथमिकी रद्द करने की याचिका पर अपना आदेश नहीं सुना देती।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर शिक्षक निलंबित

**सिहोर,**16 नवम्बर (एजेंसियां)। निर्वाचन कार्य में घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने पर कलेक्टर ने एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया है। ये निलंबन तत्काल प्रभाव से माना जाएगा। बता दें कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने आष्टा जनपद अंतर्गत प्राथमिक शाला गादिया के शिक्षक धनलाल कलम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन काल में कलम का मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय सीहोर रहेगा। उल्लेखनीय है कि आष्टा विधानसभा की मतदान सामग्री वितरण के दौरान मतदान दल क्रमांक-529 में नियुक्त पीठासीन अधिकारी धनलाल कलम प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला गदिया को निर्वाचन ड्यूटी के दौरान शराब पीकर उपस्थित होने के कारण दल रवाना नहीं किया जा सका। इस कारण रिटर्निंग ऑफिसर-157 आष्टा के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की।

# मप्र विस चुनाव ने सिंधिया-गांधी परिवार के बीच बढ़ाई खटास

**भोपाल,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। चुनाव में विरोधी दलों के एक दूसरे पर हमले आम बात है। व्यक्तिगत हमले काम ही होते हैं, मगर मध्य प्रदेश में ऐसे व्यक्तिगत हमले हुए कि उसने गांधी और सिंधिया परिवार के बीच खटास बढ़ाने का काम कर दिया है। चुनावी मौसम में ज्योतिरादित्य सिंधिया को अहंकारी तक कह दिया। राज्य में वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में राहुल, प्रियंका गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच गजब की कैमिस्ट्री देखने को मिली थी।

इन चुनाव में कांग्रेस ने बढ़त पाई और सरकार भी बनाई। बाद में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस का साथ छोड़ दिया और वह भाजपा का हिस्सा बन गए परिणाम स्वरूप कांग्रेस की सरकार गिर गई वर्तमान में ज्योतिरादित्य सिंधिया केंद्रीय मंत्री हैं। भले ही सिंधिया कांग्रेस के अलग हो गए, मगर उनके और गांधी परिवार के बीच खटास नजर नहीं आई थी। संसद से तो एक ऐसी तस्वीर सामने आई थी, जिसमें सिंधिया सोनिया गांधी के साथ बैठे हुए थे। आमतौर पर यही चर्चा थी कि भले ही सिंधिया कांग्रेस छोड़कर चले गए हों, मगर दोनों परिवारों के बीच दूरियां नहीं बढ़ी हैं। प्रियंका गांधी का पिछले दिनों ग्वालियर आना हुआ, मगर उन्होंने सीधे तौर पर सिंधिया पर हमला नहीं किया। प्रियंका गांधी का बीते रोज दतिया आना हुआ और यहां उन्होंने जनसभा में सिर्फ ज्योतिरादित्य सिंधिया पर ही नहीं, बल्कि उनके खानदान तक पर हमला बोल दिया।



**■ चुनावी मौसम में सिंधिया को अहंकारी तक बताया**

**मतदान** *मध्य प्रदेश के सीहोर में मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण*

# नौ लाख से अधिक मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**सीहोर,16 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के सभी जिलों में आज मतदान होगा। सीहोर जिले में मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने जानकारी दी कि जिले की चारों विधानसभा में मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 1238 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें बुधनी में 363, आष्टा में 335।**

इछावर में 275 तथा सीहोर में 265 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर सिंह ने बताया कि कुल 6206 कर्मचारी मतदान सम्पन्न कराएंगे। मतदान कराने वाले कर्मचारियों में 4719 पुरूष तथा 1487 महिला कर्मी हैं। जिले में 90 ऐसे मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनका पूरी तरह संचालन महिला कर्मी करेंगी। इन पोलिंग बूथ में 661 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इन महिला कर्मियों को सुचारू रूप से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। बुधनी विधानसभा में महिला कर्मियों द्वारा संचालित 20 मतदान केंद्रों में 162 महिलाओं की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार आष्टा में महिला कर्मियों द्वारा संचालित 25 मतदान केंद्रों में 160 महिला कर्मियों, इछावर के 15 मतदान केन्द्रों में 60 महिला कर्मियों तथा सीहोर में 40 मतदान केंद्रों में 279 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले की चारों विधानसभा में मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 1487 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। बुधनी विधानसभा से 402, आष्टा से 366, इछावर से 184 तथा सीहोर से 535 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए 327 माइक्रो आर्ब्जवर नियुक्त किए जाएंगे, इन्हें प्रशिक्षण दिया गया है। बुधनी में 118, आष्टा में 74, इछावर में 23 तथा सीहोर में 139 माइक्रो आर्ब्जवर नियुक्त किए गए हैं। जिले की चारों विधानसभा के 1238 मतदान केन्द्रों में 17 वल्नरेबल तथा 307 क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं। बुधनी विधानसभा में 122, आष्टा में 61, इछावर में 62 तथा सीहोर में 62 क्रिटिकल मतदान केंद्र है। इन मतदान केंद्रों के साथ ही 626 केन्द्रों पर सीसीटीवी, वेबकॉस्टिंग तथा 200 केंद्रों पर माइक्रो आर्ब्जवर की व्यवस्था तथा 90 मतदान केन्द्रों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। जिले में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए एफएसटी, एसएसटी तथा वीएसटी दलों द्वारा सघन जांच एवं निगरानी की जा रही हैं। जिले में कुल 16 एफएसटी, 26 एसएसटी, 4 वीवीटी तथा 8 वीएसटी दलों द्वारा निगरानी की जा रही है। बुधनी विधानसभा में जांच के लिए 5 एफएसटी, 8 एसएसटी, एक वीवीटी तथा दो वीएसटी दलों द्वारा निगरानी की जा रही है। इसी प्रकार आष्टा में 4 एफएसटी, 7 एसएसटी, एक वीवीटी तथा दो वीएसटी दलों द्वारा निगरानी की जा रही है।



**■ 90 पोलिंग बूथ का संचालन करेंगी 661 महिला कर्मी**

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार, 17 नवंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक – 212 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



2



11

# आज मतदान

## 1 करोड़ 63 लाख मतदाता करेंगे 958 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**रायपुर**, 16 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 70 सीटों पर मतदान होना है। मतदान के एक दिन पहले गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दूसरे चरण के मतदान को लेकर जानकारी साझा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण की 70 में से 9 सीटों पर सुबह 7 बजे से दोपहर 5 बजे और बाकि की 61 सीटों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि राज्य की 70 विधानसभा सीटों के लिए 958 प्रत्याशी मैदान में है, इनमे से एक तृतीय लिंग प्रत्याशी भी शामिल है। इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कल 1 करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर करेंगे। राज्य की 70 विधानसभा सीटों में से 20 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा होने की वजह से डबल ईवीएम मशीन दी गई है। इन मतदाताओं में 2,160 ऐसे मतदाता है जिनकी उम्र 100 साल से भी ज्यादा है। मतदान के लिए पूरे राज्य में 18 हजार 833 मतदान केंद्र बनाए गए है, जिनमे 9 हजार से भी ज़्यादा मतदान केंद्रों की सीधा लाइव निगरानी होगी। मतदान के लिए 90 हज़ार 272 मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है।



**71 दिव्यांग और 10 पिंक मतदान केंद्र**

रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया विशेष मतदान केंद्रों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हर विधानसभा में 10 पिंक मतदान केंद्र बनाए गए है जिनमे महिला कर्मचारी तैनात रहेगी। इसी तरह 71 दिव्यांग मतदान केंद्र भी बनाए गए है जिनमे दिव्यांग कर्मचारी मोर्चा सभालेंगे।

**इन मतदान केंद्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा मतदान**

बता दें कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 70 में से 9 मतदान केंद्रों पर मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। इन 9 मतदान केंद्रों में कामरभौदी, आमामोरा, ओढ, बड़ेगोबरा, गंवरगांव, गरीबा, नागेश, सहबीनकछार और कोदोमाली शामिल है।

( मुकाबले की सूची अंतिम पृष्ठ पर )

## मध्य प्रदेश में 230 सीटों पर मतदान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों और छत्तीसगढ़ की 70 सीटों शुक्रवार को मतदान होगा। मध्यप्रदेश में आज सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा, जिसकी सभी तैयारियां निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी कर ली गयीं हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदान की तैयारियों के संबंध में आज प्रेस वार्ता की। प्रदेश के बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक ही मतदान होगा। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कुल 2,533 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे है, इनमें 2,280 पुरुष, 252 महिला और एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार शामिल हैं। राज्य में एक चरण में 17 नवंबर को सभी 230 विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा। मतदाताओं की कुल संख्या 5,61,36,229 है, जिसमें 75,304 सर्विस वोटर शामिल हैं। राज्य में सामान्य मतदाताओं की संख्या 5,60,60,925 है, जिनमें से 2,88,25,607 पुरुष और 2,72,33,945 महिला के अलावा 1,373 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

### पीएमजीकेएवाई योजना पर कांग्रेस ने पूछा सवाल

## पांच साल बढ़ाने की घोषणा की थी, बढ़ाए एक साल

**नई दिल्ली**, 16 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को एक जनवरी से एक साल तक के लिए बढ़ा दी गई है। इसको लेकर कांग्रेस ने सवाल खड़ा करते हुए कहाकि प्रधानमंत्री ने इसे पांच साल तक के बढाए जाने की घोषणा की थी,लेकिन सरकार के प्रेस नोट में इसका कोई जिक्र नहीं है और योजना को महज एक साल के लिए बढाया गया है। मोदी सरकार पर तंज करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 4 नवम्बर को छत्तीसगढ़ चुनाव अभियान के दौरान प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि पीएमजीकेएवाई राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम,2013 को अगले पांच सालों के लिए बढ़ाया जा रहा है। लेकिन बुधवार शाम मोदी सरकार की एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में उल्लेख किया गया है कि पीएमजीकेएवाई को 1 जनवरी, 2024 से शुरू होने वाले वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। इसमें प्रधानमंत्री द्वारा घोषित विस्तार का कोई संदर्भ नहीं है। जयराम रमेश ने आश्चर्य जताते हुए कहाकि तो वास्तव में क्या हो रहा है? प्रधानमंत्री की घोषणा उनकी सरकार की प्रेस नोट में क्यों नहीं दिखती?

**दुर्ग में की थी घोषणा**– गत 4 नवम्बर को प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा था कि 80 करोड गरीबों की सहायता करने वाली केंद्र की मुफ्त राशन योजना,प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न्य योजना को पांच वर्षों के लिए बढ़ाया जाएगा। इसे उन्होंने मध्यप्रदेश की रतलाम की रैली में भी दोहराया था। कोविड माहामारी के दौरान 2020 में शुरू की गई इस योजना को 2022 में राष्ट्रीय खाद्य अधिनियम के साथ जोडकर 31 दिसम्बर 2023 तक बढ़ा दिया गया था।






# दुनिया रंग-बिरंगी

## डिज़्नी और हॉटस्टार 'द फ्रीलांसर–द कन्क्लूजन' प्रदर्शित करेंगे

**नई दिल्ली।** डिज्नी और हॉटस्टार ने गुरुवार को 15 दिसम्बर, 2023 को प्रसारित होने वाले नये धारावाहिक 'द फ्रीलांसर–द कन्क्लूजन' की घोषणा की। शिरीष थोराट की किताब 'ए टिकट टू सीरिया' पर आधारित यह सीरीज भाव धूलिया द्वारा निर्देशित और शीतल भाटिया द्वारा निर्मित है। यह शो आलिया को मौत से बचाने की यात्रा को दर्शाता है, इस धारावाहिक में मोहित रैना, अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर और कश्मीरा परदेशी ने अभिनय किया है। श्रृंखला में सुशांत सिंह, जॉन कोककेन, गौरी बालाजी, नवनीत मलिक, मंजिरी फडनिस और सारा जेन डायस जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी हैं। निर्माता शीतल भाटिया ने शो की सफलता आशा व्यक्त करते हुए कहा कि पहले चार एपिसोड को उनके पैमाने और प्रदर्शन के लिए काफी सराहना मिली।

## 'अटल' में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की मां का किरदार निभाएंगी नेहा जोशी



**मुंबई,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस नेहा जोशी को नए शो 'अटल' में पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मां कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार निभाने के लिए चुना गया है। यह टेलीविजन शो दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन के अनकहे पहलुओं की पड़ताल करता है। भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के बैकड्रॉप पर आधारित यह शो अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की जटिलताओं को उजागर करेगा, उन घटनाओं, विश्वासों और चुनौतियों पर प्रकाश डालेगा, जिन्होंने उन्हें एक ऐसा नेता बनाया, जो वे बने।

इस न्यूज पर प्रतिक्रिया देते हुए नेहा ने कहा कि युवा अटल की मां कृष्णा देवी वाजपेयी की महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर मैं कितना सम्मानित महसूस कर रही हूं, इसे व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। इतिहास और राजनीति के प्रति कृष्णा देवी के जुनून के बावजूद, वह शालीनता से अपने पति, कृष्ण बिहारी वाजपेयी की समर्पित समर्थक बन गईं।

उनके जीवन का मिशन अपने परिवार के भीतर सद्भाव बनाए रखना है, अपने पति की पसंद के पीछे दृढ़ता से खड़ा होना है। दृढ़ संकल्प और गहरी धार्मिक प्रतिबद्धता के साथ, वह चुपचाप ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन का विरोध करती हैं, और उत्साहपूर्वक भारत की मुक्ति की कामना करती है।

## सूर्योपासना का महापर्व छठ आज से शुरू





### सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा पुत्र मनोकामना के लिए

**ग्रेटर नोएडा,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। सनातन धर्म में छठ पूजा का विशेष महत्व है और विधि विधान से किया गया पूजन जीवन में समृद्धि के लिए किया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट की विभिन्न सोसायटियों के साथ सेक्टर में छठ पर्व मनाने की तादाद अधिक है। छठ पर्व आते ही शहर का माहौल बदल जाता है। आस्था का महापर्व चार दिवसीय छठ पूजा का अनुष्ठान शुक्रवार को नहाय–खाय के साथ शुरु होगा,जिसकी तैयारी ग्रेटर नोएडा वेस्ट, ग्रेटर नोएडा आईईसी कॉलेज पार्क, डेल्टा–1, नवादा शिव मंदिर में तैयारी पूरी कर ली गई है। छठ पूजा को लेकर बाजारों में पूजा के लिए सामान की खरीदारी शुरू हो गई है। शहर में पूर्वांचल व बिहार के लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर सोसायटियों के आसपास कृत्रिम तालाबों का भी निर्माण कराया है। जहां गुरुवार को टैंकरों की मदद से पानी भी भर दिया गया। शहर में विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। छठी मैया के गीतों से पूरे शहर का वातावरण भक्तिमय हो जाता है। श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना के लिए स्थानीय प्रशासन ने भी पूरी तैयारियां की हुई है। सेक्टरों में कृत्रिम तालाब बनाकर उसे छठ घाट में तब्दील किया है। कई सोसायटियों में स्वीमिंग पूल को छठ घाट का स्वरूप दिया गया है। गौर सिटी स्थित पार्क एवेन्यू में झील व एक मूर्ति गोलचक्कर के समीप छठ पूजा का स्थल बनाया गया है। पूजा करने वाले स्थलों को चिह्नित कर साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं की गई है। नेफोवा फाउंडेशन एवं पूर्वांचल एकता मंच के अध्यक्ष अभिषेक कुमार व सदस्य दीपांकर कुमार ने बताया कि नहाय खाय के बाद छठ पर्व की शुरुआत होती है। छठ पूजा के दूसरे दिन को खरना कहा जाता है। जिसमें महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं। खरना के बाद संध्याकाल में सूर्य की पूजा होती है। अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाएं व्रत का पारण करती हैं। खरना के दिन गुड़ से बनी खीर व रोटी का प्रसाद ग्रहण किया जाता है। रात में व्रती पूजन कर गुड़ मिश्रित चावल की खीर, गेहूं की रोटी व पका केला का भोग लगाती है। स्वयं प्रसाद ग्रहण कर घर के सदस्यों और आस पड़ोस में प्रसाद का वितरण किया जाता है।

### उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समापन

पुत्र मनोकामना और उसके दीर्घायु तथा कुशलता के लिए चार दिवसीय लोक आस्था का पर्व छठ पूजा (सूर्योपासाना) 17 नवम्बर से शुरू कर 20 नवम्बर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समापन होगा। सूर्योपासना के इस पवित्र चार दिवसीय पर्व के पहले दिन परवातिन (व्रत करने वाले) श्रद्धालु अंत:करण की शुद्धि के लिए कल नहाय–खाय के संकल्प के साथ नदियों–तालाबों के स्वच्छ जल में स्नान करने के बाद अरवा भोजन ग्रहण कर व्रत को शुरू करेंगे। उसके बाद और चौथे दिन उगते सूर्य को गंगा में खड़े होकर अर्घ्य देकर व्रत समाप्त किया जाता है। यही एक ऐसा पर्व है जिसमें मूर्ति की पूजा नहीं होती और अस्ताचलगामी सूर्य का अर्घ्य दिया जाता है अन्यथा उगते सूर्य को ही अर्घ्य देकर उन्हें प्रणाम किया जाता है। छठ पर्व के दूसरे दिन को खरना के रूप में जाना जाता है। हालांकि इसी दिन से छठ व्रती का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाता है।





## 2023 में भारतीयों के बीच '123456' रहा सबसे आम पासवर्ड

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। एक नई रिपोर्ट में गुरुवार को कहा गया कि 2023 में, '123456' भारतीयों और दुनिया भर में सबसे आम पासवर्ड था। पासवर्ड प्रबंधन समाधान कंपनी नॉर्डपास के अनुसार, लोगों ने 2023 में अपने स्ट्रीमिंग खातों के लिए सबसे कमजोर पासवर्ड का उपयोग किया। लोगों के पासवर्ड में ऐसे शब्द भी पाए गए, जो किसी विशिष्ट स्थान को संदर्भित करते हैं। विश्व स्तर पर इंटरनेट उपयोगकर्ता अक्सर देश या शहर के नाम खोजते हैं, और भारत कोई अपवाद नहीं है, 'Indiaएटदरेट123' देश की सूची में उच्च स्थान पर है। रिपोर्ट में पाया गया कि 'एडमिन' शब्द, जो संभवत: उन पासवर्डों में से एक है, जिन्हें लोग बदलने से नहीं घबराते, इस साल भारत और कई अन्य देशों में सबसे आम पासवर्डों में से एक बन गया है। पिछले साल के वैश्विक विजेता 'पासवर्ड' ने इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के पासवर्ड को नहीं छोड़ा। भारत में, 'पासवर्ड', 'पासएटदरेट123', 'पासवर्डएटदरेट123', और इसी तरह की विविधताएं इस साल सबसे आम पासवर्ड में दिखाई दीं। इंटरनेट उपयोगकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्लेटफार्मों के लिए उपयोग किए जाने वाले पासवर्ड के बारे में पता लगाने के लिए, शोधकर्ताओं ने




विभिन्न चोरी करने वाले मैलवेयर द्वारा उजागर किए गए पासवर्ड के 6.6 टीबी डेटाबेस का विश्लेषण किया, जिसे विशेषज्ञ लोगों की साइबर सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा मानते हैं। सबसे डरावनी बात यह है कि पीड़ितों को यह एहसास भी नहीं हो सकता है कि उनका कंप्यूटर संक्रमित है। दुनिया के लगभग एक तिहाई (31 प्रतिशत) सबसे लोकप्रिय पासवर्ड पूरी तरह से संख्यात्मक अनुक्रमों से बने होते हैं, जैसे '123456789', '12345', '000000' और अन्य। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल की वैश्विक सूची में 70 फीसदी पासवर्ड एक सेकंड से भी कम समय में क्रैक किए जा सकते हैं।

## माधुरी ने टीम इंडिया की जीत का मनाया जश्न

### रजनीकांत, अनुष्का के साथ खिंचवाई सेल्फी

**मुंबई,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने भी टीम इंडिया की विश्व कप सेमीफाइनल जीत से बेहद खुश हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देने के लिए एक नोट लिखा है। बुधवार को मुंबई में भारत बनाम न्यूजीलैंड विश्व कप सेमीफाइनल के दौरान माधुरी वानखेड़े स्टेडियम में थीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर विराट कोहली की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी क्योंकि उन्होंने अपना 50वां वनडे शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा था।

उन्होंने मैच का एक वीडियो शेयर किया। इसमें उनके पति श्रीराम नेने, अनुष्का शर्मा, विक्की कौशल और कुणाल खेमू भी हैं। उन्होंने रजनीकांत के साथ भी पोज दिया। माधुरी ने फुटबॉल के दिग्गज डेविड बेकहम के



साथ एक सेल्फी भी साझा की।

कैप्शन के लिए उसने लिखा कि टीम इंडिया को बधाई। ब्लू में हमारे लड़कों ने क्या शानदार प्रदर्शन किया। माधुरी ने आगे कहा कि विराट कोहली को लगातार दो शतक और कुल मिलाकर 50 वनडे शतक लगाने और मास्टरब्लास्टर (सचिन तेंदुलकर) का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए बधाई। हमें आज का खेल बहुत पसंद आया, जादुई अनुभव के लिए धन्यवाद।

## विराट के 50वें वनडे शतक के बाद यूपी जिले में बिरयानी के लिए लगी भीड़

**बहराईच (यूपी),** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बहराईच में जब एक भोजनालय के मालिक ने क्रिकेटर विराट कोहली द्वारा बनाए गए रनों के बराबर छूट की घोषणा की, तो जाहिर तौर पर उन्हें उम्मीद नहीं थी कि क्रिकेटर विश्व कप में 100 रन बनाएंगे। बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में विराट के 50वें शतक के कारण देहात पुलिस के तिकोनी बाग इलाके में बिरयानी बेचने वाले भोजनालय में भगदड़ मच गई। कोहली के शतक के साथ, छूट 100 प्रतिशत हो गई, जिसका मतलब था कि चिकन और मटन बिरयानी की प्लेट मुफ्त में आई, जिससे इस ऑफर का लाभ उठाने के



लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जैसे ही ऑफर के दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हुए, कतार बढ़ती गई और लोगों को बिरयानी की एक प्लेट लेने के लिए कतार में आगे बढ़ने के लिए धक्का-मुक्की करते देखा गया। इससे पहले कि रेस्तरां मालिक का सामान खत्म हो जाए, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी।

स्थिति तब तनावपूर्ण हो गई जब कतार में इंतजार कर रहे लोग रेस्तरां मालिक से और बिरयानी की व्यवस्था करने की मांग करने लगे। आखिरकार, किसी भी तरह की बर्बरता से बचने के लिए मालिक को अपने रेस्तरां को बंद करना पड़ा। थाना प्रभारी, कोतवाली देहात, मनोज कुमार पांडे ने कहा कि चूंकि भोजनालय के बाहर बड़ी भीड़ जमा हो गई थी, इसलिए किसी भी प्रकार की कानून–व्यवस्था की स्थिति से बचने के लिए एक पुलिस टीम भेजी गई थी।

## पवेलियन में इनोवेटिव सरफेस प्रोजेक्शन टेक्नोलॉजी के साथ केरल पहला राज्य

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। केरल ने सतह प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी को अपनाने वाले पहले भारतीय राज्य के रूप में खुद को स्थापित किया है, जो नई दिल्ली के प्रगति मैदान में अपने मंडप में आगंतुकों को आकर्षित कर रहा है। जिनान–सीबी, बीनू हरिदास और जिगिश सीबी के नेतृत्व में 30 कलाकारों की एक टीम द्वारा कुशलतापूर्वक तैयार किया गया केरल मंडप उन आगंतुकों के लिए एक केंद्र बिंदु बन गया है जो राज्य के समृद्ध वाणिज्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास का पता लगाने के लिए उत्सुक हैं। केरल के पर्यटन, उद्योग, आईटी और बुनियादी ढांचे के आर्थिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाले चार स्तंभों के ऊपर प्रदर्शित सतह प्रक्षेपण ने मंडप को वसुधैवकुटुंबकम की एक जीवित टेपेस्ट्री में बदल दिया है, जो व्यापार के माध्यम से लोगों को एकजुट करने वाली अवधारणा है।



अंतरराष्टीय व्यापार मेला

यह केरल के प्रसिद्ध मसालों की खोज में विविध वैश्विक समुदायों के साथ जुड़ते हुए, दुनिया भर में व्यापार करने वाले केरलवासियों के इतिहास का वर्णन करता है। क्योंकि सतह प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन केरल द्वारा पहली बार किया गया है इसलिए इस अभिनव दृष्टिकोण ने आगंतुकों को केरल के विकास के सार को तेजी से समझने की अनुमति दी है। जिसमें एक संक्षिप्त समय सीमा के भीतर सदियों की वाणिज्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को शामिल किया गया है।

## मौनी रॉय ने स्टारडम की अपनी यात्रा के हर कदम को 'सीखने का अनुभव' बताया

**मुंबई,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री मौनी रॉय ने मनोरंजन की दुनिया में काफी पहचान बनाई है। 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में अपने प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पाने वाली अभिनेत्री ने स्टार बनने की अपनी यात्रा के बारे में खुलकर बात की।

अपनी यात्रा पर विचार करते हुए, 'ब्रह्मास्त्र' अभिनेत्री ने कहा कि इस यात्रा का हर कदम एक सीखने का अनुभव रहा है, जो प्यार और समर्थन से भरा है। मैं स्नेह से अभिभूत हूं और गहराई से आभारी हूं। नयनतारा गंगोपाध्याय की भूमिका निभाते हुए, अभिनेत्री को क्राइम–थ्रिलर श्रृंखला में उनके प्रदर्शन के लिए बहुत प्रशंसा मिली है, बावजूद इसके कि शो को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली थी।

पर्दे पर मौनी रॉय अगली बार %द वर्जिन ट्री% में नजर आएंगी। इसके अलावा, वह बंगाली भाषा के रियलिटी शो 'डांस बांग्ला डांस 12' में नजर आएंगी।

फिलहाल वह रियलिटी–टीवी शो 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' की होस्ट भी हैं।



## युवाओं को मधुमेह का खतरा ज्यादा

### 35 फीसदी व्यक्तियों में 'फास्टिंग' में असामान्य 'ब्लड शुगर लेवल'

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। चालीस वर्ष से कम उम्र के 26 फीसदी लोगों में 'फास्टिंग ब्लड शुगर' का स्तर 'बॉर्डरलाइन' पर पाया गया जिसका कारण जरूरत से ज्यादा तनाव, खान–पान की गलत आदतें, व्यायाम नहीं करना और सोने का कोई निश्चित समय नहीं होना तथा असामान्य नींद है।

हाल में किए गए एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि जिन लोगों का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) असामान्य है और जो मोटापे के शिकार हैं उनमें से 35 फीसदी व्यक्तियों में 'फास्टिंग' में असामान्य 'ब्लड शुगर लेवल' देखा गया। महिलाओं में ब्लड शुगर लेवल को प्रभावित करने और 'टाइप टू डायबिटीज' होने के खतरे को तय करने वाले महत्वपूर्ण कारक के रूप में रजोनिवृत्ति है। सर्वेक्षण में 25 हजार लोगों को शामिल किया गया और यह अप्रैल 2021 से मार्च 2023 के बीच गया। इस वर्ष विश्व मधुमेह दिवस की मुख्य विषय वस्तु 'मधुमेह के रोगियों को बेहतर देखभाल तक पहुंच दिलाना' है। इसका लक्ष्य सामूहिक स्तर पर मधुमेह पर लगाम और रोगियों की बेहतर देखभाल के लिए जरूरी कदम उठाना है। भारत को मधुमेह का वैश्विक केंद्र माना जाता है।

सर्वेक्षण में कहा गया है कि मधुमेह की जल्दी जांच कराने और इसका जल्द से जल्द इलाज शुरू करने पर खास जोर दिया जाना चाहिए। निष्क्रिय जीवन शैली मधुमेह के खतरे को और बढ़ाती है। जो व्यक्ति मधुमेह के रोग से जूझ रहे हैं, वह प्रतिरोधात्मक कदम, जैसे स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर, खान–पान और जीवनशैली में बदलाव कर इस स्थिति को उलट सकते हैं। जिन लोगों में मधुमेह का ज्यादा खतरा है, उनमें वह व्यक्ति शामिल हैं, जिनके शरीर का वजन ज्यादा है, जिनके परिवार में लोगों को मधुमेह होने का इतिहास रहा है या जो सुस्त जीवन बिता रहे हैं। उन्हें नियमित रूप से ब्लड शुगर लेवल की जांच कराना चाहिए। गलत जीवनशैली के कारण होने वाले मधुमेह को रोकने के लिए बचाव के लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए।




## गर्भवती के लिए प्रदूषण खतरनाक, रहें सावधान

**नोएडा,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा-ग्रेटर नोएडा, दिल्ली यहां तक कि पूरा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र प्रदूषण की चपेट में है। दिल्ली-एनसीआर में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 400 के ऊपर पहुंच गया है, जो बहुत ही खतरनाक स्तर है। ऐसे में आम-स्वस्थ लोगों को सांस की दिक्कत, आंखों में जलन, दिल में भारीपन की शिकायत हो रही है। यह परिस्थितियां गर्भवती और उनके गर्भस्थ शिशु के लिए और भी खतरनाक साबित हो सकती हैं, इसलिए उन्हें बहुत ही सावधानी बरतने की जरूरत है।

यह बात अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ललित कुमार (आरसीएच) ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर गुरुवार को कही। जनपद में हर माह एक, नौ, 16 और 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस मनाया जाता है, जिसमें सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती की प्रसव पूर्व जांच की जाती है और उन्हें



स्वास्थ्य देखभाल संबंधित सलाह दी जाती है। डॉ. ललित का कहना है कि गर्भावस्था के दौरान प्रदूषण का काफी खराब असर मां और होने वाले बच्चे पर पड़ सकता है, क्यों कि प्रदूषण एनीमिया को बढ़ाता है जो गर्भवती के लिए और भी खतरनाक साबित होता है। इसलिए हर गर्भवती को कोशिश करनी चाहिए कि वह प्रदूषण से बचे। प्रदूषण सांस, आंखों मे जलन, हृदय सहित अन्य

- बाहर जाने से बचें, मास्क लगाएं
- घर में प्रदूषण का प्रभाव न हो इसके लिए करें इंतजाम

कई बीमारियों को पैदा करता है और उन्हें बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि प्रदूषण में तरल व ठोस रूप में कई विषैले तत्व मौजूद होते हैं, जिससे यह हो सकती हैं।

मां जब प्रदूषण युक्त वातावरण में सांस लेती है तो होने वाले शिशु को जन्म के साथ ही कार्डियोवस्कुलर रोग व सांस से जुड़ी समस्या सहित कई अन्य रोग हो सकते हैं, क्योंकि गर्भस्थ शिशु मां के शरीर के माध्यम से ही ऑक्सीजन ग्रहण करता है। प्रदूषण गर्भावस्था में शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है। शुद्ध वायु की कमी के कारण तनाव, डिप्रेशन, चिड़चिड़ापन जैसी समस्या हो सकती हैं।

### गर्भावस्था में प्रदूषण से होने वाले नुकसान

डॉ. ललित ने बताया गर्भावस्था के दौरान महिला यदि प्रदूषित वातावरण में ज्यादा समय रहती है, तो तीसरी तिमाही में गर्भस्थ शिशु को ऑटिज्म होने का खतरा रहता है। ऑटिज्म एक तरह की न्यूरो–डेवलपमेंट डिसऑर्डर (मानसिक बीमारी) है। इसके अलावा प्रदूषण में ज्यादा समय बिताने से गर्भ गिरने की आशंका बढ़ भी जाती है, क्योंकि गर्भस्थ शिशु ठीक तरह से ऑक्सीजन ग्रहण नहीं कर पाता है। इसी कारण लो बर्थ वेट, प्रीमैच्योर जन्म आदि का खतरा भी रहता है।

### अस्थमा पीड़ित गर्भवती को ज्यादा खतरा

गर्भवती यदि अस्थमा से पीड़ित है तो उसे प्रदूषण से सांस लेने की दिक्कत के अलावा ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ सकती है, जो आगे चलकर दिल किडनी व लिवर पर विपरीत असर डाल सकती है। ऐसी स्थित में गर्भस्थ शिशु का स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है।

डॉ. ललित ने बताया कि वातावरण में पीएम 2.5 कणों (पार्टिकुलेट मैटर) की मात्रा बढ़ने से हवा प्रदूषित हो जाती है। यह कण इतने छोटे होते हैं कि सांस के साथ कब फेफड़ों तक पहुंच जाएं, कुछ कहा नहीं जा सकता। टीबी रोगियों के लिए यह स्थिति परेशानी बढ़ा सकती है। इसके साथ ही श्वसन और हृदय रोगियों के लिए भी बढ़ता प्रदूषण खतरनाक है।

### ऐसे कर सकते हैं बचाव

यदि बाहर जाना ज्यादा जरूरी नहीं तो घर में ही रहें। बाहर जाना ही पड़े तो मास्क लगाकर ही निकलें, मल्टी लेयर गीले कपड़े का मास्क लगायें। घर के अंदर की वायु को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए पौधे घर में लगाएं।

हवा साफ रखने के लिए घर में एयर प्यूरीफायर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## नाना पाटेकर ने वाराणसी के किशोर की पिटाई करने को लेकर मांगी माफी



**मुंबई/वाराणसी,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। नाना पाटेकर द्वारा सेल्फी लेने आए एक किशोर की पिटाई मामले में अभिनेता ने माफी मांगी है। हालांकि यह कथित कृत्य उनकी आगामी फिल्म 'जर्नी' के सीक्वेंस का हिस्सा था।

अभिनेता को उनके साथ सेल्फी लेने आए एक लड़के की पिटाई करते हुए देखा गया। जिसके लिए उन्हें काफी आलोचना झेलनी पड़ी। इसको लेकर नाना पाटेकर ने कहा कि वायरल वीडियो का दृश्य वास्तव में फिल्म सीन का हिस्सा था। पाटेकर ने कहा कि हमने एक टेक किया ही था कि एक व्यक्ति पीछे से आता है और पूछता है, क्या तुम मुझे अपनी टोपी बेचोगे, और मैंने उसे झटका देते हुए कहा कि ऐसी बकवास बंद करो और उसे धक्का दे दिया। बाद में फिल्म निर्देशक अनिल शर्मा ने कहा कि उसी दृश्य का एक और टेक होना चाहिए और जब इसे शूट किया जा रहा था, तो अज्ञात किशोर ने अचानक पीछे से कदम रखा, जैसा कि फिल्म अनुक्रम में इरादा था। पाटेकर ने शर्मिंदा होते हुए बताया कि मुझे लगा कि वह हमारा लड़का है, इसलिए मैंने उसे मारा और कहा कि ऐसी बकवास बंद करो, यहां से चले जाओ और घबराया हुआ लड़का भाग गया। एक दिन बाद पाटेकर ने उस अज्ञात लड़के से कम से कम तीन बार माफी मांगी। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा अपने प्रशंसकों से प्यार करता हूं और कभी भी ऐसी हरकत करने के बारे में नहीं सोचूंगा। वाराणसी के लोगों की प्रशंसा करते हुए नाना ने कहा कि शूटिंग के दौरान वहां से इतना प्यार और स्नेह मिला।

रायपुर, शुक्रवार 17 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# घृणा और हिंसा का इज़हार क्यों?

राजस्थान में एक चुनाव प्रचार सभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि वे चुनाव जीतने के लिये किसी भी तरह की भाषा का इस्तेमाल कर सकते हैं और किसी भी हद तक जा सकते हैं। बुधवार को राजस्थान के बायतु (बाड़मेर) में आयोजित सभा में मोदी ने हमेशा की तरह घिसे-पिटे मुद्दों पर वहां अशोक गहलोत के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस सरकार को घेरने की कोशिश की। उन्होंने उस कथित 'लाल डायरी' का फिर से हवाला देते हुए मतदाताओं से अपील की कि वोट देने जाएं तो इतनी जोर से भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल का बटन दबाएं मानों उन्हें (कथित भ्रष्टाचारियों को) फांसी दे रहे हों। यह मोदी की विरोधियों के प्रति घृणा व हिंसक प्रवृत्ति दोनों की ही ओर संकेत करता है। यह भाषण मोदी के उन भाषणों की श्रृंखला की ही एक कड़ी माना जा सकता है जिनमें वे लोकतंत्र की उनकी समझ का आभास देते हैं; साथ ही यह भी दर्शा देते हैं कि उन्हें अपने पद की गरिमा और प्रतिष्ठा का बिलकुल ख्याल नहीं है।

उनके इस भाषण में कई बातें बतलाई गयीं। मसलन, कि राजस्थान में बहुत भ्रष्टाचार है, कानून-व्यवस्था इतनी ध्वस्त हो चुकी है कि पिछले पांच साल से राजस्थान के लोग हंगामों, पत्थरबाजी, कर्फ्यू आदि के चलते कोई भी पर्व-त्यौहार शांति से नहीं मना सके हैं। आतंकियों, दबंगों व दंगाइयों के बुलन्द हौसलों का कारण उन्होंने कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को बतलाया। फिर, उनके मुताबिक इस राज्य में महिलाएं इतनी असुरक्षित हैं कि रात को घर से निकल नहीं सकतीं, बच्चियां तक निरापद नहीं हैं। मोदी के अनुसार अपराधियों के हौसले इसलिये बुलन्द हैं क्योंकि मुख्यमंत्री ऐसे हैं जो बलात्कार को फर्जी बतला देते हैं। कांग्रेस को हटाना व भाजपा की सरकार को लाना उन्होंने इसलिये ज़रूरी बताया कि ऐसा करने से ही राजस्थान की संस्कृति सुरक्षित रहेगी। उन्होंने यह भी बतलाया कि उनके द्वारा दिल्ली से जो जल जीवन मिशन की राशि भेजी जाती है वह सरकार खा जाती है और इस तरह कांग्रेस सरकार पुण्य के काम में भी पैसे कमाने का व्यवसाय तथा भ्रष्टाचार करती है। इन दिनों मोदी का सबसे प्रिय विषय कथित लाल डायरी है जिसका उल्लेख वे राजस्थान के अपने हर दौरे पर अथवा उसका उल्लेख आने पर करते हैं। इस बार भी लाल डायरी का उल्लेख उनके भाषण में आया ही। उनका दावा था कि कांग्रेसी चाहे लाल डायरी को फर्जी बताते हैं, पर अब उसके पन्ने सामने आ गये हैं। मोदी ने कहा कि इस लाल डायरी के परिप्रेक्ष्य में अब एक भी कांग्रेसी प्रत्याशी नहीं जीतना चाहिए। उन्होंने लोगों से आह्वान तक किया कि जब भी कोई कांग्रेसी उनके पास वोट मांगने आये तो उससे लाल डायरी के बारे में पूछा जाना चाहिये। उनके अनुसार 'राजस्थान के बैंक के लॉकरों में लूटा हुआ रुपया और सोना मिल रहा है।' जिस तरह से कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के आलू से सोना बनाने वाले बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया जाता रहा, उसी तर्ज़ पर मोदी ने भी बहुत हल्केपन से कहा कि 'यह सोना आलू से नहीं बना है। वरना कांग्रेसी कह देंगे कि हमने आलू से बनाया है।' ऐसे लॉकर और भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वह पहली कार्रवाई करे। मोदी का भाषण बतलाता है कि उन्हें चुनाव जीतने के लिये न तो भाषायी मर्यादा की चिंता है और न ही तथ्यों के साथ बात करने की आवश्यकता है। वे चुनाव जीतने के लिए हिंसक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

राजस्थान में बार-बार लाल डायरी की आधारहीन बात करना लगभग वैसा ही है जिस प्रकार वे छत्तीसगढ़ में आकर भूपेश बघेल की सरकार को बगैर तथ्यों या प्रमाणों के भ्रष्ट कहते हैं। बघेल पर उनका आरोप यह है कि उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं व पार्टी के लिये एटीएम बनाकर रख दिया है। यानी यहां से खूब सा पैसा दिल्ली भेजा जाता है। हालांकि यहां केन्द्रीय जांच एजेंसियों, खासकर प्रवर्तन निदेशालय व आयकर का मनमाना उपयोग विरोध को दबाने के लिए हुआ है, वह तो सामने है ही, उलटे यहां भाजपा ही भ्रष्टाचार के कई मामले में फंसी हुई दिख रही है। यहां के एक भाजपा प्रत्याशी के कथित वायरल वीडियो में बताया जा रहा है कि जब यहां भाजपा सरकार थी तो यहां से पैसा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, उनकी पत्नी एवं अमित शाह तक जाता था। वैसे राजस्थान में जिस प्रकार से एक ईडी अधिकारी को घूस लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है उससे ईडी की विश्वसनीयता तो घेरे में आई ही है, यह भी पता चल गया है कि इन एजेंसियों का इस्तेमाल मोदी एवं शाह के इशारों पर सिर्फ विरोधियों को परेशान करने के लिये किया जा रहा है। बघेल पर भी सट्टा खिलाने वाले महादेव एप से 508 करोड़ लेने के आरोप लगाये गये पर पुष्टि एवं जांच के बिना।

इस बीच मध्यप्रदेश की मुरैना सीट पर विधानसभा का चुनाव लड़ रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के पुत्र देवेन्द्र सिंह तोमर के दो वीडियो पर भी मोदी मौन हैं जिनमें वे 500 करोड़ रुपयों के लेन-देन की बात कर रहे हैं। पहले इसे फर्जी बतलाकर बचने की कोशिशें हो रही थीं, लेकिन कनाडा में बैठे उस व्यक्ति ने इसकी पुष्टि कर दी है जो देवेन्द्र सिंह से ये बातें कर रहा है। गहलोत-बघेल पर आरोप लगाने वाले मोदी और शाह के साथ ईडी, सीबीआई, आईटी आदि इस मामले पर एकदम चुप्पी साध लेते हैं।

# पटाखे, आस्था और संघ परिवार

वैसे तो प्रकृति से जुड़ी आपदाओं में से अधिकांश के पीछे किसी न किसी प्रकार से इंसानों की करनियों का हाथ रहता ही है। जलवायु परिवर्तन से जुड़ी आपदाएं इसका जाना-माना उदाहरण हैं। फिर भी, आम तौर पर देश भर में और खासतौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को दीवाली की रात से वायु प्रदूषण के जिस संकट को झेलना पड़ रहा है, उसके पीछे जितने प्रत्यक्ष रूप से इंसानों की करनी है, उसका स्तर अलग ही है। वास्तव में इसे आत्मघाती करनी कहा जाए, तो भी अतिशयोक्ति नहीं होगी। और जैसे खासतौर पर इसी सच्चाई को रेखांकित करने के लिए, इस बार की दीवाली से दो दिन पहले से, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उससे भी व्यापक दायरे में, अप्रत्याशित बारिश ने वातावरण को असामान्य रूप से साफ कर दिया था। याद रहे कि इससे पहले, करीब हफ्तेभर से इस क्षेत्र में वायु प्रदूषण 'खतरनाक' स्तर पर बना रहा था, जिस पर अंकुश लगाने की कोशिश में राजधानी दिल्ली समेत इस क्षेत्र की विभिन्न सरकारों ने अनेक आपात कदम उठाए थे, जिनमें निर्माण गतिविधियों पर अंकुश लगाने, वाहनों के धुंए के प्रदूषण को कम करने से लेकर, स्कूलों को बंद करने तक के कदम शामिल थे।

यही नहीं, पिछले कुछ वर्षों की तरह, एक बार फिर पंजाब, हरियाणा आदि में किसानों के पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण का मुद्दा प्रमुखता से चर्चा आया था और सुप्रीम कोर्ट तक ने इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करना जरूरी समझा था। इसी संकट के पराली से जरा भिन्न संदर्भ में, दीवाली के गिर्द आतिशबाजी के सिलसिले में भी सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप किया था और उसने न सिर्फ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर लगी पाबंदी को सही और जरूरी ठहराते हुए, इस पाबंदी को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज किया था, बल्कि इसे लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के तकाजों से जोड़ते हुए, हरित-इतर पटाखों पर पाबंदी का देशभर में विस्तार करना भी जरूरी समझा था। इस सब के बीच प्रकृति ने इस क्षेत्र में अचानक बेमौसमी बारिश के रूप में जो उदारता दिखाई थी, उसके बल पर इस बार दीवाली के दिन शाम तक वातावरण असाधारण रूप से साफ था और एक्यूआई सूचकांक, पिछली अनेक दीवालियों की शामों के मुकाबले, वायु प्रदूषण बहुत कम दिखा रहा था। लेकिन तभी तक, जब तक कि आम तौर पटाखे चलना शुरू नहीं हुआ था।

दीवाली पर देर शाम से पटाखे चलने का जो सिलसिला शुरू हुआ, उसने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की धज्जियां तो खैर उड़ाईं सो उड़ाईं, बारिश के जरिए प्रकृति द्वारा दमघोंटू वातावरण से दिलाई गई राहत की भी धज्जियां उड़ा दीं। नतीजा यह हुआ कि दीवाली की अगली सुबह से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण, फिर से बारिश से पहले के 'खतरनाक' स्तर पर ही नहीं पहुंच गया, उस खतरनाक स्तर की भी एकाध सीढ़ी और चढ़ गया। इस क्षेत्र में एक्यूआई औसतन 500 अंक से ऊपर पहुंच गया।

बहरहाल, बात सिर्फ इतनी ही होती तब भी गनीमत थी। इसे अपने हाथों, अपने लिए मुसीबत खड़ी करने की मूर्खता का मामला कहकर, ऐसा करने वालों की नादानी पर रोया जा सकता था। वैसे, इस नादानी पर रोना भी, कुछ कारणों से साधारण रोना भर नहीं होता। एक तो इसलिए कि यह नादानी कोई अनजाने में नहीं की जा रही थी। कम से कम आम तौर पर सभी को इसका कुछ न कुछ अंदाजा जरूर हो चुका है कि गंगा-जमुना के मैदान की, सर्दियों में वातावरण के खराब होने की जो प्राकृतिक समस्या है, उसे दीवाली के गिर्द खतरनाक रूप से बढ़ाने में, जिस तरह मोटर वाहनों के धुंए का और पराली जलाने के धुंए का महत्वपूर्ण योगदान है, उसी तरह समय विशेष पर पटाखों के धुंए का भी महत्वपूर्ण योगदान है। जब वायु प्रदूषण को खतरनाक स्तर से नीचे लाने के लिए दूसरे सभी उपाय आजमाए जा रहे हों या कम से कम उनके बारे में सोचा जा रहा हो, 'खुशी जताने' के लिए पटाखे चलाने से बचे जाने के लिए, सामान्य ज्ञान से ज्यादा की जरूरत नहीं होनी चाहिए।



राजेंद्र शर्मा

> **वायु प्रदूषण के खिलाफ हिंदू आस्थाएं किसी प्रकार के कवच या मास्क का काम करने वाली हों और वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों से हिंदू बचे रह जाने वाले हों! वर्ना सामान्य ज्ञान तो यही कहता है कि हिंदू अगर आबादी का 80 फीसद से ज्यादा हिस्सा हैं, तो कुल मिलाकर वायु प्रदूषण के नुकसान में भी उतना ही ज्यादा उनके हिस्से में आएगा! यह हिंदू आस्था का सवाल हो न हो हिंदू आस्थाओं को आत्मघाती बनाने का मामला जरूर है।**

इस सिलसिले में यह याद दिलाने की भी जरूरत नहीं होगी कि पटाखे चलाने से बचे जाने की यह मांग कोई अचानक नहीं आ गई थी। इस क्षेत्र में वायु प्रदूषण के संकट पर चर्चा ने जब से जोर पकड़ा है, तभी से इस समस्या के एक हिस्से के तौर पर पटाखे चलाए जाने को हतोत्साहित करने के विवेक का भी प्रचार-प्रसार हुआ है। यहां तक कि सरकारों द्वारा और उच्चतर अदालतों द्वारा भी पटाखों पर बढ़ते पैमाने पर रोक भी लगाई जाती रही है। इसी सिलसिले की ताजातरीन कड़ी के तौर पर सुप्रीम कोर्ट ने गैर-हरित पटाखों पर पाबंदी को विस्तार कर, पूरे देश पर लागू कर दिया था। और यह विस्तार भी पूरी तरह से विवेकपूर्ण था क्योंकि दीवाली पर 'खुशी से पटाखे' चलाने का रिवाज, तेजी से देश के बड़े हिस्से में फैला है और उसका गंगा-यमुना के मैदानी इलाके के बाहर के अनेक प्रमुख शहरी केंद्रों में भी वायु प्रदूषण का संकट बढ़ाने में काफी योगदान रहा है। यह संयोग ही नहीं है कि इस बार दीवाली की अगली सुबह, दुनिया के दस सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण के मारे महानगरों में, दिल्ली के अलावा मुंबई और कोलकाता भी शामिल हो चुके थे!

तो क्या सब के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हुए भी 'खुशी के पटाखे' चलाने की इस जिद को सिर्फ एक धार्मिक आस्था का और इस धार्मिक आस्था के विवेक के खिलाफ जाने से, इसे सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास का मामला माना जा सकता है। हर्गिज नहीं। बेशक, बड़े पैमाने तथा व्यापक स्तर पर पटाखे चलाए जाना, दीवाली से जुड़ा हुआ है, हालांकि खुशी में पटाखे चलाना न तो दीवाली तक सीमित है और न ही ऐसे धर्म से जुड़े त्यौहारों तक ही सीमित है। शादी-विवाह से लेकर, चुनावी जीत और राष्ट्रीय त्यौहारों तक के मौके पर, आतिशबाजी खुशी जताने का एक स्वीकृत साधन रही है। दूसरी ओर, पटाखों के औद्योगिक पैमाने पर उत्पादन के साथ आधुनिक दौर में दीवाली के मौके पर पटाखे चलाना आम जरूर हो गया है, लेकिन गंधक-बारूद के उपयोग से विस्फोटक बनाए जाने का इतिहास, इतना पुराना भी नहीं है कि पटाखों को, दीवाली से जुड़ी धार्मिक आस्था का जरूरी अंग या तत्व माना जा सके। दीवाली से जुड़े अनेक विश्वास, कम से कम सातवीं सदी में चीन से पटाखों के आने से पुराने जरूर होंगे। बेशक, धार्मिक आस्थावान, अपने विश्वासों को आसानी से छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता है, इसके लिए उन्हें विवेक की कसौटी पर कसने से बचता भी है; लेकिन उन्हें अविवेकपूर्ण मानते हुए उनका बचाव शायद ही करता है। उल्टे अविवेकपूर्ण नजर आने की सूरत में धीरे-धीरे किंतु निश्चित रूप से उनका त्याग ही करता है।

लेकिन धार्मिक आस्था के विपरीत, धर्म का लबादा ओढ़कर सामने आने वाली राजनीतिक आस्था या सांप्रदायिकता का आचरण इससे बहुत भिन्न होता है। वह चूंकि धार्मिक आस्थाओं का सांप्रदायिक राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए ही उपयोग करती है, वहां धार्मिक आस्थाओं में काट-छांट तो खूब होती है, इतनी ज्यादा की धार्मिक आस्थाएं ही पहचान में नहीं आएं; लेकिन धर्म की दुहाई की यह राजनीति कथित 'आस्थाओं' में किसी भी तरह से, विवेक प्रवेश नहीं होने देती है। उल्टे, विवेक के विरुद्ध इन कथित आस्थाओं को अपना हथियार ही बनाती है। दीवाली से जोड़कर पटाखों के सवाल पर, संघ परिवार के औपचारिक नेतृत्व को छोड़कर, उसकी तमाम सेनाओं की जो हमलावर नकारात्मक भूमिका रही है, उसे महज धार्मिक आस्था से बहुत भिन्न, इस सांप्रदायिक राजनीति के रूप में ही समझा जा सकता है।

किसी को यह देखकर हैरानी होगी कि सारत: 'हिंदुओं के अपने त्योहार पर पटाखे चलाने के अधिकार' की पैरवी की यह दलील, दीवाली पर 'सुप्रीम कोर्ट की रोक' की धज्जियां उड़ने को, 'नागरिक अवज्ञा आंदोलन' बताकर गौरवान्वित करने पर ही नहीं रुक जाती है, उसे 'हिंदुओं की जीत' बताने की हद तक जाती है। जैसे वायु प्रदूषण के खिलाफ हिंदू आस्थाएं किसी प्रकार के कवच या मास्क का काम करने वाली हों और वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों से हिंदू बचे रह जाने वाले हों! वर्ना सामान्य ज्ञान तो यही कहता है कि हिंदू अगर आबादी का 80 फीसद से ज्यादा हिस्सा हैं, तो कुल मिलाकर वायु प्रदूषण के नुकसान में भी उतना ही ज्यादा उनके हिस्से में आएगा! यह हिंदू आस्था का सवाल हो न हो हिंदू आस्थाओं को आत्मघाती बनाने का मामला जरूर है। धर्म का लबादा ओढ़कर सामने आने वाली राजनीतिक आस्था सिर्फ इसी मामले में नहीं, हरेक मामले में, जिस धार्मिक आस्था को छूती है, उसे आत्मघाती बनाने का काम जरूर करती है। सियाराम का जय श्रीराम में रूपांतरण इसी का एक और उदाहरण है। सांप्रदायिकता की राजनीति, जिस धर्म की दुहाई देती है, उसमें आस्था रखने वालों को ही सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# परमाणु-विरोधी आन्दोलन और विश्व संगठन तत्काल युद्धविराम के लिए काम करें

■ **डॉ. अरुण मित्रा**

मौजूदा सदी में सबसे खराब किस्म का संकट है गाजा में मानवीय त्रासदी। लगभग 11000 लोग, जिनमें से 70 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे हैं, उनमें से 40 प्रतिशत 15 साल से कम उम्र के बच्चे हैं, घनी आबादी वाले क्षेत्र में असंगत आक्रामकता और अभूतपूर्व बमबारी से मारे गये हैं। गाजा में हर 10 मिनट में एक बच्चे की मौत हो रही है। अस्पतालों और शरणार्थी शिविरों सहित अधिकांश बुनियादी ढांचे मलबे में तब्दील हो गये हैं। इस विनाश से संतुष्ट न होकर इजराइल के हेरिटेज मंत्री अमीचाईएलियाहू ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी दी।

हालांकि प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने उन्हें मंत्रिमंडल से हटा दिया है, जो महज एक धोखा है और खुद को चौतरफा आलोचना से बचाने के लिए उठाया गया कदम है। यह मानना नादानी होगी कि मंत्री का बयान इजराइली सरकार के आंतरिक हलकों में बिना किसी चर्चा के आया है। न तो प्रधानमंत्री नेतन्याहू और न ही किसी अन्य अधिकारी ने इज़राइल के पास परमाणु हथियार होने से इनकार किया है। इससे पहले की अटकलों की पुष्टि हो गई है कि इजराइल एक परमाणु हथियार संपन्न देश है। गाजा पर इजराइली आक्रमण, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह 7अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद प्रेरित हुआ था, वस्तुत: फिलिस्तीनियों के जातीय सफाये में बदल गया है।

> **संयुक्त राज्य अमेरिका झूठे बहाने और अप्रमाणित सुबूतों के आधार पर इराक पर हमला करने में सबसे आगे था कि इराक के पास सामूहिक विनाश के हथियार थे परन्तु आज उसने इजरायली मंत्री के बयान पर चुप्पी साध ली है। अमेरिका हमेशा ईरान पर परमाणु हथियार रखने का आरोप लगाता रहा है, लेकिन अब जब इजराइली मंत्री ने खुलेआम परमाणु हथियार के इस्तेमाल की धमकी दी है, तो अमेरिकी सरकार और उसके सहयोगियों की चुप्पी परेशानकुन है।**

संयुक्त राज्य अमेरिका झूठे बहाने और अप्रमाणित सुबूतों के आधार पर इराक पर हमला करने में सबसे आगे था कि इराक के पास सामूहिक विनाश के हथियार थे परन्तु आज उसने इजरायली मंत्री के बयान पर चुप्पी साध ली है। अमेरिका हमेशा ईरान पर परमाणु हथियार रखने का आरोप लगाता रहा है, लेकिन अब जब इजराइली मंत्री ने खुलेआम परमाणु हथियार के इस्तेमाल की धमकी दी है, तो अमेरिकी सरकार और उसके सहयोगियों की चुप्पी परेशानकुन है। आईएईए ने भी एक शब्द नहीं कहा है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) जिसके पास नरसंहार, मानवता के खिलाफ अपराधों जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराधों के लिए व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने का अधिकार है, अमेरिका के स्पष्ट समर्थन के साथ नेतन्याहू सरकार द्वारा हजारों बच्चों का नरसंहार देखने के बाद भी चुप है।

यह दुख की बात है कि अमेरिका और उसके सहयोगियों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में इजराइल और फिलिस्तीन के बीच तत्काल युद्धविराम के जॉर्डन के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। भारत का मतदान से अनुपस्थित रहना इजराइली सरकार द्वारा हत्याओं को उचित ठहराने के समान है। इजराइल के प्रधानमंत्री पहले ही भारत के रुख की तारीफ कर चुके हैं। 7 अक्टूबर को हमास द्वारा किये गये हमले को उचित नहीं ठहराया जा सकता। लेकिन जैसा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने बताया है कि 'इज़राइल पर हमास के हमले शून्य में नहीं हुए'। इज़राइल और अमेरिका ने एक कहानी बनाई है कि इज़राइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है, जबकि इतिहास भरा पड़ा है ऐसी घटनाओं से जब इज़राइल ने न केवल फिलिस्तीनी भूमि पर कब्जा कर लिया है, बल्कि उन्हें बाहर धकेल दिया है और उन्हें राज्यविहीन नागरिक बना दिया है और इस प्रकार अंतरराष्ट्रीय कानून और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के दो राष्ट्र सिद्धांत को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है, जैसा कि 1967 में संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत रूस के हस्तक्षेप से इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच अपनाया गया था। अपने अपराधों को सही ठहराने के लिए हमलावरों द्वारा झूठी कहानियां गढ़ी जाती हैं। वे किसी न किसी बहाने से विपरीत का प्रदर्शन करते हैं। नाज़ियों ने जर्मनी की बुराइयों के लिए यहूदियों को दोषी ठहराया। उन्होंने यह मिथक फैलाया कि जर्मनी प्रथम विश्व युद्ध में युद्ध के मैदान पर नहीं, बल्कि घरेलू मोर्चे पर विश्वासघात के कारण हारा था। यहूदियों, सोशल डेमोक्रेट्स और कम्युनिस्टों को ज़िम्मेदार ठहराया गया। युद्ध में यहूदियों की भूमिका के बारे में पूर्वाग्रह झूठे थे। एक लाख से अधिक जर्मन और ऑस्ट्रियाई यहूदियों ने अपनी पितृभूमि के लिए लड़ाई लड़ी थी। हिटलर ने उपरोक्त तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया और सामूहिक उन्माद पैदा करने और उनमें से 60 लाख से अधिक को खत्म करने के लिए यहूदियों के खिलाफ झूठी कहानी का इस्तेमाल किया।

ऐसे कट्टरपंथी अपनी श्रेष्ठ जाति होने की बात भी करते हैं और सबको अपने अधीन करने के अधिकार को उचित ठहराते हैं, यहां तक कि 'निचले लोगों' को खत्म भी कर देते हैं। चर्चिल के भी ऐसे ही विचार थे। 1937 में, उन्होंने फ़िलिस्तीन रॉयल कमीशन से कहा: 'उदाहरण के लिए, मैं यह स्वीकार नहीं करता कि अमेरिका के रेड इंडियंस या ऑस्ट्रेलिया के काले लोगों के साथ बहुत बड़ा गलत किया गया है। मैं यह स्वीकार नहीं करता कि इनके साथ कोई गलत काम किया गया है।' लोग इस तथ्य से सहमत हैं कि एक मजबूत जाति, एक उच्च श्रेणी की जाति, इसे इस तरह से कहें तो एक अधिक सांसारिक बुद्धिमान जाति ने आकर उनकी जगह ले ली है।'

1943 में, भारत, जो उस समय भी ब्रिटिश आधिपत्य में था, ने बंगाल के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विनाशकारी अकाल का अनुभव किया। माना जाता है कि कम से कम तीस लाख लोग मारे गये थे। चर्चिल ने अकाल के लिए भारतीयों को दोषी ठहराया और दावा किया कि वे 'खरगोशों की तरह प्रजनन करते हैं'। हालांकि सच्चाई यह है कि बंगाल के लोगों के लिए जो भोजन उपलब्ध था उसे बर्मा में ब्रिटिश सेना को भेज दिया गया था। 1994 में रवांडा में हुतु शासक जनजातियों ने तुत्सी अल्पसंख्यक के खिलाफ नफरत फैलाई, जिससे केवल 100 दिनों में आठ लाख लोग मारे गये।

1947 में विभाजन के दौरान भारत को एक गंभीर मानवीय संकट का सामना करना पड़ा जिसमें कट्टरपंथियों द्वारा 25 लाख हिंदू, मुस्लिम और सिखों को मार डाला गया। दुर्भाग्य से अल्पसंख्यक विरोधी बयानबाजी वर्तमान में यहां फैल रहा है क्योंकि हम देख रहे हैं कि केंद्र में सत्तारूढ़ व्यवस्था के खुले समर्थन से हिंदू कट्टरपंथियों द्वारा अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को दानव की तरह पेश या वर्णित किया जा रहा है।

हमें समझना होगा कि ज़ायोनीवाद को यहूदियों से, नाज़ीवाद को जर्मनों से और हिंदुत्व (हिंदू कट्टरवाद) को हिंदुओं से अलग करना होगा। सभी मुसलमानों को आतंकवादी नहीं माना जा सकता। ऐसी विचारधारा विनाशकारी हो सकती है और केवल युद्ध फैलाने वालों के लिए उपयोगी हो सकती है। इसलिए इजराइली विरासत मंत्री के बयान को गंभीरता से लेना होगा। ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें दुनिया की प्रतिक्रिया देखने के लिए बोलने के लिए कहा गया था।

अमेरिका सैन्य औद्योगिक परिसर के निर्माण और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में युद्ध पैदा करके अपने आर्थिक संकट को हल करने की कोशिश कर रहा है। नाटो पहले से ही एशिया के दरवाजे पर है। क्वैड और एयूसीकेयूएस जैसे संगठन एशिया प्रशांत क्षेत्र में शांति के लिए ख़तरा हैं।

लोगों की आवाज शांति के लिए है। तत्काल युद्ध विराम के लिए दुनिया भर में भारी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। तत्काल युद्धविराम के लिए दक्षिण अफ्रीका की शांति योजनाएं बहुत उपयुक्त हैं और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इस समय परमाणु-विरोधी आंदोलन को और अधिक मुखर होना होगा।

## पावन प्रसंग

# कठिन समय का सामना कैसे करें

यह जीवन एक अद्भुत ईश्वर प्रदत्त उपहार है, जो परिश्थितियों के जटिल चक्रव्यूह से होकर आगे बढ़ता रहता है, जिसमें कभी खुशी तो कभी गम, कभी हार तो कभी जीत, कभी उतार तो कभी चढ़ाव आते रहते हैं। घटनाक्रमों के इन सिलसिलों के बीच कठिन एवं विकट पल भी आते हैं, जब जीवन दूभर हो जाता है। यदि व्यक्ति ऐसे समय में नहीं संभले तो उसको टूटते-बिखरते देर नहीं लगती। लेकिन क्या सही समझ व धैर्य के साथ इसका सामना किया जाए, तो यही विषम पल व्यक्ति के उत्कर्ष का माध्यम बन जाते हैं और जीवन के उच्चतर सत्य की ओर ले जाते हैं। जीवन के विकट पल हमारे लिए उत्थान व उत्कर्ष का अवसर बने, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है। जिसमें सर्वप्रथम है परिस्थिति को स्वीकार करना। जो भी विकट घटना या जीवन के कठिन पल हैं, उन्हें स्वीकार करें। इसे ईश्वर का दिया हुआ उपहार मानें या अपने कर्मों से जुड़ा गहन रहस्य समझें, जो जीवन की नई समझ देने के लिए आया है। इस समझ व स्वीकृति के साथ ही संघर्ष की नई ऊर्जा का संचार होता है। विकट परिस्थिति को अपनी नियति का एक हिस्सा मानते ही चुनौती के रूप में आभासित पल आगे बढ़ने के अवसर बन जाते हैं। इन कठिन पलों में अपनों का संग-साथ महत्वपूर्ण भूमिका निबाता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अपने परिवारजनों, मित्रों व शुभचिंतकों का संग इन पलों से उबरने में निर्णायक भूमिका निभाता है। इनसे प्राप्त भावनात्मक सिंचन जीवन की कली को मुरझाने नहीं देता, इनका सहारा टूटने बिखरने के कगार पर खड़े अस्तित्व को संभाले रहता है। लेकिन दूसरों के सहारे ही जीवन की नैया पार होगी, ऐसी भी गलतफहमी नहीं पाली जा सकती। जीवन का सामना अंतत: अपने दमखम पर ही करना होता है और दूसरों के साथ की अपनी सीमा रहती है।

इसके लिए स्वयं को समय देना अभीष्ट हो जाता है। कठिन समय में जीवन के बिखरने व टूटने का खतरा रहता है, ऐसे में अपने तन-मन व आहार-विहार, शारीरिक सक्रियता, विश्राम एवं नींद का सहारा लें। शरीर के साथ मन का श्रेष्ठ नियोजन करें। अपने कर्तव्य कर्मों में निमग्न रहें। ये सब अनावश्यक तनाव-अवसाद से बचाए रखते हैं। नियमित कागज पर अपने मनोभावों को लिखने का अभ्यास करें। इनके साथ मन का गुबार बाहर निकलता है तथा चित्त का बोझ हल्का होता है और आप बेहतर अनुभव करते हैं। प्रकृति की गोद में कुछ समय अवश्य बिताएं, जो मन की शांति स्थिरता के लिए संजीवनी का काम करता है साथ ही जीवन के अर्थ व उद्देश्य को तलाशें, जो व्यक्ति को जीवन की गहराइयों में प्रतिष्ठित करता है और एक सार्थकता की अनुभूति के साथ मनोबल व आत्मबल के अनुदान दे जाता है। इसके लिए नियमित रूप से आत्मनिरीक्षण से लेकर आत्मसुधार एवं निर्माण का न्यूनतम कार्यक्रम निर्धारित करें। दैनिक क्रियाकलापों में अपनी रुचियों को स्थान दें।

ये जीवन में एक नया रस व रंग घोलने का काम करते हैं। नित्य इनके लिए कुछ समय अवश्य दें, ये जीवन में एक नई ताजगी व उल्लास भरने वाले उपक्रम साबित होंगे। इलके साथ स्वयं को सतत प्रेरित करते रहें। श्रेष्ठ पुस्तकों को पढ़ें व प्रेरक लोगों की संगत तलाशें। एक समय एक कदम उठाएं तथा जीवन की छोटी-छोटी विजय को हासिल करते चलें। ये जीवन के प्रति आशा व उत्साह से लबरेज रखने का माध्यम बनेंगे।

जीवन को अत्यधिक गंभीरता से न लें तथा स्वयं के प्रति उदारता का भाव रखें। साथ ही दूसरों के प्रति कृतज्ञता का भाव रखें। साथ ही दूसरों को सरस- सुखद बनाए रखने में सहायक बनते हैं साथ ही कठिन दौर में कुछ बातों को याद रखें। आप पहले भी ऐसी व इससे भी कठिन परिस्थितियों को पार कर चुके हैं और आप पुन: इससे बाहर निकल जाएंगे।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# पुरुष संवेदनशीलता के बिना महिला सशक्तिकरण अधूरा

मान लीजिए कि किसी पिछली सदी का कोई व्यक्ति आज हमारे समय में आता है। जब वे महिलाओं को विमान, कार, बस आदि चलाते हुए देखेंगे तो उन्हें कैसा झटका लगेगा। उनकी भ्रम की स्थिति की कल्पना करें जब उन्हें पता चलता है कि भारत में एक तिहाई गांवों का नेतृत्व महिला सरपंचों द्वारा किया जाता है, जबकि पुरुष घर पर बूढ़े माता-पिता या अन्य घरेलू कामों की देखभाल कर सकते हैं। आज हमारे लिए यह सब रोजमर्रा की बात लग सकती है, लेकिन किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जिसके पास लिंग-आधारित बहुत कठोर और सख्त विचार हैं, लिंग-आधारित मानदंडों में रहते हैं और विश्वास करते हैं और समाज को पितृसत्ता के चश्मे से देखते हैं, महिलाओं को अपनी शादियों में दखल देने और अन्य लिंगों के प्रति बढ़ती स्वीकार्यता से उनको अधिक झटका लगेगा। लैंगिक भूमिकाएं और अपेक्षाएं सदियों से समाज में व्याप्त हैं। लड़कियों से आज्ञाकारी, विनम्र और पोषण करने वाली होने की उम्मीद की जाती है, जबकि लड़कों से मजबूत, दृढ़ और प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद की जाती है। ये अपेक्षाएं अक्सर प्रतिबंधों और मांगों के साथ आती हैं जो दोनों लिंगों के लिए समान रूप से हानिकारक हो सकती हैं। समस्या केवल यह नहीं है कि पितृसत्ता और लिंग-आधारित अलगाव आज भी बहुत प्रचलित है, बल्कि मुद्दा यह भी है कि यह जानने के बावजूद यह लगातार फल-फूल रहा है। यदि यह एक महिला को अनुचित और अतार्किक प्रतिबंधों से विकलांग बनाता है, तो यह पुरुष को अत्यधिक और अप्राकृतिक अपेक्षाओं से विकलांग बनाता है।

आज भी लड़कियों को परिवार में आर्थिक और सामाजिक बोझ के रूप में देखा जाता है। एक कारण के रूप में, एक युवा लड़की के सपनों को अक्सर छोटा कर दिया जाता है, और उसे कम उम्र में ही दूसरे परिवार पर बोझ के रूप में निपटा दिया जाता है। यह सिर्फ विकासशील या गरीब देशों की घटना नहीं है, बल्कि अच्छे मानव सूचकांक वाले विकसित देशों में भी बाल विवाह में वृद्धि देखी जा रही है। जब एक युवा लड़की, जिसके पास बच्चों को जन्म देने और घरेलू काम करने के अलावा जीवन में कोई संभावना नहीं होती, की शादी एक परिवार में कर दी जाती है, तो वहां भी उसे बोझ के रूप में या सबसे खराब स्थिति में पति की संपत्ति के रूप में देखा जाता है। ऐसे मामलों में, जिन महिलाओं के पास किसी भी आर्थिक एजेंसी का अभाव होता है। वे घरेलू हिंसा, दुर्व्यवहार, वैवाहिक बलात्कार, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों आदि का शिकार बन जाती हैं। महिलाओं की भूमिका को व्यवस्थित रूप से घर की चार दीवारों तक सीमित कर दिया गया है और समाज में उनकी जो भी भूमिका हो सकती थी, उसे विनम्रता के नाम पर छीन लिया गया है। महिलाओं की शिक्षा रोक दी गई है और उन्हें अच्छे धार्मिक प्रथाओं के नाम पर दासता का जीवन जीने के लिए मजबूर किया जाता है। पितृसत्ता का सार हमारे दिमाग में इस तरह अंतर्निहित हो गया है कि हमें अक्सर इसका एहसास भी नहीं होता है कि हम इसे कब और कैसे व्यवहार में लाते हैं। प्रतिबंधों का लड़कियों के आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। जब लड़कियों को लगातार बताया जाता है कि वे क्या नहीं कर सकती हैं या उन्हें क्या नहीं करना चाहिए, तो वे यह मानने लगती हैं कि वे अपने लक्ष्य हासिल करने में सक्षम नहीं हैं। इससे महत्वाकांक्षा की कमी और जोखिम लेने का डर पैदा हो सकता है। वह एक अलग कैरियर मार्ग चुन सकती है जिसके बारे में वह भावुक नहीं है। इसके अलावा, लड़कियों पर लगाए गए प्रतिबंध उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डाल सकते हैं। वे अपने ऊपर लगाई गई अपेक्षाओं के कारण फंसा हुआ और घुटन महसूस कर सकते हैं, जिससे चिंता और अवसाद हो सकता है।

**-प्रियंका सौरभ**

## द. कोरिया में गैस रिसाव से विस्फोट, पांच लोग घायल

**सोल।** दक्षिण कोरिया के दक्षिणपूर्वी क्षेत्र के एक रेस्तरां में गुरुवार को गैस रिसाव से हुए विस्फोट में पांच लोग घायल हो गए। यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने दी। सोल से लगभग 400 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में चांगवोन में एक इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित रेस्तरां में स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:33 मिनट पर विस्फोट हुआ। रेस्तरां का मालिक भी जलने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। गैस विस्फोट के बाद आग लगने से बगल के एक अन्य रेस्तरां के कर्मचारियों और राहगीरों सहित चार अन्य लोग भी घायल हुए।

# देश विदेश

# अमेरिका व चीन सैन्य संचार फिर से शुरू करने पर सहमत

**कैलिफोर्निया,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि उनके देश और चीन ने बढ़ते तनाव को कम करने के प्रयास तहत सैन्य संचार फिर से शुरू करने पर सहमति जताई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को यहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक के बाद श्री बाइडेन ने कहा, हम सीधे, खुले, स्पष्ट संचार की ओर लौट आए हैं। यह पहला मौका है जब इस जोड़ी ने एक वर्ष से अधिक समय में व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी , हालांकि दोनों के बीच अभी भी तनाव के संकेत मिले है। श्री बाइडेन ने अपना विचार दोहराया कि श्री शी एक तानाशाह हैं। वहीं चीन के विदेश मंत्रालय ने बाद में इन टिप्पणियों की आलोचना की , लेकिन ऐसा प्रतीत नहीं होता कि दोनों पक्षों द्वारा इसे काफी हद तक सफल बैठक के रूप में चित्रित किया जा रहा है। श्री बाइडेन ने यह भी कहा कि दोनों नेता एक दूसरे के साथ संचार की सीधी रेखा स्थापित करने पर सहमत हुए हैं। सैन फ्रांसिस्को के पास एक ऐतिहासिक कंट्री में आयोजित शिखर सम्मेलन के बाद संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि संचार की कमी के कारण दुर्घटनाएं कैसे होती हैं और कहा कि दोनों राष्ट्रपति अब फोन उठा सकते हैं और तुरंत सीधे बात सुनी जा सकती है। पिछले साल तत्कालीन अमेरिकी हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे के बाद चीन ने सैन्य-से-सैन्य संचार बंद कर दिया था।

■ बाइडेन ने शी जिनपिंग के साथ की बैठक



## अमेरिका से आगे निकलने की कोई योजना नहीं है : चीन

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को सैन फ्रांसिस्को में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ एक बैठक में कहा कि चीन की अमेरिका से आगे निकलने की कोई योजना नहीं है। चाइना सेंट्रल टेलीविजन ने बैठक में श्री शी जिनपिंग के हवाले से कहा, जब चीन की अमेरिका को लेकर ऐसी कोई योजना नहीं है, तब अमेरिका को भी चीन को दबाने या नियंत्रित करने की कोई योजना बनानी चाहिए।' यह चीनी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका में मित्रवत संगठनों के स्वागत रात्रिभोज में चीनी राष्ट्रपति के हवाले से कहा, मुझे विश्वास है कि एक बार बीतचीत शुरू होने के बाद चीन-अमेरिका संबंध अच्छे हो जाएंग। हमारे लोगों की दोस्ती की जड़ें बहुत मजबूत और प्रगाढ हो गई हैं और यह निश्चित रूप से किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चीन अमेरिका के बढ़ते विकास और समृद्धि से खुश है और अमेरिका-चीनी संबंधों का भविष्य उनके लोगों, विशेषकर युवाओं पर निर्भर करता है और इसीलिए देशों को अपने राष्ट्रों के बीच संबंधों एवम आदान-प्रदान को बढ़ावा देना चाहिए।

# गजा से इलाज के लिए तुर्की पहुंच रहे मरीज

**अंकारा,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। गजा पट्टी से राफा सीमा पार कर मिस्र जाने वाले गाजा के 27 मरीज और उनके 13 परिचारक गुरुवार को तुर्की की राजधानी अंकारा पहुंचे। तुर्की के स्वास्थ्य मंत्री फहार्टिन कोका ने अंकारा में हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, गाजा के 27 मरीज, इनमें से अधिकांश कैंसर रोगी हैं, जिन्हें तत्काल उपचार की आवश्यकता है, हमारे देश में हैं। मंत्री ने कहा, हमने अपने देश में रोगियों, विशेषकर कैंसर रोगियों को लाने के लिए तकनीकी समितियों से युक्त एक स्वास्थ्य समन्वय टीम की स्थापना की। शि?न्हुआ समाचार एजेंसी ने कोका के हवाले से कहा कि तुर्की ने गाजा को सहायता प्रदान की है, इसमें गाजा में लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए दवाएं, चिकित्सा आपूर्ति और उपकरण शामिल हैं। मिस्र के एल अरिश हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाले विमान आधी रात को अंकारा एसेनबोगा हवाई अड्डे पर उतरे। सरकारी अनादोलु एजेंसी ने बताया कि कोका कुछ मरीजों के साथ मिस्र से अंकारा गया था। कोका ने बुधवार को मिस्र में संवाददाताओं से कहा, ये मरीज इलाज के लिए मिस्र से दूसरे देश की यात्रा करने वाले पहले गाजावासी होंगे। 2 से 13 नवंबर के बीच, गाजा से लगभग 135 घायल लोगों को राफा के माध्यम से मिस्र में चिकित्सा देखभाल के लिए ले जाया गया। मंगलवार को, लगभग 600 विदेशी नागरिकों और दोहरे नागरिकों और चार घायल लोगों को निकालने के लिए मिस्र की सीमा खोली गई।



इनमें से अधिकांश कैंसर रोगी

## सुडोकू 6378

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | | | 6 |
| | | 8 | | | | 7 | 3 | |
| 1 | | | 7 | 8 | | | 4 | |
| | | | 3 | | 6 | | 5 | |
| 3 | | | | 7 | | | | 9 |
| | 1 | | 9 | | 2 | | | |
| | 9 | | | 2 | 8 | | | 1 |
| | 8 | 5 | | | | 6 | | |
| 2 | | | | | | 5 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 17 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 4

### राशिफल

मेष - आज आप में ताजगी और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। स्वभाव में क्रोध की अधिकता रहेगी। इस कारण आपका काम बिगड़ने की संभावना रहेगी। अत: क्रोध पर नियंत्रण रखें।

वृषभ - हाथ में लिए हुए काम समय पर पूरा न होने पर हताशा का अनुभव होगा। कार्य सफलता में थोड़ा विलंब होगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। नए काम की शुरुआत के लिए उचित समय नहीं है।

मिथुन - आज दिन की शुरुआत आरामदायक, प्रसन्नतापूर्वक और स्फूर्ति के साथ करेंगे। मेहमानों और मित्रों के साथ पार्टी पिकनिक और समूह भोजन का आयोजन करेंगे। नए कपड़े, गहने और वाहन की खरीदारी का योग है।

कर्क - आज के दिन आपको चिंता रहित और खुश रखेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विशेष समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलेगा। नौकरीपेशा वालों को नौकरी में लाभ होगा।

सिंह - आज के दिन आप तन-मन से स्वस्थ रहेंगे। आपकी रचनात्मकता नया स्वरूप प्रदान कर सकेगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात सुखद रहेगी। संतान की प्रगति का समाचार मिलेगा।

कन्या - आज के दिन सभी कामों में प्रतिकूलता का अनुभव होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ अनबन होने से अशांति रहेगी। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने की संभावना रहेगी।

तुला - वर्तमान समय भाग्यवृद्धि का है। ऐसे में नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन शुभ है। योग्य जगह पर पूंजी निवेश लाभदायक रहेगा। परिवार में भाई-बंधुओं के साथ आत्मीयता और मेल- मिलाप रहेगा।

वृश्चिक - पारिवारिक कलह- द्वेष का अवसर न आएं, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमियों से बचें। मन में उत्पन्न नकारात्मक विचारों को दूर करें। विद्यार्थियों को विद्या प्राप्ति में अवरोध आएगा।

धनु - आज आपके निर्धारित काम में सफलता और आर्थिक लाभ की संभावना है। सपरिवार मांगलिक कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। कहीं घूमने जाने या खासकर किसी तीर्थयात्रा पर जाने की संभावना है।

मकर - आज आप धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। पूजा-पाठ या धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा।अधिक परिश्रम के बावजूद कम सफलता मिलने से हताशा पैदा होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ - आज आप नए काम की शुरुआत या उसकी योजना बना सकेंगे। नौकरी या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्र आपकी प्रगति में सहायक होगी। आर्थिक लाभ की दृष्टि से आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा।

मीन - नौकरी या व्यवसाय में सफलता मिलने तथा उच्च अधिकारियों के अच्छे व्यवहार से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। व्यापारियों के व्यापार में वृद्धि होगी और बकाया राशि प्राप्त होगी। पिता तथा बुजुर्गों से लाभ मिलेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आइसलैंड प्रायद्वीप में 'दशकों' में ज्वालामुखी अस्थिता आईएमओ की चेतावनी

**रेक्याविक,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। आइसलैंड मौसम कार्यालय (आईएमओ) ने चेतावनी जारी की है कि आइसलैंड के दक्षिण-पश्चिमी प्रायद्वीप को दशकों तक ज्वालामुखीय अस्थिरता का सामना करना पड़ सकता है। आईएमओ के अधिकारी मैथ्यू रॉबर्ट्स का कहना है कि 800 साल के अंतराल के बाद, रेक्जेन्स प्रायद्वीप पर 2021 में फिर से विस्फोट शुरू हुआ, जो एक नए विस्फोट चक्र को चिह्नित करता है। उन्होंने कहा कि भूकंप और आसन्न विस्फोट की आशंका के कारण ग्रिंडाविक शहर को खाली कराना पड़ा है। डॉ रॉबर्ट्स का कहना है कि यहाँ कर्मचारी 24 घंटे भूकंपीय गतिविधि की गहन निगरानी करते हैं । बीते शुक्रवार को टीम यह जानकर हैरान रह गई कि 15 किमी (नौ मील) की दूरी तक चट्टान को तोड़ता हुआ मैग्मा जमीन में बह रहा था। उन्होंने बताया कि इस जगह को तुरंत खाली करने का आदेश दिया गया। ग्रिंडाविक का पश्चिमी भाग पिछले शुक्रवार से एक मीटर (3.3 फीट) से अधिक नीचे धंस गया है, और प्रतिदिन लगभग 4 सेमी (1.6 इंच) की दर से ऐसा हो रहा है। कम तीव्रता वाले विस्फोट का मतलब कई हफ्तों तक दरारों की श्रृंखला से लावा निकलना हो सकता है।

# इजरायल ने गाजा में संयुक्त राष्ट्र के आह्वान को किया खारिज


**यरूशलम,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल ने गुरुवार को इजरायल-हमास संघर्ष में विस्तारित मानवीय विराम के संयुक्त राष्ट्र (यूएन) सुरक्षा परिषद के आह्वान को खारिज कर दिया। इजरायली विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लियोर हयात ने एक बयान में कहा, जब तक 239 अपहृत लोग हमास के हाथों में हैं, तब तक विस्तारित मानवीय रोक अस्थिर है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इजरायल पर सात अक्टूबर को अचानक हुए हमले के लिए ' स्पष्ट रूप से हमास की निंदा करने' का आह्वान किया। इस हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुधवार को गाजा पट्टी में तत्काल एवम् विस्तारित मानवीय ठहराव और गलियारों के लिए एक प्रस्ताव अपनाया, ताकि घिरे फिलिस्तीनी क्षेत्र में नागरिकों तक तत्काल आवश्यक सहायता पहुंचाई जा सके। गाजा में सरकारी मीडिया कार्यालय के अनुसार, गाजा में इजरायली हमलों में करीब 11,500 लोग मारे गए हैं। इनमें 4,710 बच्चे और 3,003 महिलाएं शामिल हैं जबकि 29 हजार से अधिक अन्य घायल हुए हैं।



## इजरायल ने शिफा अस्पताल के दक्षिणी हिस्से तक किया अभियान का विस्तार

**यरूशलम।** इजरायली सशस्त्र बलों ने शिफा अस्पताल में अभियान का विस्तार इसके दक्षिणी हिस्से तक कर दिया है। आई24 ब्रॉडकास्टर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ब्रॉडकास्टर ने कहा कि बुधवार को जहां इजरायली सेना का ध्यान अस्पताल परिसर के पश्चिमी हिस्से में स्थित इमारतों पर था, वहीं अब जोर अस्पताल के दक्षिणी हिस्से पर है। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि वह शिफ़ा अस्पताल में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के खिलाफ एक %सटीक और लक्षित% अभियान चला रहा था।

## वर्ग पहेली 6378



**बायें से दायें:-**

१. नथुना
३. संग्रह करना, एकत्र करना
५. मुक्ति, तारण
६. समय सूचक
७. वांछित वस्तु के अभाव में बेचैन होना
९. सिद्ध करना, पूजा, उपासना
१०. निष्कासित करना, बाहर करना
१२. नौकर
१३. सूचित, चेतावनी (उर्दू)
१४. कदापि (उर्दू)
१६. गीत, गाना (उर्दू)
१८. शुद्ध और दमकता सोना
२०. सशस्त्र
२१. अपमिश्रित,
२३. महिमामंडित

**ऊपर से नीचे:-**

१. नाटककार
२. फूलों का बगीचा
३. व्यवहृत करना
४. अमीर, धनी
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)
१०. झरना
११. लच्छेदार बातें करने वाला, झूठा (उर्दू)
१२. स्वास्थ्य (उर्दू)
१३. आनंद, खुशी
१४. सदैव साथ रहने वाला (उर्दू)
१५. श्रीकृष्ण
१७. कमल
१८. घड़े से उत्पन्न
२०. झुका हुआ
२२. कसक

### वर्ग पहेली-6377



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# अमेरिकी रिपब्लिकन ने कांग्रेसनल हिंदू कॉकस किया लॉन्च

**वाशिंगटन,** 16 नवम्बर (एजेंसियां) । अमेरिकी रिपब्लिकन सांसदों ने कांग्रेसनल हिंदू कॉकस लॉन्च किया है, जो हिंदू अमेरिकियों के समुदाय से संबंधित मुद्दों की वकालत करने वाला दूसरा लेकिन अब तक का सबसे बड़ा कॉकस होगा। प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन नेतृत्व की चौथी रैंकिंग सदस्य एलिस स्टेफनिक ने बुधवार को शलभ शल्ली कुमार द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, आज मैं अमेरिकी कांग्रेस में कांग्रेसनल हिंदू कॉकस की आधिकारिक शुरुआत की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हूं। शल्ली कुमार पार्टी और विशेष रूप से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए धन जुटाने वाले एक प्रमुख भारतीय-अमेरिकी हैं।

यह कॉकस उनकी पहल है और कुछ समय से इस पर काम चल रहा है। यह हिंदू अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए शुरू किया गया दूसरा कांग्रेसी कॉकस है, जो बड़े पैमाने पर भारतीय मूल के अमेरिकी हैं, जो तेजी से अपने मूल देश के बजाय अपने धर्म के आधार पर अपनी पहचान बनाना पसंद कर रहे हैं। लेकिन यह खुद को सिख, जैन और बौद्ध समुदायों का प्रतिनिधि भी बताता है। कॉकस, जिसकी अध्यक्षता प्रथम-अवधि के डेमोक्रेटिक कांग्रेसी श्री थानेदार कर रहे हैं, उस समय विवादों में घिर गया जब सिख अमेरिकियों, जो अपने स्वयं के एक अच्छी तरह से वित्त पोषित लॉबिंग प्रयास चलाते हैं, ने उनका प्रतिनिधित्व करने के इसके दावे को चुनौती दी। इसने सांसदों के बीच भी बहुत अधिक समर्थन उत्पन्न नहीं किया है।



## चीन में इमारत में आग लगने से 26 लोगों की मौत

**बीजिंग,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान कंपनी की इमारत में आग लगने से गुरुवार को कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने नेशनल माइन रेजिडेंस एडमिनिस्ट्रेशन के हवाले से बताया कि ल्यूलियांग शहर के लिशी जिले में पांच मंजिलों की इमारत की दूसरी मंजिल पर घटना हुई। अधिकारियों ने बताया कि बचाव प्रयास जारी हैं।

60 से ज्यादा लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**चिकनगुनिया का पहला टीका ...**

करता है। जबकि इंस्टीट्यूटो बुटानटन एक जैविक अनुसंधान केंद्र है। जारामिलों ने बताया कि भारत में टीका लांच करने का लेकर डग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया से बातचीत चल रही है। अंतिम फैसला उसी को लेना है। हालांकि उन्होंने यह अभी साफ नहीं हुआ है कि यह टीका भारत सरकार के सार्वभोमिक टीकाकरण अभियान के माध्यम से लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा या केवल निजी बाजार में ही उपलब्ध रहेगा।

## आज का इतिहास

1525-मुगल शासक बाबर ने भारत को जीतने के मकसद से सिंध के रास्ते पांचवीं बार प्रवेश किया।
1869-इंग्लैंड के जेम्स मूरी ने 13 हजार किलोमीटर लंबी पहली साइकिल रेस जीती।
1900-प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ श्रीमती सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू का जन्म। जिन्होंने अपना सारा जीवन भारत के हितों के लिए समर्पित कर दिया था।
1932-तीसरे गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत हुई।
1933-अमेरिका ने सोवियत संघ को मान्यता देते हुए व्यापार के लिए सहमति दी।
1966-भारत की रीता फारिया ने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता। मिस वर्ल्ड बनने वाली वह पहली एशियाई महिला थी।
1970-रानी लक्ष्मीबाई का एक महत्त्वपूर्ण पत्र जो की उन्होंने ईस्ट इंडिया कंपनी के गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौज़ी को लिखा था लन्दन में ब्रिटिश लाइब्रेरी के आर्काइव्स में मिला हैं।
1993-अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने उत्तरी अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते (नाफ्टा) को मंजूरी दी।
1995-ओसाका में एशिया प्रशांत आर्थिक संघ (एपेक) का सातवां शिखर सम्मेलन शुरू।
1999-अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को यूनेस्को ने स्वीकृति दी।
2004-रामेश्वर ठाकुर उड़ीसा के राज्यपाल बने।
2005-श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव सम्पन्न।
2006-अमेरिकी सीनेट ने भारत-अमेरिका परमाणु संधि को मंजूरी दी।
2007-जाफना प्रायद्वीप में श्रीलंकाई सेना से मुठभेड़ में 11 लिबरेशन टाइगर मारे गये।
2008-चन्द्रयान-1 की सफलता के बाद केन्द्र सरकार ने चन्द्रयान-2 की मंजूरी दी।

**कूटनीति** पश्चिमी देशों ने हथियार सौदा करने के खिलाफ चेतावनी दी

# किम की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं : क्रेमलिन

**मास्को,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन ने इन पश्चिमी चिंताओं के बीच कि दोनों (मास्को व प्योंगयांग अलग-थलग देश हथियार सौदे की तैयारी कर रहे हैं शुक्रवार को कहा कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की रूस की चल रही यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। श्री किम रूसी सुदूर पूर्व में अपने एकांतप्रिय देश से बाहर एक दुर्लभ यात्रा पर हैं, जहां उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी।

डॉन समाचारपत्र की आज जारी रिपोर्ट के मुताबिक माना जाता है कि रुस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने के लिए उत्तर कोरियाई गोला-बारूद खरीदने में दिलचस्पी रखता है, जबकि प्योंगयांग अपने मिसाइल कार्यक्रम को विकसित करने के लिए रूस की मदद चाहता है। पश्चिमी देशों ने रूस और उत्तर कोरिया को हथियार सौदा करने के खिलाफ चेतावनी दी है, जो प्योंगयांग पर प्रतिबंधों की अवहेलना करेगा। मॉस्को ने कहा कि रूसी सुदूर पूर्व के अपने विस्तारित दौरे के हिस्से के रूप में श्री किम ने शुक्रवार को प्रमुख रूसी इंजीनियरिंग केंद्र, कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर में एक रूसी सैन्य विमानन कारखाने का दौरा किया। साथ ही उन्होंने रूस के सुखोई एसयू-35 और एसयू-57 लड़ाकू विमानों का उत्पादन देखा तथा एसयू-35 की एक प्रदर्शन उड़ान देखी। श्री किम के साथ कारखानों का दौरा करने के बाद रूसी उप प्रधान मंत्री डेनिस मंटुरोव ने कहा, हम विमान निर्माण और अन्य उद्योगों दोनों के क्षेत्र में सहयोग की संभावना देखते हैं। व्यापार और उद्योग मंत्री मंटुरोव ने कहा, तकनीकी संप्रभुता प्राप्त करने के लिए हमारे देशों के सामने आने वाले कार्यों को प्राप्त करने के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। रूस ने बिना कोई निश्चित समय सीमा बताए कहा है कि श्री किम अगले कई दिनों तक अपनी यात्रा जारी रखेंगे। इस बीच जापानी सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा 'बिना किसी पूर्व शर्त के' श्री किम से मिलने के इच्छुक हैं। श्री किशिदा ने पहले कहा था कि वह किम के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं, लेकिन पुतिन वार्ता को लेकर क्षेत्रीय चिंताएं बढ़ने के कारण बार-बार निमंत्रण आया है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजु मात्सुनो ने संवाददाताओं से कहा, हम जल्द से जल्द एक शिखर बैठक हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री के सीधे नियंत्रण में उच्च स्तरीय चर्चा करना चाहेंगे।



■ किम ने इस सप्ताह की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से की थी मुलाकात

## दुनिया को जानें

# रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में खुलेगा अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक मंच

**सेंट पीटर्सबर्ग,** रूस, 16 नवम्बर (एजेंसियां)। रूस के सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल कल्चरल फोरम (एसपीआईसीएफ) गुरुवार 16 नवंबर को रूस की तथाकथित सांस्कृतिक राजधानी में खुलेगा, जिसमें 80 देशों के प्रतिनिधि एक साथ आएंगे। एसपीआईसीएफ को सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर बात करने के लिए एक मंच के रूप में डिजाइन किया गया है। फोरम में कई विषयगत इकाइयां शामिल होंगी, इसमें संस्कृति के माध्यम से इतिहास सीखना, कृत्रिम बुद्धिमत्ता संस्कृति के लिए खतरा या वरदान, समाज के निर्माण की नींव के रूप में पारंपरिक संस्कृति, थिएटर, संग्रहालय, सिनेमा, म्यूजिकल कल्चर, बिजनेस कल्चर, मीडिया कल्चर शामिल हैं। एसपीआईसीएफ पर संस्कृति के भीतर 11 से अधिक ज्ञापनों और सहयोग कार्यक्रमों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। एसपीआईसीएफ 16-18 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा।



# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.50 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.06 प्रतिशत |
| एलटी | 1.00 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.22 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.00 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## त्रुटिपूर्ण भुगतान सामने आने पर यूको बैंक ने ऑनलाइन आईएमपीएस ट्रांसफर रोका

**मुंबई,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। सरकारी स्वामित्व वाले यूको बैंक ने अस्थायी रूप से ऑनलाइन तत्काल भुगतान प्रणाली (आईएमपीएस) हस्तांतरण बंद कर दिया है, क्योंकि अन्य बैंकों के ग्राहकों द्वारा शुरू किए गए

**■ घटनाएं 10 से 13 नवम्बर के बीच हुईं और यह सुविधा बुधवार को बंद कर दी गई**

लेनदेन से धनराशि यूको बैंक के खाताधारकों को जमा की गई थी, लेकिन बैंक को धन प्राप्त नहीं हुआ। यूको बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि घटनाएं 10 से 13 नवम्बर के बीच हुईं और यह सुविधा बुधवार को बंद कर दी गई। यूको बैंक कहा, 'बैंक ने एहतियात के तौर पर आईएमपीएस चैनल को ऑफ़लाइन कर दिया है और इस मुद्दे को जल्द से जल्द हल करने और आईएमपीएस सेवाओं को बहाल करने के लिए काम कर रहा है। मामले को कार्रवाई के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को



सूचित कर दिया गया है।' इसमें कहा गया है, 'वित्तीय प्रभाव का अभी तक पता नहीं लगाया जा सका है और बैंक पता लगने पर इसकी जानकारी देने का प्रयास करेगा।'

हालांकि, दूसरी फाइलिंग में यूको बैंक ने दावा किया कि यह एक 'आंतरिक तकनीकी मुद्दा है, जिसके परिणामस्वरूप बैंक ग्राहकों को आईएमपीएस के माध्यम से कुछ गलत क्रेडिट प्राप्त हुए।' कुछ बैंकरों का मानना है कि यह यूको बैंक प्रणाली पर साइबर हमला हो सकता है। गौरतलब है कि आईएमपीएस एक रियल-टाइम इंटरबैंक इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर सिस्टम है जो यूपीआई से जुड़ा हुआ है। आईएमपीएस के तहत दैनिक लेनदेन की सीमा 5 लाख रुपए है।

**यूको बैंक ने 820 करोड़ रुपए के ऑनलाइन फंड ट्रांसफर मामले में सीबीआई के पास केस दर्ज कराया**

यूको बैंक ने तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) में तकनीकी खराबी के कारण विभिन्न ग्राहकों के खातों में 820 करोड़ रुपये के हस्तांतरण के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में शिकायत दर्ज कराई है क्योंकि ये पैसे बैंक को नहीं मिले हैं। यूको बैंक ने गुरुवार को एक नियामक बयान में शेयर बाजार को बताया, 'हम आगे सूचित करते हैं कि विभिन्न सक्रिय कदम उठाकर, बैंक ने प्राप्तकर्ताओं के खातों को ब्लॉक कर दिया और 820 करोड़ रुपए में से लगभग 649 करोड़ रुपये को बनाए रखने और पुनर्प्राप्त करने में सक्षम रहा, जो कि राशि का लगभग 79 प्रतिशत है।' ये घटनाएं 10 नवम्बर से 13 नवम्बर के बीच हुईं और बुधवार को यह सुविधा बंद कर दी गई। बयान में कहा गया है, 'बैंक ने एहतियात के तौर पर आईएमपीएस चैनल को ऑफ़लाइन कर दिया है और इस मुद्दे को जल्द से जल्द हल करने और आईएमपीएस सेवाओं को बहाल करने के लिए हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सूचित कर दिया गया है।' यूको बैंक ने दावा किया कि यह एक 'आंतरिक तकनीकी समस्या है जिसके परिणामस्वरूप बैंक ग्राहकों को आईएमपीएस के माध्यम से कुछ गलत क्रेडिट प्राप्त हुए'।

## तीसरी तिमाही में देश की जीडीपी विकास दर बढ़ने की उम्मीद : आरबीआई बुलेटिन

**मुंबई,** 16 नवम्बर (आईएएनएस)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के बुलेटिन में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी के बीच देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर मौजूद वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में बढ़ने होने की उम्मीद है। केंद्रीय बैंक के बुलेटिन में इसकी वजह 'त्योहारी मांग में तेजी' बताई गई है। नवम्बर के आरबीआई बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति पर लेख में कहा गया है कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर खर्च, निजी पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी, स्वचालन, डिजिटलीकरण और स्वदेशीकरण को बढ़ावा मिलने से निवेश मांग लचीली दिख रही है। ओवरऑल मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2022-23 के 6.7 प्रतिशत और जुलाई-अगस्त 2023 के 7.1 प्रतिशत के औसत से घटकर अक्टूबर में 4.9 प्रतिशत रह गई। हालाँकि, साथ ही चेतावनी भी दी गई है, 'हम अभी तक संकट से बाहर नहीं निकले हैं और हमें मीलों चलना है, लेकिन सितंबर और अक्टूबर में क्रमश: लगभग पांच प्रतिशत और 4.9 प्रतिशत के आंकड़े स्वागत योग्य राहत हैं।'

लेख में कहा गया है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति कार्रवाई और आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेप के संयोजन से मुद्रास्फीति कम हुई है। इसमें कहा गया है, 'शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ता उपकरणों की मजबूत मांग है, खासकर मध्य और प्रीमियम सेगमेंट में। ग्राहक भावना बेहतरीन है।'




लेखकों की राय में लचीले पूंजी प्रवाह, भारतीय मुद्रा की स्थिरता और विदेशी मुद्रा भंडार के उच्च स्तर द्वारा वित्तपोषित मामूली चालू खाता घाटा (सीएडी) के साथ भारत का बाहरी क्षेत्र व्यवहार्य बना हुआ है। विकास की गति तेज हो गई है, जिससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) महामारी-पूर्व के स्तर से काफी ऊपर पहुंच गया है और बाजार विनिमय दरों पर भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस लेख के लेखकों में आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा और केंद्रीय बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

## सरकार द्वारा कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर में कटौती से ओएनजीसी व ऑयल इंडिया लिमिटेड को होगा फायदा

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। सरकार ने गुरुवार को अपनी पाक्षिक समीक्षा में कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर को 9,800 रुपये से घटाकर 6,300 रुपये प्रति टन कर दिया। इससे ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड सहित अपस्ट्रीम तेल कंपनियों को फायदा होगा। 31 अक्टूबर को पिछली पाक्षिक समीक्षा में, सरकार ने तेल की कीमतें बढ़ने के कारण कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर को 1 नवम्बर से 9,050 रुपए से बढ़ाकर 9,800 रुपए प्रति टन कर दिया था। अप्रत्याशित कर में वृद्धि से सरकार को राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए एलपीजी और सीएनजी पर सब्सिडी के वित्तपोषण के लिए अधिक धन जुटाने में मदद मिलती है। हालांकि, ओएनजीसी और ऑयल इंडिया जैसी कंपनियों को नुकसान होता है, क्योंकि उन्हें अपने कच्चे तेल की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय कीमतों का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। अधिसूचना के अनुसार, डीजल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क भी 2 रुपए प्रति लीटर से आधा कर 1 रुपए कर दिया गया। सरकार ने पहली बार पिछले साल जुलाई में कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर लगाया और गैसोलीन, डीजल और विमानन ईंधन के निर्यात पर लेवी बढ़ा दी, जब निजी रिफाइनरों ने घरेलू बिक्री के बजाय विदेशी बाजारों में मजबूत रिफाइनिंग मार्जिन से लाभ कमाना शुरू कर दिया।

## जापान और भारत एशिया, उभरते बाजार इक्विटी का नेतृत्व करेंगे

नई दिल्ली, 16 नवम्बर (एजेंसियां)। मॉर्गन स्टेनली को उम्मीद है कि 2024 में जीडीपी और ईपीएस वृद्धि फिर से जापान और भारत में उम्मीदों से बेहतर रहेगी और चीन तथा उभरते बाजारों (ईएम) में कमजोर रहेगी। मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट में कहा गया, 'हमने अपने एमएससीआई ईएम लक्ष्य को फिर से घटाकर 1,000 (4 प्रतिशत अधिक) कर दिया है, 2023-25 के लिए हमारे पहले के आम सहमति आय पूर्वानुमानों को 5 प्रतिशत कम कर दिया गया है। प्रमुख विपरीत परिस्थितियों में धीमी वैश्विक विकास पृष्ठभूमि, उच्च ब्याज व्यय का बोझ और यूएसडी-मूल्य सूचकांक के मुकाबले प्रमुख ईएम विनिमय दरों में और कमजोरी शामिल है।' मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य विपरीत परिस्थितियों में धीमी वैश्विक



ग्रोथ बैकड्रॉप, उच्च ब्याज व्यय का बोझ और यूएसडी-मूल्य इंडेक्स के मुकाबले प्रमुख ईएम विनिमय दरों में और कमजोरी शामिल है। चीन के ऋण-अपस्फीति की चुनौतियों से जूझते रहने की संभावना है। हमारे अर्थशास्त्री जीडीपी वृद्धि (2024 में 4.2 प्रतिशत वास्तविक जीडीपी और 4.8 प्रतिशत नाममात्र जीडीपी वृद्धि) पर आम सहमति से नीचे है, जबकि हमारी एफएक्स टीम को उम्मीद है कि सीएनवाई/यूएसडी 1एच24 में 7.5 तक कमजोर हो जाएगा। यह हमें लगातार चौथे वर्ष ईपीएस वृद्धि पर आम सहमति से काफी नीचे रखता है और हम 2024 में एमएससीआई चीन के लिए 5 प्रतिशत और सीएसआई 300 के लिए 7 प्रतिशत के कम रिटर्न की उम्मीद करते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इसके बिल्कुल विपरीत, 'हमारी टीम ने 2024 में भारतीय नाममात्र जीडीपी वृद्धि 11.6 प्रतिशत और 2025 में 11.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जिसमें युवा जनसांख्यिकीय और भू-राजनीतिक संरेखण से प्रवाह बढ़ेगा और इक्विटी की लागत कम होगी।' जापान तीन दशकों के आर्थिक ठहराव से स्पष्ट रूप से उभरा है (हालांकि, यह 2013 में अपस्फीति से बाहर निकल गया, ग्रोथ में कमी थी), जबकि कॉर्पोरेट सुधार में तेजी देखी जा रही है।

### सार संक्षेप

#### सीतारमण की करदाताओं को सुविधा देने की जरूरत पर जोर

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री सीतारमण ने करदाताओं को सुविधा देने की जरूरत पर जोर देते हुए आज कहा कि आंध्र प्रदेश के लिए जीएसटी सेवा केंद्रों के माध्यम से बायोमेट्रिक-आधारित आधार प्रमाणीकरण की मंजूरी दे दी गई है। श्रीमती सीतारमण ने आज जीएसटी भवन, तिरुपति सीजीएसटी आयुक्तालय के भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह के अवसर पर वर्चुअल संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि नया जीएसटी भवन कर प्रशासन में बुनियादी ढांचे और दक्षता को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने भूमि पूजन एवं पट्टिका का अनावरण किया। श्रीमती सीतारमण ने भूमि पूजा और बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए सीजीएसटी और सीमा शुल्क विजाग जोन को बधाई दी और जोन को राजस्व कमाई में सकारात्मक रुझान जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

#### रुपया 13 पैसे लुढ़का

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 13 पैसे लुढ़ककर 83.22 रुपए प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.09 रुपए प्रति डॉलर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया तीन पैसे फिसलकर 83.12 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर रहा। वहीं सत्र के दौरान लिवाली होने से यह 83.27 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 83.09 रुपए प्रति डॉलर के मुकाबले 13 पैसे लुढ़ककर 83.22 रुपए प्रति डॉलर रह गया।


#### सरकार द्वारा कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर में कटौती से ओएनजीसी व ऑयल इंडिया लिमिटेड को होगा फायदा

नई दिल्ली। सरकार ने गुरुवार को अपनी पाक्षिक समीक्षा में कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर को 9,800 रुपये से घटाकर 6,300 रुपये प्रति टन कर दिया। इससे ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड सहित अपस्ट्रीम तेल कंपनियों को फायदा होगा। 31 अक्टूबर को पिछली पाक्षिक समीक्षा में, सरकार ने तेल की कीमतें बढ़ने के कारण कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर को 1 नवम्बर से 9,050 रुपए से बढ़ाकर 9,800 रुपए प्रति टन कर दिया था। अप्रत्याशित कर में वृद्धि से सरकार को राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए एलपीजी और सीएनजी पर सब्सिडी के वित्तपोषण के लिए अधिक धन जुटाने में मदद मिलती है। हालांकि, ओएनजीसी और ऑयल इंडिया जैसी कंपनियों को नुकसान होता है, क्योंकि उन्हें अपने कच्चे तेल की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय कीमतों का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। अधिसूचना के अनुसार, डीजल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क भी 2 रुपए प्रति लीटर से आधा कर 1 रुपए कर दिया गया।

## आईटी और टेक समूह में दमदार लिवाली से बाजार में तेजी बरकरार

**मुंबई,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी बरकरार रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 306.55 अंक की तेजी के साथ 65982.48 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 89.75 अंक चढ़कर 19765.20 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.52 प्रतिशत उछलकर 33,290.40 अंक और स्मॉलकैप 0.52 प्रतिशत बढ़कर 39,455.87 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3874 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2011 में लिवाली जबकि 1740 में बिकवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 18 में गिरावट रही। बीएसई में एफएमसीजी, बैंकिंग और धातु समूह की 0.27 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 17 समूहों के शेयरों ने लाभ कमाया। इस दौरान आईटी 2.59, टेक 2.13, कमोडिटीज 0.07, सीडी 0.64, ऊर्जा 0.38, वित्तीय सेवाएं 0.06, हेल्थकेयर 0.98, इंडस्ट्रियल्स 0.19, दूरसंचार 0.68, यूटिलिटीज 0.32, ऑटो 0.94, कैपिटल गुड्स 0.03, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.01, तेल एवं गैस 0.84, पावर 0.25, रियल्टी 0.98 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.27 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का




रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.45, जापान का निक्केई 0.28, हांगकांग का हैंगसेंग 1.36 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.71 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि जर्मनी के डैक्स में 0.33 प्रतिशत की बढ़त रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 10 अंक फिसलकर 65,665.87 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में 65,507.02 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 66,358.37 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,675.93 अंक के मुकाबले 0.47 प्रतिशत की छलांग लगाकर 65,982.48 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी मामूली गिरावट के साथ 19,674.70 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 19,627.00 अंक के निचले जबकि 19,875.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,675.45 अंक की तुलना में 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,765.20 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में टीसीएस 2.90, एचसीएल टेक 2.81, टेक महिंद्रा 2.77, इंफोसिस 2.32, एनटीपीसी 1.92, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.78, विप्रो 1.32, टाटा मोटर्स 1.26, टाटा स्टील 0.56, एचडीएफसी बैंक 0.27, रिलायंस 0.27, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.04 और भारती एयरटेल 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एक्सिस बैंक 1.51, पावर ग्रिड 1.45, आईटीसी 0.78, आईसीआईसीआई बैंक 0.53, एलटी 0.51, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.46, नेस्ले इंडिया 0.37 और एसबीआई के शेयरों ने 0.04 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## केवल 26 प्रतिशत भारतीय कंपनियां एआई का लाभ उठाने के लिए तैयार

**बेंगलुरु,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। एक रिपोर्ट से यह बात सामने आई है कि भारत में केवल 26 प्रतिशत कंपनियां ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) संचालित प्रौद्योगिकियों को इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं। सिस्को के 'एआई रेडीनेस इंडेक्स' के अनुसार, 'भारतीय कंपनियां समय के खिलाफ दौड़ रही हैं क्योंकि सर्वेक्षण में शामिल 75 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उनके पास अपनी एआई रणनीति को लागू करने के लिए अधिकतम एक वर्ष का समय है अन्यथा इसका व्यवसाय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।' शोध में पाया गया कि दशकों से एआई अपनाने में धीरे-धीरे प्रगति हो रही है, पिछले वर्ष में सार्वजनिक उपलब्धता के साथ जेनरेटिव एआई में प्रगति प्रौद्योगिकी द्वारा उत्पन्न चुनौतियों, बदलावों और नई संभावनाओं पर अधिक ध्यान दे रही है। सिस्को के कार्यकारी उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक, एप्लिकेशन और मुख्य रणनीति अधिकारी, लिज सेंटोनी ने कहा, 'जैसे-जैसे कंपनियां एआई समाधानों को तैनात करने के लिए दौड़ती हैं, उन्हें यह आकलन करना चाहिए कि कहां निवेश की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनका बुनियादी ढांचा एआई वर्कलोड की मांगों का सर्वोत्तम समर्थन कर सके।' सेंटोनी ने कहा, 'संगठनों को यह भी देखने में सक्षम होना चाहिए कि आरओआई, सुरक्षा और विशेष रूप से जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए एआई का उपयोग कैसे किया जा रहा है।' हालांकि, कुछ सकारात्मक खबरें भी हैं। जब एआई रणनीतियों के निर्माण की बात आती है, तो भारत में 95 प्रतिशत संगठनों के पास पहले से ही एक मजबूत एआई रणनीति मौजूद है या इसे विकसित करने की प्रक्रिया में है।

**■ 26 प्रतिशत कंपनियां ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) संचालित प्रौद्योगिकियों को इस्तेमाल करने के लिए तैयार**

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव में नरमी की वजह से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और अनाज के भाव में मिलजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 27 रिंगिट गिरकर 3871 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.39 सेंट फिसलकर 52.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलजुला रुख रहा। सरसों तेल 146 रुपये और मूंगफली तेल 146 रुपए प्रति क्विटल महंगा हो गया जबकि वनस्पति तेल में 66 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

अनाज : अनाज मंडी में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गेहूं 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## माइक्रोसॉफ्ट ने एआई नवाचारों को बढ़ावा देने को कस्टम-डिज़ाइन किए गए दो चिप्स का किया अनावरण

**सैन फ्रांसिस्को,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। एआई की दौड़ को तेज करते हुए माइक्रोसॉफ्ट ने दो इन-हाउस, कस्टम-डिज़ाइन किए गए चिप्स और एकीकृत सिस्टम का अनावरण किया है, जिनका उपयोग बड़े भाषा मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया जा सकता है। माइक्रोसाफ्ट एज्योर माया एआई एक्सीलिरेटर को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कार्यों और जेनरेटिव एआई के लिए अनुकूलित किया गया है, और माइक्रोसाफ्ट एज्योर कोबाल्ट सीपीयू, एक आर्म-आधारित प्रोसेसर, माइक्रोसाफ्ट क्लाउड पर सामान्य प्रयोजन गणना वर्कलोड चलाने के लिए तैयार किया गया है। कंपनी ने बुधवार देर रात अपने 'माइक्रोसॉफ्ट इग्नाइट' कार्यक्रम में कहा, चिप्स अगले साल की शुरुआत में माइक्रोसॉफ्ट के डेटा केंद्रों में आना शुरू हो जाएंगे, जो शुरुआत में कंपनी की सेवाओं जैसे माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट या एज़्योर ओपनएआई सर्विस को सशक्त बनाएंगे।

माइक्रोसॉफ्ट के क्लाउड प्लस एआई ग्रुप के कार्यकारी उपाध्यक्ष स्कॉट गुथरी ने कहा, 'माइक्रोसॉफ्ट एआई नवाचार का समर्थन करने के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है, और हम अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने डेटा केंद्रों के हर पहलू की फिर से कल्पना कर रहे हैं।' माइक्रोसॉफ्ट घरेलू चिप्स को जोड़ने को यह सुनिश्चित करने के तरीके के रूप में देखता है कि प्रत्येक तत्व माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड और एआई वर्कलोड के लिए तैयार किया गया है। एज़्योर हार्डवेयर सिस्टम्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर (एएचएसआई) की कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष रानी बोरकर ने



कहा,अंतिम लक्ष्य एक एज़्योर हार्डवेयर सिस्टम है, जो अधिकतम लचीलापन प्रदान करता है और इसे शक्ति, प्रदर्शन, स्थिरता या लागत के लिए भी अनुकूलित किया जा सकता है।

'सॉफ्टवेयर हमारी मुख्य ताकत है, लेकिन सच कहूं तो, हम एक सिस्टम कंपनी हैं। बोरकर ने कहा, माइक्रोसॉफ्ट में हम हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर को एक साथ मिलकर डिजाइन और अनुकूलित कर रहे हैं, ताकि एक प्लस एक दो से बड़ा हो। उन्होंने आगे कहा, 'हमारे पास पूरे स्टैक की दृश्यता है और सिलिकॉन सिर्फ एक सामग्री है।' माइक्रोसॉफ्ट इग्नाइट में, कंपनी ने उन प्रमुख सामग्रियों में से एक की सामान्य उपलब्धता की भी घोषणा की, एज़्योर बूस्ट, एक प्रणाली जो होस्ट सर्वर से उन प्रक्रियाओं को उद्देश्य-निर्मित हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर पर ले जाकर स्टोरेज और नेटवर्किंग को तेज़ बनाती है। अपने कस्टम सिलिकॉन प्रयासों को पूरा करने के लिए, माइक्रोसॉफ्ट ने यह भी घोषणा की कि वह ग्राहकों के लिए अधिक बुनियादी ढांचे के विकल्प प्रदान करने के लिए उद्योग साझेदारी का विस्तार कर रहा है। बोरकर ने कहा, उद्योग भागीदारों से चिप्स और हार्डवेयर के बढ़ते पारिस्थितिकी तंत्र में प्रथम पक्ष सिलिकॉन जोड़कर, माइक्रोसॉफ्ट अपने ग्राहकों के लिए कीमत और प्रदर्शन में अधिक विकल्प प्रदान करने में सक्षम होगा।

# खेल जगत

## रोहित शर्मा पहले 10 ओवरों में मैच पलट देते हैं : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली,** 16 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कप्तान रोहित शर्मा की प्रशंसा की है और वह उनके विश्व कप 2023 के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले 10 ओवरों में मैच की शुरुआत करने के इरादे से काफी प्रभावित हुए। रोहित शर्मा ने 29 गेंदों में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 47 रनों की धमाकेदार शुरुआत करते हुए भारतीय बल्लेबाजी की नींव रखी। इस तेज शुरुआत का पूरा फायदा उठाते हुए गिल, विराट और अय्यर ने 50 ओवरों में 397/4 का विशाल स्कोर बनाया। जियो सिनेमा के दैनिक स्पोर्ट्स शो आकाशवाणी की मेजबानी करते हुए आकाश चोपड़ा ने विश्व कप में अब तक कप्तान रोहित शर्मा के दृष्टिकोण के प्रभाव के बारे में बात की। चोपड़ा ने कहा, आपको रोहित शर्मा के दृष्टिकोण के महत्व का एहसास होता है जब मैच में करीबी मामला बनने लगता है। वह एक मकसद के साथ भारतीय पारी की शुरुआत कर रहे हैं।



# सचिन और अनुष्का की मौजूदगी में अपना 50वां अंतरराष्ट्रीय वन डे शतक जड़ना सपने की तरह था : विराट

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



नई दिल्ली, 16 नवंबर (देशबन्धु)। भारत के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली ने आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप कप के सेमीफाइनल में न्शूजीलैंड के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रि केट में दुनिया में सबसे पहले शतकों के 'अर्द्धशतक' पूरा अपने आदर्श सचिन तेंडुलकर (49 शतक) के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। सोने पर सुहागा यह है कि विराट के इस शतक और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी(7/57) के गेंद से कहर से भारत ने न्यूजीलैंड पर 70 रन से जीत के साथ उससे 2019 के सेमीफाइनल की हार का हिसाब चुकता कर 12 बरस फिर कुल चौथी बार वन डे विश्व कप के फाइनल में स्थान बनाया। विराट मौजूदा वन डे विश्व कप में अपना तीसरा शतक पूरा करने के साथ क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट-वन डे, टी-20 और टेस्ट - में मिलाकर अपना 80 वां अंतर्राष्ट्रीय शतक पूरा किया। साथ ही विराट (10 मैच कुल, 711 रन) ने सचिन एक वन डे विश्व कप में 2003 के संस्करण में सचिन तेंडुलकर (कुल 11 मैच,673 रन) में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। विराट ने यह उपलब्धि अपने आदर्श सचिन तेंडुलकर के घरेलू मैदान पर हासिल की। सचिन भी विराट की इस ऐतिहासिक उपलब्धि को देखने के लिए मैदान मौजूद थे। सचिन ने विराट को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनके लिए इससे ज्यादा खुशी कि बात नहीं हो सकती उनका रिकॉर्ड किसी भारतीय ने तोड़ा और ऐसा करने के लिए वन डे विश्व कप सेमीफाइनल का सा सबसे बड़ा चुना।

विराट ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा, सचिन पाजी और अनुष्का की दर्शक दीर्घा में मौजूदगी में अपना 50वां अंतर्राष्ट्रीय वन डे शतक जडना सपने की तरह था। सच तो यह है कि मेरे लिए इस उपलब्धि को बयां करना बहुत मुश्किल है। यदि मैं इसकी तस्वीर बना कर बयां करना चाहूं तो वाकई एकदम सही तस्वीर है। मेरे लिए इससे बेहतर और क्या हो सकता है मेरे इस उपलब्धि को हासिल करने वक्त मेरी सबसे प्रिय, मेरी जीवनसंगिनी अनुष्कामैदान पर मौजूद थी। साथ ही मेरे हीरो सचिन तेंडुलकर मेरे इस उपलब्धि को मैदान पर देखने के लिए मौजूद थे। मेरे लिए इन सभी के सामने वानखेड़े स्टेडियम में अपना 50 वां अंतर्राष्ट्रीय वन डे शतक पूरा करना वाकई खास है। मैंने जब कोलकाता में सचिन तेंडुलकर के 49 अंतर्राष्ट्रीय वन डे शतक की बराबरी की थी तो उन्होंने मुझे बधाई दी थी। यह सब सपने के सच होने की तरह लगता है। मैंने अपने करियर में कभी नहीं सोच था कि मैं इस मुकाम तक पहुंच पाउंगा न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल बड़ा मैच था और मैं इसमें बड़ी पारी खेल कर टीम को जिताने के लिए फिर योगदान करना चाहता था। मैं मैदान पर उतर कर बड़ी पारी खेलना था। मैं खुश हूं कि सभी कुछ मनमाफिक रहा और हम बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब रहे। मैं बराबर कहा है कि मेरे लिए सबसे अहम है अपनी टीम को जिताना और इसके लिए मैं कुछ भी करने को तैयार हूं। मुझे इस वन डे विश्व कप में जो रोल दिया गया है कि मैं उसे अपनी पूरी क्षमता से निभाने की कोशिश कर रहा हूं। मैं आखिर तक बल्लेबाजी करना चाहता हूं, जिससे कि बाकी बल्लेबाज मेरे साथ बल्लेबाजी कर सके। मुझे यह विश्वास है कि मैं बाद के ओवर में खुल कर बल्लेबाजी कर सकता हूं। इसी लिए मैं अब तक बराबर अच्छी बल्लेबाजी कर पाया। मैं मच के मिजाज के मुताबिक बल्लेबाजी कर पा रहा हूं।' विराट ने बुधवार को सेमीफाइनल न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन की गेंद पर दो रन दौड़ कर जैसे ही वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपना 50 शतक पूरा किया मैदान पर मौजूद सचिन तेंडुलकर और दुनिया के महान फुटबॉलर इंग्लैंड के डेविड बैकहम ने अपनी सीट से उठकर तालियां बजा कर उनका अभिवादन किया भारत की पारी के बाद दोनों ने मैदान पर आकर उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। जैसे ही विराट ने अपना 50 वां अंतर्राष्ट्रीय वन डे क्रिकेट शतक पूरा किया तो दर्शक दीर्घा में मौजूद उनकी पत्नी अनुष्का के चेहरे की खुशी देखने लायक थी। विराट ने शतक पूरा करने के बाद दर्शक दीर्घा में मौजूद अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा की ओर जैसे ही अपना बल्ला दिखाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। विराट कोहली अब मौजूदा वन डे विश्व कप में दस मैचों में कुल 711 रन बनाकर सचिन तेंडुलक र (11 मैच कुल 673 रन) के 2003 के वन डे विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ खुद शीर्ष पर पहुंच गए। विराट, सचिन और मैथ्यू हेडन के बाद कप्तान रोहित शर्मा 2019 के वन डे में पांच शतकों सहित बनाए (कुल 64 रन) के साथ चौथे और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर (10 मैच, कुल 647 रन) पांचवें स्थान पर है।

### एक विश्वकप में बल्लेबाज के सर्वाधिक रन

| बल्लेबाज | साल | पारी | रन | औसत | शतक | अर्द्धशतक | सर्वोच्च |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली | 2023 | 10 | 711 | 101.57 | 3 | 5 | 117 |
| सचिन तेंडुलकर | 2003 | 11 | 673 | 61.18 | 1 | 6 | 152 |
| मैथ्यू हेडन | 2007 | 10 | 659 | 73.22 | 3 | 1 | 158 |
| रोहित शर्मा | 2019 | 9 | 648 | 81.00 | 5 | 1 | 140 |
| डेविड वॉर्नर | 2019 | 11 | 647 | 71.88 | 3 | 3 | 166 |

**नोट : 5 में 3 विराट, रोहित और डेविड वॉर्नर ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे है**

### तीनों फॉर्मेट मिलाकर अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा शतक

| बल्लेबाज | शतक | रन | औसत | पारी |
|---|---|---|---|---|
| सचिन तेंडुलकर | 100 | 34357 | 48.52 | 782 |
| विराट कोहली | 80 | 26478 | 54.36 | 573 |
| रिकी पॉन्टिंग | 71 | 27483 | 45.95 | 668 |

**नोट : तीनों विराट कोहली अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं**

## विराट के 50 वें अंतर्राष्ट्रीय वन डे क्रिकेट शतक पर बोले दिग्गज....

### मेरे लिए बड़ी खुशी की बात किसी भारतीय ने मेरा रिकॉर्ड तोड़ा : सचिन

मेरे लिए इससे बड़ी खुशी की बात नहीं हो सकती कि किसी भारतीय (विराट कोहली ) ने मेरे वन डे में 49 अंतर्राष्ट्रीय शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ा। इससे भी बड़ी खुशी की बात यह कि सी भारतीय ने वन डे विश्व कप के सेमीफाइनल जैसे बड़े मंच पर मेरे घरेलू मैदान वानखेड़े पर मेरा यह रिकॉर्ड तोड़ा। मुझे याद है कि जब मैं पहली बार विराट से भारतीय ड्रेसिंग रूम में मिला तो टीम के साथियों ने जब मजाक में उनकी खिंचाई करते हुए मेरे पांव छूने को कहा था तब मैं अपनी हंसी नहीं रोक पाया लेकिन क्रिकेट के लिए अपने जुनून और कौशल से आपने मेरा दिल जीत लिया। मुझे बेहद खुशी है कि तब का नौजवान लड़का आज %विराट' खिलाड़ी बन गया है।'

### विराट की उपलब्धि पर उनके स्वर्गीय पिता को भी गर्व हो रहा होगा : युवराज

विराट कोहली को 50 वां अंतर्राष्ट्रीय वन डे शतक सचिन तेंडुलकर के रिकॉर्ड को तोडने् की बड़ी उपलब्धि हासिल करने की बधाई। मुझे पूरा विश्वास है कि विराट के स्वर्गीय पिता भी आज बहुत गर्व हो रहा होगा और स्वर्ग से अपने सुपुत्र की इस उपलब्धि मुस्कुरा रहे होंगे। विराट की यह उपलब्धि उनकी इस पीढ़ी की सबसे महान उपलब्धि है।'

# सचिन के 100 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं विराट : रवि शास्त्री



**मुंबई,** 16 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत की 70 रनों की जीत में 117 रनों की शानदार पारी खेलकर विराट कोहली ने सचिन तेंदुलकर के 49 एकदिवसीय शतकों की लंबे समय से चली आ रही संख्या को पीछे छोड़ दिया, जिसके बाद पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि इस करिश्माई बल्लेबाज में महान बल्लेबाज सचिन के सौ शतकों के आंकड़े की बराबरी करने की क्षमता है।

किसने सोचा होगा कि जब सचिन तेंदुलकर ने 100 शतक बनाए थे तो कोई भी उनके करीब आ जाएगा और उन्होंने 80 अंतर्राष्ट्रीय शतक बनाए हैं, उनमें से 50 एक दिवसीय खेल में हैं और जो उन्हें सर्वोच्च बनाता है। अवास्तविक। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट पर कहा, कुछ भी असंभव नहीं है क्योंकि ऐसे खिलाड़ी, जब शतक बनाने की फिराक में रहते हैं, तो वे बहुत तेज़ी से शतक बना लेते हैं। उनकी अगली 10 पारियों में आपको पांच और शतक देखने को मिल सकते हैं। आपके पास खेल के तीन प्रारूप हैं और वह उन सभी प्रारूपों का हिस्सा है। यह सोचना कि उसके पास अभी भी तीन या चार साल का क्रिकेट बाकी है, दिमाग चकराने वाला है।

कोहली अब विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और शास्त्री का मानना है कि कोहली ने अच्छी तैयारी की है और पूरे टूर्नामेंट में नियंत्रण में दिखे। मुझे लगता है कि उनका संयम, उनकी शारीरिक भाषा, उनका संयम, क्रीज पर उनकी शांति (बता रही थी)। मैंने उसे पिछले विश्व कप में देखा है जहां वह कुछ घबराए हुए दिखते थे। वह तुरंत इस पर काम करना चाहता है। यहाँ ऐसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने अपना समय लिया है, अपने बचाव पर ध्यान दिया है, दबाव झेला है, खुद को समय दिया है और पारी में गहरी बल्लेबाजी की अपनी भूमिका को समझा है। और वह बहुत ही अद्भुत रहा है। भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य शास्त्री बताते हैं कि कोहली को हर मैच से पहले अपनी सावधानीपूर्वक तैयारी का लाभ मिल रहा है, खासकर विकेटों के बीच दौड़ने में कुशल होने का।

यह तीनों (मानसिक बदलाव, तकनीकी बदलाव और फिटनेस पर जोर) का मिश्रण है। (यह) उसे पारी की शुरुआत में शांत रहने के लिए कुछ समय देता है। पहले 10, 15 रनों में उनके शॉट चयन के कारण वह अतिरिक्त जोखिम नहीं लेते। वह गेंद को छोड़ने, गेंद को चारों ओर से घुमाने के लिए काफी तैयार है। उनकी बल्लेबाजी की एक विशेषता विकेटों के बीच उनकी दौड़ रही है। तथ्य यह है कि उसे चौके और छक्के नहीं लगाने पड़ते, वह अपनी शारीरिक फिटनेस के कारण विकेटों के बीच कड़ी मेहनत कर सकता है।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, इससे उस पर से दबाव कम हो जाता है। यहां तक कि जब उसे बाउंड्री नहीं मिल रही होती, तब भी वह स्ट्राइक रोटेट कर रहा होता है और उसके पास हमेशा पारी के अंत तक पहुंचने की अदभुत क्षमता होती है।

# मैदान पर फील्डिंग में थोड़ा खराब होने के बाद भी हम शांत थे : रोहित

**मुम्बई,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत ने विश्व कप में 10 में से 10 मैच जीते हैं। वे शानदार दिखे हैं, वे बल्ले और गेंद से हावी दिखे लेकिन बुधवार को मुंबई में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ सेमीफ़ाइनल में ऐसा नहीं था फरि यदि जीत का अंतर 70 रन हो। कप्तान रोहित शर्मा इस बात को मानते हैं कि इस विश्व कप में यह उनका सबसे मुश्किल मैच था, टूर्नामेंट में बने रहने और जीत हासिल करने के लिए उनकी टीम को एकत्रित रहना था और सेमीफ़ाइनल के समीकरण को दूर रखना था।

रोहित ने मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, जिस तरह से हमारे गेंदबाज़ों ने आगे आकर नई गेंद से गेंदबाज़ी की, विकेट लिए, जब आपके पास ऐसा लक्ष्य हो तो आपको शुरू में विकेट लेने होते हैं और हमने ऐसा ही किया। आज सेमीफ़ाइनल था तो मैं यह नहीं कहना चाहता कि दबाव नहीं था। जब भी आप मैच खेलते हो तो दबाव होता है और सेमीफ़ाइनल में थोड़ा और दबाव आ जाता है। लेकिन मुझे लगता है लड़के अपना काम कर रहे थे। सच कहूं तो हम सेमीफ़ाइनल के समीकरण को बाहर रखना चाहते थे, अधिक सोचना नहीं चाहते थे। हम बस वही करना चाहते थे जो हमने पहले नौ मैचों में किया था और चीज़ें दूसरे हाफ़ में भी हमारे लिए अच्छी रही।



बड़ा स्कोर बनाने के बाद भी डेरिल मिचेल और केन विलियमसन ने टीम पर दबाव बनाया और दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 149 गेंद में 181 रनों की साझेदारी की, जिससे वानखेड़े में दर्शक शांत हो गए। मिचेल ने 85 गेंद में शतक लगाया तो विलिमयसन ने अर्धशतक लगाया।

भारत ने विलियमसन का कैच भी छोड़ा जहां मोहम्मद शमी मिडऑन पर यह कैच नहीं लपक पाए थे और इसी साझेदारी में एक रन आउट का मौक़ा भी गंवाया। उस समय न्यूज़ीलैंड की टीम चेज़ करते हुए संतुलन में थी, लेकिन पहले दो विकेट लेने वाले शमी वापस आए और 33वें ओवर में विलयिमसन का विकेट लिया।

रोहित ने कहा, जब स्कोरिंग रेट नौ के ऊपर हर समय था, तो आपको चांस लेने होते हैं। कई बार आप क़ामयाब होते हैं और कई बार ऐसा नहीं होता। उन्होंने हमें मौक़ा दिया, हम उसका फ़ायदा नहीं उठा पाए। लेकिन श्रेय मिचेल और विलियमसन को भी देना होगा जो बहुत अच्छी बल्लेबाज़ी कर रहे थे।

दोबारा कहता हूं हमारे लिए शांत रहना अहम था। एक समय पर दर्शक पूरी तरह से शांत हो गए थे, यही मैच की प्रकृति है। लेकिन हम जानते थे कि हमें कुछ मैजिक दिखाना होगा, चाहे एक अच्छा कैच या एक बेहतर रन आउट या हो सकता है एक अच्छी गेंद। लेकिन हमने सब किया लेकिन क़ामयाब नहीं हुए, लेकिन हां शमी शानदार थे।

रोहित ने कहा, मैंने यहां पर काफ़ी क्रिकेट खेला है तो मैं जानता हूं कि इस मैदान पर कुछ भी स्कोर बनाकर आप आराम नहीं फ़रमा सकते, आप को चाहिए कि काम जल्द से जल्द हो और आप मैच में बने रहें। हम जानते थे कि उस साझेदारी के समय हम पर दबाव था, हम बस एकत्रित रहे। हम तब भी शांत थे जब हम थोड़ी ख़राब फ़ील्डिंग कर रहे थे। लेकिन यह हो सकता है। हमने नौ सटीक मैच खेले हैं तो यह चीज़ें हो सकती हैं, लेकिन मैं खुश हूं हमने अंत में काम कर लिया। वानखेड़े की पिच बल्लेबाज़ी के मुफ़ीद होती है और यह इस दिन भी अलग नहीं थी।

भारत ने रोहित और शुभमन गिल के दम पर तेज़ शुरुआत की और 50 गेंद में 75 रन बना डाले। कोहली ने रिकॉर्ड 50वां शतक लगाया और श्रेयस ने भी 70 गेंद में 105 रन की पारी खेली। भारत ने आख़िरी 10 ओवर में 110 रन बना डाले, जिससे वे टूर्नामेंट में तीसरी बार 350 से अधिक रन बना पाए।

रोहित ने कहा, शीर्ष पांच-छह बल्लेबाज़ों को जब भी मौक़ा मिलता है वे उसको भुनाते हैं। मैं इस बात से बहुत खुश हूं जो अय्यर ने हमारे लिए इस टूर्नामेंट में किया है। वह बेहतरीन बल्लेबाज़ी कर रहे हैं। शुभमन ने भी बेहतरीन बल्लेबाज़ी की लेकिन बदकिस्मती से उन्हें क्रैंप आ गया और उन्हें वापस जाना पड़ा। कोहली हमेशा की तरह शानदार थे, उन्हें बेहतरीन पारी खेली और रिकॉर्ड बनाया। कुल मिलाकर बल्लेबाज़ी शानदार थी और हम इसी तरह के इरादे के साथ बल्लेबाज़ी में आगे बढ़ना चाहते हैं।

# मिलर के शतक के बावजूद द. अफ्रीका 212 पर सिमटा

**कोलकाता,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड मिलर (101) के पहले विश्व कप शतक के बावजूद द.अफ्रीका की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां ईडन गार्डन्स में गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल में 49.4 ओवर में 212 रन पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन, उसका यह फैसला सही साबित नहीं हुआ और उसने 24 रन तक जाते-जाते अपने चार विकेट गंवा दिए जबकि, मैच के दौरान बारिश से कुछ बाधा पड़ी और खेल थोड़ी देर के लिए रुका भी लेकिन ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को जमने का कोई मौका नहीं दिया।

बारिश का अनुमान था, आसमान में काले बादल छाये हुए थे। ऐसे में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने का फ़ैसला काफ़ी रिस्की था। ऑस्ट्रेलिया गेंदबाज़ों ने परिस्थितियों का फ़ायदा उठाते हुए धारदार गेंदबाज़ी की और गेंद को काफ़ी मूव कराया। मिलर का शतक अगर नहीं आता तो दक्षिण अफ़्रीका और भी ज़्यादा मुश्किल में होता।



मिलर ने एक छोर संभाल कर खेलते हुए 116 गेंदों पर 8 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 101 रन बनाए। उनकी इसी पारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका की टीम 200 का स्कोर पार करने में कामयाब रही। छठे नंबर के बल्लेबाज मिलर ने हेनरिक क्लासेन (47) के साथ पांचवे विकेट के लिए 95 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। लेकिन पार्ट टाइम स्पिनर ट्रेविस हेड ने 31वें ओवर में क्लासेन और मार्को यानसन के विकेट लगातार गेंदों पर लेकर दक्षिण अफ्रीका का संघर्ष समाप्त कर दिया।

मिलर ने गेराल्ड कोएट्ज़ी (19) के साथ सातवें विकेट के लिए 53 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका की लड़ने लायक स्कोर बनाने की उम्मीदों को कायम रखा। लेकिन यह साझेदारी टूटने के बाद दक्षिण अफ्रीका की पारी को सिमटने में ज्यादा समय नहीं लगा।

बांए हाथ के बल्लेबाज मिलर ने छक्का मारकर अपना पहला विश्व कप शतक पूरा किया। लेकिन विपक्षी कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर वह हेड के हाथों लपके गए। कमिंस ने केगिसो रबाडा को आउट कर दक्षिण अफ्रीका की पारी 212 रन पर समेट दी।

दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत ही खराब रही और कप्तान तेंबा बावुमा खाता खोले बिना पहले ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हो गए। फॉर्म में चल रहे क्विंटन डी कॉक ने निर्णायक मुकाबले में निराश किया और तीन रन बनाकर जोश हेजलवुड की गेंद पर आउट हो गए। रैसी वान डेर डुसेन ने 31 गेंदें खेली लेकिन 6 रन ही बना पाए। एडन मार्करम 10 रन बनाकर मिशेल स्टार्क का दूसरा शिकार बने। अपने चार विकेट गंवाने के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने के लिए संघर्ष करती रही।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से स्टार्क और कमिंस ने क्रमश- 34 और 51 रन पर तीन-तीन विकेट लिए। हेजलवुड और हेड को 2-2 विकेट मिले।

# अहमदाबाद में फाइनल खेलने के लिए फिट हूं : शुभमन गिल

मुम्बई, 16 नवम्बर (एजेंसियां)। डेंगू की वजह से शुभमन गिल विश्व कप की शुरुआत में नहीं खेल पाए थे और बुधवार को मुंबई में हुए सेमीफ़ाइनल में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ रिटायर हर्ट होना इसकी ही वजह थी। भारत की पारी के 23वें ओवर में गिल 79 रन पर बल्लेबाज़ी कर रहे थे, जब उन्हें बाहर जाना पड़ा था। उन्होंने मैच के बाद पुष्टि की कि वह 19 नवंबर को अहमदाबाद में होने वाले फ़ाइनल में खेलने के लिए फ़टि हैं। शुभमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, शुरुआत क्रैंप से हुई थी और इसके बाद मुझे थोड़ी हैमस्ट्रिंग भी हो गई थी। एक तो गर्मी बहुत थी और दूसरा यह डेंगू के बाद का प्रभाव भी था। पहले दो लीग मुक़ाबले नहीं खेलने के बाद गिल टीम में वापस लौटे थे और तब से वह आठ मैच खेल चुके हैं। जहां उन्होंने बताया कि इससे उनके गेम पर तो कोई प्रभाव नहीं पड़ा लेकिन उनका वजन जरूर थोड़ा घटा है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने अपनी बल्लेबाज़ी के मामले में वास्तव में कुछ भी बदलाव नहीं किया है, लेकिन क्योंकि मेरी मांसपेशियां थोड़ी कमजोर हो गई हैं, मुझे लगता है कि डेंगू से पहले मेरे पास जो रिजर्व था वह थोड़ा कम हो गया है। जब आप गर्मी में खेलते हैं तो आपको क्रैंप आते हैं लेकिन मुझे यह लंबे समय बाद हुआ है। लेकिन क्योंकि मेरी मासपेशियां थोड़ी कमजोर हुई हैं तो इससे दिक्कत हुई। भारत ने विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के शतकों की वजह से चार विकेट पर 397 रन बनाए वहीं क्रैंप के बाद शुभमन अंत में बल्लेबाज़ी करने आए और एक रन बनाकर 80 रन पर नाबाद रहे। शुभमन सेमीफ़ाइनल में जीत में योगदान देने पर खुश दिखे। शुभमन ने कहा, यदि मुझे क्रैंप नहीं आता तो हो सकता है मैं शतक बना पाता।

## सार संक्षेप

### बिग बैश लीग से हटे इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के युवा दाएं हाथ के बल्लेबाज हैरी ब्रूक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के चलते अपने बढ़ते कार्यभार के कारण बिग बैश लीग (बीबीएल) के आगामी सीजन से हट गए हैं। हैरी ब्रूक को इस साल सितंबर में एक विदेशी ड्राफ्ट के माध्यम से क्लब ने अपनी दूसरी पसंद के रूप में शामिल किया था। दिसंबर में इंग्लैंड के वेस्टइंडीज दौरे का हिस्सा बनने के बाद ब्रूक सात बीबीएल मैचों के लिए स्टार्स में शामिल होने के लिए तैयार थे। मेलबर्न स्टार्स के महाप्रबंधक ब्लेयर क्राउच ने कहा, स्वाभाविक रूप से हम निराश हैं कि हैरी ने बीबीएल से नाम वापस ले लिया है। लेकिन, हम उसके बढ़े हुए कार्यभार के कारण उसके फैसले को समझते हैं। हम स्पष्ट रूप से हैरी को बहुत अधिक रेटिंग देते हैं और हम उसे इस गर्मी में ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस के साथ एमसीजी में देखना पसंद करते। हम उनकी आगामी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। बीबीएल 2023-24 सीजन 7 दिसंबर से शुरू होगा और 24 जनवरी को समाप्त होगा।

### शुरुआती विकेट लेने में विश्वास रखता हूं : शमी

**मुंबई।** जहां दुनिया गेंदबाजी में विविधता लाने की कसम खाती है, वहीं भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी भी इसे बेहतर बनाने और नई गेंद से विकेट लेने में विश्वास रखते हैं। रिप्लेसमेंट के तौर पर वर्ल्ड कप 2023 में प्लेइंग-11 में जगह बनाने वाले मोहम्मद शमी ने अपने दमदार प्रदर्शन से भारत को फाइनल में पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई। मोहम्मद शमी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल में एक नहीं, बल्कि कई धमाल किए और सात विकेट चटकाते हुए न्यूजीलैंड की कमर तोड़ दी। वानखेड़े की पिच पर जो धीमी, सूखी और बल्लेबाजी के लिए अनुकूल थी। इस गेंदबाज ने शुरुआती ओवरों में टीम को सफलता दिलाई। फिर, एक पल ऐसा लगा कि भारत के हाथ से मैच फिसल रहा है, तो वो शमी ही थे जिन्होंने भारत की मैच में वापसी कराई। प्लेयर ऑफ द मैच शमी जो बांग्लादेश के खिलाफ भारत के चौथे मैच में हार्दिक पांड्या के चोटिल होने के बाद प्लेइंग-11 में शामिल हुए थे।

### सुडोकू 6378 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 1 | 7 | 3 | 5 |
| 1 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 |

बागी बिगाड़ेंगे खेल

# भाजपा के मुकाबले दोगुने बागी कांग्रेस के



**रायपुर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा की 70 सीटों के लिए 17 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान होगा. पिछली बार की तरह इस बार भी कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है, लेकिन टिकट से वंचित बागी प्रत्याशी दोनों पार्टियों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं. बड़ी बात यह है कि भाजपा में जहां छह बागी प्रत्याशी मैदान में ताल ठोक रहे हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस के 12 बागी प्रत्याशी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं. आइए जानते हैं दूसरे चरण की 70 सीटों पर बागी प्रत्याशियों का लेखा-जोखा.

### भाजपा के बागी

भटगांव विधानसभा से राम बाई देवांगन भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी लक्ष्मीराजवाड़े के खिलाफ बगावत कर चुनाव लड़ रही हैं. भाजपा जिला मोर्चा की उपाध्यक्ष थीं.

जशपुर विधानसभा से शिव भगत भाजपा की प्रत्याशी रायमुनि भगत के खिलाफ बगावत चुनाव लड़ रहे हैं.

रायगढ़ विधानसभा से गोपिका गुप्ता भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी ओपी चौधरी के खिलाफ बगावत कर चुनाव लड़ रही हैं.

मस्तूरी विधानसभा से चांदनी भारद्वाज भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी के खिलाफ बगावत जोगी कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं.

वैशालीनगर विधानसभा से जेपी यादव और संगीता केतन शाह दोनों भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी रिकेश सेन के खिलाफ बगावत कर चुनाव लड़ रहे हैं.

गुंडरदेही विधानसभा से आरके राय भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी वीरेन्द्र साहू के खिलाफ बगावत कर जोगी कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं.

### कांग्रेस के बागी

जशपुर विधानसभा से प्रदीप खेस कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी विनय भगत के खिलाफ बगावत कर चुनाव लड़ रहे हैं.

सक्ती विधानसभा से अनुभव तिवारी कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी डॉ. चरणदास महंत के खिलाफ बगावत कर आप की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं.

जैजैपुर विधानसभा से टेकचंद्र चंद्रा कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी बालेश्वर साहू के खिलाफ बगावत कर जोगी कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं.

पामगढ़ विधानसभा से गोरेलाल बर्मन कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी शेषराज हरबंश के खिलाफ बगावत कर जोगी कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं.

पालीतानाखार विधानसभा से छत्रपाल सिंह कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी दुलेश्वरी सिदार के खिलाफ बगावत कर जोगी कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं. कांग्रेस एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष थे.

लोरमी विधानसभा से सागर सिंह बैस कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी थानेश्वर साहू के खिलाफ बगावत कर जोगी कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं. मुंगेली जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष थे.

मुंगेली विधानसभा से रूपलाल कोसरे कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी संजीत बनर्जी के खिलाफ बगावत कर चुनाव लड़ रहे हैं. कांग्रेस एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष थे.

सरायपाली से विधायक किस्मतलाल नंद कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी चातूरी नंद के खिलाफ बगावत कर जोगी कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं.

रायपुर उत्तर विधानसभा से अजीत कुकरेजा कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा के खिलाफ बगावत कर चुनाव लड़ रहे हैं. रायपुर नगर निगम के पार्षद हैं.

धमतरी विधानसभा से लोकेश्वरी साहू कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी ओंकार साहू के खिलाफ बगावत कर चुनाव लड़ रही हैं. धमतरी नगर निगम में पार्षद हैं.

बालोद विधानसभा से मीना साहू कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी संगीता सिन्हा के खिलाफ बगावत कर चुनाव लड़ रही हैं. जिला पंचायत सदस्य हैं.

## इनके बीच होगा मुकाबला

| विधानसभा | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| अंबिकापुर | राजेश अग्रवाल | टीएस सिंहदेव |
| सीतापुर | रामकुमार टोप्पो | अमरजीत भगत |
| लुंड्रा | प्रमोद मिंज | प्रीतम राम |
| जशपुर | रायमुनि भगत | विनय कुमार भगत |
| कुनकुरी | विष्णुदेव साय | यूडी मिंज |
| पत्थलगांव | गोमती साय | रामपुकार सिंह |
| प्रेमनगर | भूलन सी मरावी | खेलसाय सिंह |
| भटगांव | लक्ष्मी राजवाड़े | पारसनाथ राजवाड़े |
| प्रतापपुर | शकुंतला | राजकुमारी मरावी |
| रामानुजगंज | राम विचार नेताम | अजय तिर्की |
| सामरी | उधेश्वरी पैकरा | विजय पैकरा |
| बैकुंठपुर | भैयालाल राजवाड़े | अंबिका सिंहदेव |
| मनेंद्रगढ़ | श्याम बिहारी जायसवाल | रमेश सिंह |
| भरतपुर-सोनहत | रेणुका सिंह | गुलाब सिंह कमरो |
| बिलासपुर | अमर अग्रवाल | शैलेश पांडे |
| कोटा | प्रबल प्रताप सिंह जूदेव | अटल श्रीवास्तव |
| तखतपुर | धर्मजीत सिंह | रश्मि सिंह |
| बिल्हा | धरमलाल कौशिक | सियाराम कौशिक |
| मस्तूरी | कृष्णमूर्ति बांदी | दिलीप लहरिया |
| बेलतरा | सुशांत शुक्ला | विजय केसरवानी |
| मुंगेली | पुन्नी लाल मोहले | संजीत बनर्जी |
| लोरमी | अरुण साव | थानेश्वर साहू |
| मरवाह | प्रणव कुमार मरपच्ची | केके ध्रुव |
| जांजगीर चांपा | नारायण चंदेल | व्यास कश्यप |
| अकलतरा | सौरभ सिंह | राघवेंद्र सिंह |
| पामगढ | संतोष लहरे | शहद हरबंस |
| सक्ति | खिलावन साहू | डॉ.चरणदास महंत |
| चंद्रपुर | संयोगिता सिंह जूदेव | रामकुमार यादव |
| जैजैपुर | कृष्णकांत चंद्र | बालेश्वर साहू |
| लैलूंगा | सुनीता सत्यानंद रठिया | विद्यावती सिदार |
| रायगढ़ | ओपी चौधरी | प्रकाश नायक |
| खरसिया | महेश साहू | उमेश पटेल |
| धरमजयगढ़ | हरिश्चंद्र रठिय | लालजीत राठिया |
| कोरबा | लखनलाल देवांगन | जयसिंह अग्रवाल |
| कटघोरा | प्रेमचंद पटेल | पुरुषोत्तम कंवर |
| पाली-तानाखार | रामदयाल उइके | दिलेश्वरी सिदार |
| रामपुर | ननकी रामकवंर | फूलसिंह रठिया |
| बलौदाबाजार | टंकराम वर्मा | शैलेश नितिन त्रिवेदी |
| भाटापारा | शिवरतन शर्मा | इंदर कुमार साव |
| कसडोल | धनीराम धीवर | संदीप साहू |
| बिलाईगढ़ | दिनेश लाल जांगड़े | कविता प्राण लहरे |
| सारंगढ़ | शिव कुमारी चौहान | उत्तरी जांगड़े |
| रायपुर दक्षिण | बृजमोहन अग्रवाल | महंत रामसुंदर दास |
| रायपुर पश्चिम | राजेश मूणत | विकास उपाध्याय |
| रायपुर उत्तर | पुरंदर मिश्रा | कुलदीप जुनेजा |
| रायपुर ग्रामीण | मोतीलाल साहू | पंकज शर्मा |
| धरसींवा | अनूज शर्मा | छाया वर्मा |
| अभनपुर | इंद्र कुमार साहू | धनेंद्र साहू |
| आरंग | गुरु खुशवंत सिंह | डॉ.शिवकुमार डहरिया |
| बिंद्रानवागढ़ | गोवर्धन राम मांझी | जनकलाल ध्रुव |
| राजिम | रोहित साहू | अमितेष शुक्ला |
| संजारी बालोद | राकेश यादव | संगीता सिन्हा |
| डोंडीलोहारा | देवलाल हलवा ठाकुर | अनिला भेड़िया |
| गुंडरदेही | वीरेंद्र कुमार साहू | कंवर सिंह निषाद |
| दुर्ग शहर | गजेंद्र यादव | अरुण वोरा |
| दुर्ग ग्रामीण | ललित चंद्राकर | ताम्रध्वज साहू |
| भिलाई नगर | प्रेम प्रकाश पांडे | देवेंद्र यादव |
| वैशाली नगर | राकेश सेन | मुकेश चंद्राकर |
| अहिवारा | डोमन लाल कोर्ट | निर्मल कोसरे |
| पाटन | विजय बघेल | भूपेश बघेल |
| बेमेतरा | दीपेश साहू | आशीष छाबड़ा |
| साजा | ईश्वर साहू | रविंद्र चौबे |
| नवागढ | दयाल दास बघेल | गुरु रुद्र कुमार |
| महासमुं | योगेश्वर राजू सिन्हा | डॉ. रश्मि चंद्राकर |
| सरायपाली | सरला कोसरिया | चातुरी नंद |
| बसना | संपत अग्रवाल | देवेंद्र बहादुर सिंह |
| खल्लारी | अलका चंद्राकर | द्वारिकाधीश यादव |
| धमतरी | रंजन दीपेंद्र साह | ओंकार साहू |
| सिहावा | श्रवण मरकाम | अंबिका मरकाम |
| कुरूद | अजय चंद्राकर | तारिणी चंद्राकर |

# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**जांजगीर-चांपा,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले से आत्महत्या का मामला सामने आ रहा है, यहाँ ग्राम कुथूर में एक नवविवाहीता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है, जिसके बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है। देखते ही देखते मृतक के घर के पास लोगों का हुजूम इकट्ठा हो गया। सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टर्म के लिए भेज दिया है। वहीँ मामले में जुट गई है।



■ तीन साल पहले किया था प्रेम विवाह, कारणों की जाँच में जुटी पुलिस

मिली जानकारी के अनुसार मृतिका का नाम अमृता यादव ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, सुचना के बाद से इलाके में सनसनी फ़ैल गई, आत्महत्या के कारणों का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। वहीँ मौके पर पहुंची पुलिस कारणों की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि मृतका का पति सोनू साव रायगढ़ में ट्रक चालक है। दिवाली में वह ग्राम कुथूर स्थित अपने घर आया था और वापस चला गया था। मृतिका अपने दादा दादी के साथ रहती थी, जिसके दो जुड़वा बच्चे भी है। अमृता ने तीन वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था, जिसने किन कारणों से आत्महत्या की इस बात का पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भाजपा के कद्दावर नेता की गाड़ी से मिले 11.50 लाख, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में चुनाव के बीच विधानसभा पाली तानाखार से बड़ी खबर सामने आ रही है जहां पसान पुलिस ने चैकिंग के दौरान भाजपा प्रत्याशी रामदयाल उइके के वाहन से 11.50 लाख रुपये बरामद किया है। जहां पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा प्रत्याशी रामदयाल के वाहन को जब चेक किया गया तो उसमें 11 लाख रुपए रखे मिले। जिस समय पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही थी उस समय रामदयाल उईके स्वयं गाड़ी में मौजूद थे। संदेह प्रकट किया जा रहा है कि यह रुपए मतदाताओं के मध्य वितरित किए जाने थे। भाजपा के एक कद्दावर नेता की गाड़ी से रुपए बरामद होने की यह खबर बड़ी तेजी से वायरल हो रही है।



# दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आए युवक की कुक़दा बांध में डूबने से मौत

**गरियाबंद,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर कुक़दा जलाशय में डूबने से एक ब्यक्ति की मौत हो गई ।घटना के विषय मे मिली जानकारी के अनुसार रायपुर शंकर नगर से आठ लोग बुधवार को पांडुका थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कुक़दा जलाशय में पिकनिक मनाने आए थे,जो जलाशय में नहा रहे थे उसी दौरान तौहीद ख़ान उम्र 21 वर्ष डैम के नीचे जहां मृतक नहा रहा था वही पानी ज्यादा होने के चलते नहाते समय डूबने से उसकी मौत हो गई ।घटना की जानकारी पुलिस विभाग दिया गया तब पुलिस टीम मौके पर पहुची और ग्रामीणों के सहयोग से मृतक को पानी से बाहर निकाले लेकिन रात होने के चलते शव को गरियाबंद जिला अस्पताल लेकर आए ।जिसका गुरुवार के सुबह पोस्टमार्टम करने के पश्चात मृतक का शरीर परिजनों के हवाले किया गया ।वही घटना पर मर्ग कायम किया गया है ,साथ ही घटना पांडुका थाने का होने के चलते जीरो में मर्ग कार्य कर पांडुका थाना हस्तांतरित किया गया।

# मतदान दल की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, पीठासीन अधिकारी समेत 36 कर्मचारी थे सवार



**पांडुका,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के 70 सीटों पर मतदान होने वाले है, इसी कड़ी में एक दिन पहले सभी मतदान दल मदतान क्षेत्र के लिए रवाना हो रहे है। वहीं खबर आ रही है कि पांडुका में मतदान दल का बस सड़क हादसे का शिकार हुआ है। मतदान दल का बस बारुका नाक से होकर गुजर रहा था तभी पिकप वाहन से टकरा गया। हादसे में मतदान कर्मियों की जान बाल बाल बची है।

मिली जानकारी के अनुसार पीठासीन अधिकारी समेत 36 मतदान कर्मचारी व पुलिस के जवान गरियाबंद से मतदान समाग्री लेकर राजिम विधानसभा के मतदान केंद्र रवाना हो रहे थे, तभी पिकप वाहन से उनकी गाड़ी की टक्कर हो गई, हादसे में किसी भी मतदान कर्मी के घायल होने की खबर नहीं है। सभी की स्तिथि ठीक बताई जा रही है। हादसे का कारण बस का ब्रेक कमजोर होना बताया जा रहा है। इस खबर पर ग्रैंड न्यूज़ की टीम लगातार अपडेट दे रही है, अधिक जानकारी के लिए बने रहे।

# सबसे छोटा मतदान केंद्र, जहां शुरू होते ही खत्म हो जाता है मतदान, हर साल होती है 100 फीसदी वोटिंग

**रायपुर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार 17 नवंबर को दूसरे चरण की 70 सीटों पर मतदान होना है. इस बार छत्तीसगढ़ के 1 करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता 958 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे. दूसरे चरण के मतदान के लिए 18 हजार 833 मतदान केंद्र बनाए गए है. जिनमे देश का दूसरा और छत्तीसगढ़ का सबसे छोटा मतदान केंद्र बेहद चर्चा में है. ये ऐसा मतदान केंद्र है जहां मतदान शुरू होते ही खत्म हो जाता है, यानी मतदान शुरू होने के चंद मिनटों में 100 प्रतिशत मतदान पूरा हो जाता है.

दरअसल, छत्तीसगढ़ के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 भरतपुर-सोनहत विधानसभा में स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 143 शेराडॉड जो कि कोरिया जिले में आता है. यहां कुल 5 मतदाता हैं. हर चुनाव की तरह इस चुनाव में भी शेरडॉड में 100 प्रतिशत मतदान होने की पूरी संभावना है. शेराडॉड छत्तीसगढ़ का एक ऐसा मतदान केंद्र है जहां मतदान शुरू होने के साथ ही खत्म हो जाता है. जब भी चुनाव होते हैं तब शेराडॉड का जिक्र किया जाता है.

**झोपड़ी में बनाया गया था मतदान केंद्र**- बता दें कि साल 2018 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान शेराडॉड में झोपड़ी में मतदान संपन्न कराया गया था. पूरे प्रदेश भर के अंदर यह एक ऐसा मतदान केंद्र होगा जहां झोपड़ी में मतदान संपन्न कराया जाता है जबकि अन्य मतदान केंद्र भवनों में बनाए जाते हैं. मतदान के लिए यहां भी पूरी प्रक्रिया का पालन किया जाता रहा है।




# चुनाव के एक दिन पहले चेकिंग के दौरान पिकअप वाहन में पकड़ाया सैकड़ो कंबल

■ मतदाताओं को बांटने ले जाने की आशंका



**रायगढ़,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में चुनाव के मद्देनजर वाहनों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है । मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए प्रत्याशी साड़ियां और कम्बल भी बांटते हैं। इन्हीं कारणों से वाहनों की बारीकी से जांच की जा रही है । सीमावर्ती उड़ीसा क्षेत्र ओर से आ रहे वाहनों पर पुलिस विशेष कर निगाह रखे हुए है। गुरुवार की शाम चक्रधर नगर पुलिस ने वाहन में लोड 11 बड़ी बोरियों में नये सिंगल बेड कंबल 172 नग जब्त कर निर्वाचन आयोग को जानकारी दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते गुरुवार के शाम मेडिकल कॉलेज रोड पर चक्रधरनगर पुलिस और साइबर सेल की टीम द्वारा पेट्रोलिंग दौरान उड़ीसा पासिंग पिकअप वाहन में संदिग्ध सामग्री लोड होने की आशंका पर चेक किया गया । पिकअप वाहन का चालक सुरेश जयसवाल पिता सत्यनारायण जायसवाल उम्र 55 वर्ष निवासी गोमाडेरा थाना बेलपहाड़ जिला झारसुगुड़ा से वाहन में रखी सामग्रियों के संबंध में पूछताछ कर वाहन को चेक किया गया। वाहन में लोड 11 बड़ी बोरियों में नये सिंगल बेड कंबल 172 नग कीमत करीब 1लाख 50 हजार रुपए का रखा हुआ मिला। जिसके संबंध में सुरेश जयसवाल से कंबलों के क्रय-विक्रय का रसीद पेश करने कहा गया। सुरेश जयसवाल कोई भी रसीद या दस्तावेज कंबलों के संबंध में पेश नहीं कर पाया। जिससे कंबलों का अवैधानिक उपयोग या अपराध से संबंधित होने की शंका पर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा कंबल की जप्ती की गई है । कार्रवाई में टीआई प्रशांत राव अहेर के हमराह प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल और आरक्षक प्रशांत पंडा शामिल थे ।

# अचानक बिजली का टावर गिरने से बड़ा हादसा, चपेट में आया ट्रक

**बिलासपुर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। न्यायधानी में राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोनी क्षेत्र के सेंद्री के पास बुधवार की रात बिजली का 11केवी का टावर सड़क पर अचानक गिर गया है। दो ट्रक में आपस में दुर्घटना में टक्कर के बाद एक ट्रक सड़क किनारे खड़े बिजली के टावर में जा भिड़ा। दुर्घटना में घायल एक ट्रक के ड्राइवर को कोनी पुलिस ने रेस्क्यू कर सिम्स हॉस्पिटल में एडमिट कराया है। बिजली कनेक्शन को डिसकनेक्ट टावर को हटाने का कार्य जारी है। मार्ग की गाड़ियों को डायवर्ट किया जा रहा हैं।



**NECC**

| 17.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.40 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 95 | 195 |

डिलीवरी 555 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

### आज की 70 सीटें हैं बहुत अहम

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के शुक्रवार को हो रहे दूसरे चरण के मतदान का प्रदेश में सरकार बनाने के परिप्रेक्ष्य में तो महत्व व संसदीय अनिवार्यता तो है ही, उसकी व्यापक सन्दर्भों व वर्तमान सियासी परिस्थिति में भी विशेष महत्ता भी है। यह केवल इसलिये उत्सुकता के साथ देखे जाने वाली चुनावी प्रक्रिया नहीं है कि पहले चरण में हुई 20 सीटों से सरकार बनाने में तो मदद मिलेगी, पर उसे पूर्णता मिलेगी इन्हीं 70 सीटों से; बल्कि इस मतदान को इस नज़रिये भी देखा जायेगा कि पहले चरण में 7 नवम्बर को हुए मतदान के बाद जो घटनाक्रम हुए हैं, वे मतदाताओं पर कितना असर करेंगे। यह भी सच है कि अगर किसी भी पार्टी का हिसाब पहले चरण में गड़बड़ाया होगा तो वह उसे इस चरण के मतदान से पूरा करेगी।

पहले चरण के बाद दो प्रमुख घटनाक्रम हुए हैं। पहला है दोनों दलों द्वारा नयी घोषणाएं और दूसरे, एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाना। नयी घोषणाओं के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ महतारी वंदन योजना के अंतर्गत राज्य की हर विवाहित महिला को साल में 12 हजार रुपये देने का वादा किया गया है, तो कांग्रेस ने बढ़ाकर 12 हजार रुपए किया है। ऐसे ही, ओबीसी कार्डधारक महिलाओं को भाजपा 500 रुपये में रसोई गैस सिलिंडर देगी, जबकि कांग्रेस पहले ही 450 रुपए में देने का वादा कर चुकी है। कांग्रेस ने किसानों को 3200 रुपए प्रति क्विंटल के मूल्य पर धान देने का ऐलान किया है, जबकि भाजपा का वायदा 3100 रुपए प्रति क्विंटल का है। वैसे किसानों को कर्ज माफी तथा जातिगत जनगणना पर भाजपा का मौन है जबकि कांग्रेस का यही प्रमुख चुनावी मुद्दा है।

दूसरा बड़ा मुद्दा भ्रष्टाचार को लेकर है। दोनों प्रमुख दलों द्वारा एक दूसरे पर गम्भीर आरोप-प्रत्यारोप लगाये गये हैं। भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय तथा बाहर से आने वाले तमाम स्टार प्रचारक कांग्रेस व यहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बेहद भ्रष्ट बताकर गये हैं। उनका आरोप है कि उन्होंने छग को अपने दल की केन्द्रीय समिति के लिये एटीएम बना दिया है। यह अलग बात है कि वैशाली नगर के भाजपा उम्मीदवार रिकेश सेन का एक वायरल वीडियो बता रहा है कि यहां जब भाजपा की सरकार थी तो पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह और उनकी पत्नी के साथ 'ऊपर तक' पैसा जाता था। भाजपा का यह भी आरोप है कि बघेल ने सट्टा खिलाने वाले महादेव एप से 508 करोड़ रुपये लिये हैं। आरोप लगाने वालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हैं। सवाल यह है कि अब तक इसकी जांच क्यों नहीं हुई। जो भी हो, जनता को तय करना है कि कौन सही है और कौन गलत।

**उल्टा पुल्टा**

पति- आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नी- गिर गई थी लग गई?
पति- कहां गिर गई थी और क्या लग गई थी ?
पत्नी- तकिये पर गिर गई थी. और आंख लग गई थी।

# फर्जी बीमा तैयार कर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। फर्जी बीमा तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। थाना कोतवाली को प्रार्थिया ने लिखित शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया की शुभम् तिवारी उर्फ विक्की जो की वाहन का पॉलिसी करने वाला एजेंट है, उससे अपने बोलेरो वाहन का बीमा कराने के लिए रुपया 14,300/- बीमा प्रीमियम के रूप में दिया था, परन्तु शुभम् के द्वारा बीमा का कागज़ लाकर नहीं दिया गया और मांगे जाने पर टाल-मटोल कर रहा था। इस बीच वाहन का एक्सीडेंट हो गया और इसमें प्रार्थिया के पति की मृत्यु हो गई। जब प्रार्थिया बीमा क्लेम करने के लिए बीमा कागज मांगी तब शुभम् ने प्रार्थिया को बीमा पॉलिसी का मूल कागज न देकर बीमा कागज का कलर फोटो कॉपी दे दिया और कहा कि आपका ओरिजिनल बीमा कागज ऊपर भेज दिया हूं जिसे आपको बीमा की रकम मिल जाएगी परंतु पॉलिसी कागज में दिए गए टोल फ्री नंबर पर कॉल कर पूछने पर पता चला की उक्त बीमा पॉलिसी फोर व्हीलर की नहीं है, जिसके बाद प्रार्थिया के वकील के द्वारा संबंधित बीमा कार्यालय में पता करने पर उक्त बीमा पॉलिसी को फर्जी होना बताया गया। इस प्रकार अरोपी शुभम् तिवारी के द्वारा बीमा ना कर फर्जी बीमा कागज तैयार कर फर्जी बीमा दस्तावेज देकर प्रार्थिया के साथ धोखाधडी किया गया। मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर, थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में आरोपी शुभम् तिवारी को गिरफ्तार किया गया जिसने अपने कथन में घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 420, 467, 468, 471 भादवी अपराध पंजीबद्ध कर, अनुसंधान में लिया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर, न्यायियक रिमांड पर भेजा गया।

# अभाविप बस्तर ने मनाया जनजाति गौरव दिवस



**जगदलपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् बस्तर के कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजाति गौरव दिवस पर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जनजाति गौरव दिवस के महत्व एवं भगवान बिरसा मुंडा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयत्न किया।

अभाविप जगदलपुर नगरमंत्री शैलेष ध्रुव ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता देने हेतु प्रतिवर्ष च्जनजातीय गौरव दिवसज् का आयोजन किया जाता है। उन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कई आदिवासी आंदोलन किये। देश के जनजाति स्वतन्त्रता सेनानी के स्मरण में भारत सरकार ने वर्ष 2021से बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया है। यह तारीख है, बिरसा मुंडा को देश भर के आदिवासी समुदायों द्वारा भगवान के रूप में सम्मानित किया जाता है। बिरसा मुंडा एक प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और देश के श्रद्धेय आदिवासी नेता थे। इस दौरान परिवेद , ऋतिक , गौरव,अभिषेक, चेतना, टेमन , अभिषेक मंडल आदि अभाविप के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बायोमैट्रिक सिस्टम से होगी धान की खरीदी



**बस्तर जिले के सभी खरीदी प्रभारी ले गए मशीन**

**जगदलपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिले में 20 नवंबर से धान की खरीदी पूर्ण रूप से बायामैट्रिक मशीन से शुरू हो जाएगी। पहली बार इस सिस्टम से शुरू होने वाली धान की खरीदी के लिए पहुंची मशीनों को गुरूवार को जिले के 79 खरीदी केंद्रों के प्रभारी ले गए। मशीनों को लेने के लिए सुबह से लेकर शाम तक खरीदी केंद्रो के प्रभारी मौजूद थे। इस दौरान कुछ केंद्रों के प्रभारियों ने कार्यालय में ही इस मशीन का ट्रायल किया। खरीदी केंद्रों के प्रभारियों ने कहा कि नए सिस्टम से होने वाली धान की खरीदी में अब लेटलतीफी होगी। जहां पहले एक घंटे में करीब 10 से अधिक किसानों का धान खरीद लिया जाता था तो वही अब यह संख्या कम होकर पांच तक रह जाएगी। गौरतलब इस सिस्टम के तहत किसानों को धान बेचने के लिए अंगूठा लगाने के साथ ही रेटीना की स्कैनिंग से गुजरना पड़ेगा। जिसको लेकर खरीदी प्रभारी और किसान दोनों परेशान होंगे। खरीदी प्रभारियों ने कहा कि इसके साथ ही नेटवर्क की समस्या के चलते इस मशीन का उपयोग करने में परेशानी होगी।

**इन मशीनों से खरीदा जाएगा 241436 टन धान:** इस साल बस्तर जिले में धान की खरीदी 79 केंद्रों में की जा रही है। नई मशीनों की सहायता से किसानों से इस साल 241436 टन धान खरीदा जाएगा। डीएमओ ने बताया कि इस साल किसानों ने 20 चिंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदा जा रहा है जिसका फायदा किसानों को मिलेगा। ध्रुव ने बताया कि इस साल बस्तर जिले में धान बेचने के लिए 54950 >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में हुआ दिवाली मिलन समारोह



**जगदलपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। कंगोली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में दीपावली पर्व के पश्चात दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं दीपोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस सनातन परंपरा को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान संस्था समिति के अध्यक्ष कुंवर राज बहादुर सिंह राणा सचिव डॉ. प्रतीक लागू, बी एड कालेज के प्राचार्य ईश्वर प्रसाद तिवारी , प्राचार्य भारती देवांगन एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया।

# टीम इंडिया के फाइनल में पहुंचते ही दंतेवाड़ा में भी जश्न

- दीवाली के तीन दिन बाद फिर जमकर आतिशबाजी
- विराट, श्रेयस के शतक और शामी की गेंदबाजी के सभी कायल
- रोमांचक सेमी फाइनल का जमकर उत्साह
- अब 19 के फाइनल पर टिकी सब की निगाह




**दंतेवाड़ा,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व कप फाइनल में पहुंचते ही दंतेवाड़ा में भी जमकर आतिशबाजी हुई। क्रिकेट प्रेमी दोपहर से ही टीवी से चिपके रहे। 397 रन के विशाल स्कोर के बावजूद न्यूजीलैंड से मुकाबला होने कारण जीत को लेकर थोड़ी चिंता जरूर थी। मो. शामी की शानदार गेंदबाजी और विराट कोहली तथा श्रेयस की शानदार बल्लेबाजी ने भारत को 12 साल बाद फाइनल में पहुंचा दिया।

अब रविवार 19 नवंबर को फाइनल में भारत का मुकाबला आज हो रहे दूसरे सेमी फाइनल के विजेता आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में से किसी एक से होगा। बुधवार को हुए सेमी फाइनल मुकाबले में भारत ने रोमांचक जीत दर्ज की। विराट कोहली का शतक पूरा होते ही पटाखों से दंतेवाड़ा गूंजता रहा। रात को सवा 10 बजे जैसे ही भारतीय टीम ने जीत दर्ज की, आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया। दीवाली के 3 दिन बाद एक बार फिर दीवाली जैसा माहौल रहा। शहर के अलग-अलग हिस्सों में भारत की जीत का जश्न मनता रहा। अब क्रिकेट प्रेमी रविवार के फाइनल मुकाबले में एक बार फिर बेहतरीन जीत के लिए उम्मीद लगाए बैठे हैं। शहर के कुछ हिस्सों में प्रोजेक्टर के माध्यम से फाइनल मैच का आनंद उठाने की तैयारी है।

दंतेवाड़ा शहर में क्रिकेट को लेकर काफी उत्साह का माहौल रहता है। खासकर युवाओं में विश्व कप क्रिकेट का जादू सर चढ़कर बोल रहा है। विश्व कप के सभी 10 मैच लगातार जीतने के बाद फाइनल मुकाबले में भी शानदार प्रदर्शन की बड़ी उम्मीद क्रिकेट प्रेमियों को है। भारतीय टीम बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के तीनों ही मोर्चे पर शानदार फार्म में है। शामी, बूमरा, जड़ेजा और सिराज जैसे बेहतर गेंदबाज और विराट कोहली, रोहित शर्मा, श्रेयर अय्यर जैसे शानदार बल्लेबाज भारतीय टीम के जीत के आधार बन सकते हैं। बहरहाल रविवार के फाइनल मुकाबले की दंतेवाड़ा में बेसब्री से प्रतीक्षा हो रही है।

# सॉफ्टवेयर कंपनी अदा करेगी 20 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति और भरेगी 10 हजार रुपए का जुर्माना




**जगदलपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में मार्ग कंप्यूटर प्राइवेट लिमिटेड सॉफ्टवेयर कंपनी आवेदक को 20 हज़ार रु की क्षतिपूर्ति और 10 हज़ार रु का जुर्माना अदा किए जाने का आदेश प्रदान किया गया है। प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार है कि जगदलपुर निवासी सुनीश किशोर गुप्ता द्वारा अपने कंप्यूटर में सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करने हेतु मार्ग कंप्यूटर प्राइवेट लिमिटेड को 13 हज़ार रु का भुगतान किया गया था और उसके पश्चात रिनीवल चार्जेस के नाम पर उसे 4 हज़ार रु की राशि पृथक से प्रदान की गई थी। उसके पश्चात भी सॉफ्टवेयर कंपनी द्वारा आवेदक के कंप्यूटर में सॉफ्टवेयर इंस्टॉल नहीं किया गया था, जिससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग की समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना है कि सॉफ्टवेयर कंपनी द्वारा सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन की राशि प्राप्त कर एवं उसे बार-बार सूचित किए जाने के बावजूद भी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# केशकाल घाट मरम्मत कार्य के दौरान भारी वाहनों के आवागमन पर 18 से 30 नवंबर तक रोक



**यात्री बसों एवं छोटी चार पहिया वाहनों का होगा यथावत संचालन**

**जगदलपुर/कोण्डागांव,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के कि.मी. 130.00 से कि.मी. 180.00 ( कांकेर से बेड़मा सेक्शन) के अंतर्गत केशकाल घाट के कि.मी. 163.00 से कि.मी. 167.00 के मध्य पर बी.टी. पेंच एवं मरम्मत कार्य 18 नवंबर से प्रारंभ होकर 30 नवंबर तक किया जावेगा। केशकाल घाट मरम्मत कार्य के दौरान भारी वाहनों के आवागमन 18 से 30 नवंबर तक की अवधि के लिए आवागमन प्रतिबंधित करने एवं मरम्मत अवधि में अन्य मार्ग में परिवर्तित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। 18 से 30 नवंबर तक के लिए केशकाल घाट में पेंच रिपेयर कार्य हेतु यात्री बसों एवं छोटी चार पहिया वाहनों को छोड़कर केशकाल घाट में मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। मालवाहकों के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में केशकाल विश्रामपुरी चौक से व्हाया विश्रामपुरी, बोराई, सिहावा नगरी होते >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# दंतेवाड़ा के किसानों को भी नई सरकार का इंतजार



- कटाई में देरी के चलते धान खरीदी केन्द्रों में विरानी
- 15 दिनों में केवल 3 केन्द्रों में ही 254 क्विंटल खरीदी
- 12 केन्द्रों में बोहनी भी नहीं, 2 नए केन्द्रों की शुरूआत

**दंतेवाड़ा,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। फसल कटाई में देरी के चलते खरीदी केन्द्रों में धान की आवक नहीं हो रही है। 15 दिनों में केवल 254 क्विंटल धान की ही खरीदी हो सकी है। धान खरीदी के लिए दंतेवाड़ा जिले में कुल 15 केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से केवल 3 केन्द्रों में ही खरीदी हो सकी है।

विधानसभा चुनाव और आचार संहिता के साये में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के साथ पहली नवंबर से धान खरीदी शुरू हुई है। जिले के दंतेवाड़ा, नकुलनार और मोखपाल केन्द्र में ही खरीदी हो सकी है। बाकि 12 केन्द्रों में बोहनी भी नहीं हुई है। इसकी वजह धान कटाई में देरी को मानी जा रही है। अभी फसल तैयार हुई है और कटाई जारी है। कटेकल्याण इलाके में बोनी पहले होती है और वहां की फसल भी पहले तैयार हो जाती है। शेष दंतेवाड़ा, कुआकोंडा और गीदम ब्लाक में धान की बोनी देरी से होती है। खरीदी के लिए इस बार 15 केन्द्रों में 15 हजार 512 किसानों का पंजीयन हुआ है। सबसे ज्यादा किसान गीदम में 2 हजार 507 पंजीकृत हैं। इसके बाद कटेकल्याण में 1 हजार 527, दंतेवाड़ा में 1 हजार 326, नकुलनार में 1 हजार 368, बारसूर में 1 हजार 181, मोखपाल में 1 हजार 234, भांसी में 1 हजार 247, अरनपुर में 224, केशापुर में 789, छिंदनार में 799, फरसपाल में 330, पालनार में 989, बड़े गोडरे में 560, बड़े तुमनार में 713 और मेटापाल में 670 किसानों का पंजीयन हुआ है।

धान खरीदी के लिए पहले बायोमेट्रिक की अनिवार्यता की गई थी, लेकिन समय पर मशीन नहीं पहुंचने की वजह से परम्परागत ढंग से खरीदी हो रही है। पहली नंवबर से धान खरीदी शुरू होते ही धान का भाव भी बढ़ गया है। प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान किसानों से लिया जाता है, जबकि क्षेत्र में किसानों की पैदावार प्रति एकड़ इससे कम होती है। किसान अपने पंजीयन में बाजार का धान भी खपा देते हैं। धान की कीमत इस समय 2200 रूपए प्रति क्विंटल हो गई है। तमाम कोशिशों के बावजूद जिले में सुकमा और बीजापुर का धान भी खपाया जाता है। इस बार अरनपुर और बड़े गोडरे दो नये धान खरीदी केन्द्र शुरू किये गए हैं।

उम्मीद की जा रही है कि धान कटाई पूरा होते ही 15-20 दिनों के बाद खरीदी केन्द्रों में रौनक बढ़ेगी। वैसे विधानसभा चुनाव का असर भी खरीदी केन्द्रों में देखने का मिल रहा है। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# छठ महापर्व को लेकर तालाब की सफाई में जुटा निगम प्रशासन



**घाटों की रंगाई-पुताई का कार्य भी शुरू**

**जगदलपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिले में भी उत्तरप्रदेश और बिहार की तर्ज पर बड़े स्तर पर छठ का महापर्व मनाया जा रहा है। इस चार दिनों तक चलने वाले छठ पर्व की शुरूआत इस साल 17 नवंबर से होगी। सूर्य आराधना का अनूठा महोत्सव छठ पूजा रविवार को नहाय-खाय रस्म के साथ शुरू होगा। इसके पहले पूजा स्थल गंगामुंडा तालाब में साफ-सफाई करवाई जा रही है। वहीं व्रतधारी पूजा महोत्सव की तैयारियों में जुट गए हैं। छठ पर्व की परंपरा निभाने श्रद्धालु नदी और तालाबों के घाट में पहुंचेंगे। इनके लिए जगदलपुर नगर निगम द्वारा महादेव घाट और गंगामुंड़ा की सफाई शुरू करवा दी गई है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत श्रीवास ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी पर्व के मद्देनजर घाटों की सफाई का काम सिलसिलेवार तरीके से किया जा रहा है। इस पर्व को लेकर तालाब घाटों में निगम कर्मी तालाब किनारे लगी जलकुंभी को हटाने में जुटे हुए है, जिससे छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। पहले की अपेक्षा गंगा मुंडा तालाब और इसके घाट काफी हद तक साफ हो गए हैं, लेकिन इसका पानी अभी भी प्रदूषित है।

चार दिवसीय महापर्व छठ को लेकर जिला पुलिस और प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। आस्था के महापर्व को सफल बनाने और त्यौहार के दौरान किसी तरह की कोई हताहत खबर सामने ना आए इसे लेकर प्रशासन पूरी से तैयारी में जुटा है। बता दें कि सभी छठ घाटों की तैयारियां अंतिम चरण में है। शहर में स्थित सभी तालाबों और जलाशयों को पूरी तरह से साफ किया जा रहा है, ताकि छठ व्रतियों को किसी तरह की कोई परेशानियों का सामना करना ना पड़े। सभी छठ घाटों पर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है।

**शहर में छठ महापर्व को लेकर बाजार में रौनक**

जगदलपुर के विभिन्न् बाजारों में छठ महापर्व को लेकर दुकानें सज गई है। वहीं दुकानदार नारियल, सूप, के साथ ही छठ महापर्व पर लगने वाली आवश्यक सामग्रियों की तैयारी में व्यापारी जुटा हुआ है, जिससे छठ महापर्व में अधिक बिक्री हो सकें। पर्व को लेकर चांदनी चौक, संजयबाजार, सिरहासार, गुरूगोविंद सिंह चौराहा, गीदम रोड समेत दर्जनों स्थानों पर पूजा की सामग्री बिक रही है जिससे आमजनता को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

# 41 दिवसीय मंगल व्रत पूजा महोत्सव अय्यप्पा मंदिर में आज से शुरू



**जगदलपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय नया मुंडा में स्थित श्री अय्यप्पा मंदिर में 17 नवंबर से 41 दिवसीय मंगल व्रत पूजा महोत्सव का शुभारंभ हो रहा है। श्री अय्यप्पा सेवा संघम के पदाधिकारी ने बताया कि मंदिर में सुबह 6:00 बजे से निर्मलिया दर्शन गणपति होम अभिषेक विशेष पूजा उषा पूजा के पश्चात संध्या 6:30 बजे से दीप आराधना आरती और भजन कीर्तन का आयोजन होगा। 17 नवंबर को मंडल पूजा प्रारंभ होगा 28 नवंबर को दीप लंका 24 दिसंबर को नारायण सेवा (अन्नदानम), 27 दिसंबर को मंडल पूजा का समापन होगा। 14 जनवरी मकर संक्रांति के अवसर पर शबरी गिरी में दिव्य दर्शन के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना होगी। इस आयोजन हेतु मंदिर परिसर को स्वच्छ किए जाने के साथ ही दीप एवं वस्त्र अन्य सामानों की भी साफ-सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है।

# लालू के चारा घोटाला से भी बड़ा घोटाला भूपेश बघेल ने गोबर खरीदी में किया है : हेमंता विश्वा शर्मा

## मगरलोड में आयोजित जनसभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे असम के मुख्यमंत्री

**मगरलोड,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा ने सिहावा विधानसभा क्षेत्र के मगरलोड में भाजपा प्रत्याशी श्रवण मरकाम के लिए चुनावी सभा किया। उन्होंने हजारों की संख्या में आम जनताओ को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने अपना जो संकल्प पत्र घोषित किया है,वे सभी संकल्प पूरे होंगे और इसकी गारंटी खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ली है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के ही नहीं, अपितु पूरी दुनिया के नेता बनकर उभरे हैं। पूरी दुनिया जानती है, मोदी जो बोलते है वह करते हैं। तभी तो हम सब कहते हैं- मोदी है तो मुमकिन है।

असम के मुख्यमंत्री सरमा मंगलवार को छत्तीसगढ़ पहुँचा और भाजपा के पक्ष में धुँआधार प्रचार करते हुए चुनावी सभा को संबोधित किया। सिहावा विधानसभा के मगरलोड में आयोजित जनसभा में कांग्रेस पर जमकर बरसते हुए शर्मा ने कहा कि आज असम में छत्तीसगढ़ के लगभग 10 लाख लोग रहते हैं। असम और छत्तीसगढ़ का संबंध पुराना है। वे माँ कामाख्या की धरती से आए हैं और माँ कौशल्या की पावन धरती को प्रणाम करते हैं। प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर वादा



खिलाफी को लेकर अपने धारदार हमले में शर्मा ने सवाल दागा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव जीतने के लिए 2018 में जो बड़े-बड़े वादे किए थे, उनका क्या हश्र हुआ ? गंगाजल हाथ में लेकर छत्तीसगढ़ में शराबबंदी करने का वादा किया था, बेरोजगारों को नौकरी और बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं को पांच सौ रुपए प्रतिमाह, हर साल चार गैस सिलेंडर मुफ्त में देने, दो साल का बकाया बोनस, क्या ये सारे वादे पूरा हुए? सरमा ने तंज कसा कि पुराने वादे पूरे नहीं किए और कांग्रेसी अब फिर नए वादे लेकर आ गए।

असम के मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि महादेव के नाम से एप बनाकर लूट कर दी। चुनाव में जनता इसका हिसाब लेगी और चुनाव के बाद महादेव हिसाब लेंगे। एप बनाना ही था तो कोई और नाम रख लेते। हमारे आराध्य देव के नाम का उपयोग लूटने के लिए क्यों किया ? 508 करोड़ रुपए सट्टे के पैसे का लिया। दिल्ली में भूपेश बघेल और टी.एस. सिंहदेव के बीच ढाई-ढाई साल मुख्यमंत्री बनने पर सहमति बनी थी, पर भूपेश बघेल पूरे पाँच साल तक सीएम बने रहे, ये इनका च्सौदाई-कमालज् है। सरमा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा और मोदी की गारंटी है कि सरकार बनते ही लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा। महतारी वंदन योजना के तहत हर विवाहिता को प्रति वर्ष 12,000 रुपए उनके खाते में डाले जाएंगे। 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान 3100 रूपए में खरीदेंगे। युवाओं को रोजगार देगें। छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को मुक्त कराएंगे। पहले चरण में भारतीय जनता पार्टी बहुत अच्छी स्थिति में है। 17 तारीख को दूसरे चरण के मतदान में कमल फूल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से सरकार बनानी है, यह जनता का उत्साह बता रहा है। सरमा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तो विकास कार्य होंगे। जनता ने ठान लिया है कि छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना है। कार्यक्रम में हिमंता बिस्वा शर्मा के साथ सांसद मोहन मंडावी, श्रवण मरकाम, सुश्री लता उसेण्डी, बस्तर महाराज कमलचन्द्र भंजदेव, जिला अध्यक्ष शशि पवार, पिंकी शिवराज शाह, रघुनंदन साहू, हलधर साहू, नरेश सिन्हा जिला उपाध्यक्ष धमतरी, भवानी यादव सांसद प्रतिनिधि, बसंत साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष, मुरली सिन्हा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष, टिकेश्वर साहू युवा मोर्चा महामंत्री, घनश्याम साहू युवा मोर्चा महामंत्री सहित सभी समाज प्रमुख मंचस्थ रहे।

# सत्यनारायण मंदिर में अन्नकूट पर्व पर भगवान को लगाए गए 56 प्रकार के भोग



**सत्यनारायण मंदिर दर्शन करने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी धनेंद्र साहू और भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू**

**नवापारा राजिम,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। अन्नकूट पर्व एवं गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर में भगवान श्री सत्यनारायण एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर में भगवान श्री राधा कृष्ण को 56 प्रकार का भोग लगाया गया वहीं अलग-अलग प्रकार के व्यंजन रखें गए थे। श्री सत्यनारायण मंदिर के पुजारी पंडित भगवत प्रसाद मिश्रा ने बताया कि सुबह भगवान को ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कराकर उनका श्रृंगार किया गया। अनुकूल पर्व के अवसर पर मंदिर में अन्नकूट ध्वज चढ़ाने का सौभाग्य समाज के गोपाल तरुण कंसारी दंपति को प्राप्त हुआ। समाज की भजन मंडली के द्वारा भजन कीर्तन करते हुए अन्नकूट ध्वज चढ़ाने में सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में सामाजिक जन मौजूद रहे। तत्पश्चात संध्या 4रू00 बजे भगवान श्री सत्यनारायण जी को 56 प्रकार के भोग लगाए गए। भगवान की आरती की गई। इस दौरान अभनपुर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक धर्मेंद्र साहू, सौरभ शर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के साथ ही अभनपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू, विजय गोयल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका, समाजसेवी किशन सांखला,मनीष चौधरी सहित उनकी पूरी टीम मौजूद रही।

अन्नकूट पर्व पर श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के संरक्षक मुन्ना साव,दसरथ लाल कंसारी,अध्यक्ष राजकुमार कंसारी, सहदेव कंसारी अध्यक्ष कंसारी समाज , संतोष कंसारी अध्यक्ष महिला इकाई, बबला सारस, बलराम सारस, राजकुमार कंसारी, नंदकुमार कंसारी,राजू कंसारी, रमेश कंसारी, तुकाराम कसारी मीडिया प्रभारी,युवा संगठन के सदस्य गण तथा कंसारी समाज के सभी सदस्य गण व काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, छाया, शौचालय की रहेगी सुविधा

**गरियाबंद,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन के संबंध में कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में मतदान केंद्रों में अब तक की गई व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए सभी अंतिम तैयारियों को पूर्ण करते हुए जिले में सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल, छाया एवं शौचालय आदि की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की सुविधा, संगवारी बूथ, युवा एवं दिव्यांग पोलिंग बूथ में भी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले के 287 मतदान केंद्रों में सीसीटीवी के माध्यम से रिकॉर्डिंग कर वेबकास्टिंग की जाएगी। इनमे राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 137 और बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के 150 केंद्र शामिल है। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग के लिए निर्बाध नेटवर्क और पावर बैकअप की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, रिटर्निंग अधिकारी राजिम धनंजय नेताम, रिटर्निंग अधिकारी बिंद्रानवागढ़ सुश्री अर्पिता पाठक सहित सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। मतदान पूर्व अंतिम तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में कलेक्टर छिकारा ने कहा कि महिलाओं द्वारा संचालित संगवारी बूथ में मतदान की सभी व्यवस्थाएं सहित बिजली, पानी, रैंप आदि की सुविधा क्रियाशील रहे। इसी प्रकार आदर्श मतदान केंद्र में सेल्फी जोन, युवाओं द्वारा संचालित केंद्र और दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी द्वारा संचालित मतदान केंद्र में भी सभी अंतिम तैयारी सुनिश्चित करने को कहा।

# निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने में सहभागिता करें सुनिश्चित : कलेक्टर छिकारा

**गरियाबंद,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को मतदान दल और रूट प्रभारी से समन्वय कर मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने के निर्देश दिये। उन्होंने मतदान वाले कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन की सभी तैयारियों को पूर्ण कर ली जाए। साथ ही सभी सेक्टर अधिकारी अपने सेक्टर के समस्त मतदान केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं से अवगत होकर सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि 16 नवम्बर को मंडी परिसर स्ट्रांग रूम से मतदान दलों को रवाना किया जायेगा। सभी सेक्टर अधिकारी अपने मतदान दलों के मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होने और मतदान केन्द्रों तक पहुंचने की रिपोर्ट रिटर्निंग ऑफिसर को देंगे। साथ ही मतदान दिवस में मतदान समाप्ति सभी निर्वाचन सामग्रियों को वापस स्ट्रांग रूम में जमा करने के भी निर्देश दिये। सेक्टर अधिकारियों को मतदान दिवस में हर दो घंटे में अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के वोटिंग प्रतिशत की जानकारी देनी होगी। इस कार्य में सहुलियत प्रदान करने जिला प्रशासन द्वारा पीडीएमएस पोर्टल विकसित किया गया है। इसके माध्यम से सेक्टर अधिकारी अपने मतदान केन्द्रों के वोटिंग प्रतिशत प्रत्येक दो घंटे में मतदान समाप्ति तक पीडीएमएस पोर्टल में एन्ट्री करेंगे। पोर्टल में एन्ट्री करने के लिए सेक्टर अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर ने वोटिंग प्रतिशत की जानकारी सावधानीपूर्वक और सक्रियता के साथ प्रत्येक दो घंटे में देने के निर्देश दिये। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, रिटर्निंग अधिकारी राजिम धनंजय नेताम, रिटर्निंग अधिकारी बिंद्रानवागढ़ सुश्री अर्पिता पाठक सहित दोनों विधानसभा क्षेत्रों के सेक्टर अधिकारीगण मौजूद रहे।



- जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर चुनाव की तैयारियों के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश
- सेक्टर अधिकार हर दो घंटे में पीडीएमएस पोर्टल में देंगे मतदान प्रतिशत की जानकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी छिकारा ने सेक्टर अधिकारियों को कहा कि मतदान शुरू करने के पूर्व ईवीएम मशीनों की मॉक पोल और मतदान के दौरान ईवीएम मशीन में खराबी होने पर बीयू, सीयू बदलने तथा मशीन रिप्लेस करने के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने प्रशिक्षण में बताए गए कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए सेक्टर अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने मतदान तिथि को मॉक पोल कराने का प्रमाण पत्र और 1 घंटे बाद महिला-पुरुष के मतदान प्रतिशत की पहली जानकारी देने के बाद दो-दो घंटे में 11 बजे, 1 बजे, 3 बजे और 5 बजे मतदान प्रतिशत की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री छिकारा ने सभी सेक्टर अधिकारियों को मतदान तिथि के 1 दिन पूर्व मतदान दलों को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने, ईवीएम मशीनों का मॉक पोल, प्रत्येक 2 घंटे में मतदान प्रतिशत की जानकारी उपलब्ध कराने, मतदान दलों की सकुशल वापसी, रिजर्व ईवीएम मशीनों को जमा करने सहित उन्हें सौंपे गए सभी दायित्वों को गंभीरता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### मतदान समाप्ति के 48 घंटे की पहले की अवधि के दौरान प्रतिबंधों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश

**महासमुंद,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदान की समाप्ति से 48 घंटे पहले की अवधि के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रतिबंधों के संबंध में आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता पर मैनुअल के अध्याय 8 की प्रति में निर्देश प्राप्त है।

## निधन

### कालविन शाद

**भानुप्रतापपुर,** 16 नवंबर। सुभासपारा निवासी स्नैक कैचर कालविन शाद 52 वर्ष देर रात इलाज के दौरान निधन हो गया। काल्विन ने क्षेत्र में जहरीले सांपों से कई लोगों को निजात दिलाई है और सांपों को पकड़कर उन्हें जंगल में छोड़ कर उनकी भी जान बचाई है। अंतिम संस्कार स्थानीय मसीह कब्रस्तान भानुप्रतापपुर में किया गया।



### दिनेश पटेल

**सरायपाली,** 15 नवंबर। ग्राम बिछियां निवासी कृषक नेता दिनेश पटेल (55 वर्ष) का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर उन्हें नम आंखों से विदाई दी। वे अंतर्राष्ट्रीय वुडबाल खिलाड़ी जितेंद्र पटेल के पिता व बेदराम पटेल के ज्येष्ठ भ्राता थे। उपसरपंच कमला पटेल के पति थे। गृह ग्राम बिछियां में दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परिजन, इष्ट मित्र एवं आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।



### नरेश अग्रवाल

**पिथौरा,** 16 नवंबर। (भकलूडीह वाले) नरेश अग्रवाल फर्म रूप श्रृंगार फैंसी स्टोर्स पिथौरा का दुखद निधन हो गया है। नरेश जी कैलाश अग्रवाल (बोरवेल्स) एवं श्रृंगारिका फैंसी स्टोर्स के संचालक एवं पत्रकार पत्रकार आनंद अग्रवाल के बड़े भाई थे। शवयात्रा मंदिर चौक स्थित निज निवास से निकली। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिक शामिल थे।




### विमल अग्रवाल

**पिथौरा,** 16 नवंबर। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं व्यवसायी कुंजबिहारी अग्रवाल के सुपुत्र विमल अग्रवाल का आज असामायिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा में अनेक लोगों ने भाग लिया।



# विशेष प्रेक्षकों ने की निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान के लिए चुनाव संबंधी गतिविधियों की समीक्षा

**महासमुंद,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक धर्मेन्द्र एस गंगवार, विशेष पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार शर्मा, विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले व सूरज सिंह परिहार कमांडेंट लाइजनिंग अधिकारी ने आज जिला पंचायत सभा कक्ष में आवश्यक बैठक लेकर महासमुंद जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत तैयारियों की समीक्षा की। विशेष प्रेक्षकों ने महासमुंद जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार, जफर मलिक एवं पुलिस प्रेक्षक कृष्ण कुमार व्हीके और व्यय प्रेक्षक योगेश कुमार शर्मा, नीलेश राउतकर की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत एस आलोक और उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू से जिले में निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की।



विशेष प्रेक्षकों ने मतदान केंद्रों में सभी निश्चित सुविधाएं उपलब्ध कराने, एक से अधिक मतदान केंद्रों में विशेष ध्यान देने, निर्वाचन के दौरान प्रशासन एवं पुलिस को सतर्क रहने, ऐसे मतदान केंद्र जहां पूर्व में कम मतदान हुए हैं वहां स्वीप की गतिविधियों को बढ़ाते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रेक्षकों ने पुलिस और आबकारी विभाग के साथ फ्लाइंग स्क्वॉड, स्थैतिक निगरानी दल के माध्यम से जांच अभियान तेज करते हुए अवैध रूप से सामग्री परिवहन, शराब परिवहन आदि पर जब्ती की कार्यवाही के निर्देश दिए। विशेष प्रेक्षकों ने जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देशानुसार निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान कराते हुए निर्वाचन के कार्यों को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। प्रेक्षकों ने निर्देशित किया कि मतदान के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधाओं का सामना न करना पड़े। निर्वाचन के पूर्व अंतिम 48 घंटे में संदिग्ध परिवहन, आवागमन और जांच चौकियों का सघन जांच करने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की जानकारी दी। इस दौरान सभी रिटर्निंग अधिकारी एवं नोडल अधिकारी मौजूद थे।

# मतदान दलों को 16 नवम्बर को प्रदान किया जाएगा मतदान सामग्री

**गरियाबंद,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु जिले में 16 नवम्बर 2023 को मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रदान किया जाएगा। निर्वाचन कर्मियों को पूर्व में चुनाव सम्पन्न कराने से संबंधित प्रशिक्षण दिये जा चुके है। 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए मतदान दलों को ईवीएम मशीन सहित अन्य सामग्रियों का वितरण 16 नवम्बर को मंडी परिसर गरियाबंद में किया जायेगा। इसके लिए मतदान दलों को सुबह 6 बजे एवं महिला मतदान दलों को सुबह 10 बजे मंडी परिसर में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि समस्त मतदान कर्मी (पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-01, मतदान अधिकारी क्रमांक-02, मतदान अधिकारी क्रमांक-03 एवं रिजर्व दल) को मतदान सामग्री प्राप्त करने हेतु मंडी परिसर में 16 नवम्बर को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सेक्टर अधिकारियों को भी उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### बायोमैट्रिक सिस्टम से ...

किसानों ने पंजीयन करवाया है, जिसमें से अब तक 60 किसानों ने 226 टन धान बेचा है। धान खरीदी में गड़बड़ी रोकने और किसानों को केंद्र में परेशानी न हो, इसलिए इस बार धान खरीदी के लिए बायो मैट्रिक्स से अंगूठे का निशान अनिवार्य कर दिया गया है।

### सॉफ्टवेयर कंपनी अदा करेगी ...

सॉफ्टवेयर इंस्टॉल ना कर सेवा में कमी में एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है इस हेतु सॉफ्टवेयर कंपनी को 10 हज़ार रु के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल और सदस्य आलोक कुमार दुबे की संयुक्त खंडपीठ द्वारा उक्त आदेश जारी किया गया है।

### केशकाल घाट मरम्मत कार्य के ...

हुए धमतरी व रायपुर पहुंचा जा सकता है। कांकेर जिले के माकड़ी ढाबा के पास मार्ग परिवर्तित कर भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ एवं नारायणपुर होते हुए वाहन कोण्डागांव पहुंच सकेगी।

### दंतेवाड़ा के किसानों को ...

इस बार का चुनाव पूरी तरह धान और किसान पर केन्द्रित रहा है। 31 सौ रूपए प्रति चिंटल देने की घोषणा ने की तो कांग्रेस ने 32 सौ का ऐलान किया है। दंतेवाड़ा में भी किसान 3 दिसंबर के इंतजार में है। इसी दिन चुनाव परिणाम घोषित होंगे और खरीदी केन्द्रों में भी उत्साह दिखेगा।

# महेन्द्रा पिकअप वाहन से 1,70,000 रुपए बरामद व टाटा डीई 207 पिकअप वाहन से 3,07,925 रुपए बरामद

**पिथोरा,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक महासमुंद श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा समस्त थाना प्रभारीयों को जिले मे अवैध गतिविधियो पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन में आज दिनांक 15.11.2023 को हमराह स्टाफ पेट्रोलिंग एवं वाहन चेकिंग हेतु पदमपुर रोड सिटी ग्राउंड के सामने बसना की ओर रवाना हुआ था कि वाहन चेकिंग के दौरान पदमपुर रोड से बसना की ओर से आ रही संदिग्ध वाहन महेन्द्रा पीकअप क्र0 ह्र्र08ञ्3027 को रोककर चेक किया गया वाहन में दो व्यक्ति सवार मिला तथा 36 नग खाली केज ट्राली में लोड था चालक परिचालक का नाम पता पूछताछ उन्होने अपना अपना नाम क्रमश- 01 दामोदर मेहेर पिता स्व0 मधु मेहेर उम्र 45 साल निवासी हरशिंकर रोड पिपलबहाल थाना लाठोर जिला बलांगीर उडिसा एवं 02 शिव मेहेर पिता दामोदर मेहेर उम्र 22 साल निवासी हरशिंकर रोड पिपलबहाल थाना लाठोर जिला बलांगीर उडिसा का रहने वाला बताया। पीकप वाहन के कैबिन की तलाशी लेने पर कैबिन अंदर बने डिक्की अंदर रखे 100, 200, 500 के नोट जुमला रकम 1,70,000 रूपये भारतीय करंसी नोट रखे मिला नगदी रकम के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने हेतु धारा 91 जा0फौ0 का नोटिस दिया जिसके द्वारा उक्त रूपये रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होना लेख करने पर कुल 1,70,000 रूपये भारतीय करंसी नोट एवं घटना में प्रयुक्त वाहन पीकअप वाहन क्र0 ह्र्र08ञ्3027 किमती 5,00,000 रूपये, 36 नग खाली केज कीमती 36,000 रूपये जुमला कीमती 7,06,000 रूपये होना पाया गया जिसके संबंध में वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर उपरोक्त रकम एवं वाहन को जप्त कर धारा 102 जा.फौ. के तहत कार्यवाही किया गया है।



**दूसरी कार्यवाही**

आज दिनांक 15.11.2023 को हमराह स्टाफ पेट्रोलिंग एवं वाहन चेकिंग हेतु जगदीशपुर रोड ओवरब्रीज के नीचे बसना की ओर रवाना हुआ था कि वाहन चेकिंग के दौरान बसना सिटी की ओर से आ रही संदिग्ध वाहन टाटा डीई 207 पीकअप वाहन क्र0 ष्टत्र04छ्ष्4320 को रोककर चेक किया गया वाहन में एक व्यक्ति सवार मिला जिसका नाम पता पूछताछ उन्होने अपना अपना नाम निखिल अग्रवाल पिता सुभाष अग्रवाल उम्र 25 साल निवासी वार्ड नंबर 11 पिथौरा थाना पिथौरा जिला महासमुंद छ0ग0 का रहने वाला बताया। पीकप वाहन के कैबिन की तलाशी लेने पर कैबिन अंदर ड्रायवर के बगल सीट में एक काला रंग का बैग था जिसे अंदर 50, 100, 200, 500 के नोट एवं 5 रूपये के सिक्का सहित जुमला रकम 3,07,925 रूपये भारतीय करंसी नोट रखे मिला नगदी रकम के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने हेतु धारा 91 जा0फौ0 का नोटिस दिया जिसके द्वारा उक्त रूपये रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होना लेख करने पर कुल 3,07,925 रूपये भारतीय करंसी नोट एवं घटना में प्रयुक्त वाहन पीकअप वाहन क्र0 ष्टत्र04छ्ष्4320 किमती 4,00,000 रूपये, जुमला कीमती 7,07,925 रूपये होना पाया गया जिसके संबंध में वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर उपरोक्त रकम एवं वाहन को जप्त कर धारा 102 जा.फौ. के तहत कार्यवाही किया गया है।

नाम जिनसे रकम जप्त की गई : दामोदर मेहेर पिता स्व0 मधु मेहेर उम्र 45 साल निवासी हरशिंकर रोड पिपलबहाल थाना लाठोर जिला बलांगीर उडिसा, शिव मेहेर पिता दामोदर मेहेर उम्र 22 साल निवासी हरशिंकर रोड पिपलबहाल थाना लाठोर जिला बलांगीर उडिसा एवंनिखिल अग्रवाल पिता सुभाष अग्रवाल उम्र 25 साल निवासी वार्ड नंबर 11 पिथौरा थाना पिथौरा जिला महासमुंद।

जप्त संपत्ति : दो प्रकरण में कुल नगदी रकम 4,77,925 (चार लाख ससत्तर हजार नौ सौ पन्द्रह रूपये), घटना में प्रयुक्त वाहन महेन्द्रा पीकअप वाहन क्र0 ह्र्र08ञ्3027 कीमती 5,00,000 रूपये, घटना में प्रयुक्त वाहन टाटा डीई 207 पीकअप वाहन क्र0 ष्टत्र04छ्ष्4320 कीमती 4,00,000 रूपये, 36 नग खाली केज कीमती 36,000 रूपये।

# पत्रकारिता की विषयवस्तु समाज व लोकहित की होनी चाहिए जो सभी की आवाज बन सके : डॉ. रश्मि सिंह

**भानुप्रतापपुर**, 16 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में गुरुवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया।

सर्वप्रथम पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीदाम ढाली ने स्वागत उध्बोधन देते हुए कहा कि 4 जुलाई, 1966 को प्रेस परिषद की स्थापना की गई थी इसने 16 नम्बर, 1966 से विधिवत् कार्य प्रारम्भ कर दिया। इसी दिन को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप मनाया जाता है। यह दिवस पत्रकारों को सशक्त बनाने के साथ जिम्मेदार प्रेस की मौजूदगी का अहसास कराता है।




कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह विद्यार्थियों को प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के समय मे पत्रकारों के सामने चुनौतियां बहुत है। लेकिन उससे डरना नही है। पत्रकारिता के उच्च आदर्शों को बनाये रखना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारिता की विषयवस्तु समाज व लोकहित की होनी चाहिए जो सभी का आवाज बन सके। पत्रकारिता समाज का दर्पण है। पत्रकारिता के आदर्शों व मापदण्डों को बचाये रखने में पत्रकारों के ऊपर एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है जिसका सही ढ़ग से निवर्हन कर रहें है।

कार्यक्रम को वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को बचाये रखना मीडिया का प्रथम दायित्व है। प्रेस को एक जिम्मेदार के रूप में देखा जाता है। इसलिए पत्रकारों को पक्षपाती खबरों से बचना चाहिए। पत्रकारिता लोगों की बीच सूचना पहुँचाने का साधन है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रेस परिषद प्रहरी के रूप में कार्य करता है। मीडिया की निगरानी के लिए प्रेस परिषद एक एजेंसी के रूप में कार्य करता है।

छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो ने कहा कि मीडिया की स्वतंत्रता का क्षरण होना चिन्ता का विषय है। आज ईमानदार प्रेस की मौजूदगी का अहसास प्रेस परिषद कराता है। कार्यक्रम को आईक्यूएसी समन्वयक एवं रासेयो प्रभारी रितेश कुमार नाग ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रेस परिषद नैतिक प्रहरी के रूप में कार्य करता है। प्रेस परिषद पत्रकारों को सशक्त बनाने के साथ मोरल वॉच डॉग की भूमिका में है। लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा करना पत्रकारिता का प्रथम धर्म है और लोकतंत्र के मूल्यों व आदर्शों को बनाये रखना मीडिया का परमकर्तव्य है। साथ ही जनता को जागरूक करना पत्रकारिता का प्रथम ध्येय होना चाहिए। इन्होंने विद्यार्थियों से यह कहा कि पत्रकारिता को मिशन के रूप में कार्य करना होगा।

इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष कमल किशोर प्रधान, क्रीड़ा एवं रेडक्रॉस प्रभारी सुषमा चालकी, महिला प्रकोष्ठ संयोजक नंदिनी कश्यप, टुपेश कोसमा, स्नेहा रितेश नाग, निशा तिवारी, योगेश्वरी कोसमा, दिव्या बाघमार, अश्विनी प्रधान, प्रवीण ठाकुर, पूरन गोटी, दिलीप रामटेके, गिरधारीलाल सिन्हा सहित समस्त स्टाफ एवं पत्रकारिता के छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

**इन विद्यार्थियों का रहा विशेष योगदान**

कार्यक्रम को सफल बनाने में पत्रकारिता के विद्यार्थी सामंत साहू, डिकेश्वर, अजय बेसरा, संतोष गर्ग, अजय उसेण्डी, नगीना पटेल, सुशीला गोटा, कलेश्वरी, देवेन्द्र कुमार का विशेष योगदान रहा।

# पत्रकारों का सम्मान किया उम्मीद सामाजिक संस्थान ने



**कोण्डागांव**, 16 नवम्बर (देशबन्धु)। 16 नवंबर राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस के अवसर पर उम्मीद सामाजिक संस्थान फरसगांव द्वारा नगर के केवी जनरल स्टोर में स्थानीय पत्रकारों को पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं व बधाई देते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उम्मीद सामाजिक संस्था फरसगांव के सदस्य फिरोज मेमन एवं डिक्की जायसवाल ने बताया कि मीडिया लोकतंत्र का चैथा स्तंभ है, जिसे स्वतंत्र व निष्पक्ष होना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि मीडिया समाज का दर्पण है। कभी-कभी निहित स्वार्थों के कारण ये समाचार मीडिया समतल दर्पण के जगह अवतल दर्पण की तरह काम करने लगता है। जिससे समाज की उल्टी, अवास्तविक व काल्पनिक तस्वीर भी सामने आ जाती है। मीडिया भविष्य में भी अपने उच्च आदर्शों के धार्मिक समाज के हितों को स्वतंत्र, कार्यकर्ता और निर्भीक के रूप में प्रदर्शित करता है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय हिंदी व अंग्रेजी दैनिक के पत्रकारों को स्मृति चिन्ह, उपहारए एवं डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया।

**पत्रकारों ने कहा**

मौके पर स्थानीय पत्रकार आशीष दास और कुलजोत संधु ने कहा कि यह दिवस मनाने का मूल उद्देश्य प्रेस की आजादी के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। प्रेस की आजादी के लिए दुनिया को आगाह करने वाला ये दिन बताता है कि लोकतंत्र में लोकतंत्र की सुरक्षा और उसे बहाल रखने में मीडिया की अहम भूमिका है। इस कारण से वास्तु शास्त्र की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

**ये रहे मौजूद**

फरसगांव के स्थानीय पत्रकार आशीष दास, कुलजोत संधु, रमेश बैध, भानेद्र वर्मा, ज्योति कुमार कमलाहशन, विजय कुमार साहू, धनेंद्र निषाद, भरत भारद्वाज, रामकुमार भारद्वाज, हरीश साहू का सम्मान उम्मीद सामाजिक संस्था के सदस्य फिरोज मेमन, डिक्की जायसवाल और दीपेंद्र यादव के द्वारा किया गया।

# भवानीपुर में मातर उत्सव धूमधाम से मनाया गया



**पलारी**, 16 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विकासखंड के ग्राम भवानीपुर में मातर उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। सुबह यादव बंधुओं द्वारा गौठान में जाकर पूजा-अर्चना कर मातर का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। दोपहर में यादव बंधुओं द्वारा विशेष झांकी का प्रदर्शन करते हुऐ गीत एंव संगीत के माध्यम से श्री राधा कृष्ण की जीवन गाथा एंव उनकी झांकी का भी प्रदशर्न किया। जिसमे छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ था रात्रि 9 बजे तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसे देखने के लिए आसपास के अलावा दूरदराज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जहां विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़ी पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम क्रमश: राऊत नृत्य भवानीपुरए डी जे डांस एंव संस्कृतिक कार्यक्रम, भोजली झांकी, जय मां कंकाली झांकी भवानीपुर लोक गीत, लोक संस्कृतिक कार्यक्रम मोर मयारू दाई का कार्यक्रम संपन्न हुए। शासन के निर्देश को पालन करते हुए कार्यक्रम 9 बजे तक ही चला। इस कार्यक्रम में ग्राम के विभिन्न समितिए समस्त ग्रामवासी भवानीपुर का विशेष सहयोग योगदान रहा। उक्त जानकारी सरपंच नारायण निषाद ने दी।

# भाईदूज में मांगे बहना, भैया मेरे वोट देने जरूर जाना

## मतदाता जागरूकता का अभिनव कार्यक्रम




**बागबाहरा**, 16 नवंबर (देशबंधु)। भाई दूज के अवसर पर बागबाहरा पिथौरा मार्ग पर स्थित छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में एकमात्र यम यमी मंदिर परिसर में आयोजित भाईदूज कार्यक्रम में स्वीप ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने मतदाता जागरूकता अभियान की कड़ी में एक नई सोच के साथ रंगोली बनाकर भाई दूज में मांगे बहना ,भैया मेरे वोट देने जरूर जाना कार्यक्रम आयोजित किया । भाई दूज मनाने आई बहनों ने शानदार रंगोली सजाई तथा भाई दूज के प्रतीक स्वरूप दो दीप प्रज्जवलित कर अपने उद्गार के माध्यम से संदेश अपने भाइयों को दिया कि 17 नवंबर को वोट जरूर डालना। डॉक्टर विश्वनाथ पाणिग्राही ने मतदान के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए शत प्रतिशत मतदान हेतु अपील किया । तेंदुकोना निवासी नंदकुमार सोनी परिवार द्वारा आयोजित पूजा पाठ कार्यक्रम में कुछ समय हमें दिया मतदाता जागरूकता हेतु तथा सम्मिलित भी हुए । भाई दूज में यम यमी मंदिर दर्शन हेतु कोटनपाली, सम्हर, सरायपाली, मोंगरापाली, बागबाहरा तेंदुकोना, शिकारी पाली, कुम्हारिमूड़ा सहित 10, 12 गांव से महिलाएं बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर मतदान करने संदेश दिया।

# चिरायु दल एक और चेहरे की मुस्कान



**सरायपाली**, 16 नवंबर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना अंतर्गत चिरायु दल कार्यरत है। चिरायु दल द्वारा सुनने से लेकर के 18 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है एवं गंभीर रूप से ग्रसित बच्चों का निशुल्क इलाज करवाया जाता है। इसी तारतम में सरायपाली विकास खंड के ग्राम छिबर्रा के 4 वर्षीय बालिका गरिमा सेठ पिता चित्रसेन सेठ जो की हृदय की बीमारी जिसे टॉफ कहा जाता है से 3 वर्षों से पीड़ित थी। इस बीमारी की वजह से बच्चे का शारीरिक एवं मानसिक विकास रुक गया था। चिरायु दल के द्वारा इस बच्चे को चिन्हांकित कर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए रायपुर ले जाया गया। रायपुर के एसएमसी हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा बच्चे के हृदय का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में टॉफ का ऑपरेशन नहीं हो पता है फिर भी एसएमसी अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा सफलतापूर्वक बच्चे के हृदय का ऑपरेशन किया गया वर्तमान में बच्ची पूर्ण रूप से स्वस्थ है। परिवार जनों ने अस्पताल प्रशासन का आभार जताया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एच एल जांगड़े के निर्देशन में चिरायु दल के आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश सिंग, डॉ. अनुपा दास, डॉ. जनक जेरी, फार्मासिस्ट उमेश डड़सेना, भीष्म प्रताप राणा, एएनएम देवकी पटेल सुनीता साव लैब टेक्नीशियन परमेश्वर सेन एवं उसत पटेल का विशेष योगदान रहा।

# सकरी प में सुआ नृत्य प्रतियोगिता 19 को

**पलारी**, 16 नवम्बर। विकास खंड पलारी के ग्राम सकरी प में सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आदर्श समिति सकरी प के तत्वावधान में दिनांक 19ध्11ध्23 रविवार को यह कार्यक्रम आयोजित है। प्रथम पुरस्कार 11001रु द्वितीय पुरस्कार 7001रु तृतीय पुरस्कार 5001रू चतुर्थ पुरस्कार 4001रू पंचम पुरस्कार 2001रू तथा शील्ड रखा गया है । इसके अलावा और अनेक आकर्षक पुरस्कार रखे गये है। आदर्श समिति द्वारा प्रत्येक प्रतिभागियों को 1001रू प्रदान किया जाएगा समिति के सदस्य हेमलाल साहू युगेश वर्मा डीके साहू नरेश साहू संतोष साहू टीकमचंद श्याम लाल ने बताया कि इस सुआ नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सभी दानदाताओं के विशेष सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न होगा। आदर्श समिति के सदस्यों ने प्रतिभागियों को अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किए हैं।

# निर्वाचन कार्य के रिजर्व टीम में उत्साह के साथ बैठी महिलाओं की टीम

**बिलाईगढ़**, 16 नवंबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ के चुनई तिहार में रवाना दल के साथ-साथ रिजर्व दल भी निर्वाचन मुख्य केन्द्र मंडी परिसर में तैनात है। रिजर्व दल का उपयोग निर्वाचन कार्मिक के अस्वस्थ या अन्य कारण से उनके जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए रिजर्व दल का उपयोग किया जाता है। ऐसे सभी पुलिस बल, मतदान अधिकारी महिला एवं पुरूष सभी मौजूद थे। उत्साह के साथ बैठी रिजर्व टीम की टोली में लीना कुजूर, सुमन तिर्की, संजीता मिंज, दीपिका भगत, ज्योति जायसवाल, मंजूलता पटेल पूजा अकेला, ममता साहू, आरती शुक्ला मथुरा बंजारे, पुष्पा बरिहा आदि शामिल हैं।

# अज्ञात हमलावरों ने पिता पुत्र को घायल किया



**सरायपाली**, 16 नवंबर। मंगलवार की रात 9.00 बजे नगर से लगे भगवती राईस मिल पतेरापाली वार्ड के पास सरसीवां रोड़ पर पिता पुत्र राईस मिल से घर की ओर आ रहे थे कि अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्तियों ने भारी सामान या लोहे के औजार से वार किया जिससे गोवर्धन अग्रवाल उनके पुत्र हेमंत अग्रवाल घायल हो गए हैं। घायल पिता पुत्र को ईलाज के लिए बसना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है उनके पास के बैग को कथित व्यक्ति लूट कर ले गए। इस घटना से व्यथित आक्रोशित व्यापारी , व्यापारी महासंघ सराय पाली के साथ चेंबर ऑफ कॉमर्स नगर इकाई सरायपाली कैट नगर इकाई सराय पाली के पदाधिकारी ने टी आई से मिलकर घटना पर समुचित कार्रवाई करने का निवेदन किया पुलिस ने भी पूरी तरह से कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है ।इस अवसर पर कैट के नगर इकाई अध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल, व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष सुशील जैन , चेंबर ऑफ कॉमर्स नगर अधिकारी के अध्यक्ष अवधेश अग्रवाल , चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री संजय अग्रवाल सहित किराना व्यापारी संघ, राइस मिल एसोसिएशन के भी पदाधिकारी मौजूद थे।

# जोगी कांग्रेस के तीन बड़े कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

## प्रचार-प्रसार के अंतिम क्षण में शामिल हुए



**सरायपाली**, 16 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद ने चुनाव प्रचार के अंतिम कुछ घंटे पूर्व रोड शो किया रोड शो में सैकड़ो कांग्रेसी शमिल हुए घंटेश्वरी मंदिर से बस स्टैंड थाना चौक जय स्तम्भ चौक होते पदमपुर रोड होते हुए कांग्रेस पार्टी के चुनाव कार्यालय तक शक्ति प्रदर्शन किया रोड शो में मोटर साइकिल पैदल कार्यकर्ता चल रहे थे कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद ने जय स्तम्भ चौक पर लोगों को संबोधित करते हुए वोट देने की अपील की चातुरी नंद वाहन में खड़ी हो कर लोगो का अभिवादन कर रही थी जय स्तम्भ चौक पर जोगी कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता तुलाराम पटेल अमरकोट तिरिथ राम पटेल दर्रीपाली मोहम्मदआरिफ भाई सरायपाली ने कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल पार्षद हरदीप सिंह रैना ने कांग्रेस का गमछा पहना कर स्वागत किया उपरोक्त कार्यकर्ताओं के पार्टी छोड़ने से जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी को तगड़ा झटका लगा है।

# अंचल में धूमधाम से मनी दीवाली

## गौरा-गौरी की गई पूजा-अर्चना



**पलारी**, 16 नवम्बर (देशबन्धु)। समूचे अंचल में रविवार को सबसे बड़ा त्योहार दीपावली धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। दीपावली पर लोगों ने अपने अपने घरों को रंग बिरंगे झालरों से रोशन किया गया था। शाम को माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर अपने परिवार परचित को प्रसाद वितरण कर खूब फ्टाके फोड़े। और वही दूसरे दिन सोमवार को अंचल के गांव भवानीपुरए खपरीए तमोरीए सहाड़ाए मोहानए रिवाडीहए गिधपुरी सहित सभी गांवों में गौर गौरी की विशेष पूजा अर्चना की। बजे गाजे के साथ युवक युवती ने सिर पर गौर गौरी रख कर गली भ्रमण किया। इस दौरान नागरिकों की सैलाब उमड़ पड़ा।जगह जगह घरों से गौर गौरी की पूजा अर्चना की गई श्रद्धालुओं ने सोटे भी खाए। ग्राम भवानीपुर में माता सेवा समिति के द्वारा भोजली माता की झांकीए युवा सेवा समिति की टोली द्वारा भगवान शिव शंकर की विवाह बाराती की झांकी आकर्षक का केंद्र रहा। वही मंगलवार को अंचल में गोवर्धन पर्वत पूजा मनाया गया यादव समाज के द्वारा बाजे गाजे के साथ दोहा पारते हुए गोपालकों के घर पहुचकर गौ माता को सोहाई बांधी।गोधन की पूजा अर्चना कर गोमाता को खिचड़ी खिलाई गई। ग्राम के साहड्डा देवता के पास यादव समाज के द्वारा गोबर इक्ठठा कर गोवर्धन पूजा किया साथ ही लोगो ने एक दूसरे को टिका लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। दूसरे दिन यादव समाज के द्वारा मातर का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

# पखवाड़े भर में 52 किसानों ने बेचा 20841 क्विंटल धान

**कोण्डागांव**, 16 नवम्बर (देशबन्धु)। पखवाड़े भर में 52 किसानों ने 20841 चिंटल धान बेचा हैए जिससे लगता है कि जिले में अब तक धान खरीदी गति नहीं पकड़ पाया हैए वहीं कुछ धान खरीदी केंद्रों में बोहनी भी नहीं हो पाया है।

धान खरीदी शुरू होने के पखवाड़े भर बाद कोण्डागांव जिले में बनाए गए 67 धान उपार्जन केंद्रों में 20841 क्विंटल धान की ही खरीदी हो पाई है। उपार्जन केंद्रों में धान की धीमी आवक को देखते हुए उपार्जन केंद्र में भी सूनापन बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक धान बेचने के लिए अब तक 79 किसानों ने टोकन तो कटवायाए लेकिन निर्धारित खरीदी केंद्रों तक वे समय पर नहीं पहुंच पाएए जिसके चलते 79 में से 52 किसान ही अपनी उपज अब तक बेच पाए हैं। बताया जा रहा है कि बिक्री करने वाले किसानों में सबसे ज्यादा केशकाल विकासखंड के किसान शामिल हैं, जो अपनी उपज उपार्जन केंद्रों तक ला रहे हैं। जिले में इस बार पंजीकृत किसानों की संख्या बढ़कर 51832 हो गई है और रकबा बढकर 77523 हेक्टेयर दर्ज किया गया है। हालांकि अभी किसानों के पास धान बिक्री करने के लिए 31 जनवरी तक का समय है। जिले को धान खरीदी के लिए 261285 मैट्रिक टन का अनुमानित टारेगेट हैं। अब लगभग किसानों के धान खेतों से खलिहानों तक पहुंच चुके है और धान की मिजाई के बाद धान बिक्री के लिए सीधे उपार्जन केंद्रों अब पहुंचने लगेंगे। कहीं ऐसा न हो कि आने वाले दिनों में धान उपार्जन केंद्रों में पैर रखने तक की जगह न हो, क्योंकि इस बार धान खरीदी की लिमिट भी बढ़ा दी गई है।

# चार साल बाद भी अधूरा है जिला स्टेडियम का निर्माण कार्य

**कोण्डागांव**, 16 नवम्बर (देशबन्धु)। 18 माह में पूर्ण किए जाने वाले जिला स्टेडियम निर्माण कार्य के चार साल बाद भी अधूरा रहने और नगर पालिका प्रबंधन के केवल कागजी कार्यवाही में ही लगे रहने का मामला सामने आया है। जिला मुख्यालय कोण्डागांव में नगर पालिका परिषद कोण्डागांव के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से बनवाए जा रहे सर्व सुविधायुक्त जिला स्टेडियम का काम एक बार फिर पिछले कुछ माह से बंद पड़ा हुआ है। जिसके कारण स्थानीय खिलाड़ियों को प्रेक्टिस के लिए मिलने वाली राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। जानकारी के मुताबिक इस स्टेडियम का निर्माण 18 माह में ही पूर्ण कर लिया जाना थाए लेकिन स्टेडियम के निमार्ण कार्य को शुरू हुए चार साल हो गए हैंए पर निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। कभी ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गईए तो कभी फ्ंड की कमी के कारण ठेकेदार ने काम रोके रखा। ज्ञात हो कि भवन निर्माण के लिए वर्ष 2019 में प्रथम कायार्देश ठेकेदार को जारी किया गया था और मई 2021 में कार्य पूर्ण हो जाना थाए लेकिन निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही के कारण निर्माण कार्य प्रभावित रहा और आज स्थिति यह है कि निर्माणाधीन स्टेडियम परिसर मदिरा प्रेमियों का पंसदीदा अड्डा बन गया है। सुबह से देर रात तक यहां मदिरा प्रेमियों की महफ्लि जमी आसानी से देखी जा सकती है।



**18 माह में पूरा करना था निर्माण कार्य**

**दो ठेकेदार बदले जा चुके**

ज्ञात हो कि अब तक इस स्टेडियम निर्माण के लिए दो ठेकेदार बदले जा चुके हैं और तीसरा ठेकेदार भी कुछ खास करता नहीं दिख रहा है। चार माह पहले स्टेडियम जिस स्थिति में देखने को मिल रही थी, आज भी वही स्थिति देखने को मिल रहा है। इसे नगर पालिका प्रबंधन की कमी कहें या फ्रि ठेकेदार की लापरवाही, जो कार्य की गति को आगे बढाने की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। हालांकि निर्माणाधीन परिसर में ठेकेदार ने अपने दो कमर्चारियों को तैनात कर रखा हैए जो केवल अपने सामानों की देख.रेख कर रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि आने वाले सप्ताह भर के भीतर ठेकेदार नए फ्ल्डि पर काम शुरू कर सकता है।

**समय के साथ बढ़ गई राशि भी**

प्रथम कायार्देश के दौरान जो दर निधार्रित की गई थीए वह समय के साथ बढ़कर सात करोड़ से भी ज्यादा हो चुकी है। वहीं दो ठेकेदारों के द्वारा काम नहीं करने के कारण तीसरे ठेकेदार को काम तो दिया गयाए लेकिन कार्य कछुआ गति से उभर नहीं पा रहा है और इस ठेकेदार को कार्यादेश में निर्माण कार्य पूर्ण करने की तिथि भी पार हो चुकी है। ज्ञात हो कि क्षेत्रीय विधायक जब भी इस निर्माण कार्य के निरीक्षण में आएए उन्होंने कार्य की प्रगति को लेकर हर बार अपनी नाराजगी दर्ज करवाई है।

पूछे जाने पर भूपेंद्र वाडेकर सीएमओ नण्पाण् ने कहा कि ठेकेदार को जल्द कार्य पूर्ण करने हेतु नोटिस जारी किया गया हैए दीपावली के बाद कार्य शुरू करने की बात ठेकेदार के द्वारा कही गई है।

# कल से 30 तक किया जाएगा केशकाल घाट में मरम्मत का कार्य

## सड़क मरम्मत तक भारी वाहनों का वैकल्पिक मार्ग से होगा आवागमन



**कोण्डागांव**, 16 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 पर स्थित केशकाल घाट में सड़कों की मरम्मत हेतु लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जगदलपुर के द्वारा बीटी पेंच एवं मरम्मत कार्य 18 नवम्बर से 30 नवम्बर के मध्य किया जावेगा।

इस अवधि के दौरान केशकाल घाट में पैच रिपेयर कार्य हेतु यात्री बसों एवं छोटी चार पहिया वाहनों को छोड़कर केशकाल घाट में मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया गया है। मालवाहकों के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में रायपुर जाने के लिये केशकाल के विश्रामपुरी चैक से व्हाया विश्रामपुरीए बोराईए सिहावा नगरी होते हुए धमतरी एवं रायपुर पहुंचा जा सकता है। वहीं कोण्डागांव एवं जगदलपुर को जाने के लिए कांकेर जिले के माकडी ढाबा के पास परिवर्तित मार्ग से होते हुए भानुप्रतापपुरए अंतागढ़ एवं नारायणपुर के रास्ते कोण्डागांव पहुंचा जा सकेगा।

**भाटापारा विस क्षेत्र के 23 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कल**

**सिमगा,** 16 नवंबर। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में कुल 23 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है जंहा सात प्रत्याशी दलीय पार्टी से अपना भाग्य अजमा रहे तो 16 प्रत्याशी निर्दलीय चुनाव मैदान में है भाजपा से शिवरतन शर्मा कांग्रेस से इंद्र साव जनता जोगी कांग्रेस से जितेन्द्र बंजारे बहुजन समाज पार्टी से ।



# आपका वोट बहुमूल्य है, निर्भीक होकर सोच समझकर मतदान करें : भूपेश बघेल

## सीएम भूपेश ने मतदाताओं से की मतदान की अपील



**रायपुर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कल 70 विधानसभा के लिए मतदान होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के मतदाताओं से अपील करते हुये कहा कि आपका वोट बहुमूल्य है। संविधान ने आपको मतदान का अधिकार देकर सर्वाधिकार संपन्न बनाया है।

मतदान के दिन सारे कामों को पीछे छोड़कर मतदान को प्राथमिकता दें यह आपका पहला नागरिक कर्तव्य है। निर्भीक होकर सोच समझकर मतदान करें। आपका मत नवा छत्तीसगढ़ के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

मतदान करने जाये, अपने मुद्दों पर मतदान करें जिससे आपका जीवन सुधरेगा उन मुद्दों पर मतदान करे जब मत डाले तो यह जरूर देखें कौन आप के सुख-दुख में खड़ा रहेगा और आपके जीवन स्तर को सुधारने को काम करेगा। अत: मतदान अवश्य करें।

# समाजवादी पार्टी पश्चिम विस का चुनाव रद्द करने की मांग करेगी

## तय समय में पहुंचने के बाद नामांकन पत्र नहीं लिया गया



**रायपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता को पार्टी ने रायपुर पश्चिम का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था। नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन दोपहर 2 बजे से 3 बजे के बीच उनका प्रतिनिधि संजय यादव वहां पर नामांकन फार्म लेकर पहुंचा था। वहां पर निर्वाचन अधिकारी ने फार्म लेने के बजाय उसे वहां से भगा दिया। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी का यह दायित्व नामांकन भरने के समय तय समय तक पहुंचने पर प्रत्याशी का नामांकन लेना अनिवार्य होता है। पश्चिम विधानसभा के पीठासीन अधिकारी ने पुलिस बुलाकर उनके प्रतिनिधि संजय यादव को बाहर कर दिया। प्रत्याशी ने इसे लेकर आपत्ति करते हुए उप निर्वाचन अधिकारी से उस दिन का वीडियो फूटेज आवेदन देकर मांगा, पर उन्हें आज तक नहीं दिया गया। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव को इसकी जानकारी दी है। श्री गुप्ता ने बताया कि इस मामले को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। कोर्ट से पश्चिम विधानसभा का चुनाव रद्द करने की मांग करेंगे।

## कांग्रेस के चार बागी नेताओं पर कार्रवाई

**रायपुर,** 16 नवंबर। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के एक दिन पहले कांग्रेस ने बागियों पर कार्रवाई की है।चुनावी मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ लड़ने और पार्टी विरोधी गतिविधि करने पर रायपुर उत्तर के 4 नेताओं को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है। निष्कासन आदेश शहर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि विधानसभा चुनाव 2023 मे पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा के विरूद्ध चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के बागी प्रत्याशियो एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों मे संलिप्त पदाधिकारी/कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है।

# आपके वोट की शक्ति छत्तीसगढ़ की तक़दीर बदल सकती है : रमन सिंह

## पूर्व सीएम ने प्रदेशवासियों से की मतदान करने की अपील

**रायपुर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रदेशवासियों से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने किया इसके साथ ही प्रदेश में जब पहली बार विधानसभा चुनाव हुए तब से लेकर पिछले विधानसभा चुनाव तक लगातार हम सभी ने मिलकर प्रदेश को विकास की राह पर आगे बढ़ाया और छत्तीसगढ़ की पहचान बीमारू राज्य से बदलकर एक विकासशील प्रदेश के रूप में स्थापित की।



पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश को फिर से विकास की पटरी पर लौटाने का समय आ गया है। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अब अपने मताधिकार का उपयोग करने और प्रदेश में सुशासन की सरकार बनाने का समय आ चुका है। यह मताधिकार सिर्फ एक वोट नहीं बल्कि संविधान से प्राप्त एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है जिससे छत्तीसगढ़ के अगले 5 साल निर्धारित होते हैं

इसके आगे डॉ रमन सिंह ने प्रदेशवासियों से निवेदन करते हुए कहा कि मेरा आपसे आग्रह है कि आप सभी प्रदेशवासी मतदान अवश्य करें और लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाएं।

जो युवा पहली बार मतदान करने वाले हैं (फर्स्ट टाइम वोटर्स) वे सभी पूरी जिम्मेदारी से योग्य उम्मीदवार का चुनाव करें जिससे आने वाले इन 5 वर्षों में आपके मतदान की शक्ति छत्तीसगढ़ की तक़दीर बदल पाए। प्रदेश के सुनहरे भविष्य और समस्त प्रदेशवासियों के विकास के लिए हम सभी को शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है। निर्वाचन की यह पूरी व्यवस्था और अपने प्रतिनिधि के चयन का यह अवसर एक महत्वपूर्ण मौका है और कल आप सभी को अपने मतदान केंद्र पहुँचकर छत्तीसगढ़ के भविष्य का निर्धारण करना है जिसके लिए आप सभी को बहुत मंगलकामनाएं।

# महादेव घाट में आज से शुरू होगा छठ महापर्व



**रायपुर,** 16 नवंबर। चार दिवसीय छठ महापर्व 17नवंबर को महादेव घाट में नहाय खाय के साथ शुरू होगा। 20 सुबह अर्ध देने के साथ ही आस्था के इस पर्व का समापन होगा। पर यहां 25 से 30 हजार की भीड़ जुटने की संभावना है। इस अवसर पर दिलीप सारंगी के अलावा इलाहाबाद के लोक कलाकार कार्यक्रम पेश करेंगे। छठ महापर्व आयोजन समिति के प्रमुख राजेश कुमार सिंह ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।उन्होंने बताया रायपुर में 50 से अधिक जगहों पर इस वर्ष भी धूम धाम से यह पर्व मनाया जाएगा।17 को नहाय खाय के साथ पर्व शुरू होगा।18 को खरना, संध्या अर्ध 19 को होगा। रात में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। ऊषा अर्द्ध 20 नवंबर को होगा।समिति के द्वारा 19 को खारुन नदी की महा आरती की जाएगी।।आयोजन समिति के प्रमुख राजेश कुमार ने बताया इस वर्ष छठ पूजा भव्यता और उत्साह के साथ मनाने का फैसला लिया गया है।

# प्रदेश की युवा शक्ति के लिए भाजपा एक नई ऊर्जा उमंग और विश्वास का सूर्योदय लेकर आ रही : शर्मा

**रायपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि प्रदेश की युवा शक्ति के लिए दिसम्बर-23 में बनने जा रही भाजपा की सरकार एक नई ऊर्जा, उमंग और विश्वास का सूर्योदय लेकर आ रही है। छत्तीसगढ़ में अपनी सरकार बनते ही भाजपा यह सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है कि प्रदेश के हर युवा को काम मिले, उनकी प्रतिभा का सम्मान हो। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने हर कदम पर युवाओं के साथ विश्वासघात किया और घोटालों की श्रृंखला चलाकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया है। भाजपा की सरकार युवाओं के सनुहरे भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री शर्मा ने कहा कि दिसम्बर में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही सभी रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती करके युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा। भाजपा ने 2.5 लाख युवाओं को भर्तियों के माध्यम से रोजगार प्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ को इनोवेशन हब के रूप में विकसित करके 6 लाख युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाएगा। च्छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजनाज् के तहत प्रदेश के युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ब्याजमुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली कांग्रेस सरकार ने जिस तरह पीएससी परीक्षाओं में गड़बड़ी की, उसकी जाँच करके दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। पीएससी और व्यापमं जैसी सभी प्रमुख परीक्षाओं के लिए यूपीएससी की तर्ज पर वार्षिक कैलेंडर बनाया जाएगा और हर ब्लॉक में कम-से-कम एक परीक्षा केंद्र स्थापित करेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए अत्याधुनिक ओलंपिक प्रशिक्षण अकादमी स्थापित कर भाजपा सरकार युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करेगी। श्री शर्मा ने कहा कि युवाओं के साथ छलावे और धोखाधड़ी का समय अब खत्म हो रहा है और इसके लिए प्रदेश के युवा भाजपा के पक्ष में शत-प्रतिशत मतदान कर अपने सपनों को नई उड़ान देंगे।

# चिरायु दल एक और चेहरे की मुस्कान



**सरायपाली,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना अंतर्गत चिरायु दल कार्यरत है। चिरायु दल द्वारा सुनने से लेकर के 18 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है एवं गंभीर रूप से ग्रसित बच्चों का निशुल्क इलाज करवाया जाता है। इसी तारतम में सरायपाली विकास खंड के ग्राम छिबर्रा के 4 वर्षीय बालिका गरिमा सेठ पिता चित्रसेन सेठ जो की हृदय की बीमारी जिसे टॉफ कहा जाता है से 3 वर्षों से पीड़ित थी। इस बीमारी की वजह से बच्चे का शारीरिक एवं मानसिक विकास रुक गया था। चिरायु दल के द्वारा इस बच्चे को चिन्हांकित कर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए रायपुर ले जाया गया। रायपुर के एसएमसी हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा बच्चे के हृदय का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में टॉफ का ऑपरेशन नहीं हो पता है फिर भी एसएमसी अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा सफलतापूर्वक बच्चे के हृदय का ऑपरेशन किया गया वर्तमान में बच्ची पूर्ण रूप से स्वस्थ है। परिवार जनों ने अस्पताल प्रशासन का आभार जताया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एच एल जांगड़े के निर्देशन में चिरायु दल के आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश सिंग, डॉ. अनुपा दास, डॉ. जनक जेरी, फार्मासिस्ट उमेश डड़सेना, भीष्म प्रताप राणा, एएनएम देवकी पटेल सुनीता साव लैब टेक्नीशियन परमेश्वर सेन एवं उसत पटेल का विशेष योगदान रहा।

## नेताम व ठाकुर को नोटिस, 24 घंटे में देना होगा कांग्रेस को लिखित जवाब

**रायपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पार्टी अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न होने का मामला संज्ञान में आया है, जो पार्टी अनुशासनहीनता की परीधि में आता है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम व प्रदेश प्रतिनिधि तपेश्वर ठाकुर को कारण बताओ नोटिस किया गया है। जारी नोटिस का लिखित जवाब व स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# प्रदेश की जनता जानती है किस पर भरोसा करना है : भूपेश बघेल

## हमने छग का आत्मसम्मान लौटाया,ग़रीबी दूर कर संपन्नता की ओर ले गए

**रायपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की जनता का पिछले पांच बरसों में न केवल आत्मगौरव बढ़ा है बल्कि राजनीतिक चेतना भी बढ़ी है। उन्होंने कहा है कि अब छत्तीसगढ़ की जनता जानती है कि किस पर भरोसा करना है और कौन गारंटी के रूप में चुनावी जुमला फेंक रहा है। कांग्रेस की सरकार ने पिछले पांच साल में जो काम किए हैं, यह चुनाव उसी पर जनमत संग्रह है और हमें विश्वास है कि इसमें हम खरे उतरेंगे।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश की जनता की जेबों में पिछले पांच साल में पौने दो लाख करोड़ रुपए गए हैं। और इसका असर यह हुआ है कि प्रदेश में न केवल संपन्नता बढ़ी और 40 लाख लोग ग़रीबी रेखा से बाहर निकले। बल्कि प्रदेश में कारोबार और उद्योग भी फले फूले हैं।

भूपेश बघेल ने कहा है कि दूसरी ओर भाजपा है जिसने प्रदेश की जनता के साथ धोखा ही किया। न किसानों को वादे के मुताबिक 2100 रुपए कीमत दी और न हर साल 300 रुपए का बोनस दिया. उन्होंने न हर आदिवासी परिवार को रोज़गार दिया और न उन्हें सुरक्षा दी। उन्होंने कहा है कि 15 साल के भाजपा शासनकाल में छत्तीसगढ़ की पहचान नक्सल और गरीब प्रदेश के रूप में ही थी और कांग्रेस की सरकार ने सफलता पूर्वक इस पहचान को बदला है। उन्होंने कहा कि पांच साल में ये फ़र्क पड़ा है कि अब छत्तीसगढ़ को माता कौशल्या की भूमि, राम वन गमन पथ, आदिवासी नृत्य महोत्सव और छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को भाजपा के शासनकाल में भुला दिया गया था और अब हर छत्तीसगढ़वासी आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ अपनी संस्कृति और परंपरा पर गर्व करता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कल जब जनता वोट करेगी तो उसे अवश्य याद रहेगा कि छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने वाली कांग्रेस को वोट देना है। हम आश्वस्त हैं कि जनता हमें पूरा आशीर्वाद देगी और एक बार फिर प्रदेश में भारी बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी।

# अनियमित, संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए कदम उठाएंगे : ओपी चौधरी

**रायपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा है कि दिसंबर में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनते ही 100 दिनों के भीतर प्रदेश के सरकारी विभागों में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों की समीक्षात्मक प्रक्रिया आरंभ करने एवं मार्ग प्रशस्त करने एक कमेटी का गठन करने के लिए संकल्पित है। इस समिति में अनियमित कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी भी सदस्य होंगे। श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा की इन विधानसभा चुनावों में जीत सुनिश्चित हो चुकी है और इसी के साथ प्रदेश के कर्मचारियों की समस्याएँ हल होने का रास्ता खुलने जा रहा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही अनियमित, संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण के अपने संकल्प की पूर्ति के लिए कदम उठाएगी। भाजपा सरकार पंचायत सचिवों को नियमित कर उनका बकाया एरियर पीपीएफ में जोड़ा जाएगा। छत्तीसगढ़ में दिसंबर में बनने जा रही भाजपा की सरकार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र सरकार द्वारा दिए जा रहे डी.ए. के समान डी.ए. देगी। भाजपा सरकार मितानिन (आशा) कर्मचारियों को एनएचएम के अंतर्गत स्थायी रूप से लिए जाने के लिए केंद्र सरकार के साथ चर्चा कर पहल करेगी। श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार मितानिन कर्मचारियों के मासिक मानदेय और शिक्षा विभाग में कार्यरत सफाई कर्मी व मध्याह्न भोजन रसोइयों के वेतन में 50 फीसदी की वृद्धि करेगी। इसी प्रकार तृतीय और चतुर्थ वर्ग के पुलिस कर्मियों के लिए पुलिस चार्टर्स के निर्माण के लिए पुलिस कल्याण कोष को सशक्त करेंगे जबकि वादे के बावजूद कांग्रेस की भूपेश सरकार ने पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए कोई काम नहीं किया और इसे लेकर पुलिस कर्मियों को आंदोलन तक करना पड़ा जिसमें उनके परिजनों से दुर्व्यवहार तक किया गया। कांग्रेस सरकार ने अनियमित, संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को वादा करके भी नियमित नहीं किया। श्री चौधरी ने प्रदेश के सभी कर्मचारियों से मतदान के द्वितीय चरण में भाजपा के पक्ष में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की है।



## निधन

### कालविन शाद

**भानुप्रतापपुर,** 16 नवंबर। सुभासपारा निवासी स्नैक कैचर कालविन शाद 52 वर्ष देर रात इलाज के दौरान निधन हो गया। काल्विन ने क्षेत्र में जहरीले सांपों से कई लोगों को निजात दिलाई है और सांपों को पकड़कर उन्हें जंगल में छोड़ कर उनकी भी जान बचाई है। अंतिम संस्कार स्थानीय मसीह कब्रस्तान भानुप्रतापपुर में किया गया।



### दिनेश पटेल

**सरायपाली,** 15 नवंबर। ग्राम बिछियां निवासी कृषक नेता दिनेश पटेल (55 वर्ष) का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर उन्हें नम आंखों से विदाई दी। वे अंतर्राष्ट्रीय वुडबाल खिलाड़ी जितेंद्र पटेल के पिता व बेदराम पटेल के ज्येष्ठ भ्राता थे। उपसरपंच कमला पटेल के पति थे। गृह ग्राम बिछियां में दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया गया।



### नरेश अग्रवाल

**पिथौरा,** 16 नवंबर। (भकलूडीह वाले) नरेश अग्रवाल फर्म रूप श्रृंगार फैंसी स्टोर्स पिथौरा का दुखद निधन हो गया है। नरेश जी कैलाश अग्रवाल (बोरवेल्स) एवं श्रृंगारिका फैंसी स्टोर्स के संचालक एवं पत्रकार पत्रकार आनंद अग्रवाल के बड़े भाई थे। शवयात्रा मंदिर चौक स्थित निज निवास से निकली। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिक शामिल थे।



### विमल अग्रवाल

**पिथौरा,** 16 नवंबर। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं व्यवसायी कुंजबिहारी अग्रवाल के सुपुत्र विमल अग्रवाल का आज असामायिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा में अनेक लोगों ने भाग लिया।



# भाईदूज में मांगे बहना, भैया मेरे वोट देने जरूर जाना

## मतदाता जागरूकता का अभिनव कार्यक्रम



**बागबाहरा,** 16 नवंबर (देशबंधु)। भाई दूज के अवसर पर बागबाहरा पिथौरा मार्ग पर स्थित छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में एकमात्र यम यमी मंदिर परिसर में आयोजित भाईदूज कार्यक्रम में स्वीप ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने मतदाता जागरूकता अभियान की कड़ी में एक नई सोच के साथ रंगोली बनाकर भाई दूज में मांगे बहना ,भैया मेरे वोट देने जरूर जाना कार्यक्रम आयोजित किया। भाई दूज मनाने आई बहनों ने शानदार रंगोली सजाई तथा भाई दूज के प्रतीक स्वरूप दो दीप प्रज्जवलित कर अपने उद्गार के माध्यम से संदेश अपने भाइयों को दिया कि 17 नवंबर को वोट जरूर डालना। डॉक्टर विश्वनाथ पाणिग्राही ने मतदान के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए शत प्रतिशत मतदान हेतु अपील किया। तेंदुकोना निवासी नंदकुमार सोनी परिवार द्वारा आयोजित पूजा पाठ कार्यक्रम में कुछ समय हमें दिया मतदाता जागरूकता हेतु तथा सम्मिलित भी हुए। भाई दूज में यम यमी मंदिर दर्शन हेतु कोटनपाली, सम्हर, सरायपाली, मोंगरापाली, बागबाहरा तेंदुकोना, शिकारी पाली, कुम्हारिमूड़ा सहित 10, 12 गांव से महिलाएं बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर मतदान करने संदेश दिया।

# कर्मचारी, पेंशनर और उनके परिवार के लोग आक्रोश अब मतदान में दिखाएंगे : नामदेव

**रायपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए जुलाई 23 से एरियर सहित 4 प्रतिशत डीए/डीआर देने आदेश जारी होने के बाद राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों को भी विधानसभा चुनाव में कर्मचारियों के वोट बटोरने के नाम पर ही सही 5 साल से लगातार एरियर हजम करने वाली सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी के सरकार से पहली बार एरियर सहित महंगाई भत्ता मिलने की उम्मीद बनी। परंतु सरकार के नीयत को लेकर बुजुर्ग पेंशनर और कर्मचारी जगत को संदेह था जो सच सबित होने जा रहा है क्योंकि जिस प्रकार से कर्मचारी और पेंशनर संघों द्वारा इसके लिए लगातार मांगों के बावजूद बहुत विलम्ब से सरकार ने निर्वाचन आयोग से अनुमति लेने की। पता चला है कि निर्वाचन आयोग ने विलम्ब के कारण अब तक अनुमति नहीं दी और अब मतदान तिथि 17 नवंबर तक आदेश जारी होने को कोई संभावना नज़र नहीं आ रहा है।कांग्रेस पार्टी शासित छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जानबूझकर देर किया गया। जबकि कांग्रेस पार्टी की ही राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार ने केन्द्र सरकार घोषणा के तुरन्त बाद निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर अक्टूबर माह में ही आदेश जारी कर एरियर सहित डीए डीआर भुगतान के आदेश जारी कर दिया। अब राज्य के कर्मचारियों की उम्मीद पर पानी फिर गया है। वर्तमान सत्ताधारी सरकार के नीयत को लेकर प्रदेश में कर्मचारियों तथा पेंशनरों और उनके परिवार में आक्रोश है जो मतदान में जरूर दिखेगा। सबको आशंका है कि सरकार कोई भी आए अब एरियर सहित डीए डीआर की संभावना नहीं है। वर्तमान सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी के सरकार से विगत 5 साल के अनुभव को देखते हुए कोई उम्मीद नहीं है और भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र में जरूर वादा किया है कि सरकार आने पर कर्मचारियों और पेंशनरों को डीए डीआर केंद्र के समान दिया जाएगा। परंतु पिछला अनुभव से भरोसा कम है।

## महंगाई भत्ता पर चुनाव आयोग से अनुमति का अता-पता नहीं

जारी विज्ञप्ति में पूर्व कर्मचारी नेता छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश संयोजक तथा भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने बताया है कि राज्य सरकार द्वारा निर्वाचन आयोग से जानबूझकर विलम्ब से अनुमति मांगा गया है ताकि बिना एरियर डी ए का आदेश मतदान तिथि पहले न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने 20 सीटों पर प्रथम चरण मतदान के बाद कर्मचारियो के रुख को देखते हुए 4 फीसदी डीए देने घोषणा के लिए मजबूर हुए परंतु पेंशनरों को डीआर देने की बात को अपने ट्वीट में गोल कर गये है।5 राज्यों में विधान सभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू पर कांग्रेस पार्टी शासित राजस्थान राज्य सरकार ने केन्द्र के घोषणा के तुरन्त बाद अक्टूबर माह में ही चुनाव आयोग से अनुमति लेकर एरियर सहित डीए/डीआर देने आदेश जारी कर छग के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया ।परंतु छग सरकार ओभर कांफिडेंस में इसे नोटिस में नहीं लिया जिसका विपरीत प्रभाव प्रथम चरण में देखने के बाद मजबूर होकर सोशल मीडिया में ट्वीट कर मुख्यमंत्री ने हालत सुधारने की प्रयास किया है। परंतु दूसरे चरण के मतदान तिथि तक निर्वाचन आयोग से अनुमति नहीं मिले के कारण अब आदेश की संभावना धूमिल हो गई हैं और अब सत्ताधारी दल को इसका चुनाव में कोई लाभ नहीं मिलेगा।

# प्रदेश की 30 हाई प्रोफाइल सीटों पर आज होगा दिग्गजों का फैसला

## भूपेश बघेल, 10 मंत्री, 2सांसद सहित कई नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर

**रायपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)।प्रदेश में कल 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 70 सीटों पर मतदान किया जाएगा। दूसरे चरण की 70 सीटों में लगभग आधी हाई प्रोफाइल सीटें है जिनमे बड़े चेहरों की किस्मत दांव पर लगी है।इनमे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विस अध्यक्ष चरणदास महंत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व लोक सभा सदस्य अरुण साव, विजय बघेल, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल मंत्री रविंद्र चौबे,ताम्रध्वज साहू, अमरजीत भगत, शिव कुमार डहरिया,रुद्र गुरु, अनिला भेड़िया , जनता कांग्रेस की रेणु जोगी और अमित जोगी समेत 30 प्रत्याशी शामिल है।

### हाई प्रोफाइल सीटें

**अंबिकापुर:** अंबिकापुर से प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी त्रिभुनेश्वर शरण सिंहदेव व भाजपा प्रत्याशी राजेश अग्रवाल के बीच मुकाबला है।

**सीतापुर:** सीतापुर से मंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी अमरजीत भगत के खिलाफ भाजपा ने रामकुमार टोप्पो को प्रत्याशी बनाया है। श्री टोप्पो से उन्हे कड़ी चुनौती मिल रही है।

**पत्थलगांव:** पत्थलगांव से भाजपा प्रत्याशी गोमती साय के सामने कांग्रेस से आठ बार के विधायक रामपुकार सिंह है।

**रामानुजगंज:** रामानुजगंज से भाजपा प्रत्याशी राम विचार नेताम के खिलाफ कांग्रेस प्रत्याशी अजय तिर्की मैदान में है।

**भरतपुर-सोनहत:** भरतपुर-सोनहत से भाजपा प्रत्याशी रेणुका सिंह के सामने कांग्रेस प्रत्याशी व विधायक गुलाब सिंह कमरो फिर से मैदान में है।

**बिलासपुर:** बिलासपुर से भाजपा प्रत्याशी अमर अग्रवाल के सामने वर्तमान विधाता शैलेश पांडे को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है।

**कोटा में त्रिकोणीय मुकाबला:** कोटा से भाजपा प्रत्याशी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव के सामने कांग्रेस प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव है।और यही जनता कांग्रेस के संस्थापक अजीत जोगी की पत्नी व वर्तमान विधायक रेणु जोगी भी चुनाव मैदान में हैं।जिसके कारण यहां त्रिकोणीय मुकाबला है।

**तखतपुर:** तखतपुर से भाजपा ने लोरमी के विधायक धर्मजीत सिंह को प्रत्याशी बनाया है। यहां कांग्रेस वर्तमान कांग्रेस प्रत्याशी रश्मि सिंह के बीच टक्कर है।

**लोरमी:** लोरमी से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के चुनाव लडने से यह सीट हाई प्रोफाइल हो गई है।उनके खिलाफ कांग्रेस ने थानेश्वर साहू को प्रत्याशी बनाया है।

**जांजगीर-चांपा** जांजगीर-चांपा से भाजपा प्रत्याशी नारायण चंदेल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी व्यास कश्यप चुनाव मैदान में है।

**सक्ति:** सक्ति से विधानसभा अध्यक्ष कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. चरणदास महंत चुनाव लड़ रहे है। भाजपा ने उनके खिलाफ खिलावन साहू मैदान में है।

**रायगढ़:** कलेक्टर की नौकरी छोड़कर राजनीति में आए भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी एक बार फिर रायगढ़ से किस्मत आजमा रहे है।उनका मुकाबला यहां कांग्रेस प्रत्याशी व वर्तमान विधायक प्रकाश नायक से है।

**खरसिया:** खरसिया से भाजपा प्रत्याशी महेश साहू के सामने मंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी उमेश पटेल एक बार फिर चुनाव लड़ रहे हैं।

**कोरबा:** कोरबा से मंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी जयसिंह अग्रवाल के खिलाफ भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन मैदान में है।

**रामपुर:** रामपुर से भाजपा प्रत्याशी ननकीरामकवंर व कांग्रेस प्रत्याशी फूलसिंह रठिया के बीच मुकाबला है।

**रायपुर दक्षिण:** रायपुर दक्षिण से आठ बार के विधायक व भाजपा के कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल चुनाव लड़ रहेहै।कांग्रेस ने दुधाधारी मठ के महंत रामसुंदर दास को मैदान में उतारा है।जिससे मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है।

**रायपुर पश्चिम:** रायपुर पश्चिम में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है।भाजपा प्रत्याशी राजेश मूणत पिछली बार विकास उपाध्याय से चुनाव हार गए थे।वे फिर से मैदान में है। दोनो के बीच काफी कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है।

**रायपुर ग्रामीण:** रायपुर ग्रामीण से दोनो प्रमुख दलों के बीच मुकाबला है। भाजपा प्रत्याशी मोतीलाल साहू के सामने कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा मैदान में है।दोनो ही पहली बार यहां से चुनाव लड़ रहे है।

**धरसीवां:** धरसीवां से भाजपा प्रत्याशी अनुज शर्मा के सामने कांग्रेस ने पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा को प्रत्याशी बनाया है।

**अभनपुर:** अभनपुर से भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू व कांग्रेस के वर्तमान विधायक धनेंद्र साहू के बीच मुकाबला है।

**आरंग:** आरंग से मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के खिलाफ भाजपा ने गुरु खुशवंत सिंह को मैदान में उतारा है।।यहां सतनामी समाज के गुरु व मंत्री के बीच मुकाबला है।

**राजिम:** राजिम से भाजपा ने जनता कांग्रेस से आए रोहित साहू को प्रत्याशी बनाया है।उनका मुकाबला कांग्रेस के वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ला से है।

**डोंडीलोहारा:** डोंडीलोहारा से भाजपा प्रत्याशी देवलाल हलवा ठाकुर के सामने कांग्रेस ने महिला बाल विकास मंत्री प्रत्याशी अनिला भेड़िया को मैदान में उतारा है।

# रायपुर के 7 विधानसभा सीटों में 123 प्रत्याशी आजमाएंगे किस्मत

**रायपुर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के लिए रायपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 18 लाख 84 हजार 926 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे. सबसे अधिक रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 49 हजार 316 मतदाता है. विधानसभा रायपुर पश्चिम में दो लाख 91 हजार 538 मतदाता, रायपुर नगर दक्षिण में दो लाख 59 हजार 948 मतदाता, धरसीवां विधानसभा में 2 लाख 34 हजार 663, आरंग विधानसभा में 2 लाख 31 हजार 327, अभनपुर विधानसभा में 2 लाख 13 हजार 936 और बलौदाबाजार विधानसभा के रायपुर जिले में शामिल क्षेत्रों में 1 लाख 2 हजार 48 मतदाता कल अपना प्रतिनिधि चुनने वोट डालेंगे और मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में सहभागी बनेंगे. जिले में इस बार 397 सर्विस वोटर, 11 हजार 734 पीडब्ल्यूडी वोटर और 80 साल से अधिक उम्र के 20 हजार 526 वोटर भी मताधिकार का उपयोग करेंगे.

**18 लाख से अधिक मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग, पश्चिम सीट में सबसे अधिक प्रत्याशी**

**उत्तर विधानसभा के 201 मतदान केन्द्रों में महिलाएं कराएंगी वोटिंग:** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 में इस बार महिला मतदाताओं की विशेष सहायता तथा सहूलियत के लिए संगवारी और आदर्श मतदान केंद्र भी बनाये गये है. रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के सभी 201 मतदान केन्द्रों में इस बार महिलायें ही वोटिंग करायेंगी. उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अलावा अन्य छह विधानसभा क्षेत्र में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र बनाये गये है. यहा पीठासीन अधिकारी से लेकर अन्य मतदान कर्मचारी एवं सुरक्षा महिलाओं के हाथ में होगी. यहा महिला मतदाता आसानी से वोट डाल सकेगी.

**कुल 1878 मतदान केंद्रों में होगा मतदान:** विधानसभा निर्वाचन के लिये जिले में कुल 1878 मतदान केंद्र बनाये गये है. धरसीवां विधानसभा में 251, रायपुर ग्रामीण में 307, रायपुर पश्चिम में 265, रायपुर उत्तर में 201, रायपुर दक्षिण में 255, रायपुर आरंग में 249, अभनपुर में 240 और बलौदाबाजार विधानसभा में शामिल क्षेत्र में 110 मतदान केंद्र बनाये गये है.

**दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को कतार में खड़े होने से मिलेगी छूट:** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत सेक्टर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी मतदान केन्द्रों में व्हीलचेयर, स्टीक, रैम्प की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये. मतदान दिवस में दिव्यांग एंव अधिक उम्र के वृद्ध मतदाताओं को कतार में खड़े होने से छूट प्रदान करने के भी निर्देश है.

**सेक्टर अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य करेंगे-** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने चुनाव प्रक्रिया में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र में सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य करेंगे. मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ मतदान दिवस में मतदान प्रतिशत की जानकारी उपलब्ध कराना एवं ईव्हीएम, वीवीपेट आदि की पर्याप्त जानकारी रखते हुए अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यकतानुसार मार्गदर्शन देने के निर्देश में भी जारी किए गए है.

**कुल 123 प्रत्याशी आजमाएंगे अपनी किस्मत, रायपुर पश्चिम से सर्वाधिक 26 अभ्यर्थी:** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए रायपुर जिले के सातों विधासभाओं में कुल 123 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाएंगे. सर्वाधिक 26 प्रत्याशी रायपुर पश्चिम विधानसभा में है. धरसीवां और रायपुर ग्रामीण विधानसभा में 18-18, रायपुर उत्तर में 14, रायपुर दक्षिण में 23, आरंग में 11 और अभनपुर विधानसभा में 13 प्रत्याशी निर्वाचन मैदान में है.

# भूपेश बघेल कुरुदडीह, मो अकबर मौदहापारा सिंहदेव बाबूपारा, महंत सरागांव में डालेंगे वोट



**रायपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में 2018 में चुनी गई सरकार के मंत्री कल अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने और कांग्रेस के अन्य प्रत्याशियों के लिए वोट करेंगे।

तेरह सदस्यीय मंत्रियों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल पाटन के कुरुदडीह मतदान केंद्र में अपने ही लिए वोट डालेंगे। विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत सक्ति जिले के बिसाहू दास महंत स्कूल सारागांव, टीएस सिंह देव बाबूपारा अंबिकापुर, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ग्राम फव्वारा दुर्ग ग्रामीण, कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे महुआ भाटा साजा, मो अकबर राजधानी के मौदहापारा से मतदाता हैं।लेकिन कवर्धा से निर्वाचित होकर मंत्री बने हैं। शिव कुमार डहरिया नेताजी चौक आरंग, अमरजीत भगत रेस्ट हॉउस पारा सीतापुर, अनिला भेडिया संजय पारा डौंडीलोहारा, उमेश पटेल नंदेली खरसिया, गुरु रूद्र कुमार लोधी पारा रायपुर, जय सिंह अग्रवाल गर्वमेंट हाई स्कूल कोरबा, धनेन्द्र साहू तोरला अभनपुर और अमितेश शुक्ला किरवई राजिम में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# थाने में कांग्रेसियों ने भाजपा के लोगों पर किया जानलेवा हमला : राजेश मूणत



**रायपुर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। रायपुर पश्चिम के भाजपा प्रत्याशी राजेश मूणत ने कहा कि कल रात सरस्वती नगर थाने में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला किया गया।

राजेश मूणत ने बयान जारी करके कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पूरे चुनाव के दौरान अपराधिक तत्वों और शासकीय बल का दुरुपयोग करते हुए लोकतंत्र के महापर्व की मूल भावना को नष्ट करने प्रयास में कोई कमी नहीं छोड़ी है। बीती रात कांग्रेस के गुंडों ने सरस्वती नगर थाने में शिकायत करने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला किया गया। जनता भाजपा के पक्ष में मतदान करके इसका पुरजोर जवाब जरूर देगी। मूणत ने कहा कि जब से आचार संहिता लगी है तब से लेकर आज तक रायपुर शहर में कांग्रेस के संरक्षण में कई आपराधिक घटनाएं,हत्याएं हुई हैं। यही स्थिति संपूर्ण छत्तीसगढ़ में देखी गई है,जहां कांग्रेस के इशारे पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की टारगेट किलिंग हुई है। मूणत ने कहा कि रायपुर शहर में कांग्रेस की मिलीभगत के फलस्वरुप अपराध का ग्राफ इस कदर बढ़ चुका है कि अब लोग अंधेरा होने बाद अपने घरों से बाहर निकलने में घबराने लगे हैं। मैं रायपुर की जनता से अपील करता हूं कि अपने शहर को अपराधिक मानसिकता वाले, धर्म विरोधी, दहशतगर्दों से मुक्त कराने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान जरूर करें।

# कुमारी सैलजा का फर्जी लेटरहेड हो रहा वायरल



**कांग्रेस ने कहा- इस तरह के हथकंडे भाजपा ही अपनाती रही है पार्टी ने की कार्रवाई की मांग**

**रायपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)।चुनाव में कांग्रेस पार्टी का नुकसान करने की दृष्टि से दुष्प्रचार करने वाले के खिलाफकार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस नेता बुधवार को सिविल लाइन लाइन थाना पहुंचे कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि फर्जी पत्र जारी करने की शिकायत और प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है कांग्रेस की प्रभारी महासचिव कुमारी सैलजा के फर्जी लेटरहेड पर एक फर्जी पत्र वायरल किया जा रहा है जिसमें परिणामों को लेकर एक मनगढंत आकलन किया गया है सुशील आनंद ने कहा कि ये कारनामा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का है ये हमें शक है बीजेपी का चुनाव प्रचार संभाल रही कंपनी वराहे द्वारा ही इसे अंजाम दिया गया है इस तरह के कुत्सित प्रयास और हथकंडे भारतीय जनता पार्टी ही अपनाती रही ह पिछले चुनाव में भी भाजपा के नेताओं की ओर से ऐसा ही एक फ़र्जी पत्र मतदाताओं को भ्रमित करने के लिए जारी किया गया था यह पत्र तथाकथित रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल को लिखना बताया जा रहा है इसमें चुनाव के परिणामों को लेकर एक मनगढंत आकलन किया गया है और सरकार के नाम से भी दुष्प्रचार किया जा रहा है सुशील आनंद ने कहा कि हमें शक है कि यह भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और पार्टी का चुनाव प्रचार संभाल रही कंपनी वराहे ने किया है इस पत्र को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और उनकी प्रचार कंपनी वराहे के साथ उनके छत्तीसगढ़ का कामकाज संभाल रहे रंगेश श्रीधर और श्रेयस भारद्वाज के खिलाफतुरंत प्राथमिकी दर्ज की जाने की मांग कांग्रेस ने की है साथ ही इस फर्जी पत्र को तुरंत रोकने की कार्रवाई करने की मांग की है।

### सीएम हाउस के ड्राइवर के साथ चाकू की नोक पर लूट, दो गिरफ्तार

**रायपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। सीएम हाउस के ड्राइवर के साथ चाकू की नोक पर लूट का मामला सामने आया है हालांकि पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र स्थित अंतरराज्यीय बस स्टैंड भाठागांव का है यहां गेट नंबर 3 पास 14 नवंबर की सुबह सूरजपुर से लौटे युवक के गर्दन पर चाकू जैसी नुकीली चीज टिकाकर 18 सौ रुपए लूट लिए गए साथ ही किसी को बताने पर कहीं से भी तलाश करके जान से मारने की धमकी दी गई इस मामले में पुलिस ने धारा 392 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध करके आरोपी राधव चौधरी एवं प्रथम पटले को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक प्रार्थी कांशीराम नगर निवासी एवं सीएम हाउस में वाहन चालक का काम करने वाला नामदेव भारती है जो सुबह साढ़े 5 बजे सूरजपुर से लौटा और आरोपियों के लूट का शिकार हुआ।

# रायपुर उत्तर विस रचेगा इतिहास



**रायपुर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की रायपुर उत्तर विधानसभा में शुक्रवार 17 नवंबर को होने जा रहा मतदान निर्वाचन के इतिहास में एक दुर्लभ अविस्मरणीय और बेहद गौरवपूर्ण उपलब्धि जोड़ जाएगा. आजाद भारत में पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि पूरे विधानसभा में निर्वाचन का भार संभालने वाली महिलाएं ही हैं. यहां 201 मतदान केंद्र हैं और सभी संगवारी बूथ हैं. यहां पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान अधिकारी तक सभी महिलाएं ही हैं. इस महती कार्य के लिए प्रत्यक्ष रूप से 804 महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है और लगभग 200 महिलाएं रिजर्व रखी गई हैं.

इस विधानसभा की आब्जर्वर भी एक महिला आईएएस अधिकारी विमला आर हैं. उनकी लायजनिंग अधिकारी भी महिला ही हैं. अधिकांश बूथों में सुरक्षा की जिम्मेदारी भी महिलाओं के ही जिम्मे हैं. बता दें कि छत्तीसगढ़ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भी आईएएस आफिसर रीना बाबा साहब कंगाले ही हैं. कल उत्तर रायपुर विधानसभा के मतदाता जब मतदान केंद्र में प्रवेश करेंगे तो मतदाता पर्ची चेकर करने से लेकर रजिस्टर में हस्ताक्षर कराने से लेकर ऊंगली में स्याही लगाने का काम पूरी तरह महिलाओं के जिम्मे ही होगा. 201 बूथों में इतनी ही महिला पीठासीन अधिकारी होंगी और 603 मतदान अधिकारी होंगी.

उल्लेखनीय यह भी है कि छत्तीसगढ़ के समाज में लैंगिक समानता गहराई से बसी हुई है और प्रदेश का लिंगानुपात इसकी गवाही देता है. रायपुर उत्तर विधानसभा में जहां सभी बूथों पर महिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है वहां पर लिंगानुपात 1010 है अर्थात प्रत्येक हजार पुरुष के पीछे 1010 महिलाएं हैं.

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने इस संबंध में बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होते ही हमें यह विचार आया कि क्यों न जिले की एक विधानसभा में निर्वाचन का पूरा दायित्व महिलाओं को सौंपा जाए. सभी ने इस विचार को सराहा, फिर हमने इसकी योजना बनाई. आज सुबह जब मतदान दल अपने गंतव्य केंद्रों के लिए रवाना होने पहुंचे तो उनका उत्साह देखकर बहुत खुशी हुई. उन्होंने हमें बताया कि यह ऐतिहासिक अवसर है जब पूरी टीम महिलाओं की है और हम इतने महत्वपूर्ण दायित्व को अकेले ही पूरा करेंगी.

कलेक्टर भुरे ने बताया कि रायपुर दक्षिण विधानसभा में भी आधे बूथों पर महिला अधिकारी ही होंगी. इस तरह रायपुर उत्तर और रायपुर दक्षिण विधानसभा में महिलाओं के हाथों निर्वाचन की महत्वपूर्ण कमान होगी.

इस संबंध में चर्चा करने पर मतदान दल से जुड़ी निशा रामटेके ने बताया कि हम लोगों के लिए यह बहुत सुखद अवसर है. ट्रेनिंग में भी सारी महिलाएं ही थीं और अब हमारा मतदान दल भी महिलाओं का है. हम सब बहुत अच्छे से और समन्वय से यह कार्य पूरा कर सकेंगे.

लीला पटेल ने कहा कि महिलाओं पर भरोसा जताया गया है ये बहुत अच्छी बात है. हो सकता है कि कुछ लोगों को संदेह हो कि पुरुष सहयोगी नहीं होंगे तो महिलाओं को दिक्कत हो सकती है. कल यह साबित हो जाएगा कि महिलाएं भी अकेले ही हर महत्वपूर्ण दायित्व पूरा कर सकती हैं. उमा वर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल खमहारडीह में कार्यरत हैं. अपने अनुभवों के बारे में बताया कि निर्वाचन की जिम्मदारी बहुत अहम जिम्मेदारी होती है और जब हम सफलतापूर्वक इसे पूरा करते हैं तो अपने ऊपर आत्मविश्वास और बढ़ता है. कल सारी महिलाएं अपनी जिम्मेदारी निभाएंगी और उत्तर विधानसभा से एक ऐसा संदेश देश भर की महिलाओं को जाएगा कि वो हर मोर्चे पर पुरुषों की तरह ही सफलतापूर्वक अपना कार्य कर सकती हैं.


## अपने परिवारजनों से अपील

रायपुर पश्चिम के सभी आदरणीय बुजुर्गों, माताओं, बहनों, भाईयों को प्रणाम, जय जोहार...

आप लोगों के आशीर्वाद से मुझे 2018 में रायपुर पश्चिम से आपके प्रतिनिधि के रूप में विधानसभा जाने का अवसर मिला, लेकिन मेरा और कांग्रेस पार्टी का कार्यकाल कोविड के महाप्रकोप के कारण 3 साल का ही रहा। इतने कम समय के कार्यकाल में भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने भूपेश बघेल जी, ताम्रध्वज साहू जी, टी.एस. सिंहदेव जी, शिव डहरिया जी के नेतत्व में जनहित की सरकार चलाई।

सरकार ने अर्धशासन काल में लोगों के मदद के लिए तमाम योजनाएं बनाई। शहर एवं गांव के लोगों के बिजली बिल आधा किया गया, बंद किए गए सामान्य राशन कार्ड शहरों में शुरू किए गए, शासकीय स्कूल का उन्नयन कर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बनाए गए। गांव में किसानों के उपज का समर्थन मूल्य बढ़ाया गया। किसानों को बोनस हर बार दिया गया, खेतिहर मजदूरों की मजदूरी बढ़ाई गई, मितानिन-आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता बहनों का मानदेय बढ़ाया गया, छत्तीसगढ़ी तीज-त्योहारों एवं अस्मिता का सम्मान बढ़ाया गया, हर वार्ड में हमर अस्पताल एवं चलित क्लिनिक बनाए गए, छत्तीसगढ़ी ओलंपिक के माध्यम से छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा दिया गया, शहरी बस्ती में पट्टे जो पिछले 15 साल में किसी को नहीं मिला वो पट्टा उपलब्ध कराया गया, शहर में कोई नया टैक्स 5 साल में नहीं लगाया गया। इसके अलावा हर वर्ग के लिए हमारी सरकार ने कुछ न कुछ करने का प्रयास किया।

यह सब सरकार और हम सबने इस कोविड से प्रभावित कार्यकाल में किया। मैंने विधायक के रूप में प्रयास किया कि आपके सुख-दुख में आपके साथ हमेशा साथ रहूं। मैंने हर वार्ड के जरूरत के अनुरूप 2000 करोड़ की राशि शासकीय मद से वहां के सामाजिक सामुदायिक भवन, खेलकूद मैदान, सड़क, बिजली, पानी एवं लाईट एवं सौंदर्यीकरण के मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने प्राथमिकता दी। हर वार्ड में डामरीकरण, नये बिजली खम्भे, कांक्रीट, सड़कें, चौक सौंदर्यीकरण एवं नई पाईप लाईन डलवाई। कोरोना कार्यकाल में मेरा प्रयास रहा कि आप लोगों को कोई भी दिक्कत आई हो तो उसे मेरे परिवार की समस्या मानकर दवाई, इलाज या किसी भी प्रकार से मदद कर सकूं।

आज पुनः विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने मुझे प्रत्याशी बनाया है। मेरा आपसे आग्रह एवं निवेदन है कि मुझे वोट एवं सपोर्ट कर आशीर्वाद दें ताकि मैं आप लोगों की सेवा निरंतरता से कर सकूं।



आपका अपना- विकास उपाध्याय

पहली मशीन में 5 नंबर का बटन दबाकर आपके अपने विकास को चुनें।

मतदान समय- 17 नवंबर 2023, समय- सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे

## भाटापारा विस क्षेत्र के 23 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कल

**सिमगा,** 16 नवंबर। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में कुल 23 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है जंहा सात प्रत्याशी दलीय पार्टी से अपना भाग्य अजमा रहे तो 16 प्रत्याशी निर्दलीय चुनाव मैदान में है भाजपा से शिवरतन शर्मा कांग्रेस से इंद्र साव जनता जोगी कांग्रेस से जितेन्द्र बंजारे बहुजन समाज पार्टी से ।

# सड़क मार्ग से रवाना हुए मतदान दल

**बेमेतरा,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ में दूसरे चरण का मतदान कल शुक्रवार 17 नवम्बर को सवेरे 8 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे समाप्त होगा। जिले में पिछले दिनों की अपेक्षा बुधवार से ही विधानसभा निर्वाचन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सरगर्मियां तेज रही। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस.एल्मा निर्वाचन संबंधी सभी गतिविधियों पर नजर बनाये हुए है। उन्होंने आज गुरुवार को अपने समक्ष मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण कराया। मतदान सामग्रियों को वितरण जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर से किया गया। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सुरक्षा को लेकर काफी चौकन्ना और सर्तक है। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आज सबेरे सात बजे से विधानसभा वार निर्वाचन सामग्री का वितरण शुरू हुआ। जो तकरीबन दोपहर बारह बजे तक चला। इसके लिए 39 टेबल लगायी गयी। एक टेबल पर तीन अधिकारी-कर्मचारियों ने सामग्री का वितरण किया। वही स्ट्रांग रूम से ईवीएम व वीवीपैड कर्मचारी अलग से लगाये गये। पूरा मतदान कार्य सम्पन्न कराने में 3500 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गयी है। अतिरिक्त कर्मचारी अलग से शामिल है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस. एल्मा ने नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की मतदान दल की पहली खेप को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं नोडल (निर्वाचन) डॉ. अनिल बाजपेयी, एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफीसर श्री भूपेन्द्र जोशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमांशंकर बंदे सहित जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। इसके बाद बेमेतरा और साजा के मतदान दलों और सामग्री को वाहन के जरिये सड़क के मार्ग से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना किया गया। सभी मतदान दल सकुशल, सुरक्षित और अपने-अपने मतदान केन्द्रों में पहुंच चुके है। वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया गया है।



- कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचे अपने मतदान केन्द्रों पर
- कलेक्टर एल्मा ने हरी झंडी दिखाकर मतदान वाहनों को किया रवाना

मालूम हो कि ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए बेमेतरा ज़िले में कुल 867 मतदान केन्द्र है। जिसमें बेमेतरा जिले में 744 मतदान केन्द्र है। वही साजा विधानसभा के101 और बेमेतरा के 22 मतदान केंद्र इस प्रकार कुल 123 मतदान केंद्र दुर्ग ज़िले की धमधा तहसील में स्थित है। जिले में तीन सहायक मतदान केन्द्र भी बनाये गये है। जिले में 62 नगरीय और 682 ग्रामीण क्षेत्र में मतदान केन्द्र है।

जिले की तीनों विधानसभा के के 867 मतदान केन्द्रों पर 7 लाख 64 हजार 614 मतदाता है। बेमेतरा जिले के 744 मतदान केन्द्रों की बात करें तो 6 लाख 59 हजाार 653 मतदाता कल शुक्रवार 17 नवम्बर को अपने मतदाधिकारी का प्रयोग करेंगे। इनमें जिले में 3 लाख 31 हजार 690 पुरूष और 3 लाख 27 हजार 959 महिला मतदाता है। जिसमें साजा के 201 मतदान केन्द्रों में 81744, बेमेतरा के 245 केन्द्रों में 114239 और नवागढ़ विधानसभा के 298 मतदान केन्द्रों में 115168 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। जिले की तीनों विधानसभा में 46 प्रत्याशी मैदान में है।

## महिला मतदान दल ने ली सामग्री, मिलान किया और खुशी-खुशी अपने संगवारी मतदान केंद्र को रवाना हुई



**बेमेतरा,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। दूसरे चरण में जिले की विधानसभा सीटों पर मतदान कल यानी 17 नवंबर को होगा। बेमेतरा की तीन विधानसभा के लिए दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनावी पार्टियों द्वारा किया जा रहा प्रचार अब बंद हो गया है। वहीं, मतदान दलों को उचित मतदान सामग्री देकर बूथ की तरफ रवाना कर दिया है।

जिले के तीनों विधानसभा सीटों में प्रत्येक विधानसभा में दस-दस संगवारी मतदान केंद्र बनाए गये हैं। वहां की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं की होगी। आज गुरुवार को महिला मतदान दल ने निर्वाचन सामग्री ली। सामग्री का मिलान किया और खुशी-खुशी अपने संगवारी मतदान केंद्र को रवाना हुई। जिले के विधानसभा में प्रत्येक विधानसभा में एक दिव्यांग मतदान केंद्र एक युवा मतदान केंद्र भी बनाया गया है। युवा मतदान केंद्र में केवल युवा ही मतदान कर्मियों की भूमिका निभाएंगे। वहीं, दिव्यांग मतदान केंद्र में दिव्यांगों की जरूरत को देखते हुए सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा चुकी है।

बेमेतरा जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए मतदान सामग्री वितरण किया गया और टीम को रवाना किया गया। मतदान दल के अधिकारी, कर्मचारी मतदान सामग्री स्थल में पहुंचकर निर्धारित काउंटर से मतदान सामग्री प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पी.एस एल्मा ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान कर्मियों से बातचीत कर जानकारी भी ली। उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने मतदान कर्मियों को रवाना करने के साथ ही जिले के सभी मतदाताओं से भी अपील की है कि वह लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर हिस्सेदार जरूर बने।

## छुईखदान के रानी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया दीपोत्सव का पर्व



**खैरागढ़,** 16 नवंबर। छुईखदान रियासत कालीन के प्राचीन रानी मंदिर में कार्तिक माह के धनतेरस से लेकर दीपावली पर्व पर 10 नवंबर से 12 नवम्बर तक मंदिर परिसर को चारों तरफ से दीपक जलाकर रौशनी से जगमग किया गया प्रतिष्ठित लक्ष्मी जी की विधिवत पूजा अर्चना की गई। मंदिर समिति के संरक्षक लाल जे के वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष शहर के भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में दीपावली पर्व पर साफ सफाई करने के पश्चात धनतेरस से लेकर दीपावली पर्व तक रंगोली बनाकर दीपक जलाकर रौशनी के साथ आतिशबाजी कर भगवान लक्ष्मीनारायण को मिठाई कमल फूल चढ़ाकर आरती व भोग लगाकर प्रसादी वितरण किया जाता है। दीपावली पर्व पर भक्तों द्वारा मंत्रोच्चार व महालक्ष्मी स्त्रोत पाठ, स्तुति किया गया। दीपावली पर्व पर बड़ी संख्या में भक्त जन भगवान के जयकारा करने के पश्चात एक दूसरे को बधाई व शुभकामनाएं देते रहे।

## डीपीएस राजनांदगांव में सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग का भव्य शुभारंभ

**राजनांदगांव,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव द्वारा 16 से 20 नवम्बर 2023 तक बालक वर्ग की सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश के 20 क्लस्टर की 41 विजेता और उपविजेता टीमों ने भाग लिया है जिसमें 600 खिलाड़ी, प्रशिक्षक मैनेजर, 60 अम्पायर्स एवं रेफरी भाग ले रहे है प्रतियोगिता के मैचेस दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के दो मैदान एवं सांई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव के आठ मैदान पर खेले जायेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लूईस जॉर्ज महा सचिव व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया, विशिष्ट अतिथि श्री संतोष कुमार सिंह सीबीएसई आब्जर्वर, डॉ. आशिष जीवनमाल एमबीबीएस एमडी एनेथिसिया पीजीडीएफएम कन्सलटेन्ट एट जीवनमल हास्पिटल भाटापारा सीजी एवं अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालचा राजेश्वर राव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। आए हुए अतिथियों का स्वागत शाला के निदेशकगण एवं प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने पुष्प गुच्छ से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने माँ सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करते हुए मशाल जलाकर, गुब्बारे आसमान में छोड़कर किया। देश-विदेश एवं विभिन्न राज्यों आए हुए खिलाड़ियों का परेड स्थल पर अतिथियों ने मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्य अतिथि श्री लूईस जॉर्ज ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अनुशासन में रहने के लिए प्रोत्साहित किया उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमें तुलानात्मक अध्ययन करने की आवश्यकता है। हम किसी से तुलना करके आगे बढ़ने की प्रेरणा लेते है। इसी संदर्भ में सीबीएसई आब्जर्वर श्री संतोष कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को लक्ष्य की प्राप्ति हेतु किसी भी विषम परिस्थिति का सामना करने के लिए प्रेरित किया क्योंकि हार के बाद ही जीत है डॉ. आशिष जीवनमल ने अपने उदबोधन में कहा कि खेल से हमें जीवन में अनुशासित रहने की शिक्षा मिलती है। आपस में सहयोग की भावना बढ़ती है। और अनेकता में एकता की भावना विकसित होती है। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी विजयश्री की कामना की। शाला के निदेशक श्री अभिषेक वैष्णव ने डीपीएस परिवार की तरफ से सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह डीपीएस राजनांदगांव के लिए गौरव का विषय हैं कि हमें आतिथ्य सत्कार करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ खेल के माध्यम से शारीरिक स्वस्थता के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है अत सार्वांगीण विकास के लिए जीवन में खेल की अहम भूमिका रही है। शाला की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने आए हुए कोच रेफरी एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शाला के छात्र कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा आए हुए अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।




## अंबिका फ्यूल्स कोबिया चौक बेमेतरा में दिवाली मिलन

**बेमेतरा,** 16 नवंबर। ए.वी.एम. कवर्धा जिले के एरिया सेल्स मैनेजर श्री फणेंद्र चंद्राकर सर द्वारा अंबिका फ्यूल्स कोबिया चौक बेमेतरा में दिवाली मिलन का कार्यक्रम रखा था जिसमें कवर्धा जिले बेमेतरा जिले के समस्त डीलर ए.वी.एम. स्टाफ उपस्थित थे सर के द्वारा इंडियन ऑयल परिवार के तरफ से सभी को उपहार देकर दिवाली की शुभकमनाये दी।

## निधन

### कालविन शाद



**भानुप्रतापपुर,** 16 नवंबर। सुभासपारा निवासी स्नैक कैचर कालविन शाद 52 वर्ष देर रात इलाज के दौरान निधन हो गया। काल्विन ने क्षेत्र में जहरीले सांपों से कई लोगों को निजात दिलाई है और सांपों को पकड़कर उन्हें जंगल में छोड़ कर उनकी भी जान बचाई है। अंतिम संस्कार स्थानीय मसीह कब्रस्तान भानुप्रतापपुर में किया गया।

### दिनेश पटेल



**सरायपाली,** 15 नवंबर। ग्राम बिछियां निवासी कृषक नेता दिनेश पटेल (55 वर्ष) का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर उन्हें नम आंखों से विदाई दी। वे अंतर्राष्ट्रीय वुडबाल खिलाड़ी जितेंद्र पटेल के पिता व बेदराम पटेल के ज्येष्ठ भ्राता थे। उपसरपंच कमला पटेल के पति थे। गृह ग्राम बिछियां में दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परिजन, इष्ट मित्र एवं आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

### नरेश अग्रवाल



**पिथौरा,** 16 नवंबर। (भकलूडीह वाले) नरेश अग्रवाल फर्म रूप श्रृंगार फैंसी स्टोर्स पिथौरा का दुखद निधन हो गया है। नरेश जी कैलाश अग्रवाल (बोरवेल्स) एवं श्रृंगारिका फैंसी स्टोर्स के संचालक एवं पत्रकार पत्रकार आनंद अग्रवाल के बड़े भाई थे। शवयात्रा मंदिर चौक स्थित निज निवास से निकली। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिक शामिल थे।

### विमल अग्रवाल



**पिथौरा,** 16 नवंबर। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं व्यवसायी कुंजबिहारी अग्रवाल के सुपुत्र विमल अग्रवाल का आज असामायिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा में अनेक लोगों ने भाग लिया।

## डौण्डीलोहारा सीट में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में

**डौण्डी,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। बुधावार 15 नवंबर को शाम 5 बजे छत्तीसगढ़ के दूसरे चरण के चुनाव प्रचार थम गया। 17 नवंबर को प्रदेश की जनता दूसरे चरण के प्रत्याशियों के लिए मतदान करेंगे। वही 8 दिसम्बर को विधानसभा के समस्त पार्टी के प्रत्याशियों का हार जीत का निर्णय आएगा । इसी के तहत विधानसभा चुनाव को लेकर डोंडीलोहारा मे कांग्रेस और भजपा मे सीधा मुकाबला है।डोंडी तथा आसपास के गांवों में कांग्रेस और भाजपा के ही झंडा बेनर पोस्टर फेलक्स तोरण दिवाल लेखन ही दिखते हैं हालांकि निर्दलीय गिरवर ठाकुर भी अपनी उपस्थिति बनाये हुए हैं।



डौण्डीलोहारा विधानसभा सीट से 4 प्रत्याशी मैदान में

प्रचार-प्रसार के आखिरी दिन 15 नवंबर को भाजपा प्रत्याशी प्रत्याशी देवलाल ठाकुर द्वारा डोडी नगर के गली मोहल्ले में रैली निकाली गई उनके साथ सेकड़ो कार्यकर्ता चुनाव कार्यालय से निकाल कर डोडी के मुख्य मार्ग कुम्हारपारा बस स्टैंड पिस्दा पारा बाजार पारा दुर्गा चौक आदि मोहल्ला होते हुए रैली निकालकर भाजपा उम्मीदवार को वोट देने की अपील किया। रैली में डोडी ब्लॉक के ग्राम मरकाटोला घोटिया पुसावड कोटागांव भुरकाभाट नलकसा कुमुरक्तता इमलीपारा कुसुमटोला छिदगांव गुदुम डोडी आदि गांव के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए वहीं कांग्रेस प्रत्याशी अनिला भेड़िया के द्वारा भी डोंडी नगर के सैकडो महिला पुरुषों ने रैली निकालकर कांग्रेस के विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए वोट देने की अपील किया डोडी क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता आसपास के गांव उकारी कांडे कुआँगोदो सूरडोंगर खुर्सीटिकुर कुरुटोला भरीटोला ढोरीठेमा पटेली पचेड़ा सिंघोला बलौदा घोटिया आदि गांव में दौरा कर मतदाताओं से सम्पर्क बनाए हुए हैं डोंडी लोहारा विधानसभा चुनाव मेंदान मे वैसे तो चार प्रत्याशी है।परंतु मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में ही देखने को मिल रहा है हमार राज पार्टी के प्रत्याशी गिरवर ठाकुर द्वारा डोंडी के साथ साथ अंदरूनी छेत्रो मे भी प्रचार प्रसार किया जा रहा है परन्तु उनके प्रचार सामग्री कुछ कुछ गांवों में ही है। वही निर्दलीय ईश्वर ठाकुर के प्रचार सामाग्री झंडा बैनर पोस्टर कहीं नजर नहीं आ रहे ह। वे कभी कभार अपने ट्राइसिकल मे डोंडी से गुजरते हुए दिख जाते हैं विधानसभा के चुनाव में खड़े चारों प्रत्याशी हल्बा जाति से हैं।इसलिए यहां पर कोई जातिगत फैक्टर काम नहीं करेगा अगर किसी पार्टी द्वारा गोड़ प्रत्याशी उतारने से यह जाति फैक्टर को प्रभावित कर सकता था।

## चिचका में मां-बेटी के साथ मारपीट व छेड़छाड़ करने वाले आरोपी युवक की अभी तक नहीं हुई गिरफ्तारी

**खैरागढ़,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। ब्लॉक मुख्यालय से तकरीबन 15 किलो मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत चिचका में 12 अक्टूबर की शाम 5 बजे कुंतिका साहू पिता मनहरण साहू ने अपने बड़ी मां के घर मिर्ची लेने जा रही थी तभी चौक में मौजूद विवेक सिंह पिता स्व भरत विजय सिंह चंदेल कुंतिका साहू को भैंसी मोटी करके अश्लील गाली गलौज करते हुए हाथ बाह को पकड़कर मां बहन की गंदी गाली गलौज करता रहा कुंतिका के साथ इतना सब कुछ होने के बाद भी वहां अपने घर जाकर अपनी आप बीती को अपने मां फूलबासन साहू को बताई मां बेटी विवेक सिंह चंदेल को समझाने के लिए गई तो फूलबासन के साथ भी मारपीट किया गया पीड़िता कुंतिका साहू ने अपने परिजनो के साथ थाना गातापार में जाकर विवेक सिंह चंदेल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 354, 294, 323, 506 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। यह घटना 12 अक्टूबर की बताई जा रही है। पर गातापार पुलिस के द्वारा आरोपी युवक को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। पीड़िता कुंतिका साहू के परिजन व सैकड़ों ग्रामीण एसपी अंकिता शर्मा से मिलने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए थे। एसपी अंकिता शर्मा के द्वारा पीड़ित पक्ष को आश्वासन दिया गया है की आरोपी युवक को बहुत ही जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




चिचका के नाराज ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में एसपी से मिलने पहुंचे

## प्रादेशिकी का शेष...

### मां बम्लेश्वरी के दिग्विजय सिंह ने ...

दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, युवा आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, पीसीसी महामंत्री डॉ थानेश्वर पाटिला, संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा, चित्रलेखा वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष संजीव गोमास्ता, संजय श्रीवास्तव , रामजी तराने, हरीश भंडारी, मतीन खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने दिव्यांग मतदान कर्मियों का...

कलेक्टर श्री शर्मा ने दिव्यांग मतदान कर्मियों को बेहतर कार्य के संपादन हेतु अपनी शुभकामनाएं भी दी। दिव्यांग मतदान कर्मियों ने मतदान अधिकारी के रूप में उन्हें मिली जिम्मेदारी की सराहना करते हुए इस कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदान कर्मी के रूप में मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। हम सभी मतदान कर्मी अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन कर निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

### अंचल में धूमधाम से ...

सहित अन्य गावं में हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहर में भी अन्य वार्डो से शोभायात्रा निकल कर नया बस स्टैंड स्थित कार्यक्रम स्थल सहाड़ा देव मंदिर पहुंचा, जहां परंपरा अनुसार पूजा अर्चना कर मातर उत्सव मनाया गया ।

### शोभायात्रा निकालकर...

जाता है. विशेष तौर पर भगवान शिव पार्वती की पूजा-अर्चना और उनके विवाह की रस्म निभाई जाती है भक्त बड़ी संख्या में धूमधाम से खुद बाराती बनकर माता पार्वती और शिव जी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं. फिर रात भर भजन-कीर्तन व गीत पारंपरिक रूप से गाते हुए शिव पार्वती का विवाह संपन्न किया जाता है ।

## एसपी बेमेतरा ने कृषि उपज मंडी परिसर में मतदान बल को ब्रीफ कर किया रवाना



**बेमेतरा,** 16 नवंबर। 16 नवंबर को कृषि उपज मंडी परिसर में विधानसभा चुनाव को लेकर, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता ने मतदान केन्द्रों, सेक्टर पुलिस अधिकारियों एवं अन्य चुनाव कार्य में लगे समस्त पुलिस अधिकारियों को फॉलिंग, ब्रीफिंग कर रवाना किया गया। जिसमें चुनाव आयोग द्वारा जारी नियमों की जानकारी दी जाकर विधानसभा चुनाव निष्पक्षता से सम्पन्न करने हेतु अपनी जवाबदारी एवं भूमिका का कुशल निर्वहन करने, विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये आदर्श अचार सहिता का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशल्या साहू, प्रशिक्षु डीएसपी ब्रिज किशोर यादव, रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत, थाना बेमेतरा प्रभारी अजय कुमार सिन्हा, उप निरीक्षक तुलेश्वर चंद्रवंशी एवं अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ज़िले की तीनों विधानसभा 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ हेतु आज गुरुवार सबेरे से कृषि उपज मंडी बेमेतरा में मतदान केन्द्रों में सुरक्षा ड्यूटी हेतु ड्यूटी सर्टिफिकेट वितरण किया गया । शाम तक सभी मतदान केंद्रों में पुलिस जवानों के साथ मतदान दल का मतदान केंद्रों में पहुंचने का क्रम जारी है । कल शुक्रवार 17 नवंबर को सबेरे 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा।

## आयुक्त ने छठ पर्व के पूर्व शहर में तथा तालाबों के आसपास साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव,** 16 नवम्बर। छठ पर्व को ध्यान में रखते हुये निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने, के साथ साथ मोती तालाब व चिखली तालाब के अलावा अन्य तालाबों के आस पास साफ सफाई कराने, दवा का छिडकाव करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि दीपावली त्योहार में शहर के आंतरिक व बाह्य क्षेत्रों सहित बाजार व शहर के प्रमुख मार्गो में भीड की स्थिति निर्मित हो गयी थी और विभिन्न समानों की खरीदी बिक्री के कारण शहर में कचरा फैल गया था, जिसे ध्यान में रखते हुये शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करे, नाली से कचरा निकालने के उपरांत कचरा तुरंत उठावे, दवाई एवं चुना का छिडकाव करे। मच्छर के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते हुये वार्डो में फागिंग करें। दुकानदारों व पसरा वालों को गंदगी न फैलाने कचरा वाहन में डालने, डस्टबीन का उपयोग करने की समझाईस देवे। उन्होंने कहा कि छठ पर्व को ध्यान में रखते हुये, मोती तालाब, चिखली तालाब सहित अन्य तालाबों के आस पास साफ सफाई कर कटिली झाडिया कटाने एवं दवाई का छिडकाव कर चुना लाईन खीचे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि अपने घरों, की साफ सफाई के अलावा घरों के आस पास भी साफ सफाई रखे। कचरा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाडी में ही डाले। मौसमी बीमारी डेंगू मलेरिया से बचने फ्रीज की ट्रे व घर की टंकियों के पानी को नियमित रूप से बदले, घर के आस पास पानी जमा न होने दे।

# डेंगू के 1 नए प्रकरण मिले रोकथाम हेतु सघन अभियान

**भिलाईनगर,** 16 नवंबर (देशबन्धु) दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 16 नवंबर को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के 1 नये प्रकरण मिले। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव 1 मरीज भर्ती है। जो मैत्री कुंज रिसाली का रहवासी है। मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर.घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र स्वास्थ्य विभाग ग्रामीणध्शहरीय की टीम द्वारा कुल 182741 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका हैए जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या.208124 जिनमें से 85782 खाली कराये गये। सभी कटेनरों में 119437 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया। 178733 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा।

# आज सुबह 8 बजे से मतदान

## जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन सहित सभी विभागीय अधिकारी तैनात




**भिलाईनगर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र जारी किए गये है। आयोग मतदाताओं से आपेक्षा रखता है कि वे अपना मतदाता पहचान पत्र लेकर ही 17 नवम्बर को मतदान करने बुथ पर पहुँचेंगे, लेकिन यदि वे ऐसा नही कर पाते है तो अन्य तरह के फोटो युक्त पहचान पत्र के जरिए भी मतदाता अपना वोट डाल सकते है। 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा मतदान मे दुर्ग जिले के सभी 6 विधानसभा सीट दुर्ग, दुर्ग ग्रामीण, पाटन, भिलाईनगर, वैशाली नगर, अहिवारा तथा आंशिक साजा एवं बेमेतरा के लिए वोटिंग किया जाना है। प्रात: 8 बजे से शाम 5 बजे तक होने वाले मतदान के लिए मतदाता निर्वाचक फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक दस्तावेज आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, राशन कार्ड, छात्र पहचान पत्र, शस्त्र लाइसेंस, स्वतंत्रता सेनानी पहचान पत्र, अधिवक्ता पहचान पत्र, मनरेगा जाब कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कम्पनी द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटो युक्त सेवा पहचान पत्रए, बैंक डांकघरो द्वारा जारी फोटो युक्त पास बुक, एन.सी.आर. के अन्तर्गत आर.जी.आई. द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदो, विधायको, विधान परिषद सदस्यो को जारी किए गये सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनो को जारी युनिक डिसएबिलिटी आई.डी.कार्ड का उपयोग कर सकते है। प्रवासी निर्वाचको को जो अपने पासपोर्ट मे विवरणो के आधार पर निर्वाचक नामावलियों मे केवल उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जाएगा। विधानसभा चुनाव मे जिले के मतदाता 17 नवम्बर को अपने घर से निकल कर शत प्रतिशत लोग अपने मताधिकार का उपयोग करे इसके लिए जिला निर्वाचन द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम भी चलाया गया है। मतदाता को मतदान केन्द्रों मे किसी प्रकार का कोई असुविधा न हो इस बात का भी ध्यान रखा गया है विशेष रूप से दिव्यांग एवं 80 वर्ष से उपर के वृद्ध मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था के साथ ऐसे वोटरो को कतार से मुक्त रखने तथा उनके सहयोग के लिए मतदान केन्द्रों मे स्वयंसेवको की नियुक्ति भी कर रखी है इन तमाम व्यवस्था के बाद भी यदि हम अपने घर से निकल कर वोट नही डालते है तो बाद मे अव्यवस्था पर बोलने का हम अपना नैतिक अधिकार खो देते।

# जीता तो दिलाऊंगा सम्मानजनक वेतन



**भिलाईनगर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ भिलाई के प्रत्याशी जहीर खान ने कहा कि मैं आपके बीच का एक आम कार्यकर्ता है। बचपन से मुझे श्रमिक परिवारों के दुख.दर्द का हिस्सा बने रहने का सौभाग्य मिला। आज विधानसभा चुनाव में आप सबके बीच आपका यह बेटा भाई आप सबके बीच है। मेरा संकल्प है अपने भिलाई का वही पुराना गौरव वापस दिलाना का कार्य करुगा। जिसकी वजह से हमारी इस्पात नगरी का नाम विधानसभा देश और दुनिया में बड़ी शान से लिया जाता रहा है। उन्होनें कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि पूर्व की तरह भिलाई स्टील प्लॉट का एक अलग अस्तित्व हो और यहां का कार्मिक प्रमुख चुनाव की इस बेला में मैनें शपथपूर्वक अपना संकल्प व्यक्त किया है। टाउनशिप को स्वच्छ रखने का हर संभव प्रयास करूंगा जैसे बैकलेन की सफाई एवं क्वार्टर के सीपेज मरम्मत एव 50 साल पुरानी पेयजल पाइप लाइन युद्ध स्तर पर बदलवाने का काम शुरू करवाउंगा। इसी तरह आवासों में बिजली के तार भी बरसो से नहीं बदले गए हैं। इन्हें भी बदलवाया जाएगा। प्लॉट में बढ़ते आउटसोर्सिंग पर नियंत्रण करने एक ठोस नीति बनाने प्रयास करूंगा जिससे ठेका मजदूर और नियमित कर्मियों का अनुपात संतुलित रहे और यहां के मैनपावर की भर्ती स्थानीय स्तर पर हो। प्लांट के ठेका मजदूरों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। नियमित कर्मियों से ज्यादा काम करने वाले और सबसे कम वेतन पाने वाले इन ठेका मजदूर हर हाल में 25 हजार रूपए न्यूनतम वेतन और आई आई टी व डिप्लोमा तथा तकनीकी रूप से दक्ष बेरोजगार भाइयों और साथियों को 40 हजार रूपए दिलवाउंगा। यही भिलाई स्टील प्लाट की परिधी में होने वाले किसी भी हादसे के शिकार ठेका मजदूर को उपचार के लिए ईएसआई या निजी अस्पतालों के बजाए सीधे बीएसपी के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 में अधिकृत करवाकर बीएसपी के नियमित कर्मियों की तरह नि:शुल्क उपचार उपलब्ध करवाउंगा। हाल ही में बोनस प्रकरण में यह हो चुका है। मैं संकल्प व्यक्त करता हूं कि चुनाव जीतने के बाद कर्मियों और मैनेजमेंट के बीच वार्ता के लिए अधिकृत संगठन एनजेसीएस में स्थानीय जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक को भी शामिल करवाऊंगा।

# इंश्योरेंस कंपनी के मैनेजर से ठगी का शिकार

**भिलाईनगर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रीन अर्थ सिटी अमलेश्वर निवासी 29 साल की प्राइवेइट कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत 9 नवंबर की शाम को किसी अंजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम रोहित बताया और कहा कि वर्क फ्रॉम होम पर काम करना है। कंपनी ने इस बारे में और जानकारी ली तो उसे बताया गया कि उसे होटल या किसी रेस्तरां का लिंक भेजा गया है, जिसमें उसे रेटिंग दी गई है। हर रेटिंग पर 200 रुपये की बात कही।इस पर रानी लता काम करने के लिए राजी हो गईं। एक लिंक भेजने के लिए बुजुर्ग ने एक लिंक भेजा है। टास्क पूरा करने के लिए फोन पे के माध्यम से 200 रुपए अकाउंट में भेज दिया गया। इसके बाद अगले दिन उसे एक ग्रुप में शामिल किया गया। जहां ट्रेडिंग टास्क के नाम पर 1000 रुपये की जांच करने पर 1500 रुपये की मीटिंग की बात कही गई। 1 हजार रुपए की बढ़ोतरी के बाद उसके पैकेट में 1500 रुपए की बढ़ोतरी बताई गई है। इसके बाद 3000 हजार इनवेस्ट करने पर 4300 रुपए मिलने की बात कही। इस तरह जब पूरी तरह से उनकी झांसे में आ गई तो ग्राहक ने डलवा में अलग-अलग पांच बार 3000, 8000, 28600, 98000 और 208560 रुपये खर्च किए। बुजुर्गों का दबदबा बढ़ गया और वह सोसायटी को 2,40 लाख रुपये के प्रोजेक्ट में शामिल किया गया। इस कंपनी को आपके साथ धोखा मिलने का पता चला लेकिन तब तक साइबर ठग 3,36,560 लाख रुपये की हिस्सेदारी कर चुके थे। पीड़ित महिला ने थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराई। अमलेश्वर टीआई अनिल पटेल ने बताया कि लड़की की शिकायत पर जांच चल रही है। साइबर क्राइम की टीम चार तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

# भिलाई को वापस दिलाएंगे उसकी खोई हुई पहचान

**भिलाईनगर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा सरकार बनते ही भिलाई के खुले मैदानों के ओपन बार मुक्त होंगे। सबको उनका हक मिलेगा और शहर एक बार फिर से खुशहाल होगा ये प्रेमप्रकाश की गारंटी है। उक्त बातें चुनाव प्रचार के अंतिम दिन जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कही। भिलाई बचाओ, कमल खिलाओ अभियान के तहत श्री पाण्डेय टाउनशिप के सेक्टर-5, सेक्टर 8 एवं खुर्सीपार पहुंचे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल झूठ फैलाने का काम करती है, वो लोगों से आज भी यही झूठ कह रही है कि घर-घर पानी उसने पहुंचाया लेकिन पूरा भिलाई जानता है कि भाजपा सरकार में हम शिवनाथ से भिलाई तक पानी लाए। श्री पाण्डेय ने कहा कि पिछले 5 वर्षों की भिलाई की बदहाली देखने के बाद अब भिलाई ने मन बना लिया है कि कांग्रेस सरकार को बदलना है और भिलाई में भी भाजपा को जिताना है। महिलाओं ने यह प्रण ले लिया है कि अब राज्य सरकार से छुटकारा चाहिए। इसलिए हमें कमल खिलाना है, भिलाई को फिर से आगे बढ़ाना है। श्री पाण्डेय ने कहा कि मोदी ने गारंटी दी है कि हम छत्तीसगढ़ को फिर से संवारेंगे और प्रेमप्रकाश ये गारंटी देता है भिलाई को फिर से उसकी खोई पहचान वापस दिलायेंगे। हम बीएसपी की जमीन के अतिरिक्त सभी को पट्टा दिलायेंगे। इंग्लिश मीडियम स्कूल में भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी किया जाएगा और सभी कक्षाओं में सेक्शन बढ़ाये जायेंगे। गरीबों को उनके हक का राशन दिलाया जायेगा। इसकी गारंटी हमारी है।



चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में आज भाजपा के समर्थन में भारी जनसैलाब उमड़ा। हजारों की संख्या में लोग आज भाजपा के समर्थन में निकली विशाल रैली एवं पदयात्राओं में शामिल हुए। सभी ने भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय के समर्थन में नारे लगाते हुए पूरे खुर्सीपारवासियों से भाजपा का कमल खिलाने की अपील की। सभी ने क्षेत्र के विकास पर मुहर लगाते हुए प्रेमप्रकाश पाण्डेय पर भी मुहर लगाई। इस अवसर पर श्री पाण्डेय ने भी बड़े बुजुर्गों और महिलाओं से आर्शीवाद लिया और मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान आप सभी का अधिकार है, और यह अधिकार ही भिलाई के विकास की नींव बनेगी। आप सभी ने अपना स्नेहरूपी आर्शीवाद मुझे जब दिया मैंने भिलाई के नाम को आगे बढ़ाने का हरसंभव प्रयास किया।

# संपत्ति के मामले में निर्दलीय कांग्रेस भाजपा को पछाड़ा

**भिलाईनगर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधानसभा के लिए कुल 16 प्रत्याशी मैदान में हैं । जिनकी किस्मत का फैसला कल वैशाली नगरवासी अपने मतों की ताकत से करेंगे। सभी प्रत्याशियों में सबसे सबसे धनवान निर्दलीय प्रत्याशी सेब छाप की संगीता केतन शाह हैं। उनके पास कुल संपत्ति 34 करोड़ रुपये की है। चुनाव आयोग को दिए गए जानकारी के मुताबिक भाजपा के रिकेश सेन के पास नकदी. 2 लाख 56 हजार 842 रूपये (स्वयं) 5 लाख 99 हजार 360 रूपये (पत्नी) बैंक में 67 हजार (स्वयं) 80 हजार (पत्नी) सोना. 10 ग्राम (स्वयं) 40 ग्राम पत्नी पॉलिसी व निवेश कुछ नहीं, वाहन. एक बाइक, कर्ज 7.9 लाख स्वयं कुल संपत्ति 1.14 करोड़ स्वय, 9 लाख पत्नी की है। कांग्रेस के प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर के पास नकदी 92 हजार 785 रूपये स्वयं, 25 हजार 630 रूपये पत्नी, बैंक में 52.21 लाख स्वयं, 20.48 लाख पत्नी. एलआईसी 21.50 लाख स्वयं. 19.89 लाख पत्नीद्धए परिजन और संस्था निवेश 1य33 करोड़ स्वयं, 11.20 लाख पत्नी, वाहन. 2 कार, सोना 150 ग्राम स्वयं, 550 ग्राम पत्नी, चांदी 2 किलो स्वयं, 200 ग्राम पत्नी, भूमि 1.47 एकड़ स्वय, 7.80 एकड़ पत्नी. कर्ज 23.60 लाख स्वंय, 55.25 लाख पत्नी, कुल संपत्ति. 2.92 करोड़ स्वयं. 2.71 करोड़ पत्नीद्ध है। इसके आलावा संगीता केतन शाह की देनदारी सिर्फ 3 करोड़ रुपये है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संपत्ति 33 करोड़ है। यानि वैशाली नगर के तीन प्रत्याशी जो कांग्रेस, भाजपा, निर्दलीय करोड़ पति है।

# स्कंदाश्रम द्वारा स्कंद षष्ठी का आयोजन प्रारंभ



**भिलाईनगर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। आमदी नगर हुड़कों स्थित स्कंदाश्रम द्वारा स्कंद षष्ठी 2023 के प्रथम दिन गऔ पूजा के साथ महसंकल्प, कलश स्थापना, सर्वदेवता का आह्वहन आज प्रात: किया गया। तत्पश्चात कार्यक्षेत्र मे निर्विघ्नता एवम उच्स्तरीय व्यापार कि सम्भ्वओ मे वृद्धि एवं सौभाग्य प्राप्ति हेतु चिंतामणि गणपती हवन किया गया। तत्पश्चात स्थलशुद्धि, भूमि, अचल संपति प्राप्ति हेतु प्रसात वास्तु शांति हवन हुआ। इस अवसर पर आचार्य शिवमणिजी की मूर्ति स्थापना मंदिर मे विधिवत पूजा कर स्थापित की गयी। इसके बाद नवग्रह दोष निवृति, मन की शांति अंतर दशा मुक्ति ऋण विमोचन, कारावास मे राहत हेतु नवग्रह हवन किया गया। अपमृत्युदोष निवृति सभी पुरानी बीमारियो से राहत और मृत्युभय से निवृति हेतु महामृत्युंजय हवन किया गया। तत्पश्चात पूर्णाहुति दीप आराधना के पश्च्यात सभी भक्तजनो ने प्रसाद ग्रहण किया। स्कंदाश्रम द्वारा स्कंदशष्ठी 2023 के प्रथम दिन संध्या का समारोह श्री मेधा दक्षिणा मूर्ति हवन किया गया, जो विद्या प्राप्ति पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करना याददस्त मे सुधार उच्च अध्यन की इकछा को आसानी सा पूर्ण करने हेतु सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात पुत्र प्राप्ति वंशवृद्धि गर्भ दोष निवृति हेतु श्री संतानगोपाल हवन हुआ। इसके बात दृष्टि अपचार दोष निवृति बुराई नकारात्मक विनाशकरी अंधरे वालो के भय निवारण श्री सुबमेसवारा हवन किया गया। पूर्णाहुति दीप आराधना के पश्च्यात सभी भक्तजनो ने प्रसाद ग्रहण किया। शुक्रवार 17 नवम्बर को प्रात: श्री लक्ष्मी गणपती हवन किया जायेगा। तत्पश्चात श्री शुक्त हवन, श्री सुदराशन हवन एवं शुदर्शन हवन किया जायेगा। 17 नवम्बर को स्कंदाश्रम में संध्या मे श्री नवचंडी प्रयाणम हवन एवं वसुंधरा हवन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए स्कंदाश्रम हुड़को के सुरेन्द्र सिंह केम्बो मीडिया प्रभारी ने देते हुए नगर वासियों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि स्कंदाश्रम हुड़कों में प्रतिवर्ष । स्कंदश षष्ठी का आयोजन किया जाता है। जिसमें नगर सहित आस-पास के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होते है।

# बीएसपी के मुख्य चिकित्सालय ने मनाया विश्व मधुमेह दिवस



**भिलाईनगर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केन्द्र द्वारा संयंत्र के मानव संसाधन विकास केन्द्र के सभागार में श्विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया। यह हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है। यह कार्यक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र बिरादरी के सदस्यों के लिएए स्वास्थ्य के प्रति मधुमेह के निवारक पहलुओं के बारे में जागरूकता पैदा करने और नियमित उपचार का पालन करके मधुमेह को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के तरीकों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें मधुमेह से सम्बंधित विभिन्न चरणों एवं स्थितियों की बेहतर रोकथामए निदान और गंभीर परिस्थितियों से निपटने के लिए सामूहिक व व्यक्तिगत रूप से क्या करने की आवश्यकता है यह बताया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक वर्क्स अंजनी कुमार थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक एचआरडी एंड बीई श्रीमती निशा सोनी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए डॉ एम रविन्द्रनाथ तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए डॉ प्रमोद बिनायके उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त बीएसपी बिरादरी के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक वर्क्स अंजनी कुमार ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि मधुमेह एक लाइफस्टाइल डिसीस है, जो संतुलित आहार और जीवनशैली से नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ एम रविन्द्रनाथ ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में मधुमेह का सबसे बड़ा कारण, हमारा वेस्टर्नाइज़ेशन जीवनशैली को अपनानाए शारीरिक गतिविधियों से दूर रहना आदि है। मधुमेह सिर्फ एक रोग तक सिमित नहीं है अपितु इससे आगे चल के सारे ऑर्गन भी खराब हो सकते है और हार्टअटैक, पैरालिसिस, ब्रेन डेड आदि होने का खतरा बढ़ जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके द्वारा, मधुमेह के साथ स्वस्थ जीवन पर आधारित एक प्रस्तुतीकरण दी गई। जिसमें, मधुमेह हेतु आवश्यक टेस्ट, दवाओं और नियमित उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम के द्वारा लोगों में मधुमेह से संबंधित महत्वपूर्ण व आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। मधुमेह के निवारक और उपचारात्मक पहलू को उजागर किया गया। उचित आहार, व्यायाम और अन्य दवाओं के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया था। इसके साथ ही जागरूकता हेतु अस्पताल के डायबिटिक सेक्शन द्वारा पोस्टर प्रदर्शनीए संतुलित आहार की प्रदर्शनी, योग, ब्लड टेस्ट तथा फूट केयर के स्टाल लगाये गए थे। विभिन्न पारंपरिक स्वस्थवर्धक खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन किया गया जिसमे, मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति हेतु मधुमेह पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए इन आहारों का सेवन भी किया जा सकता है। जनरल मेडिसीन विभाग द्वारा डॉ प्रमोद बिनायके के प्रस्तुतीकरण और डॉ सौरव मुखर्जी के संचालन के साथ इस कार्यक्रम का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों, अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ तकनीशियनो, डीएनबी डॉक्टरों सहित कार्मिक विभाग के अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# विधायक मुख्यमंत्री ने किया रोड शो



## चुनाव प्रचार थमने के पूर्व

**भिलाईनगर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। सीएम भूपेश बघेल शुक्रवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को जीताने के लिए रोड शो कर चुनाव प्रचार किया और जनता से भी अपील की कि वे भिलाई के युवा विधायक श्री यादव को फिर से विधायक बनाएं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रोड शो भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में किए। जहां उनका काफिला छावनी चौक, केनाल रोड चौक, गौतम नगर शिवालय, बापु नगर गुरुद्वारा, पीपल पेड स्कूल, श्री राम चौक, ओम लॉज चौक, सुभाष चौक, देवांगन मेडिकल स्टोर, असरफी चौक से होकर गुजरा। सीएम भूपेश के रोड शो के दौरान उनके साथ विधायक श्री यादव सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान सीएम भूपेश बघेल ने विधायक देवेंद्र यादव की तारीफ करते हुए कहा कि एक समय था जब खुर्सीपार और छावनी के लोग मूलभूत समस्याओं से जूझते थे। यहां के लोगों के पास ना सड़क थी ना बिजली थाए ना शुद्ध पानी था। लोगों को शुद्ध पीने के लिए पानी तक नहीं मिलता था। लेकिन भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार इस क्षेत्र में काम करते रहेए लोगों से मिलते रहेएउनकी समस्याओं को जानकर उनका निदान करते रहे और आज पूरी क्षेत्र की छवि ही बदल गई है। भिलाई के मतदाताओं से सीएम भूपेश बघेल ने अपील की कि वे सोच समझकर कांग्रेस को ही वोट करें। क्योंकि प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाएंगे तो महिलाओं को 470 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर मिलेगा और हर महिला को 15,000 शासन की तरफ से दिया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भर सशक्त बनाने के लिए ट्रेनिंग देकर रोजगार की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा सभी स्कूलों को स्वामी आत्मानंद स्कूल अंग्रेजी मीडियम बना दिया जाएगा।

# चुनाव के लिए 17 नवम्बर को अवकाश

**भिलाईनगर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव 2023 के मद्देनजर भिलाई इस्पात संयंत्र नियमन अनुभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए मतदान, भिलाई, दुर्ग, दल्ली राजहरा, नंदिनी, हिर्री एवं कुटेश्वर क्षेत्रों में 17 नवम्बर को संपन्न होगा। कार्मिकों के लिए मतदान की तिथि अर्थात 17 नवम्बर को एक अतिरिक्त अवकाश माना जाएगा। 17 नवम्बर को भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई, दल्ली राजहरा, नंदिनी, हिर्री एवं कुटेश्वर के प्रशासनिक कार्यालय बंद रहेंगे। लेकिन, मतदान के दिन संयंत्र एवं खदानों की सभी उत्पादन ईकाईयाँ एवं अन्य आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से कार्य करेंगी। मतदान की तिथि में कार्मिकों को मत का प्रयोग करने हेतु समयावधि एवं प्रतिपूरक छुट्टी की पात्रता निम्नानुसार होगी। संयंत्र, खदानों की सभी उत्पादन इकाईयां एवं अन्य आवश्यक सेवाओं में कार्यरत कार्मिक प्रशिक्षणार्थी सहित फस्ट् शिफ्ट में कार्यरत कार्मिक अपने मत का प्रयोग ड्यूटी पूर्ण होने के पश्चात करेंगे। बी शिफ्ट में कार्यरत कार्मिक अपने मत का प्रयोग ड्यूटी आने के पूर्व करेंगे। सी शिफ्ट में कार्यरत कार्मिक मतदान समयावधि पर अपने मत का प्रयोग करेंगे तथा जी शिफ्ट में कार्यरत कार्मिकों को मत का प्रयोग करने हेतु, विभाग की सुविधानुसार रोटेशन में दो घंटों का अवकाश दिया जाएगा। नियमानुसार, कार्यपालकों एवं गैरकार्यपालकों के लिए एक दिन का प्रतिपूरक अवकाश होगा। प्रशासनिक कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों प्रशिक्षणार्थी सहित के लिए कार्य पर उपस्थिति की आवश्यकता होने पर, नियमानुसार, कार्यपालकों एवं गैरकार्यपालकों के लिए एक दिन का प्रतिपूरक अवकाश होगा। कार्य पर उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होने पर कार्यपालकों एवं गैर कार्यपालकों के लिए बंद अवकाश होगा। संयंत्र, खदानों की उत्पादन इकाईयां, अन्य आवश्यक सेवाओ, प्रशासनिक कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों प्रशिक्षणार्थी सहित के लिए, जिन्हें मतदान कार्य पर नियुक्त किया गया हो, नियमानुसारए कार्यपालकों एवं गैर कार्यपालकों के लिए एक दिन का प्रतिपूरक अवकाश होगा। यदि किसी कार्मिक कोए जिनका साप्ताहिक अवकाश मतदान तिथि अर्थात 17 नवम्बर को हो उन्हें एक दिन का प्रतिपूरक अवकाश की पात्रता रहेगी। यदि कोई कार्मिक अवकाश पर हो एवं मतदान तिथि अर्थात 1 की छुट्टी उसके अवकाश के मध्य पड़ रही हो तो 17 को अवकाश ही माना जाएगा एवं उनकी जमा छुट्टी से घटाया नहीं जाएगा, किन्तु उन्हें प्रतिपूरक अवकाश की पात्रता नहीं रहेगी। इस अवकाश के लिए संयंत्र के कार्मिक विभाग द्वारा परिपत्र भी जारी किया गया है।

## उल्टा पुल्टा

पति- आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नी- गिर गई थी लग गई?
पति- कहां गिर गई थी और क्या लग गई थी ?
पत्नी- तकिये पर गिर गई थी. और आंख लग गई थी।

## संपादकीय

### आज की 70 सीटें हैं बहुत अहम

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के शुक्रवार को हो रहे दूसरे चरण के मतदान का प्रदेश में सरकार बनाने के परिप्रेक्ष्य में तो महत्व व संसदीय अनिवार्यता तो है ही, उसकी व्यापक सन्दर्भों व वर्तमान सियासी परिस्थिति में भी विशेष महत्ता भी है। यह केवल इसलिये उत्सुकता के साथ देखे जाने वाली चुनावी प्रक्रिया नहीं है कि पहले चरण में हुई 20 सीटों से सरकार बनाने में तो मदद मिलेगी, पर उसे पूर्णता मिलेगी इन्हीं 70 सीटों से; बल्कि इस मतदान को इस नज़रिये भी देखा जायेगा कि पहले चरण में 7 नवम्बर को हुए मतदान के बाद जो घटनाक्रम हुए हैं, वे मतदाताओं पर कितना असर करेंगे। यह भी सच है कि अगर किसी भी पार्टी का हिसाब पहले चरण में गड़बड़ाया होगा तो वह उसे इस चरण के मतदान से पूरा करेगी।

पहले चरण के बाद दो प्रमुख घटनाक्रम हुए हैं। पहला है दोनों दलों द्वारा नयी घोषणाएं और दूसरे, एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाना। नयी घोषणाओं के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ महतारी वंदन योजना के अंतर्गत राज्य की हर विवाहित महिला को साल में 12 हजार रुपये देने का वादा किया गया है, तो कांग्रेस ने बढ़ाकर 12 हजार रुपए किया है। ऐसे ही, ओबीसी कार्डधारक महिलाओं को भाजपा 500 रुपये में रसोई गैस सिलिंडर देगी, जबकि कांग्रेस पहले ही 450 रुपए में देने का वादा कर चुकी है। कांग्रेस ने किसानों को 3200 रुपए प्रति क्विंटल के मूल्य पर धान देने का ऐलान किया है, जबकि भाजपा का वायदा 3100 रुपए प्रति क्विंटल का है। वैसे किसानों को कर्ज माफी तथा जातिगत जनगणना पर भाजपा का मौन है जबकि कांग्रेस का यही प्रमुख चुनावी मुद्दा है।

दूसरा बड़ा मुद्दा भ्रष्टाचार को लेकर है। दोनों प्रमुख दलों द्वारा एक दूसरे पर गम्भीर आरोप-प्रत्यारोप लगाये गये हैं। भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय तथा बाहर से आने वाले तमाम स्टार प्रचारक कांग्रेस व यहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बेहद भ्रष्ट बताकर गये हैं। उनका आरोप है कि उन्होंने छग को अपने दल की केन्द्रीय समिति के लिये एटीएम बना दिया है। यह अलग बात है कि वैशाली नगर के भाजपा उम्मीदवार रिकेश सेन का एक वायरल वीडियो बता रहा है कि यहां जब भाजपा की सरकार थी तो पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह और उनकी पत्नी के साथ 'ऊपर तक' पैसा जाता था। भाजपा का यह भी आरोप है कि बघेल ने सट्टा खिलाने वाले महादेव एप से 508 करोड़ रुपये लिये हैं। आरोप लगाने वालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हैं। सवाल यह है कि अब तक इसकी जांच क्यों नहीं हुई। जो भी हो, जनता को तय करना है कि कौन सही है और कौन गलत।

# चुनाव के एक दिन पूर्व शैलेश त्रिवेदी ने किया डोर टू डोर जनसम्पर्क



**बलौदाबाजार,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा बलौदाबाजार के कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने आज हो रहे मतदान के एक दिन पूर्व बलौदाबाजार नगर की थोक सब्जी मंडी, कृष्णायन कॉलोनी एव शहर के अन्य मोहल्लों में जाकर लोगो से डोर टू डोर अपने पक्ष में मतदान करने का निवेदन किया। उन्होंने सभी से कांग्रेस पार्टी की प्रदेश की भूपेश बघेल की सरकार के 5 वर्षों के लोकहितैषी कार्यो के लिए 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में अपने लिए आशीर्वाद मांगा।

श्री त्रिवेदी ने महिलाओं से गृह लक्ष्मी योजना जिसमें 15 हजार रुपये प्रदेश की सभी महिलाओं को मिलना है, गैस के सिलेंडर में 500 रुपये की छूट के संदर्भ में चर्चा किया। साथ ही लोगो से कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में किये गए वादों के लिए जिसमें प्रमुख रूप से केजी से पीजी तक कि मुफ्त शिक्षा किसानों की कर्ज माफी, 32 सौ रुपये प्रति चिंटल धान की खरीदी के लिए एवं महिला स्व सहायता समूह की कर्ज माफी के लिए प्रदेश में एक बार फिर से भूपेश बघेल की सरकार बनाने का आग्रह किया साथ ही बलौदाबाजार विधानसभा एवं नगर के सर्वांगीण विकास के लिए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाने की अपील किया। आज शैलेश नितिन त्रिवेदी के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष रूपेश ठाकुर ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम गिरी, तिलक कन्नौजे, संदीप पांडेय, लखेश साहू, सुखदेव साहू, छल्ला साहू, तुलसी वर्मा, देवेंद्र बर्मा, गिरीश वर्मा, सोनू वर्मा, शैलेन्द्र बंजारे, अनिल साहू, देवेंद्र बंजारे, गोल्डी मरैय्या, कमल टंडन, गौतम ठेठवार, एल्डरमैन हेमचंद केशरवानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगर वासी उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने किया नगर में सघन जनसंपर्क



**बलौदाबाजार,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने गुरूवार को घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। टंकराम वर्मा ने सुबह कार्यकर्ताओं के साथ शहर के विभिन्न वार्डों में पैदल जनसंपर्क कर भाजपा को जिताने की अपील की। चुनावी शोर-गुल समाप्त हो जाने के बाद भाजपा प्रत्याशी ने व्यक्तिगत रूप से घर-घर जाकर लोगों से आशीर्वाद लिया। इस दौरान ग्रामीणों और शहरी क्षेत्रों में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराया।

जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री वर्मा ने घर-घर जाकर महिला एवं पुरुषों से मिलकर उन्हें केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा देश में एवं पूर्व में 15 वर्षों में प्रदेश में किए गए विकास कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी का ध्येय देश के अंतिम व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के हितों के लिए भी फसल बीमा योजना, जनधन योजना, गरीबों के लिए बीमा योजना, स्वास्थ्य योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनका लाभ हर तबका उठा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश प्रदेश को आर्थिक रुप से सुदृढ़ बनाकर कमजोर लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम कर रही है और आने वाले समय में शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भी रोजगार के नए-नए अवसर मुहैया कराए जाएंगे। इस दौरान उनके साथ भाजपा के कार्यकर्ता सहित शहरवासी बड़ी संख्या में शामिल थे।

# नवापारा में मतदान के लिए प्रशासनिक तैयारी पूर्ण



**23 मतदान केन्द्रो में 23 हजार मतदाता करेंगे अपने मतों का प्रयोग**

**नवापारा राजिम,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। अभनपुर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा चुनाव को लेकर लगभग सारी जरुरी तैयारी पूरी कर लीं गई हैं. मतदान दल भी अपने अपने निर्वाचन केंद्रो मे पहुँच चुके थे. जिनकी सभी व्यवस्था भी स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा सुनिश्चित करा लीं गई थी ।. वही यह भी देखा गया कि चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त सेक्टर ऑफिसर सहित अन्य जिम्मेदार मतदान दिवस के पूर्व निरिक्षण करते दिखे. ।

इस कडी मे नवापारा पालिका अधिकारी संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि इस विधानसभा चुनाव के अंतर्गत गोबरा नवापारा नगर पालिका क्षेत्र मे कुल 23 मतदान केंद्र की व्यवस्था की गई हैं जिसमे महिला पुरुष मिलाकर कुल 22931 मतदाता आज शुक्रवार को मतदान करेंगे. स्थानीय पालिका अधिकारी ने नवापारा के सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की हैं. स्थानीय पालिका द्वारा बनाये गए मतदान केन्द्रो मे प्रा.शाला भवन गोबरा बस्ती, प्रा.शाला भवन अ भाग खोलीपारा, प्रा.शाला भवन स भाग खोलीपारा, नवीन प्रा. शाला भवन दीनदयाल उपाध्याय नगर कक्ष 01, नवीन प्रा. शाला भवन दीनदयाल उपाध्याय नगर कक्ष 02, शा.बालक प्राथमिक शाला बढईपारा 04, शा. नवीन पू.मा. शाला बढ़ईपारा नवापारा कक्ष 01,02, शा. हरिहर उ.मा. शाला भवन कक्ष 03, 04 05, कृषि उपज मंडी कक्ष 02 नवापारा बालक प्रा. शाला भवन बढ़ईपारा कक्ष 01, 03, सदर बाजार प्रा. शाला भवन अ भाग एवम भवन ब भाग, प्राथ. शाला भवन सोमवारी बाजार कक्ष क. 01, कृषि उपज मंडी कक्ष 03, एवम 01, नवापारा बगदेही प्रा.शाला भवन उत्तर., प्रा.शाला भवन बगदेही पारा कक्ष 03, शा. हरिहर पूर्व मा.शा.भवन कक्ष क. 01, शा. हरिहर पूर्व मा.शा.भवन कक्ष कं. 02, शामिल हैं. सबसे बड़ा और ज्यादा मतदान केंद्र नगर के हरिहर हाई स्कूल मैदान मे बनाया गया हैं, जहाँ कुल 5 मतदान केंद्र बनाये गए हैं।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान करने की गई अपील



**धमतरी,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा सदस्यों के निर्वाचन हेतु 17 नवंबर 2023 दिन शुक्रवार को मतदान केंद्रों में अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जिले के सभी मतदाताओं से अपील की गई है। उन्होंने कहा है कि मतदान दिवस के दिन मतदातागण मतदान के लिए समय निकालकर अपने क्षेत्र के लिए निर्धारित मतदान केंद्रों में उपस्थित होकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता का मत अमूल्य है तथा मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जब मतदान के लिए जायें तो अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक कार्ड) एवं फोटो युक्त मतदाता पर्ची अवश्य लेकर जायें। अपने जिला, राज्य एवं देश की खुशहाली के लिए एवं सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए शत प्रतिशत मतदान का होना अपेक्षित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग सुनिश्चित करने की अपील सभी मतदाताओं से की है।

# मतदान सामग्री के साथ मतदान दल हुए रवाना



**महासमुंद,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के महापर्व में दूसरे चरण में 17 नवम्बर को होने वाले स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान के लिए महासमुंद जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के 1079 मतदान केन्द्रों के लिए कृषि उपज मंडी महासमुंद में सामग्री वितरण 16 नवम्बर को सुबह 06:00 बजे से किया गया। सामान्य प्रेक्षक जफर अली, पुलिस प्रेक्षक कृष्ण कुमार व्ही के एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने आज मंडी परिसर पहुंचकर सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर श्री मलिक ने मतदान दलों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने मतदान दलों से मिलकर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराने कहा है। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामग्री का वितरण पिटियाझर स्थित मंडी परिसर से किया गया। इसके लिए 16.16 काउंटर बनाए गए हैं। सामग्री वितरण हेतु प्रत्येक विधानसभा में 80.80 कर्मचारी नियुक्त किए गए है। सर्वप्रथम राजनीतिक दल की उपस्थिति में स्ट्रांग खोला गया। तत्पश्चात विधानसभावार बनाए गए काउंटर से मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी अपने. अपने मतदान केंद्र के लिए सामग्री प्राप्त किए और अपने दल के साथ निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। उनके साथ सेक्टर अधिकारी भी रवाना हुए। दल के साथ एक.एक सुरक्षाकर्मी भी तैनात रहेंगे। सर्वप्रथम सरायपाली और बसना विधानसभा के लिए वाहनों को रवाना किया गया। वाहन रवाना करने के दौरान सहायक कलेक्टर हेमंत नंदनवार एवं उप पुलिस अधीक्षक आकाश राव ने वाहनों को रवाना किया और मतदान दलों को शुभकामनाएं दी। ज्ञात है कि जिले में कुल 235 रूट चार्ट बनाए गए हैं। मतदान दलों में कुल 12,295 कर्मचारी संलग्न है। जिले में कुल 40 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए है। इसमें पीठासीन से लेकर मतदान दल क्रमांक 1, 2 और 3 सभी महिला कर्मचारी हैं। महिला अधिकारियों ने उत्साह के साथ सामग्री प्राप्त किया। इसी तरह चारों विधानसभा क्षेत्र >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अमेरा में गौरी गौरा एवं गोवर्धन पूजा उत्सव संपन्न



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। ग्रामीण अंचलों में गोवर्धन पूजा व भाई दूज का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान युवतियों व महिलाओं ने अपने मुहल्लों व गांव में जगह-जगह गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन की आकृतियां बनाकर उनकी पूजा की। इस दौरान युवतियों व महिलाओं ने पारम्परिक गीत प्रस्तुत किया।

ग्राम अमेरा में घासीदास चौक में स्थित सहाड़ा देवता में यादव बंधु एवं ग्रामवासियों द्वारा गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। वहीं दोपहर तक गौरी गौरा भगवान का गली भ्रमण के दौरान पश्चात विसर्जन किया गया। यादवों द्वारा सर्वप्रथम श्रीराधा कृष्ण मंदिर में गौ माता को सोहाई बांधी गई उसके पश्चात अन्य घरों में सोहाई बांधने का प्रक्रिया चली। इस दौरान ग्राम के सरपंच लखेश्वरी साहु, उपसरपंच महेश्वर चंद्राकर पंचगण, यादव समाज के पदाधिकारियों के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

# कसडोल विधानसभा में त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। छ.ग. विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तैयारी शासन स्तर पर पूर्ण कर लिया गया है। आज 17 नवम्बर को मतदान होना है। इसलिए लगभग सभी प्रत्याशी जी तोड मेहनत कर रहे है। वहीं कसडोल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भाजपा एवं कांग्रेस का प्रत्याशी क्षेत्र में पूर्व से स्थापित नेता नही होने के कारण कार्यकर्ताओं की गुटबाजी को सुलझा नही पाये है। इसलिए दोनों पार्टी के कार्यकर्ता अपना प्रभुत्व दिखाने के लिए दुसरे गुट पर निर्दलीय गोरेलाल साहू का समर्थन करने का अरोप प्रत्यारोप लगा रहे है। जिससे बहुत से कार्यकर्ता निरूतसाहित है। जिसका सीधा लाभ निर्दलीय को मिल रहा है।

इसी क्रम में कुछ लोगों ने यह भी बताया कि पूर्व में कसडोल विधानसभा से भाजपा तथा कांग्रेस से धनपति लोग चुनाव लडते आ रहे थें। जिनके द्वारा किसी भी प्रकार से कार्यकर्ताओं को संतुष्ट कर देते थें। किंतु इस बार के चुनाव में कोई धनपति नही है इसलिए बहुतों को अपेक्षित लाभ नही मिलने के कारण कुछ लोग खफा है। इसलिए नकारात्मक एवं सहानुभुति भी निर्दलीय को मिल रहा है क्योकि सभी को मालुम है कि राष्ट्रीय पार्टी द्वारा प्रत्याशी को सहयोग मिलता है और यहां निर्दलीय प्रत्याशी गोरेलाल साहू को सहानुभुतिक लाभ मिल रहा है। इसलिए लोगों का कहना है कि भाजपा कांग्रेस एवं निर्दलीय के बीच त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति हैं किंतु जीत की शेहरा मतदाता किसे पहनाती है परिणाम आने पर ही स्पष्ट होगा।

# निर्वाचन अधिकारी ने धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश किया जारी

**महासमुंद,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग अधिसूचना के अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान 17 नवम्बर को संपादित किया जाना है। मतदान को सुचारू रूप से संचालन एवं मतदान दिवस को कानून व्यवस्था, लोक परिशांति, आपसी सदभाव करने एवं स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा संपूर्ण महासमुंद जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत निर्वाचन वाले क्षेत्रों में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा है कि कोई भी व्यक्ति, किसी मतदान क्षेत्र में उस मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की कालावधि के दौरान निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस नहीं बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा और न उसे संबोधित करेगा। चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा। कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद.प्रमोद के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा। जिला महासमुंद में बाहरी व्यक्तियों, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, चुनाव प्रचार में संलग्न कार्यकर्ता जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता नहीं है उन्हें मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति तक संबंधित क्षेत्र में आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी प्रत्याशी या राजनैतिक दल द्वारा सामूहिक भोजध्रसोई का आयोजन नहीं किया जाएगा। अतिथि भवनों और धर्मशालाओं को भी सतर्कता के तहत रखा जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन्हें राजनीतिक पार्टियों या उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी तरीके से प्रभावित करने के लिए उपयोग नहीं किया जाए। जिला महासमुंद की सीमा के अंदर किसी भी व्यक्ति, समूह का राजनीतिक गैर राजनीतिक दलों को लाउडस्पीकर का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाती है। मतदान का समय समाप्त होने के 48 घंटों की कालावधि के दौरान लाउडस्पीकर का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी 05 से अधिक व्यक्तियों का क्षेत्र में एकत्रित होने की अनुमति नहीं दी जावेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता का प्रत्येक राजनीतिक दल या अभ्यर्थी को पूर्णत: पालन करना अनिवार्य होगा। उक्त आदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में बाहरी सशस्त्र एवं सुरक्षा बलए निर्वाचन कार्य में लगे कर्मी व एम्बुलेंस एवं आपातकालीन सेवा पर लागू नहीं होगा। महासमुंद जिले के राजस्व सीमा में आने वाले सभी धर्मशालाओं, होटलों तथा लॉज के मालिकों, प्रबंधक अपने धर्मशाला, होटल एवं लॉज में ठहरने वाले व्यक्तियों की दैनिक जानकारी संबंधित थाना >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# चाक व्यवस्था के बीच मतदान दल हुए रवाना, 6 हजार से अधिक कर्मचारी-अधिकारी कराएंगे मतदान

- सीआईएसएफके 24 कंपनियां पुलिस के 15 सौ पुलिस जवानों की गई तैनाती
- मतदान आज सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक



**बलौदाबाजार,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 कार्य को सुचारू संपन्न कराने के लिए आज जिले में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। जिले में मतदान तिथि मंगलवार 17 नवम्बर 2023 को मतदान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के मार्गदर्शन में मतदान दलों को मतदान कार्य के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी परिसर में मतदान दलों ने निर्वाचन कार्य के लिए सामग्री ली एवं अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्र के लिए निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने रवाना हुए। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया है, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी होगी।

जिले में चारों विधान सभा क्षेत्र के लिए 1 हजार 9 मतदान केंद्र बनाएं गए है। जिसमें बिलाईगढ़ में 129, कसडोल में 402, बलौदाबाजार 196 एवं भाटापारा में 282 मतदान केंद्र शामिल है। जिसमें से, 1 अति संवेदन शील एवं 437 राजनैतिक संवेदन शील मतदान केंद्र है। 1009 मतदान केंद्रों के लिए 6 हजार से अधिक अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी पीठासीन, मतदान अधिकारी-1,2 एवं 3, सेक्टर अधिकारी, जोनल अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, नोडल अधिकारी के रूप में लगाई गई है। इसके साथ ही शांति पूर्ण मतदान कराने के उद्देश्य से सीआईएसएफके 24 कंपनी लगभग 2400 जवान, एवं 1500 पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कुल 8लाख 94 हजार 582 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। जिसमें 4 लाख 47हजार 430 पुरुष, 4 लाख 47 हजार 136 महिला, 8155 दिव्यांग तथा 16 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। जिसमे विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ में मतदान केंद्र संख्या 129, कुल मतदाता 1 लाख 1 हजार 635, पुरुष 51140, महिला 50494, दिव्यांग 820 एवं तृतीय लिंग 1, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 कसडोल में मतदान केंद्र 402, कुल मतदाता संख्या 361626, पुरुष 181287, महिला 180336, दिव्यांग 3335 एवं तृतीय लिंग 3, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 बलौदाबाजार में मतदान केंद्र संख्या 196, कुल मतदाता 1 लाख 78 हजार 576, पुरुष 89 हजार 10, महिला 89 हजार 566, दिव्यांग 1664।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा में मतदान केंद्र संख्या 282, कुल मतदाता 2 लाख 52 हजार 745, पुरुष 1 लाख 25 हजार 993, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# आबकारी अमला द्वारा की गई अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही



**धमतरी,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 15 नवम्बर को ग्राम कोरगाँव जंगल में छापेमार कार्यवाही से 105 बल्क लीटर महुआ शराब जिसका मूल्य 21 हजार रूपये तथा 1600 किलोग्राम लाहान, जिसका मूल्य 64 हजार रूपये है, को नष्ट किया गया। साथ ही अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2), 34(1) च के तहत प्रकरण कायम किया। इस कार्यवाही मे आबकारी उप निरीक्षक लालजी दीवान, निशांत साधु नगर सैनिक और आबकारी अमला उपस्थित रहा।

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई

Signature
Sortex Clear
Toor Dall

JALIAWALA GROUP

ALL IS WELL
Premium Quality
Sortex Clear
Toor Dall

HAPPY DIWALI

MAHAK FUELS
98271-91400
96302-66000

A-One Dharam Kata

MAHAK INDUSTRIES 98271-67516 88152-78692
AVON POHA UDYOG 98271-91400 70009-11783
ARSHI DALL MILL 87701-15415 98271-91400
MAHAK INDUSTRIES 98271-67516 88152-78692
KOHINOOR INDUSTRIES 98271-91400 70009-11783

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई

अश्वनी क्षत्रीय
स्टाम्प वाईन्डर
जनपद पंचायत, भाटापारा
अश्वनी क्षत्रीय

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई

रवि वर्मा
मटेरियल सप्लायर
आफिस– पल्टन होटल के पीछे, सुभाष बाजार, भाटापारा
रवि वर्मा

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई

थोक किराना व्यापारी संघ
भाटापारा, जिला– बलौदा बाजार–भाटापारा

उपाध्यक्ष
श्री ठारूमलजी माखीजा
सचिव
प्रताप ठाकुर

उपाध्यक्ष
श्री राजेश मंधान
कोषाध्यक्ष
पूरनलाल शोभवानी

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई

राधेश्याम बस सर्विस एवं राधेश्याम फ्यूल्स
आबकारी ऑफिस चौक, भाटापारा (छ.ग.)
दीपक शुक्ला
सुदीप शुक्ला

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई

अरुण छाबड़ा
गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर
भाटापारा

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई

मे. मेकडम मेकर्स
ए-5 कांट्रेक्टर्स, लोक निर्माण विभाग, भाटापारा
जिला- बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)

दीपावली एवं देवउठनी (एकादशी) की हार्दिक बधाई...

विरेश कुमार यदु
सरपंच
ग्राम पंचायत बिटकुली

अमरनाथ मनहरे
सचिव
ग्राम पंचायत बिटकुली

उपसरपंच, पंचगण एवं समस्त ग्राम वासी ग्रा.पं. बिटकुली

दीपावली एवं देवउठनी (एकादशी) की हार्दिक बधाई...

श्रीमती राजेश्वरी गोविन्दा ध्रुव
सरपंच
ग्राम पंचायत राजाढ़ार

मनहरण धीवर
सचिव
ग्राम पंचायत राजाढ़ार

उपसरपंच, पंचगण एवं समस्त ग्राम वासी ग्रा.पं. राजाढ़ार

दीपावली, देवउठनी एकादशी पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अली संस फायर वर्क्स
भाटापारा
प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अली संस फायर वर्क्स ने पटाखा निर्माण के अपने गुणवत्ता एवं सुरक्षा की दृष्टि से उच्चकोटि एवं फैन्सी फटाखों का निर्माण अपने कार्य क्षेत्र में एक और मील का पत्थर स्थापित किया है।
मैजिक वर्ल्ड, प्यारो डांस, रैनबो टॉर्च जैसी नई एवं विशाल रेंज उपलब्ध है।

फैन्सी पटाखों के चिल्हर एवं थोक विक्रेता
शादी–ब्याह एवं अन्य सामाजिक कार्यों के लिए
पूरे साल पटाखे उपलब्ध।

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई

ग्राम पंचायत दतरेंगी
विकासखण्ड–भाटापारा
जिला–बलौदा बाजार–भाटापारा
हुलास राम साहू
सरपंच
सुषमा बंजारे
सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण

## भाटापारा विस क्षेत्र के 23 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कल

**सिमगा,** 16 नवंबर। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में कुल 23 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है जंहा सात प्रत्याशी दलीय पार्टी से अपना भाग्य अजमा रहे तो 16 प्रत्याशी निर्दलीय चुनाव मैदान में है भाजपा से शिवरतन शर्मा कांग्रेस से इंद्र साव जनता जोगी कांग्रेस से जितेन्द्र बंजारे बहुजन समाज पार्टी से ।



# जिले के दो विस के 17 प्रत्याशियों का भाग्य आज होगा ईव्हीएम में कैद

**गरियाबंद,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। गरियाबंद जिले के दो विधानसभा राजिम और बिन्द्रानवागढ़ में चुनावी मैदान में उतरे कुल 17 प्रत्याशियो का भाग्य का फैसला आज ईव्हीएम में कैद हो जाएगा। जिले के 4 लाख 54 हजार 559 मतदाता शुक्रवार को इन प्रत्याशियो के भाग्य का फैसला अपने मताधिकार से तय करेंगे। राजिम विधानसभा से कुल 11 तथा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा से कुल 06 प्रत्याशी मैदान में है।

कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदान दिवस की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक मतदान होगा। केवल बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के 09 मतदान केन्द्रो में जिसमें कामरभौदी, आमामोरा, ओढ़, बड़े गोबरा, गंवरगांव, गरीबा, नागेश, साहबीनकछार और कोदोपाली में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। इसके पहले गुरूवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर से मतदान सामग्री वितरण कर मतदान दलों को अपने-अपने मतदान केन्द्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। इस दौरान कलेक्टर ने मतदान दलों एवं संगवारी मतदान केंद्र के महिला मतदान कर्मियों को सफलतापूर्वक अपने जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए शुभकामना दी। जिलेवासियों से भी अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाता अपने मतदान केन्द्र में जाकर अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करे।



**जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 4 लाख 54 हजार 559**

जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 454559 है, जिसमें राजिम विधानसभा में 228132 एवं बिन्द्रानवागढ़ में 226427 मतदाता है। राजिम विधानसभा में 11266 तथा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा में 111227 पुरूष मतदाता है। वही राजिम में 11648 तथा बिन्द्रानवागढ़ में 115196 महिला मतदाता है। जिले में कुल 573 मतदान केन्द्र हैं, जिनमें राजिम में 274 मतदान केन्द्र एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 299 मतदान केन्द्र हैं। चुनाव संचालन के लिए लगभग 2700 शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र, 1-1 दिव्यांग मतदान केन्द्र, 1-1 युवा मतदान केन्द्र एवं 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र बनाये गये है।

- जिले में शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी
- जिले में कुल 4 लाख 54 हजार 559 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का उपयोग

**सीमावर्ती मतदान केंद्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

सीमावर्ती क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए है। उड़ीसा राज्य के जिले नवरंगपुर, कालाहाण्डी व नुवापाड़ा से लगे मतदान केंद्र खुटगांव, खोकसरा, बरही, मगररोड़ा बिरीघाट, गरीबा, कैटपदर व इंदागांव इत्यादि मतदान केन्द्रों में विशेष निगरानी रखी जायेगी। इसके आलावा वेबकास्टिंग एवं वीडियोग्राफी के जरिए मतदान गतिविधियों पर नजर रहेगी। जिले के 287 मतदान केंद्रों में सीसीटीवी के माध्यम से रिकॉर्डिंग कर वेबकास्टिंग की जाएगी। इनमे राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 137 और बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के 150 केंद्र शामिल है। साथ ही मतदान केन्द्रों में वीडियोग्राफी भी कराई जायेगी।

# चुनई तिहार में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के निर्वाचन कार्मिक अद्भूत उत्साह के साथ शामिल हुए



**बिलाईगढ़,** 16 नवंबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ के चुनई तिहार विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में जिला निर्वाचन प्रशासन द्वारा सतत् तैयारी किया जा रहा था। 16 नवंबर को सुबह 6 बजे से जिले के निर्वाचन कार्मिक दल अपने अपने मतदान केन्द्र में मतदान कराने के लिए उत्साह के साथ उपस्थित हुए। निर्वाचन कार्मिक के उत्साह सभी के नजरों में मिली। यह पहचान करना मुश्किल था कि महिलाएं ज्यादा उत्साहित हैं कि पुरूष। जरा सा सिकन नहीं था सभी के चेहरे में ऐसे महिलाएं और पुरूष निर्वाचन ड्यूटी में तैनात नजर आए। मंडी परिसर में मतदान सामग्री वितरण के लिए लाइन में लगे नजर तो कहीं दल के साथ सामग्री का मिलान करते। हर टीम अपने सदस्यों के साथ निर्वाचन काम में ऐसे गंभीरता से कर रहे थे जैसे उन्हें इस कार्य को संपन्न कराने के लिए बहुत दिनों से प्रतीक्षा था। निर्वाचन कार्य में जीवटता से भीड़कर कार्य करने का अद्भूत उत्साह निर्वाचन कार्मिक में नजर आया। जिला निर्वाचन प्रशासन द्वारा मंडी परिसर के अलग-अलग स्थानों में सुविधा प्रदान किया गया था, जिनमें डाकमत पत्र स्थल, स्वास्थ्य सेवाएं, जिनमें डॉक्टर नर्स उपस्थित थे। कैम्पस में ही पेयजल, शौचालय और कैंटीन में भोजन उपलब्ध था।

# भवानीपुर में मातर उत्सव धूमधाम से मनाया



**पलारी,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विकासखंड के ग्राम भवानीपुर में मातर उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। सुबह यादव बंधुओं द्वारा गौठान में जाकर पूजा-अर्चना कर मातर का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। दोपहर में यादव बंधुओं द्वारा विशेष झांकी का प्रदर्शन करते हुऐ गीत एंव संगीत के माध्यम से श्री राधा कृष्ण की जीवन गाथा एंव उनकी झांकी का भी प्रदशर्न किया। जिसमे छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ था रात्रि 9 बजे तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसे देखने के लिए आसपास के अलावा दूरदराज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जहां विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़ी पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम क्रमश: राऊत नृत्य भवानीपुरए डी जे डांस एंव संस्कृतिक कार्यक्रम, भोजली झांकी, जय मां कंकाली झांकी भवानीपुर लोक गीत, लोक संस्कृतिक कार्यक्रम मोर मयारू दाई का कार्यक्रम संपन्न हुए। शासन के निर्देश को पालन करते हुए कार्यक्रम 9 बजे तक ही चला। इस कार्यक्रम में ग्राम के विभिन्न समितिए समस्त ग्रामवासी भवानीपुर का विशेष सहयोग योगदान रहा। उक्त जानकारी सरपंच नारायण निषाद ने दी।

# भाईदूज में मांगे बहना, भैया मेरे वोट देने जरूर जाना

## मतदाता जागरूकता का अभिनव कार्यक्रम




**बागबाहरा,** 16 नवंबर (देशबंधु)। भाई दूज के अवसर पर बागबाहरा पिथौरा मार्ग पर स्थित छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में एकमात्र यम यमी मंदिर परिसर में आयोजित भाईदूज कार्यक्रम में स्वीप ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने मतदाता जागरूकता अभियान की कड़ी में एक नई सोच के साथ रंगोली बनाकर भाई दूज में मांगे बहना ,भैया मेरे वोट देने जरूर जाना कार्यक्रम आयोजित किया । भाई दूज मनाने आई बहनों ने शानदार रंगोली सजाई तथा भाई दूज के प्रतीक स्वरूप दो दीप प्रज्जवलित कर अपने उद्गार के माध्यम से संदेश अपने भाइयों को दिया कि 17 नवंबर को वोट जरूर डालना। डॉक्टर विश्वनाथ पाणिग्राही ने मतदान के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए शत प्रतिशत मतदान हेतु अपील किया । तेंदुकोना निवासी नंदकुमार सोनी परिवार द्वारा आयोजित पूजा पाठ कार्यक्रम में कुछ समय हमें दिया मतदाता जागरूकता हेतु तथा सम्मिलित भी हुए । भाई दूज में यम यमी मंदिर दर्शन हेतु कोटनपाली, सम्हर, सरायपाली, मोंगरापाली, बागबाहरा तेंदुकोना, शिकारी पाली, कुम्हारिमूड़ा सहित 10, 12 गांव से महिलाएं बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर मतदान करने संदेश दिया।

# चिरायु दल एक और चेहरे की मुस्कान



**सरायपाली,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना अंतर्गत चिरायु दल कार्यरत है। चिरायु दल द्वारा सुनने से लेकर के 18 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है एवं गंभीर रूप से ग्रसित बच्चों का निशुल्क इलाज करवाया जाता है। इसी तारतम में सरायपाली विकास खंड के ग्राम छिबर्रा के 4 वर्षीय बालिका गरिमा सेठ पिता चित्रसेन सेठ जो की हृदय की बीमारी जिसे टॉफ कहा जाता है से 3 वर्षों से पीड़ित थी। इस बीमारी की वजह से बच्चे का शारीरिक एवं मानसिक विकास रुक गया था। चिरायु दल के द्वारा इस बच्चे को चिन्हांकित कर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए रायपुर ले जाया गया। रायपुर के एसएमसी हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा बच्चे के हृदय का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में टॉफ का ऑपरेशन नहीं हो पता है फिर भी एसएमसी अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा सफलतापूर्वक बच्चे के हृदय का ऑपरेशन किया गया वर्तमान में बच्ची पूर्ण रूप से स्वस्थ है। परिवार जनों ने अस्पताल प्रशासन का आभार जताया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एच एल जांगड़े के निर्देशन में चिरायु दल के आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश सिंग, डॉ. अनुपा दास, डॉ. जनक जेरी, फार्मासिस्ट उमेश डड़सेना, भीष्म प्रताप राणा, एएनएम देवकी पटेल सुनीता साव लैब टेक्नीशियन परमेश्वर सेन एवं उसत पटेल का विशेष योगदान रहा।

# सकरी प में सुआ नृत्य प्रतियोगिता 19 को

**पलारी,** 16 नवम्बर। विकास खंड पलारी के ग्राम सकरी प में सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आदर्श समिति सकरी प के तत्वावधान में दिनांक 19।11।23 रविवार को यह कार्यक्रम आयोजित है। प्रथम पुरस्कार 11001रु द्वितीय पुरस्कार 7001रु तृतीय पुरस्कार 5001रू चतुर्थ पुरस्कार 4001रू पंचम पुरस्कार 2001रू तथा शील्ड रखा गया है ।

## निधन

### कालविन शाद

**भानुप्रतापपुर,** 16 नवंबर।



सुभासपारा निवासी स्नैक कैचर कालविन शाद 52 वर्ष देर रात इलाज के दौरान निधन हो गया। काल्विन ने क्षेत्र में जहरीले सांपों से कई लोगों को निजात दिलाई है और सांपों को पकड़कर उन्हें जंगल में छोड़ कर उनकी भी जान बचाई है। अंतिम संस्कार स्थानीय मसीह कब्रस्तान भानुप्रतापपुर में किया गया।

### दिनेश पटेल



**सरायपाली,** 15 नवंबर। ग्राम बिछियां निवासी कृषक नेता दिनेश पटेल (55 वर्ष) का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर उन्हें नम आंखों से विदाई दी। वे अंतर्राष्ट्रीय वुडबाल खिलाड़ी जितेंद्र पटेल के पिता व बेदराम पटेल के ज्येष्ठ भ्राता थे। उपसरपंच कमला पटेल के पति थे। गृह ग्राम बिछियां में दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परिजन, इष्ट मित्र एवं आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

### नरेश अग्रवाल



**पिथौरा,** 16 नवंबर। (भकलूडीह वाले) नरेश अग्रवाल फर्म रूप श्रृंगार फैंसी स्टोर्स पिथौरा का दुखद निधन हो गया है। नरेश जी कैलाश अग्रवाल (बोरवेल्स) एवं श्रृंगारिका फैंसी स्टोर्स के संचालक एवं पत्रकार पत्रकार आनंद अग्रवाल के बड़े भाई थे। शवयात्रा मंदिर चौक स्थित निज निवास से निकली। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिक शामिल थे।

### विमल अग्रवाल



**पिथौरा,** 16 नवंबर। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं व्यवसायी कुंजबिहारी अग्रवाल के सुपुत्र विमल अग्रवाल का आज असामायिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा में अनेक लोगों ने भाग लिया।

# अज्ञात हमलावरों ने पिता पुत्र को घायल किया



**सरायपाली,** 16 नवंबर। मंगलवार की रात 9.00 बजे नगर से लगे भगवती राईस मिल पतेरापाली वार्ड के पास सरसीवां रोड़ पर पिता पुत्र राईस मिल से घर की ओर आ रहे थे कि अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्तियों ने भारी सामान या लोहे के औजार से वार किया जिससे गोवर्धन अग्रवाल उनके पुत्र हेमंत अग्रवाल घायल हो गए हैं। घायल पिता पुत्र को ईलाज के लिए बसना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है उनके पास के बैग को कथित व्यक्ति लूट कर ले गए। इस घटना से व्यथित आक्रोशित व्यापारी , व्यापारी महासंघ सराय पाली के साथ चेंबर ऑफ कॉमर्स नगर इकाई सरायपाली कैट नगर इकाई सराय पाली के पदाधिकारी ने टी आई से मिलकर घटना पर समुचित कार्रवाई करने का निवेदन किया पुलिस ने भी पूरी तरह से कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है । इस अवसर पर कैट के नगर इकाई अध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल, व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष सुशील जैन , चेंबर ऑफ कॉमर्स नगर अधिकारी के अध्यक्ष अवधेश अग्रवाल , चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री संजय अग्रवाल सहित किराना व्यापारी संघ, राइस मिल एसोसिएशन के भी पदाधिकारी मौजूद थे।

# जोगी कांग्रेस के तीन कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

## प्रचार-प्रसार के अंतिम क्षण में शामिल हुए



**सरायपाली,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद ने चुनाव प्रचार के अंतिम कुछ घंटे पूर्व रोड शो किया रोड शो में सैकड़ो कांग्रेसी शामिल हुए घंटेश्वरी मंदिर से बस स्टैंड थाना चौक जय स्तम्भ चौक होते पदमपुर रोड होते हुए कांग्रेस पार्टी के चुनाव कार्यालय तक शक्ति प्रदर्शन किया रोड शो में मोटर साइकिल पैदल कार्यकर्ता चल रहे थे कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद ने जय स्तम्भ चौक पर लोगों को संबोधित करते हुए वोट देने की अपील की चातुरी नंद वाहन में खड़ी हो कर लोगो का अभिवादन कर रही थी जय स्तम्भ चौक पर जोगी कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता तुलाराम पटेल अमरकोट तिरिथ राम पटेल दर्रीपाली मोहम्मदआरिफ भाई सरायपाली ने कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल पार्षद हरदीप सिंह रैना ने कांग्रेस का गमछा पहना कर स्वागत किया उपरोक्त कार्यकर्ताओं के पार्टी छोड़ने से जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी को तगड़ा झटका लगा है।

# अंचल में धूमधाम से मनी दीवाली

## गौरा-गौरी की गई पूजा-अर्चना



**पलारी,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। समूचे अंचल में रविवार को सबसे बड़ा त्योहार दीपावली धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। दीपावली पर लोगों ने अपने अपने घरों को रंग बिरंगे झालरों से रोशन किया गया था। शाम को माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर अपने परिवार परचित को प्रसाद वितरण कर खूब फ्टाके फोड़े। और वही दूसरे दिन सोमवार को अंचल के गांव भवानीपुरए खपरीए तमोरीए सहाड़ाए मोहानए रिवाडीहए गिधपुरी सहित सभी गांवों में गौर गौरी की विशेष पूजा अर्चना की। बजे गाजे के साथ युवक युवती ने सिर पर गौर गौरी रख कर गली भ्रमण किया। इस दौरान नागरिकों की सैलाब उमड़ पड़ा।जगह जगह घरों से गौर गौरी की पूजा अर्चना की गई श्रद्धालुओं ने सोटे भी खाए। ग्राम भवानीपुर में माता सेवा समिति के द्वारा भोजली माता की झांकीए युवा सेवा समिति की टोली द्वारा भगवान शिव शंकर की विवाह बाराती की झांकी आकर्षक का केंद्र रहा। वही मंगलवार को अंचल में गोवर्धन पर्वत पूजा मनाया गया यादव समाज के द्वारा बाजे गाजे के साथ दोहा पारते हुए गोपालकों के घर पहुचकर गौ माता को सोहाई बांधी।गोधन की पूजा अर्चना कर गोमाता को खिचड़ी खिलाई गई। ग्राम के साहड्डा देवता के पास यादव समाज के द्वारा गोबर इक्ठठा कर गोवर्धन पूजा किया साथ ही लोगो ने एक दूसरे को टिका लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। दूसरे दिन यादव समाज के द्वारा मातर का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मतदान सामग्री के साथ मतदान...

में 1.1 मतदान केन्द्र दिव्यांग और 1.1 मतदान केन्द्र युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाए गए है। दिव्यांग मतदान केन्द्र में सभी अधिकारी.कर्मचारी दिव्यांग होंगे। जिले में चार युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों में सभी युवा अधिकारी होंगे। आदर्श मतदान केन्द्र 20 होंगे।

### निर्वाचन अधिकारी ने धारा...

प्रभारी को लिखित में तत्काल प्रस्तुत करेंगे। उक्त आदेश के उल्लंघन करने की दशा में कारावास से जिसकी अवधि 2 वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दंडनीय होगा।

### चाक व्यवस्था के बीच मतदान दल...

महिला 1 लाख 26 हजार 740, दिव्यांग 2336 एवं तृतीय लिंग 12 मतदाता हैं। वितरण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा,जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, डीएफ्ओ मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर बीसी एक्का,उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे,सभी रिटर्निंग अधिकारी, सहित नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। पहली बार वेबकास्टिंग की सुविधा, निर्वाचन आयोग रखेगी सीधी नजर बलौदाबाजार भाटापारा जिले में मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों में मतदान गतिविधियों पर निगरानी करने के लिए 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग किया जाएगा। जिसके बिलाईगढ़ 21, कसडोल में 214, बलौदाबाजार 110 एवं भाटापारा में 160 मतदान केंद्रों की सीधी वेबकास्टिंग की जाएगी। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए स्काउट-गाईड,एनसीसी कैडेट का सहयोग लिया जाएगा।

# कलेक्टर चंदन कुमार ने जिले के सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील



**बलौदाबाजार,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में जिले के सभी मतदाताओं से मतदान तिथि शुक्रवार 17 नवम्बर 2023 को मतदान केन्द्र में जाकर बिना किसी भय,लोभ व लालच के निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की है।

बलौदाबाजार भाटापारा जिले की यह परम्परा रही है कि यहां के मतदाताओं ने पूर्व में हुए सभी निर्वाचनों में अभूतपूर्व उत्साह दिखाया है। विधानसभा निर्वाचन 2023 में आपका मतदान बलौदाबाजार भाटापारा जिले के लिए ही नहीं अपितु प्रदेश एवं देश के लिए मिसाल बनेगा। आप अपने साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों एवं पड़ोसियों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व पर प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना चाहिए। मतदान करना मतदाता का अधिकार ही नहीं, अपितु कर्तव्य भी है। मतदाता को अपने इस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपनी जिम्मेदारी को निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की शक्ति आम नागरिक का वोट है, इसलिए अपने कर्तव्य का पालन जरूर करें। लोकतंत्र में प्रत्येक वोट का महत्व होता है। लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं एवं लोकतंत्र के उत्सव का हिस्सा बने।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के निर्देश पर शत प्रतिशत मतदान एवं मतदाताओं, युवाओं को रिझाने के उद्देश से स्पेशल स्पेशल हैश टैग जारी किया गया है। जिसके तहत जिले के आम मतदाता वोट देने के पश्चात अपना फोटो या सेल्फी लेकर लिखकर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं एक्स (ट्विटर) में अपलोड कर सकते है। कलेक्टर चंदन कुमार ने सभी जिला वासियों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। इसके साथ अपने अंगुली के फोटो के साथ विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म में लिखकर फोटो अपलोड करने का आग्रह किया है।

# निर्वाचन कार्य के रिजर्व टीम में उत्साह के साथ बैठी महिलाओं की टीम



**बिलाईगढ़,** 16 नवंबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ के चुनई तिहार में रवाना दल के साथ-साथ रिजर्व दल भी निर्वाचन मुख्य केन्द्र मंडी परिसर में तैनात है। रिजर्व दल का उपयोग निर्वाचन कार्मिक के अस्वस्थ या अन्य कारण से उनके जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए रिजर्व दल का उपयोग किया जाता है। ऐसे सभी पुलिस बल, मतदान अधिकारी महिला एवं पुरूष सभी मौजूद थे। उत्साह के साथ बैठी रिजर्व टीम की टोली में लीना कुजूर, सुमन तिर्की, संजीता मिंज, दीपिका भगत, ज्योति जायसवाल, मंजूलता पटेल पूजा अकेला, ममता साहू, आरती शुक्ला मथुरा बंजारे, पुष्पा बरिहा आदि शामिल हैं।

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
जग्गा राव
जिलाध्यक्ष, युवा इंटक, भाटापारा

प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली, भाई दूज एवं छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
BOSCH
SHREE जंगरोधक CEMENT JUNG KI NO ENTRY
भट्टर लोहाबाड़ा गिरिराज ट्रेडिंग कंपनी
मंडी रोड व सदर बाजार, भाटापारा
मो. 9303001017, 9329306968

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
संकेत अग्रवाल
भाटापारा
अतुल शर्मा
भाटापारा

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
HP GAS
➡ ट्रांसफर प्रक्रिया सुविधा।
➡ नये कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध।
➡ होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध।
HP GAS जी हाँ!
बजरंग एचपी गैस एजेन्सी
मो. 9009014904
फोन : 07726-220123
खप्पर बाबा मंदिर के पास, परशुराम वार्ड लिंक रोड, भाटापारा

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
संतदास धितोड़े
पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत, माचाभाट

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
सतीश सोनी
ग्रामीण अध्यक्ष
भाजयुमो

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
गोपाल देवांगन
पार्षद
परशुराम वार्ड, भाटापारा

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
रोशन हबलानी
भाटापारा
पद्मा रिसॉर्ट
शादी, पार्टी एवं अन्य पारिवारिक व सामाजिक कार्यक्रम हेतु एसी रिसॉर्ट उपलब्ध

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
अशोक धुव

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
प्रकाश मेडिकल
मुंगेली मोटर स्टैण्ड, डा.बाघमार के बाजू, भाटापारा

DELHI WORLD PUBLIC SCHOOL
A Senior Secondary School, Affiliated to C.B.S.E, New Delhi
BHATAPARA - BALODA BAZAR
देवी महालक्ष्मी की कृपा से, आपके घर में हमेशा उमंग और आनंद की रौनक हो।
धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ



REGISTRATION OPEN
(SESSION : 2024 - 2025)
NURSERY TO IX & XI

क्या आपके बच्चे भविष्य के लिए तैयार हैं ?
दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भाटापारा आत्मचेतना को केंद्र में रखकर विद्यार्थीयों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करता है। यह अपने पाठ्यक्रम में नवीन शिक्षा योजना की मूल भावना को कार्य योजना में शामिल करने वाला प्रथम पंक्ति का विद्यालय है। हम विद्यार्थी के व्यक्तित्व के हर पहलू पर कार्य करके उसमें समग्र विकास को सुनिश्चित करते हेतु पंच आयाम कार्यक्रम के माध्यम से सफल प्रयास कर रहें हैं।

Salient Features -
- Pioneer in Implementing NEP 2020.
- Ensures Holistic Development of the child-Cognitive Development, Physical Development, Linguistic Development, Skill Development, Spiritual Development.
- Dedicated Activity Area for Music, Dance, Art&Craft, Indoor Sports, Outdoor Sports, Synthetic Floor for Lawn Tennis & Basketball, Auditorium, Swimming Pool.
- Integrated Approach of Value Education with CBSE Curriculum.
- Well equipped Montessori Lab (for Pre Primary Students), Physics Lab, Chemistry Lab, Bio Lab & Advance Computer Lab.
- 100% Classes are equipped with Smart Board.
- Special Personality Development Program.



+91 74404 02042
+91 74404 02314
+91 74404 02313
www.dwpsbhatapara.com
Follow now
Village: Khamhariya, Baloda Bazar Road, Bhatapara, Dist. Baloda Bazar, C.G.

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
नरेन्द्र इंजीनियरिंग
वेल्डिंग वर्क्स
ओव्हर ब्रिज के नीचे, पेट्रोल पम्प के पास
भाटापारा

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
वाय.पी. सोनी
भाटापारा
सोनी बायोकेमिकल एवं क्लिनिकल कम्प्युटराइज्ड
पैथोलॉजी लैब

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
आलोक मिश्रा
पार्षद पति
गांधी मंदिर वार्ड, भाटापारा

दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
महावीर
मोटर्स एण्ड फायनेंस
• पुरानी गाड़ी पर वारंटी
• फ्री सर्विसिंग
• आसान फायनेंस सुविधा
• इंश्योरेंस सुविधा
सिद्धार्थ गोलछा
भाटापारा

# भाटापारा में स्वीकृत 100 बिस्तर के अस्पताल को कांग्रेस सरकार ने रोक दिया : मांडविया

**भाटापारा,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में द्वितीय चरण के विधानसभा चुनाव 2023 के प्रचार प्रसार थमने से पूर्व भाटापारा लोकोत्सव मैदान में भाजपा प्रत्याशी शिवरतन शर्मा के पक्ष में आम सभा को संबोधित करने पहुचे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडावीया।

केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडावीया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के विधायक प्रत्याशी एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा मेरे करीबी मित्र है और वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा चिंतित रहते है,उन्होंने मुझे बताया कि पूर्व में भाटापारा में उनके द्वारा 100 बिस्तर का अस्पताल स्वीकृति करवाया था पर सरकार बदलते है कांग्रेस के लोगो ने उसे रोक दिया तो मैंने उन्हें कहा था कि हम प्रधानमंत्री मोदी जी के अनुशंसा से 50 बिस्तर का क्रिटिकल केयर हेल्थ हॉस्पिटल शुरू करेंगे और आप सभी को जानकर खुशी होगी कि उक्त कार्य की टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और जल्द ही उसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा..

केंद्रीय मंत्री ने बड़ी संख्या में उपस्थित मातृ शक्ति को नमन करते हुए कहा कि आप सभी की इस विशाल उपस्थिति से स्पष्ट है कि भाटापारा में भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से जितने वाले है..

मंडाविया ने आगे कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भूपेश बघेल ने गंगाजल हाथ में लेकर कहा था कि हम यहां शराब बंद करेंगे। लेकिन उन्होंने शराब घोटाला ही कर दिया, गौठान घोटाला किया, टीचर्स नियुक्ति व ट्रांसफर में घोटाला किया..अब प्रदेश की जनता ने इस सरकार को विदा करने का प्रण ले लिया है और ये कांग्रेस सरकार की बिदाई छत्तीसगढ़ से तय है यह भाटापारा नगर में आयोजित विशाल जन समूह की उपस्थिति से प्रमाणित हो गया है..



केंद्र सरकार शिवरतन शर्मा की मांग पर यहां 50 बिस्तर का अस्पताल स्वीकृत किया है : केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडावीया

सभा को शिवरतन शर्मा ने भी संबोधित किया कांग्रेस पर व्यंग कर कहा की कांग्रेस राज के 05 साल छत्तीसगढ़ की जनता ने बड़ी कठिनाई से गुजारे है। इन वर्षों में विकास के काम तो दूर की बात मूलभूत सुविधाओं की भी अनदेखी इस कांग्रेस के सरकार ने की है। कांग्रेस सरकार ने जनता की आंखों में धूल झोंककर उनके अधिकारों का हनन किया है। प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ पेयजल के लिए बनी अमृत मिशन योजना जैसी अनेक योजनाओं से प्रदेश की जनता को वंचित रख कर उनके सामने भविष्य के लिए परेशानियां खड़ी कर दी।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश के साथ-साथ, भाटापारा नगर की जनता के लिए भी निराशाजनक रही। जितने भी वादे उन्होंने किए किसी वादे को पूरा नहीं किया है। नगर को जो 05 करोड़ की राशि देने की बात विभागीय मंत्री ने सार्वजनिक मंच से की थी वो तक आज नगर को प्राप्त नही हो पाया है,आज जो भी विकास कार्य नगर में दिख रहे हैं वह भाजपा सरकार के 15 वर्षों में किए गए काम है। भाटापारा शहर में देखे तो हर वार्ड में सामुदायिक भवन जनता के उपयोग के लिए बनाए गए हैं। सड़के भाजपा सरकार ने बनाई है, पानी की व्यवस्था भाजपा सरकार के ही दौरान बेहतर हुई,

भाजपा सरकार में ही व्यवहार न्यायालय, अनुविभागीय कार्यालय, अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, स्नातक से स्नाकोत्तर महाविद्यालय, आई टी आई कालेज, कृषि महाविद्यालय, प्रदेश का प्रथम पाँच वर्षीय विधि महाविद्यालय, चारो ओर सड़को का विस्तार, गाँव गाँव से शहर को जोड़ने का काम, सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में हुआ है और आगे भी सरकार बनने के बाद होंगे,,शर्मा ने कहा कि भाटापारा की जनता को सभी विकास कार्य भाजपा सरकार में ही मिला और आगे भी हम ही भाटापारा को जिला बना कर देंगे..कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसी मैदान से प्रदेश प्रभारी पुनिया जी के सामने सरकार बनने पर जिला बनाने की बात कही थी जिस से वो मुकर गए और विधानसभा में मेरे द्वारा लाये गए अशासकीय संकल्प के विरोध में उन्होंने अपना मत दिया था,..भाजपा जो कहती है वो करती है हम क्षेत्र की जनता से वादा करते है कि भाजपा की सरकार बनने पर हम भाटापारा को पृथक जिला बना कर देंगे..

सभा के बाद लोकोत्सव मैदान, फवारा चौक, जयस्तंभ चौक, गोविंद चौक से नगर के प्रमुख मार्ग होते हुए शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में महिलाएं, युवा, सभी विशाल रैली के रूप में नगर का भ्रमण कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह सभी नगर वाशियो से किये।

# खल्लारी क्षेत्र में मतदान आज, प्रत्याशियों ने किया डोर टू डोर जनसम्पर्क

**बागबाहरा,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में आज 17 नवंबर को मतदान होगा। इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। चुनावी प्रचार-प्रसार थमते ही कांग्रेस एवं भाजपा समेत अन्य दलों के प्रत्याशी घर-घर जाकर डोर टू डोर जन सम्पर्क कर मतदाताओं को अपने पक्ष में लुभाने दिन भर कड़ी मेहनत करते रहे। शोरगुल थमते ही नेताओं का भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम का दौर शुरु हो गया। वहीं प्रत्याशी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर मतदाता पर्ची के साथ अपने पार्टी के पॉम्पलेट एवं बिल्ला का वितरण किया गया। तथा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील सभी नेताओं ने की है। कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव ने आज गुरुवार को नगर के वार्डों एवं कोमाखान सेक्टर में सघन जनसम्पर्क कर अपने पक्ष में पंजा छाप में वोट देने की अपील की है। उनके साथ जनसम्पर्क के दौरान वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता महेन्द्र चंद्राकर, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, रवि निषाद, भक्त राम मांझी, रुपेश गोयल, अतुल बग्गा, रमेश साहू, नवनीत सलूजा, बलबीर बग्गा, ताम्रध्वज छोटू बघेल, देवेश साहू आदि मौजूद थे। वहीं दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी अलका नरेश चंद्राकर ने भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ नगर एवं ग्रामीण अंचल में जनसम्पर्क अभियान किया है।





इसी तरह अन्य दलों के उम्मीदवारों ने भी डोर टू डोर मतदाताओं से सम्पर्क किया। तथा मतदाताओं को अपने पक्ष में रिझाने का प्रयास करते देखे गए। खल्लारी क्षेत्र में कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरकर अपनी किस्मत आजमां रहे हैं। लेकिन कांग्रेस एवं भाजपा प्रत्याशी के बीच मुख्य टक्कर है। दोनों पार्टी के उम्मीदवार अपनी-अपनी पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर घर-घर जाकर मतदाताओं को दिया गया। और अपने पक्ष में वोट देने मतदाताओं से अपील करते देखे गए। दोनों पार्टी प्रदेश के सभी वर्गों को खुश करने अपने-अपने तरीके से घोषणा पत्र जारी किया है। लेकिन वर्तमान में पिछले पांच साल से कांग्रेस पार्टी की सरकार चली आ रही है। जिसमें छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री के रूप में भूपेश बघेल जोरों से उभरकर सामने आए हैं। उन्होंने किसानों का कर्जा माफ़ कर विश्वास जीत लिया है। इस बार फिर से भूपेश सरकार ने किसानों, महिलाओं एवं अन्य लोगों के कर्जा माफी करने का वायदा किया है। कॉंग्रेस सरकार ने प्रदेश में सर्वांगीण विकास कार्य किया है। तभी तो लोग कहते हैं कि भूपेश है तो भरोसा है। उन्होंने अपने वायदे से अधिक काम किया है। वादा है फिर से कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश में कई प्रकार के जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की जाएगी। जिसका सीधा लाभ यहाँ के लोगों को मिलेंगे। कांग्रेस सरकार के प्रति यहाँ के जनता अपना भरोसा बरकरार रखे। कका अभी जिंदा हे, का बात के चिंता हे। पंद्रह सालों तक डॉक्टर रमन सिंह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने रहे। लेकिन उन्होंने आम जनता के विकास के लिए कोई कार्य नहीं किया। जब सत्ता उनके हाथ से निकल गई तो उन्हें जनता का ख्याल आ रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेता शुरु से ही नौटंकी बाज पार्टी है। उनको न जनता का ख्याल रहता है और न ही प्रदेश का। भाजपा मुद्दाविहीन हो चुकी है। वे अनर्गल बयान बाजी करते रहते हैं।

# कलेक्टर एवं एसएसपी ने चुनाव पूर्व फ्लैग मार्च के माध्यम से शांति व सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**गरियाबंद,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में 17 नवम्बर को विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव की पूर्व संध्या पर कलेक्टर आकाश छिकारा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के नेतृत्व में आज जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने गरियाबंद शहर में फ्लैग मार्च निकाला। सभी अधिकारी कर्मचारियों ने जिले में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने और निष्पक्ष, निर्भीक और भयमुक्त चुनाव करवाने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकालकर शांति और एकजुटता का संदेश दिया। साथ ही 17 नवम्बर को बिना डर, भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करने का भी संदेश दिया। फ्लैग मार्च के माध्यम से जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने शहर का भ्रमण कर आचार संहिता अनुपालन और चुनाव की अंतिम तैयारियों का भी जायजा लिया। पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सिटी कोतवाली से शुरू कर गरियाबंद शहर का पैदल भ्रमण करते हुए गाड़ी के माध्यम से शहर के पास लगे हुए गांव कोकड़ी, नहरगांव, कोचवाय होते हुए मालगांव तरफ से वापस गरियाबंद शहर तक फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम भूपेंद्र साहू सहित प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



17 नवम्बर को बिना डर, भय के निष्पक्ष मतदान करने का दिया संदेश

# महासमुंद जिले के 8 लाख 55 हजार मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

**महासमुंद,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के निर्वाचन में महासमुंद जिले में शुक्रवार 17 नवम्बर को सुबह 08:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक वोट डाले जायेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए अपने संदेश में कहा है कि आइए मनाए लोकतंत्र का महापर्व और अपने नजदीकी मतदान केन्द्रों में जाकर अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करते हुए लोकतंत्र को सशक्त करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें। जिले में कुल 1079 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इन मतदान केन्द्रों में ग्रामीण क्षेत्रों में 978 एवं शहरी क्षेत्रों में 101 मतदान केन्द्र स्थित है। जिसमें कुल 121 संवेदनशील मतदान केन्द्र एवं 958 सामान्य मतदान केन्द्र शामिल है। 1079 मतदान केन्द्रों के लिए 1350.1350 पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02, 03 को दो चरणों में प्रशिक्षण दिया गया है। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 08 लाख 55 हजार 503 है। इसमें 04 लाख 21 हजार 769 पुरुष मतदाता, 04 लाख 33 हजार 714 महिला मतदाता और 20 थर्ड जेंडर मतदाता है। इसमें 5 हजार 288 दिव्यांग मतदाता, 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता 30 हजार 390 और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 07 हजार 576 है। सेवा मतदाताओं की कुल संख्या 375 है। इसी तरह जिले में कुल 99 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए है। कुल 235 रूट चार्ट बनाए गए है तथा मतदान दल हेतु 12295 कर्मचारी उपलब्ध कराए गए हैं। जिले के 540 ;50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। सभी मतदान केन्द्रों में रैम्प, पेयजल, विद्युत व शौचालय की व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि नाम वापसी के पश्चात जिले में कुल 53 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। जिसमें सरायपाली से 08, बसना से 10, खल्लारी से 15 एवं महासमुंद से 20 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। पूरे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निगरानी के लिए उड़नदस्ता 36, स्थैतिक निगरानी दल 63, वीडिया स्थैतिक दल 12, वीडिया अवलोकन दल 08, सहायक व्यय प्रेक्षक 04, मीडिया सेंटर और सी.विजिल के लिए 12 टीम गठित किया गया है। जिले में 10 अंतर्राज्यीय एवं 11 अंतरजिला चेकपोस्ट चिन्हांकन किया गया था। इस दौरान सी.विजिल से 30, कॉल सेंटर से 175, कंट्रोल रूम से 02 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसका समाधान किया गया है। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में कुल 246 मतदान केन्द्र है। इस विधानसभा क्षेत्र में कुल 208697 मतदाता है। जिसमें 102008 पुरुष मतदाताए 106680 महिला मतदाता एवं 09 तृतीय लिंग शामिल है। जबकि सेवा मतदाता 104 एवं दिव्यांग मतदाता 163 है। 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्धजन मतदाता 1967 है। वहीं कुल 21 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

कुल मतदान केन्द्र 1079 में ग्रामीण क्षेत्र में 978 एवं शहरी क्षेत्र में 101 मतदान केन्द्र स्थित

महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के लिए 55 रूट चार्ट बनाए गए है। वही 4103 मतदान कर्मी मतदान सम्पन्न करायेंगे। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में कुल 277 मतदान केन्द्र है। इस विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 217323 मतदाता पंजीकृत है। जिसमें 106877 पुरुष मतदाता और 110438 महिला मतदाता तथा तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 08 है। वहीं सेवा मतदाता 66 एवं 1302 दिव्यांग मतदाता है। 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 1818 मतदाता है। वहीं कुल 24 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 61 रूट चार्ट बनाए गए है तथा मतदान दल हेतु 4296 कर्मचारी उपलब्ध कराए गए हैं। बसना विधानसभा क्षेत्र में कुल 286 मतदान केन्द्र है। बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 224450 मतदाता है। जिसमें 110520 पुरुष मतदाता एवं 113927 महिला मतदाता तथा 03 तृतीय लिंग मतदाता शामिल है। वहीं सेवा मतदाता 131, दिव्यांग मतदाता 1093 एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 2072 मतदाता है। बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 28 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसी प्रकार 58 रूट चार्ट बनाए गए है तथा मतदान दल हेतु 1863 कर्मचारी उपलब्ध कराए गए हैं। सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में कुल 270 मतदान केन्द्र है। इस विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 205033 मतदाता है। जिसमें 102364 पुरुष मतदाता एवं 102669 महिला मतदाता शामिल है। वहीं सेवा मतदाता 74, दिव्यांग मतदाता 1930 एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 1719 मतदाता है। सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के लिए 26 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए है। इसी प्रकार 61 रूट चार्ट बनाए गए है तथा मतदान दल हेतु 2033 कर्मचारी उपलब्ध कराई गई है।

# निर्णायक समय मे सत्ता पक्ष के प्रतिनिधित्व के अभाव के कारण क्षेत्र की उपेक्षा

**भाटापारा,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। भाटापारा क्षेत्र हर दृष्टिकोण से अपना सामरिक भौगोलिक धार्मिक व्यापरिक सांस्कृतिक औद्योगिक आदि दृष्टिकोणों से विशिष्ट महत्व रखता है परंतु भाटापारा क्षेत्र के विकास के पहियों को वह गति मे नही मिल पाया जिसका भाटापारा योग्यता व अधिकार रखता है ,भाटापारा अपनी अनेक विशेषताओं के कारण प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात है जिसमे भाटापारा की सबसे बडी पहचान भाटापारा कृषि उपज मंडी है जो प्रदेश स्तर के सबसे बडी मंडियों मे गिना जाता है ,बाम्बे हावडा का मुख्य रेलमार्ग, क्षेत्र मे अनेक औद्योगिक व व्यापरिक प्रतिषठानों , भाटापारा शाखा नहर का विस्तार, अनेक बायपास लिंक रोडो का विस्तार, व राष्ट्रीय राज्य मार्ग से भाटापारा क्षेत्र का जुडना व प्रदेश की सबसे बडी नगपा भाटापारा का होना आदि अनेक विशेषता भाटापारा को विशिष्ट सम्पन्नता लिये हुये क्षेत्र की उपाधि से अलंकृत करता है परंतु कुछ विसंगतियों के चलते भाटापारा को आज तक वह अधिकार नही मिल पाया जो भाटापारा अधिकार रखता है और यही टीस भाटापारा क्षेत्रवासियों के मन मे रह रह कर एक चुभता है जिसमे भाटापारा के लिये ,सबसे बडी विसंगति कई मुख्य बिन्दु रहे है

**निर्णायक समय मे सत्ता पक्ष के प्रतिनिधित्व का अभाव क्षेत्र की उपेक्षा:** गौरतलब है कि सन 2000 मे केन्द्र मे बीजेपी के अटल सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना किया गया राज्य बनने से पहले यह 16 जिले थे जो अब 33 जिले हो गये है परंतु बीते 20 सालों मे 17 नये का निर्माण हुआ परंतु 40 साल पुराने भाटापारा जिले के मांग पर बैठी सत्ता पक्ष के दोनों राष्ट्रीय पार्टीयों ने एक सिरे से नजरअंदाज कर दिया जिसका सबसे बडा प्रमुख कारण रहा जिले निर्माण के निर्णायक समय मे क्षेत्र से सत्ता पक्ष की प्रबल जनप्रतिनिधित्व नही होना जिसके फलस्वरूप भाटापारा स्वतंत्र जिला के मामले मे छला जाता रहा है

**भाटापारा शाखा नहर का विस्तारीकरण:** गौरतलब है कि भाटापारा शाखा नहर को क्षेत्र के किसानों के जीवन रेखा के नाम से जाना जाता है जिसका नींव सन 1977 मे कांग्रेस के तात्कालिक मुख्यमंत्री पं. श्यामाचरण शुक्ल ने रखी थी परंतु उक्त शाखा नहर के नींव रखे जाने के पश्चात इसके विकास को वह गति नही मिल पाया जो बीजेपी लगातार 15 सालों के शासन काल मे इस शाखा नहर के विस्तार को लेकर किसानों को खेती के सिंचाई हेतु लाभ मिला गौरतलब है कि इस भाटापारा शाखा के विषय मे क्षेत्र के विधायक शिवरतन शर्मा ने अनेकों बार सार्वजनिक मंचों के जरिये अपने उदबोधन मे कहा है कि भाटापारा शाखा नहर के विस्तार को पूरा किया जाना मेरे राजनीतिक जीवन का सबसे बडा लक्ष्य व उपलब्धि है आज के समय मे भाटापारा शाखा नहर के माध्यम से 65 हजार हेक्टेयर कृषि जमीनों की सिंचाई किया जा रहा है जिसका लाभ लगभग 100 से अधिक गाँवो को मिल पा रहा है जिसके विस्तार को लेकर आगे भी प्रयास किये जाते रहने बात क्षेत्र के विधायक द्वारा किया जाता रहा हैं।

सत्ता पक्ष का प्रतिनिधित्व क्षेत्र के विकास के पहियें को गति दे सकता है

**शहर मे बायपास लिंक सडक मार्ग:** गौरतलब है कि भाटापारा की आबादी कई गुना बडी है और यहा पर औद्योगिक व व्यापरिक दृष्टिकोण से भी इसका विस्तार हुआ है जिसके चलते शहर मे दिनोदिन यातायात का भी दबाव बड रहा था जिसका प्रभाव क्षेत्र वासियों पर भी पड रहा था परंतु कांग्रेस के कार्यकाल मे निर्मित सडको के विस्तारीकरण को बीजेपी के शासन काल मे बायपास लिंक रोडो के विस्तार के माध्यम से मिला जिसमे मुख्य रुप से राजाढार बायपास मार्ग, बोडतरा खोखली सुहेला बायपास मार्ग, सुरकी बायपास मार्ग पेन्ड्री धौराभाटा व अन्डरब्रीज गौरव पथ निर्माण आदि आवागमन से सम्बंधित कार्यो के विस्तार होने से भाटापारा क्षेत्र के विकास को एक नई गति मिल पाया

**शिक्षा के क्षेत्र मे शैक्षणिक संस्थानों का विस्तार:** गौरतलब है कि मजबूत शिक्षा का स्तर किसी भी शहर का विकासगामी भविष्य का आधार होता है भाटापारा मे कांग्रेस के कार्यकाल मे गजानंद स्नातक कालेज की नींव रखी गई थी जिसे बीजेपी के शासनकाल मे स्नातकोत्तर महाविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ वही भाटापारा के ग्रामीण क्षेत्र मे मोपका स्नातक महाविद्यालय प्रारंभ किया गया वही क्षेत्र के कई दर्जनों गाँवो को हायर सेकेन्डरी स्कूल का उन्यन्न प्राप्त हुआ उसके बाद देवरी रोड स्थित ला काले आई,टी, आई, औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, पोलिटेक्निक कालेज कृषि महाविद्यालय इन सभी शैक्षणिक संस्थानों का प्रारंभ बीजेपी के ही कार्यकाल मे आरंभ हुआ व कांग्रेस के कार्यकाल मे प्रारंभिक शैक्षणिक स्तरों की शुरुआत हुई

**चिकित्सा व खेल के क्षेत्र मे:** हर आदमी की मूल भूत आवश्यकता चिकित्सा, शिक्षा व अच्छा स्वास्थ्य माना जाता है गौरतलब है की भाटापारा क्षेत्र 100 बिस्तर अस्पताल का दर्जा रखता है परंतु सिविल असपताल का दर्जा रखकर स्वास्थ्य सम्बंधित लाभ क्षेत्रवासियों को मिल रहा है परंतु केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया के दिये गये बयान के मुताबिक बीजेपी के शिवरतन शर्मा के मांग पर बीते कुछ माह मे क्षेत्र वासियों को केन्द्रीय स्तर पर 50 बिस्तर केरीकेटल हास्पिटल उपलब्ध कराई गई है जो कि क्षेत्र वासियों के लिये भारी राहत है वही खेल के क्षेत्र मे पिछले 5 सालों से राजनीतिक विसंगतियों के कारण आऊट डोर व इन्डोर स्टेडियम निर्माधीन कार्य के रुप मे लटकी पडी जिसके कारण क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को यह लाभ नही मिल पा रहा है

**पिछले 5 सालों मे भाटापारा क्षेत्र मे विकास का पहिया धीमा:** पिछले 5 सालों मे विकास का पाहिया धीमा पड है, गौरतलब है की तात्कालिक प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल ने आदिवासी दिवस के अवसर पर कांग्रेस की सरकार आने पर भाटापारा को 28 वाँ स्वतंत्र जिला बनाये जाने की घोषणा लोकोत्सव मंच के भरी सभा मे घोषणा की थी परंतु सरकार आने के बाद 27 से 33 जिले बना दिये गये परंतु भाटापारा क्षेत्र के लोग उनके वादाखिलाफी से असंतुष्ट रहे यहां तक क्षेत्र के लोग मुख्यमंत्री के वादा को याद दिलाये परंतु भाटापारा मे अपर कलेक्टर नियुक्त करने के आश्वासन के बाद भी अधिकारी नियुक्त नही किये गये साथ ही मंडी मे आयोजित संकल्प शिविर मे भाटापारा स्वतंत्र जिले की मांग पुन: मुख्यमंत्री के समक्ष सार्वजनिक रुप से उठी जिसे मुख्यमंत्री ने एक सिरे से नकार दिया वही भाटापारा मे हाईटेक बस स्टैण्ड की भी माँग है जो नही हो पाया

**दोनो राष्ट्रीय पार्टी के प्रत्याशियों एवं निर्दलीय द्वारा मतदाताओ को आकर्षित करने का प्रयास:** गौरतलब है की दोनो राष्ट्रीय पार्टी के प्रत्याशी मतदाताओं को अनेक मुद्दाओं को लेकर आकर्षित करने का भरपुर प्रयास कर रहे है, वहीं भाटापारा विधानसभा सभा क्षेत्र से 4 बार के पार्षद रह चुके व पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके कांग्रेस के प्रत्याशी इन्द्र साव पार्टी के घोषणा पत्र व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिछले कार्यकालो के आधार पर क्षेत्र के मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास कर रहे है वही विधानसभा क्षेत्र से 3 बार के विधायक व बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी है इनके द्वारा बीजेपी के 15 के कार्यकाल मे कराये कार्यो को स्थानीय मुद्दाओं की उपलब्धियों के आधार पर व आगामी बीजेपी संगठन के महत्त्वपूर्ण घोषणा पत्रो को गिनाकर 20 सालों से लगातार क्षेत्र की जनता से सम्पर्क बनाये रहने सम्पर्क कर मतदाताओं आकर्षित कर रहे है इनके द्वारा बीजेपी के सरकार आने भाटापारा स्वतंत्र जिले के 40 पुराने मांग को सकार करने का आश्वासन क्षेत्रवासियों को दिया गया है वही छत्तीसगढ़ क्रांति सेना से चन्द्रकान्त यदु छत्तीसगढ़िया वाद की अलख जगा रहे है जोगी कांग्रेस से जितेन्द्र बंजारे समाजवादी पार्टी से मनोहर साहू बहुजन समाज पार्टी से खेमदास टंडन भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से दया शंकर निषाद सहित 24 प्रत्याशी खडे हुये है जो सभी अपने मतदाताओं रिझाने हेतु पुरजोर प्रयास कर रहे है।

# मतदान दिवस के पूर्व आबकारी विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाईयां

**बिलाईगढ़,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। आबकारी विभाग के सचिव सह आयुक्त श्री महादेव कावरे, कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी और रायगढ़ कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में निर्वाचन अवधि में आबकारी विभाग की कार्यवाहियां निरंतर जारी हैं। मतदान तिथि के एक दिवस पूर्व बड़ी कार्यवाहियां की गई हैं।



668 लीटर शराब, 1970 किलोग्राम महुआ लाहान और पल्सर जप्त, 2 व्यक्ति को जेल

सारंगढ़ वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक विकास पाल सांडे द्वारा कनकबीरा के भालूपानी जंगल से 240 लीटर अवैध आसवित मदिरा और 900 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया ,साथ ही 50 लीटर मदिरा का परिवहन करते हुए आरोपी भूषण अजगले को गिरफ्तार कर बजाज पल्सर वाहन जप्त किया गया। एक अन्य प्रकरण में ग्राम छिछपानी में 50 लीटर अवैध आसवित मदिरा के साथ आरोपी जगन्नाथ कोसले को गिरफ़्तार किया गया है। इसीप्रकार खरसिया वृत्त प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक संतोष नारंग द्वारा मुखबिर की सूचना पर भदरीपली खरसिया से तालाब के किनारे 82 लीटर अवैध आसवित मदिरा और 260 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर लावारिस प्रकरण क़ायम किया गया। रायगढ़ वृत्त प्रभारी उपनिरीक्षक हाबिल खलखो द्वारा रेगडा नाला किनारे से 246 लीटर अवैध आसवित मदिरा और 810 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया।

# तुमगांव में धूमधाम से मनाई गई दीपावली पर्व



**महासमुंद,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत तुमगांव में सर्व यादव समाज व नगरवासियों के सहयोग से नगर में गोवर्धन पूजा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से भव्य आयोजन किया गया। सर्व प्रथम यादव समाज को टोली द्वारा नगर भ्रमण कर सभी नगरवासियों को जोहारा गया ततपश्चात वार्ड नं 07 सहाड़ा देवता में गोवर्धन पर्वत बना कर व मड़ई बना कर महाराज द्वारा विधि विधान से पुजा अर्चना किया गया और मड़ई व गौ माता का पूजा कर गोधोरी बेला गोवर्धन खुंदवाया गया और सभी भक्तों ने एक दूसरे पर गौ माता का गोबर गोवर्धन पर्वत के स्वरूप को बड़े ही श्रद्धा के साथ मस्तक पर लगातार एक दुसरो को बधाई शुभकामनाएं दी।



संजय साहू
उपसरपंच
लखेश्वर वर्मा
सचिव
हेमिन बाई ध्रुव
सरपंच ढ़ाबाडीह-भाटापारा
ग्राम पंचायत ढाबाडीह के समस्त
रहवासियों की ओर से दीपावली एवं देवउठनी एकादशी
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं...
विनीत : समस्त ग्रामवासी ढाबाडीह भाटापारा।




दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
माँ महामाया आर.ओ. वाटर
CHILLED DRINKING WATER
R.O. एवं U.V. द्वारा शुद्ध व शीतल जल
महामाया मंदिर के पास, तरेंगा, लिंक रोड,
परशुराम वार्ड, भाटापारा
9926148302, 7987122376
प्रो. परस देवांगन




दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
अरूण ध्रुव
अमरनाथ मनहरे
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत बोरसी 'ब' भाटापारा




दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
अतुल इंटरप्राईजेज
विश्वसनीयता ही हमारी धरोहर है
मण्डी रोड, भाटापारा
कृषि रसायनिक दवाईयां, ACC सीमेंट, छड़
एंगल पट्टी के थोक एवं चिल्हर विक्रेता
कृष्णा कुमार मूंदड़ा (बब्बू भैया)
अखिल मूंदड़ा मो. 99779-10551




दीपावली एवं देवउठनी एकादशी की हार्दिक बधाई
दीपावली एवं देवउठनी (एकादशी) की हार्दिक बधाई...
निखलम्
प्रापर्टी डीलर
हेमकामरी
खेत, मकान, प्लाट के
लिए सम्पर्क करें।




कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट
उपलब्ध सुविधायें :
BCA
DCA
PGDCA
B.Com
B.Ed.
कमलाकांत शुक्ला
प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन
कोपा (COPA)




दीपावली एवं देवउठनी (एकादशी) की हार्दिक बधाई...
निखलम्
प्रापर्टी डीलर
खेत, मकान, प्लाट के
लिए सम्पर्क करें।
हितेश ठाकुर
भागसिंह अनंत